www.deshbandhu.co.in खबरें लगातार ...

छत्तीसगढ़ का पहला राष्ट्रीय दैनिक

संपर्क करें : deshbandhuraipur@gmail.com



पत्र नहीं मित्र

# देशबन्धु

रायपुर, गुरुवार, 7 सितंबर 2023 । वर्ष – 65 । अंक – 143 । पृष्ठ – 12 । मूल्य – 4.00 रु प्रेस पंजीयन- 6072/59 डाक पंजीयन-सीजी/रायपुर संभाग/19/2021-23



देश के लिए महंगा साबित हो रहा है चीन के साथ मोदी का प्रेम : कांग्रेस पृष्ठ 2

■ ये बनाम वो, हासिल आया शून्य
■ इंडिया गठबंधन को सफलतापूर्वक करनी होगी सीटों की साझेदारी पृष्ठ 6

■ ऋषि सुनक की पहली भारत यात्रा पर उनके सम्मान में दावत देगा परिवार
■ यूक्रेन में अभी चुनाव से अस्थिरता आएगी : डेनिलोव पृष्ठ 7

अगला विश्व कप खेल सकते हैं मेसी पृष्ठ 8

### विशेष सत्र से पहले सोनिया ने प्रधानमंत्री को लिखी चिट्ठी

# सरकार से संसद के विशेष सत्र का एजेंडा पूछा

## कांग्रेस नेता महंगाई, सीमा विवाद समेत 9 मुद्दों पर की चर्चा की मांग

**नई दिल्ली,** 6 सितम्बर (देशबन्धु)। 18 सितम्बर को शुरू होने वाले संसद के विशेष सत्र से पहले कांग्रेस की पूर्व अध्यक्ष सोनिया गांधी ने प्रधानमंत्री को एक चिट्ठी लिखी है। कांग्रेस नेता ने इसमें संसद के विशेष सत्र का एजेंडा पूछा है। सोनिया गांधी ने इस पर भी सवाल उठाया कि बिना किसी चर्चा के विशेष सत्र का ऐलान क्यों किया गया। चिट्ठी में कांग्रेस नेता ने 9 मुद्दे उठाए हैं। कांग्रेस चाहती है सरकार महंगाई, भारत-चीन बॉर्डर विवाद और मणिपुर जैसे गंभीर मामलों पर चर्चा करे। कांग्रेस संसदीय दल की अध्यक्ष सोनिया गांधी ने 24 पार्टियों की ओर से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को यह पत्र भेजा है। केंद्रीय संसदीय कार्य मंत्री प्रह्लाद जोशी ने पिछले हफ्ते 18 से 22 सितंबर तक संसद के पांच दिन के विशेष सत्र के बारे में जानकारी दी थी।



**पहली बार है कि कोई बैठक बुलाई जा रही है और एजेंडा तय नहीं है, न ही सहमति बनाने का प्रयास किया गया है: सोनिया गांधी, कांग्रेस नेता**

**लोगों के मुद्दों को उठाएगा विपक्ष**

बुधवार को प्रेस कॉन्फ्रेंस कर पार्टी महासचिव जयराम रमेश ने बताया कि बैठक में कांग्रेस संसदीय दल का रणनीति समूह शामिल हुआ था। इसके बाद इंडिया गठबंधन के दलों के सांसदों की बैठक हुई।

उन्होंने बताया कि बैठक में तय हुआ कि विपक्ष सदन का बहिष्कार नहीं करेगा, बल्कि लोगों के मुद्दों को उठाएगा। जयराम रमेश ने बताया कि 6 सितंबर की सुबह सोनिया गांधी ने पीएम मोदी को पत्र लिखा और कहा कि कोई चर्चा किए बिना ही संसद का विशेष सत्र बुलाने का एलान कर दिया गया।

पत्र में यह भी लिखा गया कि विशेष सत्र की कार्यसूची जारी की जाती है और ऐसा पहली बार है कि संसद के विशेष सत्र की कार्यसूची जारी नहीं की गई है, जो दुर्भाग्यपूर्ण है।

### सोनिया की चिट्ठी का सरकार ने दिया जवाब

## गैरजरूरी विवाद पैदा करने का हो रहा प्रयास

संसद के विशेष सत्र पर कांग्रेस संसदीय दल की प्रमुख सोनिया गांधी की चिट्ठी का सरकार ने जवाब दिया है।



केंद्रीय संसदीय कार्य मंत्री प्रह्लाद जोशी ने कहा है कि यह दुर्भाग्यपूर्ण है, आपका परंपराओं की तरफ ध्यान नहीं है। सत्र शुरू होने से पहले बातचीत की जाएगी। संसदीय कार्यमंत्री प्रह्लाद जोशी ने चिट्ठी में कहा, यह बेहद दुर्भाग्यपूर्ण है कि आप संसद, हमारे लोकतंत्र के मंदिर के कामकाज का भी राजनीतिकरण करने और जहां कोई विवाद नही है वहां अनावश्यक विवाद उत्पन्न करने का प्रयास कर रही हैं।

**प्रधानमंत्री में दिख रही घबराहट: जयराम रमेश**

प्रेस कांफ्रेंस में जयराम रमेश ने इंडिया या भारत नाम विवाद पर कहा, संविधान में लिखा है इंडिया दैट इज भारत .. इस पर कोई बहस नहीं होनी चाहिए। प्रधानमंत्री में ना केवल घबराहट दिखाई दे रही है, बल्कि थकावट भी दिख रही है। इंडिया गठबंधन की तीन बैठकों के बाद प्रधानमंत्री और उनके रणनीतिकार घबरा गए हैं।'

# शिवनाथ नदी में पुल से वाहन गिरने से मां सहित तीन लड़कियों व एक अन्य की मौत

### एक साथ पांच लोगों की मौत ने सबको झकझोर दिया



**दुर्ग,** 6 सितंबर (देशबन्धु)। पिछली रात लगभग डेढ़ बजे शिवनाथ नदी के पुराने पुल से एक बोलोरो वाहन के अनियंत्रित होकर नीचे नदी में गिर जाने से बोलोरो चालक ललित साहू सहित 5 लोगों की मौत हो गई। इनमें से चार लोगों के शव नदी से निकाले जा चुके है। शेष एक बच्ची गरिमा देशमुख (9) की तलाश जारी है। अन्य मृतकों के नाम तामेश्वरी देशमुख (28) यशस्वी (12) व सुमोदा (7) है। इन सभी शवों का पोस्टमार्टम किया जा रहा है। मां सहित तीन बच्चों व अन्य एक की मौत की खबर ने सबको झकझोर दिया।



■ **सभी की शिनाख्त 4 शव निकाले गए, एक बच्ची के शव की तलाश**

पुलिस व अन्य जानकारों के अनुसार मृतक ललित साहू व तामेश्वरी देशमुख का परिवार ग्राम सकरौद जिला बालोद का निवासी था। एक ही गांव में रहने के कारण इन दोनों परिवारों के मध्य काफी आत्मीयता संबंध भी है। मृतका तामेश्वरी का पति हरीश देशमुख पुलिस में कार्यरत है। वह रायपुर में सेवारत है। ये दोनों साहू व देशमुख परिवार विगत अनेक वर्षो से दुर्ग में रह रहे है। ललित साहू बोरसी में व तामेश्वरी देशमुख कसारीडीह में रहती है। गत रात्रि ये सभी पांचों लोग एक बोलोरो इकोप्लान क्रमांक सीजी 07 सीएन 0860 से राजनांदगांव से दुर्ग आ रहे थे। रास्ते में इन्होंने ढाबा में भोजन किया। भोजन के बाद ये सभी लोग दुर्ग आ रहे थे कि बोलोरो वाहन अनियंत्रित होकर रात्रि करीब डेढ़ बजे ➤ ➤ शेष पृष्ठ 7 पर ➤

**सार संक्षेप**

### हिमाचल-उत्तराखंड को 1664 करोड़ का आवंटन

**नई दिल्ली।** केंद्र सरकार ने हिमाचल प्रदेश तथा उत्तराखंड को औद्योगिक विकास योजना के तहत 1664 करोड़ रुपए की मदद करने का निर्णय लिया है ताकि दोनों पहाड़ी राज्यों में औद्योगिक विकास को गति मिले और रोजगार के अवसर उपलब्ध हो सकें।

### लद्दाख में सेना की चिंता बढ़ी

**जम्मू।** लद्दाख के मोर्चे की एक चिंताजनक बात यह है कि भारतीय सेना को एलएसी पर इन सर्दियों में भी टिके रहने के साथ चीन से जंग की तैयारी भी करनी पड़ रही है। ऐसा इसलिए क्योंकि चीनी सेना द्वारा कब्जाए गए इलाकों में भूमिगत शेल्टर और बंकरों के निर्माण के बाद यह संकेत मिलने आरंभ हुए हैं कि दोनों मुल्कों की सेनाओं के बीच एलएसी के विवादित क्षेत्रों में खूरेंजी झड़पें हो सकती हैं। जबकि समाचार यह कहते हैं कि चीन कई मोर्चों पर उलझे होने के कारण लद्दाख सीमा पर अपनी खुन्नस निकाल सकता है। ऐसे में भारतीय सेना की चिंता यह है कि और कितनी सर्दियां चीन सीमा पर गुजारनी होंगी।

### मणिपुर में मैतेई समुदाय ने किया प्रदर्शन

**इंफाल।** मणिपुर के बिष्णुपुर जिले में बुधवार को कर्फ्यू के बावजूद हजारों मैतेई प्रदर्शनकारियों ने मार्च निकाला। प्रदर्शनकारियों ने फौगाकचाओ इखाई में टिडिमरोड (इम्फाल-चुराचांदपुर रोड) पर सेना की ओर से लगाए गए बैरिकेड्स को हटा दिया। इसके बाद क्वाक्टा में पुलिस और प्रदर्शनकारियों के बीच झड़प हुई।

### पद्म पुरस्कारों के लिए 15 तक किए जा सकते हैं नामांकन

**नई दिल्ली।** विभिन्न क्षेत्रों में विशिष्ट तथा असाधारण योगदान के लिए दिये जाने वाले देश के सर्वोच्च नागरिक पुरस्कार, पद्म पुरस्कारों के वास्ते ऑनलाइन नामांकन तथा सिफारिशें इस महीने की 15 तारीख तक की जा सकती हैं।

### तमिलनाडु में सड़क हादसे में छह लोगों की मौत

**चेन्नई।** तमिलनाडु में बुधवार को एक सड़क हादसे में एक साल के मासूम बच्ची सहित एक ही परिवार को छह लोगों की मौत हो गयी तथा दो अन्य लोग घायल हो गए।

# राम वाटिका एवं अधोसंरचना विकास कार्यों का लोकार्पण आज

**रायपुर,** 6 सितंबर (देशबन्धु)। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के नेतृत्व में छत्तीसगढ़ शासन की महत्वाकांक्षी राम वनगमन पर्यटन परिपथ योजना ने छत्तीसगढ़ को धार्मिक, सांस्कृतिक और पर्यटन के मानचित्र में अमिट पहचान दी है। सरगुजा का सौभाग्य है कि भगवान राम ने चौदह वर्ष के वनवास काल का लगभग दो वर्ष का समय यहां के वनों एवं वनवासियों के बीच व्यतीत किया। प्रदेश में प्रभु श्रीराम के पद चिन्हों और पड़ावों की पौराणिक कथाओं को जीवंत करने 10 स्थलों का चिन्हांकन किया गया है जिसमें सरगुजा का रामगढ़ शामिल है। अब इसी कड़ी में 7 सितंबर 2023 को रामगढ़ में राम वाटिका एवं अधोसंरचना विकास कार्यों का लोकार्पण किया जा रहा है, साथ ही अंबिकापुर शहर में रामायण महोत्सव का भव्य आयोजन किया जा रहा है।

उप मुख्यमंत्री टीएस सिंहदेव के मुख्य आतिथ्य एवं पर्यटन एवं गृह मंत्री ताम्रध्वज साहू व खाद्य एवं संस्कृति मंत्री अमरजीत भगत की अध्यक्षता में राम वन पर्यटन परिपथ के अंतर्गत 7 सितंबर 2023 को प्रातः 11 बजे रामगढ़ में राम वाटिका एवं अधोसंरचना विकास कार्यों का लोकार्पण किया जाएगा तथा दोपहर 3 बजे से भव्य रामायण महोत्सव का आयोजन किया जाएगा। राम वन गमन पर्यटन परिपथ अंतर्गत 6.76 करोड़ रूपये की लागत से टूरिस्ट इनफॉर्मेशन सेंटर, पब्लिक अप्रोच रोड डेव्हलपमेंट, कॉटेज या डॉरमेट्री सहित अन्य विभिन्न निर्माण कार्य किये गए हैं।

सांस्कृतिक कार्यक्रम में रामायण महोत्सव का भव्य आयोजन पीजी कॉलेज मैदान अम्बिकापुर में दोपहर 03.00 बजे से किया जाएगा। रामायण महोत्सव में सरगुजा, बलरामपुर एवं सूरजपुर जिले के राज्य स्तरीय रामायण मंडली प्रतियोगिता 2023 में प्रथम स्थान प्राप्त रामायण मंडली दलों की प्रस्तुति एवं ब्लॉक में प्रथम स्थान प्राप्त रामायण मंडली को वाद्य यंत्र हेतु डेमो चेक मुख्य अतिथि के करकमलों से प्रदान किया जाएगा। छत्तीसगढ़ के कलाकार अनुराग शर्मा द्वारा संगीतमय रामकथा प्रस्तुति तथा रीनी चन्द्रा वॉलीवुड पार्श्व गायिका द्वारा सांस्कृतिक प्रस्तुति दी जाएगी।

# मल्लिकार्जुन खड़गे आज आएंगे रायपुर



**रायपुर,** 6 सितंबर (देशबन्धु)। छत्तीसगढ़ में विधानसभा चुनाव के लिए प्रदेश की दोनो बड़ी पार्टियों बीजेपी और कांग्रेस ने युद्ध स्तर पर तैयारी शुरू कर दी है। इसी कड़ी में 8 सितंबर को कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे छत्तीसगढ़ के दौरे पर आने वाले थे।

लेकिन अब उनके इस दौरा कार्यक्रम में परिवर्तन हुआ है। कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष दीपक बैज ने जानकारी देते हुए बताया है कि पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अब एक दिन पहले यानी 7 सितंबर को छत्तीसगढ़ पहुंचने वाले है। वे यहां पार्टी के तमाम पदाधिकारियों के साथ मुलाकात कर सकते है। वे 8 तारीख को राजनांदगांव में आयोजित होने वाले भरोसे के सम्मेलन में शामिल होने के लिए छत्तीसगढ़ आ रहे है।

# पीएम मोदी 14 को आएंगे रायगढ़



**रायपुर,** 6 सितंबर (देशबन्धु)। छत्तीसगढ़ में विधानसभा चुनाव के नजदीक आते ही सभी पार्टियों ने तैयारियां तेज कर दी है। राजनीतिक दल के बड़ें नेताओं का आना जाना भी लगा हुआ है।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का भी दूसरा छत्तीसगढ़ दौरा होने वाला है। जानकारी मिली है कि पीएम मोदी 14 सितंबर को रायगढ़ के कोडतराई में आएंगे। रायपुर के बाद रायगढ़ में होने वाली पीएम मोदी की आमसभा से पहले वो एसईसीएल, रेलवे, एनटीपीसी के प्रोजेक्ट की आधारशिला रखेंगे। पीएम मोदी 14 सितंबर को दोपहर लगभग 3.30 बजे आयेंगे और आधारशिला रखने के बाद आम सभा को संबोधित कर शाम 4.45 को वापस रवाना होंगे।

# सीएम के विधानसभा क्षेत्र सहित चार नगरों के मास्टर प्लान लागू

**रायपुर,** 6 सितंबर (देशबन्धु)। आवास एवं पर्यावरण विभाग ने पाटन, कवर्धा, धमतरी एवं पिथौरा निवेश क्षेत्रों के लिए मास्टर प्लान 2031 की अधिसूचना जारी कर दी है। विभाग ने पिछले महीने ही रायपुर एवं कुरूद का मास्टर प्लान भी जारी किया था।



**अधिसूचना जारी**

नए मास्टर प्लान में पाटन मास्टर प्लान 2031 महत्वपूर्ण है, क्योंकि यह मुख्यमंत्री भूपेश बघेल का विधानसभा क्षेत्र है। पाटन मास्टर प्लान 2031 लगभग 1 लाख की जनसंख्या को ध्यान में रखते हुए तैयार किया गया है। नियोजन दृष्टिकोण से सेवा सुविधाओं की क्षमता विकास योजना कार्यकाल के आगे की अवधि के लिए भी प्रस्तावित की गई है। इसके साथ-साथ सुनियोजित विकास एवं यातायात की सुगमता हेतु विभिन्न प्रस्ताव दिए गए हैं। कवर्धा मास्टर प्लान 2031 एवं पिथौरा मास्टर प्लान 2031 भी 1 लाख की जनसंख्या को ध्यान में रखते हुए तैयार किए गए है, जबकि धमतरी विकास योजना 2031 ढाई लाख जनसंख्या की आवश्यकताओं को ध्यान में रखकर तैयार की गई है। सभी विकास योजनाओं में भू उपयोग एवं नगर विकास के प्रस्ताव के साथ साथ नगरीय अधोसंरचना एवं सेवा सुविधाओं के प्रस्ताव सृजित किए गए हैं। ताकि सुनियोजित विकास को बढ़ावा मिल सके।

# यस बैंक घोटाला मामले में हाईकोर्ट ने शासन से 16 अक्टूबर तक मांगी रिपोर्ट

**बिलासपुर,** 6 सितंबर (देशबन्धु)। यस बैंक के एक फर्जी खाते से लगभग 165 करोड़ रुपये के लेनदेन के मामले में हाईकोर्ट में सुनवाई हुई। प्रदेश के मुख्य सचिव अमिताभ जैन के जांच संबंधी शपथ पत्र पर चीफ जस्टिस की डिवीजन बेंच ने सुनवाई की। मुख्य सचिव के शपथ पत्र में बताया गया कि कुछ दस्तावेज ऐसे हैं जिसे न्यायालय में अंतिम रूप से प्रस्तुत किया जा सकता है। किंतु सुनवाई के दौरान न्यायालय में कोई दस्तावेज प्रस्तुत नहीं किए गए। कोर्ट ने 16 अक्टूबर तक जांच पूरी कर रिपोर्ट प्रस्तुत करने के निर्देश दिए हैं।



**165 करोड़ रुपये हुआ है फर्जीवाड़ा**

याचिकाकर्ता प्रभुनाथ मिश्रा ने अपनी याचिका में बताया है कि यस बैंक में फर्जी खाते से एक कर्मचारी के नाम पर करोड़ों रुपये का लेनदेन हो रहा था। लिखित जानकारी देने पर भी कोई कार्रवाई नहीं की गई। एफआईआर दर्ज किए ➤ ➤ शेष पृष्ठ 7 पर ➤

# यूरोप दौरे पर रवाना हुए राहुल गांधी

**नई दिल्ली,** 6 सितम्बर (देशबन्धु)। कांग्रेस नेता राहुल गांधी मंगलवार देर रात यूरोप दौरे के लिए रवाना हुए। वह 6 सितंबर से 10 सितंबर दिन) तक 4 यूरोपीय देशों- फ्रांस, बेल्जियम, नीदरलैंड्स और नॉर्वे की यात्रा करेंगे। इस दौरान राहुल गांधी यूरोपियन यूनियन के सदस्यों और भारतीय समुदाय के लोगों और विश्वविद्यालय के छात्रों के साथ बातचीत करेंगे। राहुल गांधी का ये दौरा ऐसे समय हो रहा है जब देश की राजधानी दिल्ली में जी-20 सम्मेलन हो रही है। वो सम्मेलन खत्म होने के एक दिन बाद 11 सितंबर को भारत लौटेंगे। वहीं, भारत जोड़ो यात्रा का एक साल पूरा होने पर कई कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है। वो इन कार्यक्रमों में शामिल नहीं होंगे।



**10 को भारतीय समुदाय के लोगों को करेंगे संबोधित**

मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, 7 सितंबर को गांधी बेल्जियम की राजधानी ब्रसेल्स में यूरोपियन यूनियन के मेंबर्स से मिलेंगे।

इसी तरह की एक मीटिंग वो द हेग में भी करेंगे। वो मानवाधिकारों पर यूरोपीय संसद की उपसमिति के अध्यक्ष उडो बुलमैन के साथ भी बैठक करेंगे। 8 सितंबर को वो फ्रांस की राजधानी पेरिस में यूनिवर्सिटी स्टूडेंट्स को संबोधित करेंगे।

■ **चार देशों की यात्रा करेंगे कांग्रेस नेता**

■ **यूरोपियन यूनियन के सदस्यों से मिलेंगे**

9 सितंबर को पेरिस में फ्रांस के लेबर यूनियन की बैठक में भी हिस्सा लेंगे। 10 सितंबर को गांधी नॉर्वे की राजधानी ओस्लो में भारतीय समुदाय के लोगों को संबोधित करेंगे। विदेश मंत्री, विपक्ष के नेता और पूर्व प्रधानमंत्री एर्ना सोलबर्ग से मुलाकात करेंगे। इसके अलावा वो सांसदों और बिजनेस लीडर्स के साथ भी बैठकें करेंगे।

**मणिपुर हिंसा**

## सुप्रीम कोर्ट ने ईजीआई के सदस्यों को दी राहत

**नई दिल्ली,** 6 सितम्बर (एजेंसियां)। सुप्रीम कोर्ट ने एडिटर्स गिल्ड ऑफ इंडिया (ईजीआई) के सदस्यों को मणिपुर में हिंसक जातीय झड़पों पर प्रकाशित एक रिपोर्ट के लिए उनके खिलाफ दर्ज दो प्राथमिकियों के मामले में किसी भी दंडात्मक कार्रवाई पर बुधवार को रोक लगा दी। मुख्य न्यायाधीश डी वाई चंद्रचूड़ और न्यायमूर्ति जे बी पारदीवाला और न्यायमूर्ति मनोज मिश्रा की पीठ ने उन प्राथमिकियों को रद्द करने की मांग वाली ईजीआई की ओर से दायर याचिका पर मणिपुर सरकार को नोटिस जारी कर जवाब मांगा। शीर्ष अदालत ने ईजीआई की ओर से वरिष्ठ अधिवक्ता श्याम दीवान द्वारा तत्काल उल्लेख किए जाने पर मामले की सुनवाई शुरू की। श्री दीवान ने पीठ के समक्ष कहा कि सदस्यों पर गिरफ्तारी की तलवार लटकी हुई है।

# गणेश चतुर्थी से नए संसद भवन का श्रीगणेश

## 18 को विशेष सत्र के पहले दिन पुरानी बिल्डिंग में होगा कामकाज

**नई दिल्ली,** 6 सितम्बर (देशबन्धु)। बार-बार की अटकलों बीच अब नए संसद भवन में संसदीय कार्यवाही का मुहुर्त तय हो गया है। 18 सितम्बर से संसद का विशेष सत्र बुलाया गया है। जो कि संसद की पुरानी इमारत से ही शुरू हो रहा है। लेकिन अगले दिन 19 सितम्बर यानि गणेश चतुर्थी के दिन संसद की कार्यवाही नए संसद भवन में स्थानांतरित कर दी जाएगी। नया संसद भवन पूरी तरह बनकर तैयार है। बीते 28 मई को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी इसका उद्घाटन भी कर चुके हैं। बावजूद संसद के मानसून सत्र की पूरी कार्यवाही पुरानी बिल्डिंग से ही चली। लेकिन अब नए संसद भवन के श्रीगणेश का मुहूर्त तय हो गया है। 18-22 सितम्बर तक चलने वाले संसद के विशेष सत्र की कार्यवाही गणेश चतुर्थी के दिन यानि 19 सितम्बर से नए भवन से ही संचालित की जाएगी।

**अत्याधुनिक सुविधाओं से है लैस**-नए संसद भवन को खास तरीके से डिजाइन किया गया है। इसे अहमदाबाद से ताल्लुक रखने वाले चर्चित आर्किटेक्ट विमल पटेल ने डिजाइन किया है। यह भवन तमाम आधुनिक सुविधाओं से सम्पन्न है। त्रिकोण के आकार में बनाए गए संसद भवन की दिव्यता और भव्यता मनमोहक है। भारत की लोकतांत्रिक विरासत को प्रदर्शित करने के लिए नए संसद भवन में भव्य संविधान हाल बनाया गया है। इसमें सांसदों के लिए लाउंज, पुस्कालय, कई समिति कक्ष, भोजन क्षेत्र और पार्किंग के लिए पर्याप्त स्थान की व्यवस्था की गई है। संसद की संयुक्त बैठक के दौरान इसमें एक साथ 1280 सांसदों के बैठने की व्यवस्था है। इसका निर्माण प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की महत्वाकांक्षी परियोजना सेंट्रल विस्टा के तहत कराया गया है। शुरुआत में इसकी लागत 861 करोड़ अनुमानित थी, लेकिन बाद में बढ़कर 1200 करोड़ तक पहुंच गई।

**4 मंजिला बिल्डिंग, भूकंप का असर नहीं**- 64 हजार 500 वर्ग मीटर में बना नया संसद भवन 4 मंजिला है। इसमें 3 दरवाजे हैं, इन्हें ज्ञान द्वार, शक्ति द्वार और कर्म द्वार नाम दिया गया है।

**जी-20 शिखर सम्मेलन** *बम निरोधक दस्ता भी करेगा निगरानी, 40 हजार लोगों की ड्यूटी लगाई गई*

# सेना का काउंटर ड्रोन सिस्टम किया गया तैनात

**नई दिल्ली, 6 सितम्बर (एजेंसियां)। दिल्ली में 9-10 सितंबर को होने वाली जी-20 समिट की सुरक्षा भारतीय सेना का खोजी दस्ता और बम निरोधक दस्ता करेगा। सेना सूत्रों के मुताबिक सेना ने ड्रोन के जरिए होने वाले संभावित हमलों को रोकने के लिए काउंटर-ड्रोन सिस्टम भी तैनात किया है।**

*इसके अलावा जी-20 सम्मेलन के 2 दिनों तक चलने वाले मुख्य आयोजन में दिल्ली पुलिस के जवानों और वॉलेंटियर्स समेत 40 हजार लोगों की ड्यूटी लगाई गई है।*

***एमसीडी ने 3 हजार से ज्यादा पोस्टर हटाए***-*दिल्ली नगर निगम एमसीपी ने सौंदर्यीकरण अभियान के तहत दीवारों और मकानों-दुकानों, फ्लाईओवर की दीवारों समेत कई जगहों से 3,254 पोस्टर हटाए। इसके अलावा आठ जगहों स्क्रैप मैटेरियल से बनी स्टेच्यू लगाई गई हैं। इसके अलावा पब्लिक वॉल्स पर भारत की सांस्कृतिक विरासत और चंद्रयान-3 की सॉफ्ट-लैंडिंग वाले म्यूरल्स लगाए हैं।*

***भारत मंडपम में लगाई नटराज प्रतिमा***-*मूर्तिकार राधाकृष्ण स्थापति ने बताया कि 18-20 टन वजनी नटराज की ब्रॉन्ज स्टेच्यू बनाने के लिए लॉस्ट-वैक्स कास्टिंग मैथड का इस्तेमाल किया गया है। इस मूर्ति को पूरा करने में 100 से ज्यादा कलाकारों को सात महीने और लगभग 3.25 लाख घंटे लगे। इसे बनाने में लगभग 10-12 करोड़ का खर्च आया।*

***इंडिया गेट भी रहेगा बंद***-*दिल्ली-एनसीआर में 8 सितंबर से 10 सितंबर तक पब्लिक हॉलिडे की घोषणा की गई है।*

*उससे पहले 7 सितंबर को जन्माष्टमी की सरकारी छुट्टी है। इतना ही नहीं, कार्मिक मंत्रालय ने पिछले महीने जारी आदेश में कहा था कि जी- 20 सम्मेलन के मद्देनजर राजधानी में सभी केंद्रीय सरकारी कार्यालय भी बंद रहेंगे। इस सूची में सुप्रीम कोर्ट, मेट्रो स्टेशन, दूरदर्शन टावर-1, दूरदर्शन टावर-2, भारत संचार भवन, चुनाव आयोग ऑफिस, विदेश मंत्रालय ऑफिस, केजी मार्ग, आर्ट म्यूजियम, नेशनल साइंस सेंटर, इंडिया गेट और पटियाला हाउस कोर्ट शामिल हैं। इन इमारतों को 8 सितंबर की सुबह 9 बजे खाली करा दिया जाएगा।*

# देश

**उवाच**

पश्चिम बंगाल के राज्यपाल सीवी आनंद बोस की कार्रवाई राज्य प्रशासन को पंगु बनाने का प्रयास है। वह वित्त विधेयकों को रोक नहीं सकते।राज्य में स्कूलों, कॉलेजों और विश्वविद्यालयों के कामकाज में हस्तक्षेप कर रहे हैं राज्यपाल।

–ममता बनर्जी, पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री



| तापमान | अधिकतम | न्यूनतम |
|---|---|---|
| दिल्ली | 36.0 | 28.0 |
| मुंबई | 28.0 | 27.0 |
| कोलकाता | 30.0 | 26.0 |
| चेन्नई | 32.0 | 28.0 |

# देश के लिए महंगा साबित हो रहा है चीन के साथ मोदी का प्रेम : कांग्रेस

## अरुणाचल प्रदेश में चीन की घुसपैठ को लेकर केंद्र सरकार पर बोला हमला

**नई दिल्ली,**6 सितम्बर (एजेंसियां)। चीन की घुसपैठ को लेकर कांग्रेस ने केंद्र सरकार पर हमला बाला। कांग्रेस नेता सुप्रिया श्रीनेत ने कहा कि चीन के साथ पीएम मोदी का प्रेम, देश को महंगा साबित हो रहा है। उन्होंने कहा कि चीन की लगातार अरुणाचल प्रदेश में जगहों का नाम बदलने की हिमाकत सिर्फ और सिर्फ पीएम मोदी के एक झूठ का नतीजा है। चीन को सबक सिखाना है, गलबहईया नहीं करनी है। चीन की हिम्मत कैसे हो रही है कि वह हमारी भूभागीय अखंडता के साथ खिलवाड़ कर रहा है। चीन की घुसपैठ व अदाणी मामले को लेकर कांग्रेस, भाजपा पर लगातार हमलावर रही है। सोनिया गांधी, पार्टी अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे और राहुल गांधी सहित कांग्रेस के अनेक नेताओं ने इन दोनों मुद्दों को उठाया है। पिछले दिनों अरुणाचल प्रदेश में चीनी नामों की सूची को कांग्रेस नेताओं ने हाथों-हाथ लिया था। कांग्रेस इस मुद्दे को ड्रैगन को क्लीन चिट पंच लाइन से लोगों के बीच ले गई थी। राहुल गांधी ने भी अपने ट्वीट में लिखा था कि 2000 वर्ग किलोमीटर जमीन चीन ने छीन ली, जगहों के नाम भी बदल रहे, प्रधानमंत्री चुप, कोई जवाब नहीं। प्रधानमंत्री आखिर इतना डर क्यों। पिछले दिनों चीन ने एक नक्शा जारी कर नया विवाद खड़ा कर दिया है। इस नक्शे में चीन ने अरुणाचल प्रदेश पर अपना दावा किया है। साथ ही अक्साई चिन को भी अपना इलाका बताया है। इसके बाद कांग्रेस पार्टी ने कहा, चीन अपनी हरकतों से बाज नहीं आ रहा है। चीन ने अरुणाचल में हमारे इलाकों के नाम बदलने की हिमाकत की है। सवाल है, आखिर चीन इतना दुस्साहस कैसे कर पा रहा है। जवाब आप जानते हैं, जब पीएम मोदी खुद चीन को क्लीन चिट देंगे, कहेंगे कि कोई घुसा नहीं है तो मन बढ़ेगा ही।



चीन की लगातार अरुणाचल प्रदेश में जगहों का नाम बदलने की हिमाकत सिर्फ और सिर्फ मोदी के एक झूठ का नतीजा : सुप्रिया श्रीनेत

### अब तक 19 बार जिनपिंग से मिल चुके हैं मोदी

कांग्रेस सांसद मनीष तिवारी ने कहा था, हमारे 50-60 हजार सैनिक लाइन ऑफ एक्चुअल कंट्रोल के ऊपर तैनात हैं। ये बुनियादी सवाल इसलिए उत्पन्न होता है, क्योंकि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 2013 से लेकर अब तक 19 बार चीन के राष्ट्रपति शी जिनपिंग से मिल चुके हैं। पांच बार प्रधानमंत्री मोदी चीन गए हैं। भारत का कोई भी प्रधानमंत्री 1947 से लेकर 2023 तक इतनी बार चीन नहीं गया होगा। कांग्रेस पार्टी के अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे कह चुके हैं, अरुणाचल प्रदेश भारत का अभिन्न अंग है और रहेगा। गलवान के बाद, मोदी द्वारा चीन को क्लीन चिट देने का नतीजा, देश भुगत रहा है। पिछले दिनों राहुल गांधी ने लद्दाख की यात्रा के दौरान कहा था, पूरा लद्दाख जानता है कि चीन ने हमारी जमीन कब्जा ली है।

### भाजपा के राष्ट्रवाद की काट निकाल रही कांग्रेस

कांग्रेस नेता ने कहा कि मिशन 2024 के लिए भाजपा के राष्ट्रवाद की काट निकालने की तैयारी हो रही है। मोदी सरकार के दौरान चीन ने कब और किस इलाके में घुसपैठ का प्रयास किया है या कथित तौर पर भारतीय इलाकों पर कब्जा किया है, इस बाबत एक विस्तृत रिपोर्ट तैयार की जा रही है। लद्दाख के किन इलाकों में पहले भारतीय सेना गश्त करती थी, मगर अब वहां तक हमारे सैनिक नहीं पहुंच पा रहे हैं। इस बात को भी रिपोर्ट में शामिल किया जाएगा। 2014 से पहले पड़ोसी मुल्कों से लगती सीमाओं पर कैसी स्थिति थी, इसे भी जनता के बीच रखा जाएगा।

# ओम बिरला ने दी जन्माष्टमी की बधाई

**नई दिल्ली,**6 सितम्बर (देशबन्धु)। लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने जन्माष्टमी की पूर्व संध्या पर देशवासियों को बधाई दी है। अपने संदेश में उन्होंने कहा कि श्रीकृष्ण जन्माष्टमी पर समस्त देशवासियों को हार्दिक मंगलकमनाएं। सृष्टि के स्वामी और सब लीलाओं के रचयिता भगवान श्री कृष्ण हमें सही राह दिखाते हैं। उनका जीवन हमें बुराइयों से लड़ने की, अपना कर्तव्य निभाने की, फल की इच्छा के बिना अपना कर्म करने की, और समाज को आगे बढ़ाने की सीख देता है। श्री कृष्ण ऐसे व्यक्तित्व हैं, जिनसे हर कोई प्रेम करता है। आंखों से नहीं देखने वाले सूरदास ने भी श्री कृष्ण की पूजा की और रसखान भी उनके बड़े भक्त हुए।



इसी तरह राजस्थान में मां मीराबाई की भी भगवान श्री कृष्ण के प्रति अटूट समर्पण की कहानी है। विषम परिस्थिति में उन्होंने सुदामा का भी साथ दिया, द्रौपदी की भी रक्षा की और अर्जुन को भी सही राह दिखाई। आज जन्माष्टमी के पावन अवसर पर हम यह संकल्प लें कि भगवान श्री कृष्ण की शिक्षा, उनके उपदेश और संदेशों को अपनाकर जीवन में आगे बढ़ेंगे तथा अपने देश और समाज की प्रगति में प्रमुख भूमिका निभाएंगे। इसी संदेश के साथ एक बार फिर आप सभी को जन्माष्टमी की शुभकामनाएं।

# मध्य प्रदेश विस चुनाव में बुजुर्ग व दिव्यांग घर से कर सकेंगे मतदान

## चुनाव आयोग ने राजनीतिक दल के प्रतिनिधियों से की चर्चा

**भोपाल,** 6 सितम्बर (एजेंसियां)। मध्य प्रदेश में इसी साल होने वाले विधानसभा चुनाव में भारत निर्वाचन आयोग कई नए प्रयोग करने जा रहा है। मुख्य निर्वाचन आयुक्त राजीव कुमार ने बताया है कि विधानसभा चुनाव में बुजुर्ग और दिव्यांग घर से ही मतदान कर सकेंगे। वहीं, आपराधिक छवि के उम्मीदवार को स्वयं और राजनीतिक दल को सूचना जारी करनी होगी। राज्य में होने वाले विधानसभा चुनाव की तैयारी के सिलसिले में भारत निर्वाचन आयोग का दल तीन दिवसीय दौरे पर मध्य प्रदेश आया। इस प्रवास के दौरान चुनाव आयोग ने जहां राजनीतिक दल के प्रतिनिधियों से चर्चा की।

वहीं, प्रशासनिक अमले से भी चुनावी तैयारी का ब्यौरा हासिल किया। साथ ही मतदान केंद्रों पर सुविधाएं मुहैया करने की विस्तार से जानकारी ली। राजधानी के कुशाभाऊ ठाकरे सभागार में संवाददाताओं से चर्चा करते हुए मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी राजीव कुमार ने चुनाव में बुजुर्गों, युवाओं और महिलाओं पर खास जोर दिए जाने का जिक्र करते हुए बताया कि इस चुनाव में बुजुर्ग और दिव्यांगों को घर से ही मतदान करने की सुविधा दी जा रही है। इसके लिए 12-डी फॉर्म भरना होगा। नामांकन के पांच दिन के भीतर अगर यह फॉर्म भरा जाएगा तो आयोग की टीम उनके पास घर जाकर मतदान कराएगी और वह मतदान निष्पक्ष रहे वोट की गोपनीय बनी रहे, इसके लिए उसकी वीडियोग्राफी भी कराई जाएगी। उसकी सूचना सभी राजनीतिक दलों को दी जाएगी। चुनाव में राजनीतिक दल आपराधिक छवि के लोगों को भी मैदान में उतार देते हैं, ऐसे उम्मीदवारों के बारे में जानने का हक मतदाताओं का है इसीलिए चुनाव आयोग एक नई व्यवस्था कर रहा है, जिसके तहत अगर उम्मीदवार का आपराधिक रिकॉर्ड है तो उसे अपने क्षेत्र में तीन बार प्रमुख समाचार पत्रों में विज्ञापन जारी करना होगा, इलेक्ट्रॉनिक मीडिया में भी प्रसारित करना होगा, जिसमें उसे यह बताना होगा कि उस पर इस तरह के प्रकरण दर्ज हैं। इसी तरह राजनीतिक दल को भी यह प्रकाशित करना पड़ेगा और बताना होगा कि उनको आपराधिक पृष्ठभूमि का उम्मीदवार ही क्यों चुनना पड़ा, उन्हें बताना पड़ेगा क्या उसे क्षेत्र में कोई दूसरा उम्मीदवार नहीं मिला है और उसने आपराधिक छवि के व्यक्ति को उम्मीदवार क्यों बनाया।




## सार संक्षेप

### उप्र के झांसी में युवक को रस्सी से घसीटा, दो गिरफ्तार

**झांसी।** उत्तर प्रदेश के झांसी स्थित मऊरानीपुर के शिवगंज मोहल्ले से एक युवक को पहले महिलाओं ने चप्पलों से पीटा और फिर हाथ पांव में रस्सी से बांधकर उसे मोहल्ले भर में घसीटा। वह छोड़ने की गुहार लगाता रहा, मगर किसी ने नहीं सुना। उसका वीडियो अब वायरल हो रहा है। इस मामले में पुलिस ने पीड़ित पक्ष की ओर से मुकदमा दर्ज कर दो लोगों को गिरफ्तार किया है।

### आईआईटी-मंडी के दस छात्र किए गए निलंबित

**शिमला।** हिमाचल प्रदेश की आईआईटी-मंडी ने बुधवार को बताया कि दस छात्रों को फ्रेशर्स से रैगिंग करने के आरोप में दिसंबर तक शैक्षणिक और छात्रावास से निलंबित कर दिया गया है। संस्थान ने बयान में कहा आईआईटी-मंडी के पास एक मजबूत रैगिंग विरोधी नीति है। घटना की जांच करने वाली समिति ने तुरंत संबंधित अधिकारियों को सूचित किया। 72 छात्रों के खिलाफ अनुशासनात्मक कार्रवाई की जा रही है। एक आधिकारिक बयान में कहा गया कि इसमें 15 हजार रुपए का जुर्माना और 20 घंटे की सामुदायिक सेवा, 20 हजार रुपए व 40 घंटे की सामुदायिक सेवा, 25 हजार रुपए व 60 घंटे की सामुदायिक सेवा और दिसंबर तक शैक्षणिक और छात्रावास से 10 छात्रों का निलंबन शामिल है।

### उत्तराखंड के पर्वतीय जिलों में बारिश का येलो अलर्ट

**देहरादून।** उत्तराखंड में फिर मौसम बदलने वाला है। बुधवार से अगले तीन दिन बारिश होने की संभावना है। मौसम विभाग ने अधिकतर जिलों में हल्की बारिश होने की संभावना जताई है। जबकि, बुधवार को पर्वतीय जिलों के लिए बारिश का येलो अलर्ट जारी किया है। मौसम विज्ञान केंद्र के अनुसार बुधवार को पर्वतीय जिलों में कहीं-कहीं तेज गर्जना और बिजली चमकने के साथ कई दौर की बारिश हो सकती है। हालांकि, मैदानी इलाकों में मौसम शुष्क रहेगा।

### बेटे की मौत से आहत महिला ने की आत्महत्या

**तिरुवनंतपुरम।** अपने बेटे की मौत की खबर सुनकर एक सरकारी स्कूल की शिक्षिका ने कुएं में कूदकर आत्महत्या कर ली। जानकारी के अनुसार महिला का बेटा एम.सज्जिन वायनाड में पशु चिकित्सा का छात्र था। मंगलवार शाम वह एक दुर्घटना का शिकार हो गया, जिसमें उसकी मौत हो गई। जब इसकी खबर सामने आई तो राजधानी के बाहरी इलाके नेदुमगाडु की रहने वाली शीजा बेगम के करीबी रिश्तेदारों ने वायनाड जाने का फैसला किया। हालांकि, उन्होंने शीजा को उसके बेटे की मौत के बारे में नहीं बताया। उसे अपने करीबी रिश्तेदार के घर पर रहने के लिए कहा।

# एनआईए कोर्ट ने छठे आरोपी को दोषी ठहराया

**बिहार नकली नोट मामला**

**नई दिल्ली,** 6 सितम्बर (एजेंसियां)। बिहार में एक विशेष राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) अदालत ने पूर्वी चंपारण नकली नोट मामले में छठे आरोपी को दोषी ठहराया है। मुन्ना सिंह (64) को आईपीसी की धारा 120बी और 489 बी और यूएपीए की धारा 16, 18, 20 और 21 के तहत दायर आरोपों में दोषी ठहराया गया है। सजा 11 सितम्बर को सुनाई जाएगी।ढमामला मूल रूप से 19 सितंबर 2015 को दर्ज किया गया था और उसी वर्ष 23 दिसंबर को एनआईए ने इसे जांच अपने हाथों में ले ली थी। तब से, एनआईए ने आठ आरोपियों के खिलाफ आरोपपत्र दायर किया है, जिनमें से पांच को पहले ही दोषी ठहराया जा चुका था। अफ़रोज़ अंसारी नाम के व्यक्ति से 5,94,000 रुपये मूल्य के उच्च गुणवत्ता वाले नकली भारतीय मुद्रा नोट की जब्ती से संबंधित मामले में कुल 10 आरोपी शामिल थे। राजस्व खुफिया निदेशालय ने उसे पूर्वी चंपारण के मोतिहारी के रामगढ़वा के पास से पकड़ा था, जब वह नकली नोटों की खेप नेपाल में आगे डिलीवरी के लिए भारत-नेपाल सीमा के पास रक्सौल ले जा रहा था। बाद में इस मामले को एनआईए ने अपने हाथ में ले लिया। जांच के दौरान, एनआईए ने 2016 और 2023 के बीच कुल आठ लोगों को गिरफ्तार किया और आरोप पत्र दायर किया। अक्टूबर 2018 में एनआईए विशेष अदालत द्वारा चार आरोपियों, अफरोज अंसारी, सनी कुमार उर्फ कबीर खान, अशरफुल आलम और अलोमगीर शेख को दोषी ठहराया गया।

## मप्र के नीमच में भाजपा की जन आशीर्वाद यात्रा पर हुए पथराव पर बोले कमलनाथ

# अव्यावहारिक चीता प्रोजेक्ट से जनता में गुस्सा

**भोपाल,** 6 सितम्बर (एजेंसियां)। मध्य प्रदेश के नीमच जिले में भारतीय जनता पार्टी की जन आशीर्वाद यात्रा पर हुए पथराव को लेकर पक्ष-विपक्ष के एक दूसरे पर आरोप-प्रत्यारोप के बीच पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ ने कहा कि अव्यावहारिक चीता प्रोजेक्ट के कारण ये क्षेत्र गुस्से से धधक रहा है और कांग्रेस सरकार आने पर स्थानीय किसानों के हित में निर्णय होगा।

कमलनाथ ने एक्स पर पोस्ट किया कि नीमच-मंदसौर इलाके में भाजपा की जन आशीर्वाद यात्रा पर जनता का गुस्सा निकल रहा है। यह भाजपा सरकार पर अविश्वास का एक और उदाहरण है। इस क्षेत्र की जनता पर भाजपा सरकार चीता प्रोजेक्ट की अव्यवहारिक योजना लाद रही है। क्षेत्र के किसान और ग्रामीणों की जमीन बुरी तरह प्रभावित है, पशुओं के चरागाह छीन लिए गए हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि ये क्षेत्र गुस्से से धधक रहा है, वहीं भाजपा सरकार के लोग सत्ता के नशे में चूर होकर जनभावनाओं की अनदेखी कर रहे हैं। गौरतलब है कि नीमच जिले के मनासा क्षेत्र में गत दिनों जन आशीर्वाद यात्रा के काफिले पर कुछ लोगों ने हंगामा करते हुए पथराव कर दिया, जिससे कुछ वाहन क्षतिग्रस्त हो गए। हालाकि वाहनों में सवार भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के नेता सुरक्षित हैं। पुलिस सूत्रों के अनुसार रावली कुंडी क्षेत्र में कुछ ग्रामीणों ने हंगामा करते हुए जन आशीर्वाद यात्रा में शामिल वाहनों पर पथराव किया। घटनास्थल पर मौजूद पुलिस अधिकारियों और जवानों ने तुरंत स्थिति को संभालने का प्रयास किया और विशेष वाहन में सवार वरिष्ठ नेताओं को सुरक्षित उतारकर सुरक्षा घेरे में ले लिया। इसके साथ ही हंगामा कर रहे लोगों को वहां से खदेड़ दिया गया। सूत्रों का कहना है कि इस मामले में वैधानिक कार्रवाई कर आरोपियों की पहचान की जा रही है। बताया गया है कि यात्रा में भाजपा के अनेक क्षेत्रीय जनप्रतिनिधि भी मौजूद थे। पथराव में कुछ वाहनों के कांच टूट गए हैं। पत्थर स्थानीय भाजपा विधायक के वाहन में भी लगा है। पथराव के बाद हुए हंगामे के वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हुए हैं। ग्रामीण इस क्षेत्र में कथित चीता प्रोजेक्ट से संबंधित लंबी दीवार बनाने का विरोध कुछ दिनों से कर रहे हैं। पथराव की घटना को इसी मामले से जोड़कर देखा जा रहा है। वहीं मप्र के नीमच जिले में भारतीय जनता पार्टी की जन आशीर्वाद यात्रा के काफिले पर पथराव के मामले पर गृह मंत्री नरोत्तम मिश्रा ने कहा कि इसके कारण जानने के लिए विपक्षी नेताओं के पहले के बयान देखने होंगे। मिश्रा ने यहां संवाददाताओं से चर्चा के दौरान कहा कि यात्रा पर पथराव क्यों हुआ, ये जानने के लिए विपक्षी नेताओं के पहले के बयान देखने पड़ेंगे, सब समझ में आ जाएगा। उन्होंने कहा कि पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ पहले ही कह चुके थे कि यहां मणिपुर जैसा पथराव हो सकता है, इस तरह वे उकसाने का काम कर रहे थे। दिग्विजय सिंह हरियाणा के नूंह का उदाहरण दे चुके थे। ये भी उकसावे वाला काम था।



सत्ता के नशे में चूर होकर जनभावनाओं की अनदेखी कर रही सरकार : कमलनाथ

### कांग्रेस सरकार आने पर होगा स्थानीय किसानों के हित में निर्णय

पूर्व मुख्यमंत्री ने क्षेत्रवासियों को संबोधित करते हुए कहा कि कांग्रेस सरकार आने पर स्थानीय किसानों के हित में निर्णय होगा। कमलनाथ ने मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान से अनुरोध किया कि हालात पर तुरंत संज्ञान लेते हुए चीता प्रोजेक्ट की वजह से जमीन से वंचित हो रहे पशुपालकों और किसानों को राहत दें।

# एनडीए में आपसी तालमेल कायम रखने को बनेगा प्रवक्ताओं का पैनल

■ विंध्यवासिनी त्रिपाठी

**नई दिल्ली,**6 सितम्बर (देशबन्धु)। नवगठित इंडिया गठबंधन में मीडिया और संचार को लेकर पैनल बनाए जाने के बाद अब भाजपा की अगुवाई वाले एनडीए गठबंधन में भी प्रवक्ताओं का पैनल बनाने की प्रक्रिया शुरू हो गई है। ताकि सभी सहयोगी दलों के प्रवक्ता एक मुद्दे पर एक स्वर में एक समान राय रख सकें। लोकसभा चुनाव की तैयारियों को लेकर इंडिया और एनडीए गठबंधन ने अपनी-अपनी तैयारियां तेज कर दी है। इंडिया गठबंधन ने हाल ही में मीडिया और संचार को लेकर एक पैनल गठित किया था। अब उसी दिशा में एनडीए के दल भी बढ़ रहे हैं। इसका खास मकसद तमाम सहयोगी दलों के बीच समसामयिक मुद्दों पर एक राय बनाना और एक स्वर में बयान देना है। इसको लेकर बीते 31 अगस्त को पार्लियामेंट एनेक्सी में एनडीए के सभी सहयोगी दलो के प्रवक्ताओं को मीडिया और संचार के मुद्दे पर एक दिवसीय प्रशिक्षण दिया गया। इस दौरान सहयोगी दलों को मिलाकर कुल 72 प्रवक्ता मौजूद रहे। सूत्र बताते हैं कि इस बैठक में निर्णय लिया गया कि भाजपा मीडिया प्रभारी अनिल बलूनी की अगुवाई में 11 एनडीए प्रवक्ताओं का पैनल गठित होगा। इसमें भाजपा की ओर से पांच प्रवक्ता अनिल बलूनी, सुधांशु त्रिवेदी, गौरव भाटिया, शहजाद पूनावाला और संबित पात्रा शामिल रहेंगे। जबकि सहयोगी दल एनसीपी से बृजमोहन श्रीवास्तव, एलजेपी (रामविलास) से धीरेंद्र कुमार मुन्ना सहित चार अन्य प्रवक्ताओं को शामिल किया जाएगा। बताया जा रहा है कि एनडीए के दलों की संख्या को देखते हुए यह संख्या 21 तक भी जा सकती है। बेहतर सामंजस्य बनाने के लिए इन प्रवक्ताओं एक वाट्सअप ग्रुप बनाया जाएगा और इन सभी समय-समय पर बैठक भी होती रहेगी।

# असम में मारपीट के आरोप में भाजपा नेता गिरफ्तार

**गुवाहाटी,** 6 सितम्बर (एजेंसियां)। असम के कछार जिले में चोरी के संदेह में 19 वर्षीय किशोर पर हमला करने के आरोप में एक भाजपा नेता को गिरफ्तार किया गया है। जानकारी के अनुसार यह घटना 14 अगस्त को हुई और इसका एक वीडियो सोमवार को सोशल मीडिया पर पोस्ट किया गया। पुलिस के मुताबिक पीड़ित के परिवार ने एफआईआर दर्ज कराई, जिसके बाद आरोपी की गिरफ्तारी की गई। आरोपी मनोज साहू कछार जिले के धोलाई विधानसभा क्षेत्र में एक पंचायत अधिकारी है। 14 अगस्त की दोपहर को साहू ने कथित तौर पर पीड़ित अजय री को एक दुकान के सामने बंधक बना लिया और उसके साथ मारपीट की। सोमवार को अजय की मां चंदा ने एफआईआर दर्ज कराई, जिसके बाद साहू के खिलाफ मामला खोला गया। पुलिस के मुताबिक पीड़ित को गंभीर हालत में सिलचर मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल भेजा गया और बाद में छुट्टी दे दी गई। अधिकारी ने कहा, लड़के को अस्पताल से छुट्टी मिलने के तुरंत बाद उसकी मां ने शिकायत दर्ज की, और घटना का एक वीडियो भी उसी समय सोशल मीडिया पर पोस्ट किया गया था।

हमने शिकायत और उपलब्ध सबूतों के आधार पर साहू को गिरफ्तार कर लिया है। पीड़ित की मां ने संवाददाताओं को बताया कि साहू समेत कई लोगों ने उसके बेटे को प्रताड़ित किया और उस पर चोरी का गलत आरोप लगाया। महिला ने दावा किया कि वे इलाके में जाने-माने व्यक्ति हैं। पुलिस को जानकारी देने पर उन्होंने मेरे बेटे को फिर से पीटने की धमकी दी है। इस बीच, पुलिस ने कहा कि मामले की जांच चल रही है। इस मामले में कुछ और लोगों को गिरफ्तार किया जा सकता है।


**ICICI Bank** | **शाखा कार्यालय :** आईसीआईसीआईआई बैंक लिमिटेड, तीसरी मंजिल, सतपाल चैंबर्स, ढांड कॉम्प्लेक्स, राजभवन के पीछे, गौरव पथ, रायपुर, छत्तीसगढ़- 492001

**सार्वजनिक सूचना - संरक्षित संपत्ति की बिक्री हेतु निविदा-सह-ई-नीलामी**

[ नियम 8 (6) का परंतुक देखें ]

**अचल संपत्तियों की बिक्री हेतु सूचना**

अचल संपत्तियों के विक्रय के लिए ई-नीलामी विक्रय सूचना वित्तीय आस्तियों के प्रतिभूतिकरण और पुन: निर्माण तथा प्रतिभूति हित अधिनियम, 2002 के अन्तर्गत सहपठित प्रतिभूति ब्याज प्रवर्तन नियमावली, 2002 की धारा 8(6) के अधीन प्रदत्त शक्तियों का उपयोग करते हुए जारी की गई है।
सर्वजन तथा व्यक्तिगत रूप से कर्ज़दार एवं ज़मानतदार को इस सूचना द्वारा सूचित किया जाता है कि नीचे दर्शाई गई अचल संपत्ति के संरक्षित ऋणदाता केपास बंधक/ अधिभारित है। उनका **भौतिक अधिग्रहण** आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड (संरक्षित ऋणदाता) द्वारा प्राधिकृत अधिकारी के रूप में कर लिया गया है एवं दर्शाए विवरण अनुसार उनके द्वारा "जहाँ है जैसी है", "जैसी है, वैसी है" एवं "जिस भी स्थिति में है" के आधार पर अचल संपत्ति के विक्रय के लिए प्रस्ताव आमंत्रित किए जा रहे हैं :-

| क्र. सं. | कर्ज़दार (रों)/ सह-कर्ज़दारों/ गारंटरों का नाम/ ऋण खाता संख्या | ऋणभारों सहित, प्रत्याभूत आस्ति का विवरण, यदि कोई | बकाया राशि (रु. में) | सुरक्षित मूल्य (रु. में) / धरोहर राशि जमा (रु. में) | संपत्ति निरीक्षण की तिथि एवं समय | ई-नीलामी की तिथि एवं समय |
|---|---|---|---|---|---|---|
| (ए) | (बी) | (सी) | (डी) | (ई) | (एफ) | (जी) |
| 1. | श्रीमती हिदांगमयुम लिंडाली शर्मा (कर्ज़दार), दीपचंद शर्मा (सह-कर्ज़दार) LBRPR00003324407 | एलआईजी 724 प्लॉट नंबर 724, सेक्टर 2, डंगनिया पी.एच. क्रमांक 58, खसरा क्रमांक 88-92, 98, 99/2, 103, 112-114, 116, 118, 120, 122-128, दीन दयाल उपाध्याय नगर वार्ड क्रमांक 69, छत्तीसगढ़, रायपुर-492001/ क्षेत्रफल- 70 वर्ग मीटर/ 753.474 वर्ग फुट और निर्मित क्षेत्र 38.43 वर्ग मीटर/ 413.657 वर्ग फुट। | रु. 32,00,476/- (अगस्त 21, 2023 तक) | रु. 23,00,000/- / रु. 2,30,000/- | अक्टूबर 09, 2023 को सुबह 11:00 बजे से दोपहर 01:00 बजे तक | अक्टूबर 20, 2023 को सुबह 11:00 बजे से |

ऑनलाइन नीलामी हमारी ई-नीलामी संस्था **मेसर्स नेक्सजेन सॉल्यूशंस प्राइवेट लिमिटेड** की वेबसाइट **(URL Link- https://disposalhub.com)** पर संचालित होगी। बंधकदाताओं/ सूचना प्रेषितकर्ताओं को **अक्टूबर 19, 2023** को **शाम 05:00** बजे से पूर्व तक कुल बकाया राशि उस पर आगे ब्याज सहित भुगतान करने का अंतिम अवसर दिया जाता है, जिसमें विफल रहने इस/इन पर संरक्षित संपत्ति/यों की बिक्री निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार की जाएगी।
संभावित बोलीकर्ता (बोलीकर्ताओं) को बयाना राशि (ईएमडी) डिमाण्ड ड्राफ्ट (डीडी) (सारणी **ई** संदर्भ) जो **आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड, तीसरी मंजिल, सतपाल चैंबर्स, ढांड कॉम्प्लेक्स, राजभवन के पीछे, गौरव पथ, रायपुर, छत्तीसगढ़- 492001** में **अक्टूबर 19, 2023** तक **शाम. 05:00** बजे से पूर्व जमा करना अनिवार्य है एवं इसके पश्चात् वे अपना प्रस्ताव उपरोक्त वर्णित वेबसाइट के माध्यम से ईएमडी के भुगतान साक्ष्य अर्थात बैंक डीडी पावती की स्कैन इमेज, **अक्टूबर 19, 2023** तक **शाम 05:00** बजे से पूर्व जमा करें। कृपया नोट करें कि संभावित बोलीकर्ता (बोलीकर्ताओं) वेबसाइट के माध्यम से उनके प्रस्ताव को जमा कराने में विफल रहने पर वे जो **आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड, तीसरी मंजिल, सतपाल चैंबर्स, ढांड कॉम्प्लेक्स, राजभवन के पीछे, गौरव पथ, रायपुर, छत्तीसगढ़- 492001** में निविदा प्रलेखों की हस्ताक्षरित प्रति को **अक्टूबर 19, 2023** को **शाम 05:00** बजे से पूर्व तक जमा करवा सकते हैं। बयाना राशि का डिमाण्ड ड्राफ्ट/ पे ऑर्डर किसी भी राष्ट्रीयकृत/ शैडूल्ड बैंक द्वारा **आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड** की **रायपुर** शाखा के पक्ष में भुगतान हेतु होना चाहिए।
संपत्ति अवलोकन, ई-नीलामी के नियम एवं शर्तों तथा निविदा प्रक्रिया के संदर्भ में स्पष्टीकरण हेतु कृपया **आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड** को फोन नंबर **9324948920** पर संपर्क करें।
कृपया नोट करें कि मार्केटिंग एजेंसी **1. मेसर्स नेक्सजेन सॉल्यूशंस प्राइवेट लिमिटेड** इस संपत्ति की बिक्री में सुगमता हेतु सलंग्न है।
प्राधिकृत अधिकारी बिना किसी कारण दर्शाए किसी एक अथवा अधिक निविदा व बोली को निरस्त करने का अधिकार सुरक्षित रखते हैं।
बिक्री के विस्तृत नियमों एवं शर्तों हेतु कृपया वेबसाइट **www.icicibank.com/n4p4s** पर संपर्क करें।

**तिथि : सितम्बर 07, 2023**
**स्थान : रायपुर**

**प्राधिकृत अधिकारी**
**आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड**



**VIL Vaswani Industries Limited**
POWER • SPONGE IRON STEEL
• CIN L28939CT2003PLC015964 • GSTN 22AABCV9564E1ZB

**Notice of the 20th Annual General Meeting**

In compliance with applicable provisions of the Companies Act, 2013 ('Act) and rules made thereunder, Securities and Exchange Board of India ('SEBI') (Listing Obligations and Disclosure Requirements) Regulations, 2015 read with Circular No. 14/2020 dated April 08, 2020, Circular No. 17/2020 dated April 13, 2020 and Circular No. 20/2020 dated May 05, 2020 (collectively referred as 'MCA Circulars') and SEBI Circular No. SEBI/HO/CFD/CMD2/CIR/P/2022/ 62 dated May 13, 2022 ('SEBI Circular') (MCA Circulars and SEBI Circular collectively referred as 'Circulars'), NOTICE is hereby given that the **Twentieth (20 ) Annual General Meeting ('AGM')** of the Members of **Vaswani Industries Limited** ('Company') will be held on **Friday, September 29, 2023 at 03.00 p.m. (IST) through Video Conferencing [Other Audio Visual Means {'VC/OAVM'),** without the physical presence of the Members at the AGM, to transact the business as set out in the AGM Notice. Members attending the AGM through VC/OAVM shall be reckoned for the purpose of quorum under Section 103 of the Act. In compliance with the Circulars, AGM Notice along with the Annual Report for FY 2022-23 {'Annual Report) will be sent in due course only through electronic mode to those Members whose email ids are registered with the Company/ Registrar and TransferAgent ('RTA)/Depository Participant DP').

**The Members of the Company are further informed as follows:**

a) The remote e-voting will commence on Monday, September 25, 2023 (09:00 A.M. IST) and end on Thursday, September 28, 2023 (05:00 P.M. IST). The remote e-voting shall be disabled by Link Intime India for voting thereafter.
b) The voting rights of the members shall be in proportion to the equity shares held by them in the paid-up equity share capital of the Company as on Friday, September 22, 2023 ("cut-off date").
c) Members will be provided with the facility to cast their vote electronically, through the remote e-Voting facility (before the AGM) and e-Voting facility {at the AGM), on all the resolutions set forth in the Notice.
d) Facility for e-Voting at the AGM will be made available to those Members present in the AGM through VC/OAVM facility and have not cast their vote on the resolutions through remote eVoting. The Members who have cast their vote by remote e-Voting prior to the AGM may also attend participate in the AGM through VC/OAVM but shall not be eligible to vote at the AGM.
e) The Members whose names appear in the Register of Members/list of Beneficial Owners as on September 22, 2023 being the cut-off date, are entitled to avail the facility of remote e-voting as well as voting at the AGM. A person who is not a Member as on the Cut-off date should treat this notice for information purposes only.
f) Detailed process and manner of remote e-Voting, e-Voting at the AGM and instructions for attending the AGM through VC/OAVM is being provided in the AGM Notice. Members whose email ids are already registered with the Company/RTA/DP, may follow the instructions for remote e-Voting as well as e-Voting at AGM as provided in the AGM Notice.
g) The aforesaid documents will also be available on the Company's website at **www.vaswanlindustrles.com**, websites of the Stock Exchanges i.e. BSE Limited at **www.bseindia.com** and National Stock Exchange of India Limited at **www.nseindia.com**.
h) Queries / Issues: Refer FAQs and Instavote e-voting manual available at Instavote-Linkintime or write an e-mail to enotices@linkintime.co.in or call on 022-49186000.
i) Kanungo Agrawal & Company, Company Secretaries has been appointed as the Scrutinizer, for conducting the e-voting as well as voting at the AGM in a fair and transparent manner.
j) The results declared along with Scrutinizer's report will be available on the website of the Company **www.vaswaniindustries.com** and will also be communicated to BSE Limited and National Stock Exchange of India Limited.


For **Vaswani Industries Limited**
Sd/- **Yashwant Vaswani**
(Whole-time Director)
DIN: 01627408

Date: 06.09.2023
Place: Raipur

## 'जवान' टाइटल ट्रैक पर काम करने को अनुभव अद्‌भुत: राजा कुमारी

**मुंबई,** 6 सितम्बर (एजेंसियां)। शाहरुख खान और नयनतारा की आगामी फिल्म 'जवान' ने रिलीज से पहले ही जबरदस्त उत्साह पैदा कर दिया है। फिल्म का टाइटल ट्रैक गाने वाली रैपर राजा कुमारी ने एटली के निर्देशन में काम करने को एक अवास्तविक क्षण बताया है। 'जवान' का हिस्सा बनने के बारे में बात करते हुए राजा कुमारी ने कहा, 'यह अभी भी मेरे लिए बहुत अवास्तविक लगता है। मेरे विजन बोर्ड पर शाहरुख खान की तस्वीर है और मैंने हमेशा उनके साथ काम करने का सपना देखा है। जब अनिरुद्ध ने मुझे इस गाने के लिए बुलाया, मुझे पता था कि वह दिन आ गया है। थिएटर और दुनिया भर में इसे सुनने वाले लोगों के बारे में सोचकर ही मेरे रोंगटे खड़े हो जाते हैं।

# डायबिटीज रोगियों को हो सकता है रेटिनोपैथी का खतरा




**न्यूयॉर्क,** 6 सितम्बर (एजेंसियां)। एक शोध से यह सामने आया है कि मधुमेह में स्वास्थ्य संबंधित स्थितियों के साथ रेटिना पर कोलेस्ट्रॉल जमा हो सकता है। जिससे मरीज की दृष्टि प्रभावित हो सकती है, जिसे रेटिनोपैथी कहा जाता है। डायबिटिक रेटिनोपैथी मधुमेह की एक गंभीर दृष्टि-घातक जटिलता है। जिससे दृष्टि हानि के साथ अंधापन भी आ सकता है।

अमेरिका में मिशिगन स्टेट यूनिवर्सिटी की एक टीम के नेतृत्व में किए गए अध्ययन से पता चला है कि जमा हुआ कोलेस्ट्रॉल रेटिना की छवियों में देखा जा सकता हैं। गैर-इनवेसिव रेटिना का मूल्यांकन अधिकांश ऑप्टोमेट्रिस्ट द्वारा किया जा सकता है, जिससे अधिक लोगों के लिए निदान का अवसर पैदा होता है।

**एक शोध से यह सामने आया है कि मधुमेह में स्वास्थ्य संबंधित स्थितियों के साथ रेटिना पर कोलेस्ट्रॉल जमा हो सकता है, जिससे मरीज की दृष्टि प्रभावित हो सकती है**

फिजियोलॉजी के एमएसयू प्रोफेसर एमेरिटस जूलिया बुसिक ने कहा, 'रेटिनोपैथी अंधेपन का प्रमुख कारण है और यह टाइप 1 और टाइप 2 मधुमेह की सबसे खतरनाक जटिलताओं में से एक है।' 'मधुमेह विकसित होने के 20 वर्षों के भीतर टाइप 1 या टाइप 2 मधुमेह वाले प्रत्येक व्यक्ति में कुछ हद तक रेटिनोपैथी होगी। वर्तमान में यह बहुत आक्रामक है। रेटिनोपैथी का अंतिम चरण पर ही पता चल पाता है।' अध्ययन में शोधकर्ताओं ने पाया कि ये कोलेस्ट्रॉल क्रिस्टल एथेरोस्क्लोरोटिक प्लाक में पाए जाने वाले क्रिस्टल की तरह होते हैं जो धमनियों में बन सकते हैं और दिल के दौरे का कारण बन सकते हैं। एमएसयू डिवीजन ऑफ कार्डियोलॉजी के प्रमुख जॉर्ज अबेला ने टीम को स्कैनिंग इलेक्ट्रॉन माइक्रोस्कोपी के लिए रेटिना टिशू तैयार करके रेटिना को स्कैन करने के तरीकों की पहचान करने में मदद की। इससे शोधकर्ताओं को क्रिस्टल की संरचना का विश्लेषण करने में भी मदद मिलती है, जो आमतौर पर तब होता है जब एक ही स्थान पर बहुत अधिक कोलेस्ट्रॉल होता है। एमएसयू में सेलुलर और एकीकृत फिजियोलॉजी कार्यक्रम में डॉक्टरेट उम्मीदवार और पेपर के पहले लेखक टिम डोरवेइलर ने कहा, 'हम सक्रिय रूप से इस बात पर काम कर रहे हैं कि रेटिना में कोलेस्ट्रॉल को कम करने के लिए क्या किया जा सकता है।'


'मस्तिष्क की तरह ही रेटिना भी एक बहुत अलग अंग है, और दोनों में एक रक्त अवरोध होता है जो उन्हें शरीर के बाकी हिस्सों से अलग करता है। यही कारण है कि रेटिना का अध्ययन करना कठिन और बेहद जटिल हो जाता है।' ऐसी भी उम्मीद है कि कोलेस्ट्रॉल से बनने वाले क्रिस्टल को संबोधित करने के लिए नए उपचार डायबिटिक रेटिनोपैथी के मौजूदा विकल्पों की तुलना में कम आक्रामक हो सकते हैं।

# सोलो ट्रिप के लिए कश्मीर का नाम सबसे ऊपर आने लगा

■ सुरेश एस डुग्गर

**जम्मू,** 6 सितम्बर (देशबन्धु)। यह खुशी की बात हो सकती हे कि सोलो ट्रिप के लिए कश्मीर अन्य पर्यटनस्थलों में अब प्रमुखता से स्थान पाने लगा है। इससे यह साबित होता था कि कश्मीर अब सुरक्षित सैरगाहों में से एक है। यह महाराष्ट्र की डाक्टर पूजा वर्मा के कश्मीर दौरे से भी भी साबित होती थी जो वर्षों से कई देशों की अकेले यात्रा कर रही हैं। हालाँकि, कश्मीर से संबंधित नकारात्मक प्रचार के कारण वह कश्मीर की यात्रा नहीं कर सकीं थीं, जो लंबे समय से उनकी यात्रा सूची में सबसे ऊपर था। और इस साल की शुरुआत में जब उन्होंने सुना कि कश्मीर में रिकार्ड तोड़ पर्यटक आ रहे हैं तो उन्होंने भी कश्मीर की यात्रा का प्लान बना लिया। पूजा कहती थीं कि मैंने इस साल मार्च में कश्मीर का दौरा किया और यह यात्रा मेरे लिए आंखें खोलने वाली थी। मुझे एहसास हुआ कि यहां के लोग बहुत उदार थे और यह जगह बाकी राज्यों की तुलना में अधिक सुरक्षित थी।

अगस्त में उन्होंने फिर से वादी कश्मीर का दौरा किया लेकिन इस बार अकेले, कश्मीर में आफबीट स्थानों का पता लगाने के लिए। वे पत्रकारों के साथबात करते हुए कहती थीं कि पिछली बार मैं कुछ मुख्य पर्यटन स्थलों का दौरा कर सकी। इस बार मैं बिल्कुल अकेले गई और गुरेज, करनाह और अन्य स्थानों का पता लगाया। उनका माना था कि यह मेरे लिए एक खुशियों से भरा सफर था। और अब यह सच्चाई है कि पूजा की तरह बड़ी संख्या में अकेले यात्री कश्मीर का दौरा कर रहे हैं, जहां पिछले दो वर्षों से आने वालों की संख्या में भारी वृद्धि दर्ज की जा रही है। ऐसा इसलिए क्योंकि छात्रों से लेकर पेशेवरों और खोजकर्ताओं तक, कश्मीर दुनिया भर में अकेले यात्रियों के लिए एक सुरक्षित गंतव्य प्रदान कर रहा है। एक रिपोर्ट से पता चला है कि जम्मू-कश्मीर एकल यात्रा के लिए सबसे अधिक मांग वाले स्थलों में से एक है। ट्रैवल फिनटेक द्वारा की गई एक रिसर्च की रिपोर्ट के बकौल, लगभग 35 प्रतिशत अकेले यात्री छुट्टियां बिताने के लिए सोलो ट्रिप के लिए जम्मू और कश्मीर को पसंद कर रहे हैं। कश्मीर के बाद मनाली (25 प्रतिशत) और शिमला (14 प्रतिशत) का स्थान है। एक ट्रैवल एजेंट उमर अहमद ने बताया कि पिछले दो वर्षों में कश्मीर में अच्छी संख्या में अकेले यात्री आए हैं।



# 'कह दूं तुम्हें' की अभिनेत्री युक्ति कपूर ने कहा, शो में मेरा किरदार सिंगल मदर्स के लिए प्रेरणा

**नई दिल्ली,** 6 सितम्बर (एजेंसियां)। शो 'कह दूं तुम्हें' में मुख्य भूमिका निभाने वाली अभिनेत्री युक्ति कपूर ने अपने किरदार के बारे में बात की। उन्होंने कहा कि उनका किरदार एक उद्देश्य वाली महिला का है, जो सिंगल मदर्स के लिए एक उदाहरण है। पंचगनी पर आधारित शो 'कह दूं तुम्हें' एक मनोरंजक, मर्डर मिस्ट्री और प्रेम कहानी है, जिसमें कीर्ति (युक्ति द्वारा अभिनीत) और विक्रांत (मुदित नैय्यर द्वारा अभिनीत) की भावनाओं के विभिन्न रंग और भावनात्मक, रोमांचकारी रोलर कोस्टर देखने को मिलेंगे। शो पर बात करते हुए युक्ति ने कहा, 'कीर्ति एक सिंगल मदर हैं। वह आत्मविश्वासी, मजबूत महिला हैं। मैं खुद को भाग्यशाली मानती हूं कि मुझे कीर्ति का किरदार निभाने का मौका मिला। दर्शकों को कीर्ति के व्यक्तित्व के विभिन्न पहलू देखने को मिलेंगे। वह एक उद्देश्य वाली महिला है। मेरा लक्ष्य कीर्ति बनकर अन्य सिंगल मदर्स के लिए एक उदाहरण बनना है। निर्माता श्वेता शिंदे ने साझा किया, 'मैंने अपने मन में एक थ्रिलर शैली का शो बनाने की कल्पना की थी। 'कह दूं तुम्हें' एक ऐसा शो है, जिसमें कॉमेडी के साथ-साथ थ्रिलर ड्रामा भी है।' उन्होंने कहा, 'शो के लिए मुदित नैय्यर हमेशा से मेरी पहली पसंद थे। मैं उनसे बेहद प्रभावित हुई और उन्हें अपने साथ ले लिया। 'कह दूं तुम्हें' के साथ मुझे अपनी प्रतिभा और काम दिखाने का मौका मिला। मैं स्टार प्लस की आभारी हूं। मुझे उम्मीद है कि दर्शक हमारी कड़ी मेहनत के लिए हमें प्यार देंगे।'

**उनका किरदार एक उद्देश्य वाली महिला का है, जो सिंगल मदर्स के लिए एक उदाहरण है:-युक्ति कपूर**



# बीजीएमआई, फ्री फायर जैसे प्रतिबंधित खेलों की वापसी बच्चों के लिए हानिकारक: विशेषज्ञ

नई दिल्ली, 6 सितम्बर (एजेंसियां)। राष्ट्रीय सुरक्षा कारणों से कई महीनों के प्रतिबंध के बाद कुछ चीनी गेम विभिन्न प्रारूपों और नए अवतारों में भारत लौट आए हैं। हालांकि यह ऑनलाइन गेमिंग उद्योग को बढ़ावा दे सकता है, लेकिन इसने देश में बच्चों और युवा वर्ग के मानसिक और शारीरिक स्वास्थ्य पर प्रभाव के बारे में गंभीर चिंताएं पैदा कर दी हैं। दक्षिण कोरियाई वीडियो गेम डेवलपर क्राफ्टन का बैटलग्राउंड मोबाइल इंडिया (बीजीएमआई), लोकप्रिय बैटल रॉयल गेम जिसने देश के गेमिंग समुदाय को मंत्रमुग्ध कर दिया था, मई में एक सरकारी शर्त के साथ फिर से लॉन्च किया गया, जहां यूजर के नुकसान और लत सहित अतिरिक्त कारकों के लिए हर तिमाही इसकी बारीकी से निगरानी की जाएगी।

बीजीएमआई ने देश में खेल को बढ़ावा देने के लिए बॉलीवुड अभिनेता रणवीर सिंह को भी शामिल किया है। सिंगापुर स्थित गेमिंग कंपनी गरेना का एक और लोकप्रिय प्रतिबंधित गेम फ्री फायर भी इस सप्ताह से देश में वापस आ गया है। पिछले साल उनके निलंबन से पहले, बीजीएमआई और फ्री फायर देश के सबसे ज्यादा कमाई करने वाले एंड्रॉइड ऐप्स में से एक थे। मई में फिर से लॉन्च होने के बाद से, बीजीएमआई ने भारत में गूगल प्ले स्टोर पर राजस्व के मामले में अग्रणी एंड्रॉइड ऐप के रूप में अपनी स्थिति फिर से हासिल कर ली। प्रतिबंध से पहले, इसकी लत की प्रकृति और युवा खिलाड़ियों पर इसके नकारात्मक प्रभाव के लिए इन गेमों की व्यापक आलोचना हुई थी। उनके पुन: लॉन्च ने एक बार फिर अत्यधिक गेमिंग के हानिकारक प्रभावों पर बहस फिर से शुरू कर दी है।



**राष्ट्रीय सुरक्षा कारणों से कई महीनों के प्रतिबंध के बाद कुछ चीनी गेम विभिन्न प्रारूपों और नए अवतारों में भारत लौट**

मैक्स सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल, साकेत के मानसिक स्वास्थ्य और व्यवहार विज्ञान विभाग के निदेशक और प्रमुख डॉ. समीर मल्होत्रा ने बताया, 'रणनीतिक हिंसक ऑनलाइन गेम युवा प्रभावशाली मन में कई समस्याएं पैदा करने के लिए जाने जाते हैं। वे अशांत नींद से जागने के चक्र, चिड़चिड़ापन, अवज्ञा, आचरण संबंधी समस्याएं, अपमानजनक व्यवहार, अशांत रिश्ते, जीवन की सार्थक प्राथमिकताओं की उपेक्षा, शैक्षणिक गिरावट, कम और अस्वास्थ्यकर सामाजिक संपर्क, अस्वास्थ्यकर जीवनशैली और अस्वास्थ्यकर संचार शैलियों से जुड़े हैं।' उन्होंने आगे कहा, खेल व्यक्ति को 'स्वयं की देखभाल की उपेक्षा, जीवन का सार्थक उद्देश्य खोना, परेशानी और बाध्यकारी व्यवहार, आवेग नियंत्रण, क्रोध के मुद्दे, खुद को नुकसान पहुंचाने की प्रवृत्ति और शरीर में दर्द और सिरदर्द आदि की ओर ले जा सकता है। फोर्टिस फ्लाइट लेफ्टिनेंट राजन ढल अस्पताल, वसंत कुंज के सलाहकार मनोचिकित्सक डॉ. त्रिदीप चौधरी ने आईएएनएस को बताया कि ये गेम खिलाड़ियों को अलग-अलग लक्ष्य हासिल करने के लिए प्रोत्साहित करते हैं और एक बार जब ये लक्ष्य हासिल कर लिए जाते हैं, तो उनमें आत्म-कुशलता की भावना आती है। खिलाड़ी का आत्मसम्मान बढ़ता है। उन्होंने कहा, 'यह किशोरों में खेल खेलने के व्यवहार को मजबूत करता है जो इस उम्र में अपनी पहचान खोजने की कोशिश कर रहे होते हैं। इस प्रकार ये ऑनलाइन गेम आत्म-कुशलता की झूठी भावना ला सकते हैं, भौतिक दुनिया में उनकी रुचियों और बातचीत को कम कर सकते हैं, जो सामाजिक कौशल और अन्य जीवन कौशल के विकास को नकारात्मक रूप से प्रभावित कर सकते हैं।'

# फिल्म फुकरे 3 का ट्रेलर रिलीज

**मुंबई,** 6 सितम्बर (एजेंसियां)। वरुण शर्मा, पुलकित सम्राट, पंकज त्रिपाठी और ऋचा चड्ढा स्टार फुकरे 3 का ट्रेलर रिलीज हो गया है। फरहान अख्तर और रितेश सिधवानी के प्रोडक्शन हाउस के बैनर तले बनी फिल्म 'फुकरे-3' का ट्रेलर रिलीज हो गया है। फिल्म में पुलकित सम्राट, मनजोत सिंह, वरुण शर्मा की जोड़ी सबको हंसाएगी। ऋचा चड्ढा भी बोली पंजाबन बनकर लौट आई हैं। फिल्म में पंकज त्रिपाठी कॉमेडी का जबरदस्त तड़का लगाते हुए नजर आए।फिल्म का ट्रेलर कॉमेडी से भरपूर है। मृगदीप सिंह लांबा के निर्देशन में बनी फुकरे वर्ष 2013 में रिलीज हुई थी, जिसे दर्शकों ने खूब पसंद किया था। फिल्म में पुलकित सम्राट, अली फजल, ऋचा चड्ढा, प्रिया आनंद, मंजोत सिंह, वरुण शर्मा, पंकज त्रिपाठी जैसे कई सितारे लीड रोल में थे। फुकरे के 04 साल बाद 2017 में फुकरे रिटर्न रिलीज हुई थी। अब पूरे 05 साल बाद फिल्म का तीसरा पार्ट रिलीज हो रहा है। हालांकि इस पार्ट में अली फजल नजर नहीं आएंगे।



# कैंसर के कई रूपों से लड़ने की क्षमता रखता है तंबाकू का पत्ता

**प्रयागराज ( यूपी ),** 6 सितम्बर (एजेंसियां)। इलाहाबाद विश्वविद्यालय (एयू) के पूर्व छात्र सहित विभिन्न देशों के वैज्ञानिकों ने एक शोध निष्कर्ष में दावा किया है कि तंबाकू का पत्ता कैंसर के कई रूपों से लड़ने की क्षमता रखता है। यह निष्कर्ष एक हैरान करने वाला विरोधाभास पेश करता है, क्योंकि डब्ल्यूएचओ के अनुसार, तंबाकू का उपयोग दुनियाभर में कैंसर से संबंधित सभी मौतों में से एक चौथाई के लिए जिम्मेदार है और फेफड़ों के कैंसर का प्राथमिक कारण बना हुआ है। यूके में टेलर एंड फ्रांसिस लिमिटेड के प्रकाशन 'जर्नल ऑफ बायोमोलेक्यूलर स्ट्रक्चर एंड डायनेमिक्स' में एयू के पूर्व छात्र अमित दुबे, भारतीय वैज्ञानिक आयशा तुफैल और मलेशियाई शोधकर्ताओं मिया रोनी और प्रोफेसर ए.के.एम. मोयेनुल हक के साथ की गई उल्लेखनीय खोज प्रकाशित हुई है।



शोध निष्कर्ष के अनुसार, '4-[3-हाइड्रॉक्सीनिलिनो]-6,7-डाइमेथॉक्सीक्विनाज़ोलिन' नामक एक अद्वितीय कैंसर-रोधी तत्व तंबाकू के पत्तों से निकाला जा सकता है, जिसका कोई स्पष्ट दुष्प्रभाव नहीं होता है। अमित दुबे ने बताया, 'कैंसर कोशिकाओं का प्रसार, अस्तित्व, आसंजन, प्रवासन और विभेदन सभी एपिडर्मल ग्रोथ फैक्टर रिसेप्टर (ईजीएफआर) से महत्वपूर्ण रूप से प्रभावित होते हैं। ट्यूमर कोशिकाओं की दीवारों में ईजीएफआर होता है। उन्हें जीवित रहने और विकसित होने के लिए इस प्रोटीन की आवश्यकता होती है।' अनुसंधान टीम ने ईजीएफआर प्रोटीन को लक्षित करने वाले ड्रग बैंक तत्वों की स्क्रीनिंग के लिए एक सहयोगात्मक दृष्टिकोण का उपयोग किया। इसे ड्रग बैंक के माध्यम से अलबर्टा विश्वविद्यालय और अलबर्टा कनाडा में मेटाबोलॉमिक्स इनोवेशन सेंटर द्वारा बनाए गए एक व्यापक फ्री-एक्सेस ऑनलाइन डेटाबेस के माध्यम से सुविधाजनक बनाया गया था, जहां से टीम ने अपने अध्ययन के लिए तंबाकू के पत्तों में पाए जाने वाले तत्व को प्राप्त किया था। अमित ग्रेटर नोएडा में क्वांटा कैलकुलस प्राइवेट लिमिटेड में वरिष्ठ वैज्ञानिक हैं।

# डॉ. बीआर अंबेडकर का मानना था कि साक्षरता शोषण से मुक्त होने का एक तरीका है : अथर्व कर्वे

**नई दिल्ली,** 6 सितम्बर (एजेंसियां)। देशभर में 8 सितंबर को 'अंतरराष्ट्रीय साक्षरता दिवस' मनाया जाएगा। इस अवसर पर एक्टर अथर्व कर्वे ने कहा कि साक्षरता व्यक्तिगत सशक्तिकरण और सामाजिक विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। अथर्व शो 'एक महानायक डॉ. बीआर अंबेडकर' में युवा भीमराव का किरदार निभाते हैं। साक्षरता के महत्व के बारे में जागरूकता बढ़ाने के लिए 'अंतरराष्ट्रीय साक्षरता दिवस' मनाया जाता है। अथर्व ने साझा किया, 'साक्षरता व्यक्तिगत सशक्तिकरण और सामाजिक विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। डॉ. बीआर अंबेडकर ने सामाजिक प्रगति और व्यक्तिगत सशक्तिकरण के लिए साक्षरता के महत्व पर जोर दिया। उनका मानना था कि साक्षरता उत्पीड़ित समुदायों के उत्थान और उन्हें अपने अधिकारों को समझने और दमन के खिलाफ लड़ने में सक्षम बनाने का एक साधन है।' अथर्व ने कहा, 'बाबासाहेब के लिए, साक्षरता अज्ञानता और शोषण के चक्र से मुक्त होने का एक तरीका था, जो अंतत: एक अधिक समावेशी और न्यायपूर्ण समाज की ओर ले जाता था। उन्होंने शैक्षिक सुधारों की वकालत की जो जाति या सामाजिक पृष्ठभूमि की परवाह किए बिना सभी को शिक्षा के समान अवसर प्रदान करेंगे।' उन्होंने आगे कहा, 'बाबासाहेब भारत में जाति-आधारित भेदभाव और असमानता की जंजीरों को तोड़ने के लिए शिक्षा और साक्षरता को आवश्यक उपकरण के रूप में देखते थे। उन्होंने नि:शुल्क और अनिवार्य शिक्षा की वकालत की ताकि वे लोकतांत्रिक प्रक्रिया में पूरी तरह से भाग ले सकें और समाज में अपना उचित स्थान सुरक्षित कर सकें।' 'एक महानायक डॉ. बी.आर. आंबेडकर' का निर्माण सोबो फिल्म्स द्वारा किया गया है। 2021 में, अथर्व को युवा अंबेडकर के रूप में पेश किया गया।



# बंगलादेश में जन्माष्टमी की धूम

**ढाका,** 6 सितम्बर (एजेंसियां)। बंगलादेश में बुधवार को हिंदुओं के प्रमुख त्योहारों में से एक, जन्माष्टमी पूरे देश में धार्मिक उत्साह और हर्षोल्लास के साथ मनाया जा रहा है।

हिंदू पौराणिक कथाओं के अनुसार, श्री कृष्ण का जन्म बंगाली माह भाद्र के कृष्ण पक्ष के आठवें दिन हुआ था और वह समाज में सत्य, न्याय स्थापित करके अच्छे एवं पवित्र लोगों को दुष्टों के हाथों से बचाने के लिए दुनिया में युगों-युगों में जन्म लेते हैं। यह आमतौर पर श्रावण या भाद्र माह में कृष्ण पक्ष के आठवें दिन (अष्टमी) मनाया जाता है। जन्माष्टमी के दिन बंगलादेश में सार्वजनिक अवकाश घोषित किया जाता है। त्योहार की पूर्व संध्या पर राष्ट्रपति मोहम्मद शहाबुद्दीन और प्रधानमंत्री शेख हसीना ने अलग-अलग संदेश में हिंदू समुदाय के लोगों को अपनी बधाई और शुभकामनाएं दीं और सभी कार्यक्रमों के सफलता की कामना की। राष्ट्रपति ने अपने संदेश में कहा कि जन्माष्टमी हिंदुओं के प्रमुख धार्मिक त्योहारों में से एक है। उन्होंने कहा कि श्री कृष्ण परोपकारी, प्रेमी, राजनीतिज्ञ और समाज सुधारक थे और उनका मुख्य दर्शन समाज से अन्याय, दमन, उत्पीड़न और संघर्ष को समाप्त कर लोगों के बीच सच्चे प्रेम और सद्‌भाव को बढ़ावा देना था।



राष्ट्रपति ने कहा कि हिंदू धर्म के अनुसार, भगवान श्री कृष्ण धर्म और अच्छे लोगों की रक्षा करने और पापों और दुष्टों का नाश करने के लिए पृथ्वी पर युगों-युगों में जन्म लेते हैं। उन्होंने कहा कि बंगलादेश सांप्रदायिक सद्भाव वाला देश है और यही देश की संस्कृति की अनूठी विशेषता है। राष्ट्रपति ने कहा कि हमें देश की प्रगति और समृद्धि में तेजी लाने के लिए मौजूदा सद्‌भाव और आपसी सौहार्द को कायम रखना होगा।

उन्होंने सभी धार्मिक दृष्टिकोण और विचारों से ऊपर उठकर भगवान श्री कृष्ण के दर्शन को अपनाते हुए परोपकार के महान मंत्र के साथ समाज के असहाय और व्यथित लोगों के साथ खड़े रहने का आह्वान किया।

प्रधानमंत्री शेख हसीना ने अपने संदेश में कहा कि श्रीकृष्ण का मुख्य लक्ष्य समाज में भाईचारा और समानता स्थापित करना था और उन्होंने शांति, मानवता के प्रति प्रेम और न्याय के ध्वज को आगे बढ़ाया। उन्होंने कहा कि भगवान कृष्ण ने अपने जीवन और कार्य के माध्यम से मानव जाति की पूजा की। प्रधानमंत्री ने कहा कि उनकी अवामी लीग सरकार देश में सांप्रदायिक सौहार्द की रक्षा करने के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने यह उल्लेख करते हुए कि देश में सभी जातियों और पंथों के लोग सदियों से शांतिपूर्वक रह रहे हैं कहा कि देश का संविधान सभी जातियों और पंथों के लोगों को समान अधिकार की गारंटी देता है।

उन्होंने कहा कि हमारा मानना है कि धर्म व्यक्तिगत है लेकिन त्योहार सभी के लिए है। हमारा मुख्य लक्ष्य सभी वर्गों, व्यवसायों और समुदायों का विकास करना है। हम इस लक्ष्य की प्राप्ति के लिए सभी समुदायों के लोगों के लिए सम्मानजनक और सुरक्षित जीवन सुनिश्चित करने की दिशा में काम कर रहे हैं। उन्होंने आशा व्यक्त किया कि श्रीकृष्ण के आदर्श और शिक्षा बंगालियों के हजारों वर्ष पुराने सांप्रदायिक सौहार्द और दोस्ती के बंधन को और मजबूत करेंगी।

रायपुर, गुरूवार 7 सितम्बर 2023
संस्थापक-संपादक : स्व. मायाराम सुरजन

# जारी रहे भारत का जुड़ाव

राहुल गांधी द्वारा पिछले वर्ष निकाली गई ऐतिहासिक 'भारत जोड़ो यात्रा' का बुधवार को एक साल पूरा हो रहा है। 'नफरत के बाजार में मोहब्बत की दूकान' के नाम पर निकली जिस यात्रा ने भारतीय राजनीति का परिदृश्य बदलकर रख दिया हो उसकी वर्षगांठ जोर-शोर से मनाने की तैयारी कांग्रेस कर चुकी है। उसका हक बनता भी है क्योंकि उपलब्धि बहुत बड़ी है और वह इतनी महत्वपूर्ण है कि उसने न केवल कांग्रेस को पुनर्जीवित कर दिया है वरन लोकतंत्र के अनिवार्य पक्ष यानी प्रतिरोध को जिंदा किया है।

फिर, यह सालाना जलसा ऐसे वक्त में मनाया जा रहा है जब देश दो-तीन महत्वपूर्ण घटनाक्रमों की दहलीज पर खड़ा है। एक तो है इसी 9 व 10 को राजधानी दिल्ली में होने जा रहा जी-20 का सम्मेलन। दूसरा है 18 से 22 तक होने जा रहा संसद का विशेष सत्र जिसके बारे में कोई नहीं जानता कि इसका प्रयोजन क्या है। तीसरा, इसी साल होने जा रहे पांच राज्यों के विधानसभा चुनाव; तथा चौथे, भारत जोड़ो यात्रा का दूसरा चरण जो अबकी पश्चिम से पूर्व की ओर बढ़ेगी। जिस यात्रा की वार्षिकी है वह दक्षिण भारत के कन्याकुमारी से चलकर श्रीनगर के लाल चौक पर राहुल द्वारा झंडा फहराने के साथ समाप्त हुई थी। इसके लिए राहुल गर्मी, उमस, बरसातों और ठंड का मुकाबला करते हुए करीब 4 हजार किलोमीटर चले थे। उनके साथ करोड़ों चले थे, कांग्रेस चली थी और पूरा भारत चला था। प्रेम का संदेश फैलाने के मकसद से निकली यह यात्रा कामयाब कही जा सकती है क्योंकि इसने लोगों को वाकई जोड़ा है। घृणा के रास्ते पर चल पड़े देश का एक बड़ा वर्ग और समूह महसूस कर रहा है कि भारत अपने मार्ग से भटक चला था। यह भटकाव भारतीय जनता पार्टी की देन कही जा सकती है। देश के अंदर विभिन्न वर्गों, समुदायों और समूहों के बीच ऐसा विखंडन और विभाजन कभी भी देखने को नहीं मिला जैसा कि आज है। समावेशी समाज के बदले बहुसंख्यकवादी समाज रचने के पीछे का राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ का षड्यंत्र इस यात्रा के पूरा होते-होते ठीक-ठाक उजागर हो गया। यह इस यात्रा की बड़ी नेमत रही कि राष्ट्रवाद और हिंदुत्व के पक्ष में बनाया गया पूंजीवाद और कार्पोरेट इंडिया का खेल लोगों के सामने साफ उजागर हो गया।

जब यात्रा प्रारम्भ हुई थी तब राहुल का विचार बोलने का नहीं, लोगों को सुनने का था, परन्तु मुद्दे इतने थे कि धीरे-धीरे राहुल ने बगैर भयभीत हुए उन तमाम विषयों पर और सारी शक्तियों के खिलाफ बोलना शुरू किया जिनके बारे में भारत के ज्यादातर नेता, सियासी दल, संगठन बोलने से डरते हैं। इस खौफ के कई कारण हैं। मसलन, इन तत्वों के खिलाफ बोलना देश के विरूद्ध होना बतला दिया गया है। फिर भी जो बोले, उन्हें जेलों का रास्ता दिखाया गया है। ऐसे लोगों के पीछे केन्द्रीय जांच एजेंसियां लगा दी गईं। प्रतिपक्ष की आवाज पहले मद्धम फिर अंतत: गुल हो गई। भारत को कांग्रेस मुक्त और फिर विपक्ष विहीन बनाने की प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की बात लोगों को अच्छी लगने लगी थी। विधायकों को खरीदकर विपक्षी सरकारों को गिराना और भाजपा की सरकारें बनाने को 'ऑपरेशन लोटस' जैसा आकर्षक परन्तु निहायत अलोकतांत्रिक नाम लोगों को भाया। 2014 से जिस मोदी की छवि सतत चमकती रही और लोगों को उनके बुरे से बुरे काम भी मास्टर स्ट्रोक लगते रहे, उसका रंग राहुल ने अपने बेखौफ अंदाज से उतारकर रख दिया। स्वयं राहुल की छवि एक असफल व पार्ट टाइम नेता से बदलकर एक बेहद संजीदा, फौलादी इरादे रखने वाले तथा कुशाग्र नेता के रूप में उभरी और लोगों ने स्वीकार किया कि उन्होंने राहुल को पहचानने में भूल की।

वैसे यह भी जानना होगा कि इतना बड़ा पैदल मार्च छवियों के बनने-बिगड़ने तक सीमित नहीं था। वह घृणा बनाम प्रेम और तोड़ने व जोड़ने के बीच का संघर्ष था। इन दो मानवीय भावों की बुनियाद में जो दो विचारधाराएं टकरा रही थीं, यह उसकी लड़ाई थी। एक तरफ राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की विभाजनकारी व बहुलतावादी विचारधारा है जिसका प्रतिनिधित्व भारतीय जनता पार्टी तथा मोदी करते हैं तो उसका प्रतिकार कांग्रेस करती है जिसके नुमाइंदे राहुल हैं। यह महात्मा गांधी, जवाहर लाल नेहरू, बीआर अंबेडकर सम्प्रति महान मानवतावादियों द्वारा निर्मित दर्शन है जिसने आज का देश गढ़ा है, एक ऐसा हिन्दुस्तान जो संविधान के मार्ग पर चलता हुआ आया है। उसका विश्वास किसी एक वर्ग या वर्ण की श्रेष्ठता या आधिपत्य में नहीं है, जो समस्त संसाधनों व अवसरों के समान वितरण में यकीन करता है तथा वह कुछ लोगों का नहीं बल्कि सभी का सशक्तिकरण करना चाहता है। समतामूलक व न्यायपूर्ण समाज उसका लक्ष्य है तथा उसके लिए धर्मनिरपेक्षता व बन्धुत्व राज्य के अनिवार्य तत्व हैं।

यात्रा का यही सबसे बड़ा प्रदेय है कि समाज को उसकी खोई हुई राह मिल गई है। 'इंडिया' नामक विपक्षी गठबन्धन का कांग्रेस नेतृत्व करता है। यही मोदी व भाजपा की तकलीफों का सबब है। मोदी के 9 वर्षों में भारत में लोकतंत्र को जो पलीता लगा है, लोगों के बुनियादी हक जो मारे गये और देश की जो बड़ी बदहाली हुई है उसके कारण मोदी की छवि राष्ट्रीय व अंतरराष्ट्रीय मंच पर दरकी है। पांच राज्यों सहित आगामी लोकसभा चुनाव (2024) में भाजपा की बड़ी पराजय का खतरा मंडरा रहा है। आर्थिक संकटों के बाद भी जी-20 के खर्चीले आयोजन से मोदी की छवि के पुनर्निर्माण की कोशिश तथा विशेष सत्र बुलाकर कोई बड़ा दांव खेलने की तैयारी भाजपा कर रही है। मोदी-भाजपा को बैकफुट पर लाना भारत जोड़ो यात्रा का ही असर है।

# ये बनाम वो, हासिल आया शून्य

**दुनियादारी**

■ सर्वमित्रा सुरजन

गैरजरूरी मुद्दों के अंधेरे कुएं में एक बार फिर देश को धकेलने का काम सत्तारूढ़ भाजपा ने किया है। इस बार भारत बनाम इंडिया का मुद्दा खड़ा किया गया है। संविधान के आर्टिकल एक में इंडिया यानी भारत लिखा हुआ है। जिसका मतलब यही है कि इंडिया और भारत एक ही देश के दो नाम हैं, दोनों समानार्थी हैं, दोनों में कोई अंतर या भेद नहीं है। लेकिन भारत को मध्ययुग की मानसिक गुलामी में जकड़ने की कोशिश कर रहे लोगों को बिना भेदभाव की बातें कहां समझ आती हैं। उनके लिए तो सियासत का असल मकसद ही भेदभाव को बढ़ावा देना है, ताकि सत्ता हासिल हो सके। अंग्रेजों से फूट डालो और राज करो का यह गुर ऐसे लोगों ने बहुत अच्छे से सीखा है। खेद की बात ये है कि ऐसे लोगों को देश की 33 प्रतिशत जनता ने अपना मत दिया और अब उन्हें लगता है कि देश के भाग्यविधाता केवल वही हैं। देश में भाषायी, धार्मिक, सांस्कृतिक, सामाजिक अंतर होने के बावजूद हिंदू, मुस्लिम, सिख, ईसाई, पारसी, बौद्ध, जैन सब भाई-भाई ही कहलाते आए हैं, मगर अब इस भाईचारे में सियासत की सेंधमारी हो चुकी है। भेदभाव का यह दायरा एक ही राज्य के बीच दो समुदायों में खड़ा हो चुका है। इसी वजह से मणिपुर पांच महीनों से सुलग रहा है। गृहयुद्ध जैसे हालात वहां बन गए हैं, लेकिन मुख्यमंत्री को हटाने या राष्ट्रपति शासन लागू करने की जगह उन संपादकों, पत्रकारों पर एफआईआर दर्ज हो रही है, जो मणिपुर की सच्चाई जानने की कोशिश कर रहे हैं। देश में एक के बनाम दूसरे को खड़ा करने का कितना घातक असर हो चुका है, ये अभी देश के लोगों को समझ नहीं आ रहा है। जब अमृतकाल का खुमार उतरेगा, तब पता चलेगा कि जिसे अमृत समझ कर हर-हर, घर-घर के नारे लगा रहे थे, वो असल में विष जैसा असर कर रहा है। अब तक देश को बदलने की सनक राष्ट्रवाद की खाल ओढ़ाकर पेश की जा रही थी। अब देश का नाम ही बदला जा रहा है और जो इसके विरोध में कुछ बोल रहा है, उसे देशविरोधी कहा जा रहा है। एक और एक ग्यारह होते हैं, लेकिन यहां एक बनाम एक करके सब कुछ शून्य किया जा रहा है। हिंदुत्व बनाम इस्लाम, हिंदी बनाम अन्य भारतीय भाषाएं, उत्तर भारत बनाम दक्षिण भारत, सनातन बनाम द्रविड़, श्मशान बनाम कब्रिस्तान, जय श्रीराम बनाम अल्लाह हू अकबर, कुकी बनाम मैतेई, गांधी बनाम भगत सिंह, नेहरू बनाम पटेल, शाकाहार बनाम मांसाहार, और अब इंडिया बनाम भारत। लगता है सहअस्तित्व की सारी विरासत को ध्वस्त करने का प्रण भाजपा ने ले लिया है।

हिंदुस्तान का इतिहास इस बात का गवाह है कि यहां बाहर से बहुत लोग आए, और सब दूध में मिसरी की तरह घुल-मिल गए। इस सुंदर देश की तुलना महासागर से अकारण नहीं की जाती है। जैसे सागर में सारी नदियां आकर एक हो जाती हैं, प्रकृति के इसी सुंदर सिद्धांत को हिंदुस्तान ने सच करके दिखाया। बड़ी-बड़ी सभ्यताएं नष्ट हो गई, मगर हिंदुस्तान बचा रहा। गुलाम हुआ, विभाजन का शिकार हुआ, लेकिन फिर भी बचा रहा, क्योंकि अनेकता में एकता की प्राणवायु को हमारे पुरखों ने कभी खत्म नहीं होने दिया। आज उसी प्राणवायु को बाधित किया जा रहा है और दावा है कि ये सब देशप्रेम के नाम पर हो रहा है। क्या जिससे हम प्यार करते हैं, कभी उसके जीवनस्रोत को बंद कर सकते हैं। लेकिन अभी वही हो रहा है। हमारे देश की सभ्यता और संस्कृति नदी की भांति अविरल बहती रहे, तभी बच पाएगी, राष्ट्रवाद का बांध उसे गंदले तालाब जैसा बना देगा। इस वक्त इसी बांध में भारत की सदानीरा विरासत को रोका जा रहा है वो भी इसलिए ताकि सत्ता मिल सके। भाजपा को विचार करना चाहिए कि वह किस तरह के पानी में अपना कमल खिलाना चाहती है। सत्ता तो उसे 1996 में भी हासिल हुई थी, और 2014 में भी, अगर जनता की मर्जी हुई तो 2024 में भी भाजपा को सत्ता पर बिठाएगी और नहीं हुई तो हटा देगी। लोकतंत्र के इस चलन को ऐसे ही चलते रहना चाहिए। मगर अभी श्री मोदी को इंडियन नेशनल डेवलपमेंटल इंक्लूसिव अलायंस, जिसे संक्षिप्त में इंडिया कहा गया, उससे शायद खौफ हो रहा है। इसलिए उन्होंने पहले इंडिया को इंडियन मुजाहिदीन जैसे आतंकी संगठन से जोड़ा, फिर परिवारवाद क्विट इंडिया जैसे नारे लगाए और अब इंडिया शब्द को औपचारिक पत्रों से हटाने की खबरें सामने आई हैं।

> **भाजपा के लोग ईमानदारी से इतिहास पढ़ें तो उन्हें पता चलेगा कि इंडिया शब्द अंग्रेजों की देन नहीं है। यूनान के इतिहासकार हेरोटोस ने 440 ईसा पूर्व इंडिया शब्द का इस्तेमाल किया था। उन्होंने तुर्की और ईरान से इंडिया की तुलना करते हुए कहा था कि इंडिया स्वर्ग जैसा है। जहां की मिट्टी उपजाऊ है और जिस क्षेत्र में काफी ज्यादा आबादी रहती है।**

राष्ट्रपति भवन से जी-20 सम्मेलन के मौके पर 9 सितंबर को एक औपचारिक रात्रिभोज का आयोजन किया गया है। इसके निमंत्रण पत्र पर प्रेसिडेंट ऑफ इंडिया नहीं प्रेसिडेंट ऑफ भारत लिखा गया है। इसी तरह आसियान सम्मेलन के लिए जारी बुकलेट में प्रधानमंत्री मोदी को इंडिया की बजाय भारत के प्रधानमंत्री लिखा गया है। जबकि विदेशों में देश की पहचान भारत से अधिक इंडिया के रूप में होती है। अब कहा जा रहा है कि संसद के विशेष सत्र में इंडिया नाम हटाने का विधेयक पेश किया जाएगा। संघ प्रमुख मोहन भागवत ने पिछले दिनों इंडिया की जगह भारत बोलने का आह्वान किया। फिर भाजपा सांसद हरनाथ सिंह यादव ने संविधान में संशोधन कर इंडिया की जगह भारत शब्द करने की मांग की है। श्री यादव का कहना है कि इंडिया को अंग्रेज गाली की तरह इस्तेमाल करते थे। उनसे पहले भाजपा के राज्यसभा सदस्य नरेश बंसल ने इंडिया शब्द को हटाकर भारत शब्द के इस्तेमाल की मांग की थी। उनका कहना था कि इंडिया शब्द औपनिवेशिक दासता का प्रतीक है।

अगर भाजपा के लोग ईमानदारी से इतिहास पढ़ें तो उन्हें पता चलेगा कि इंडिया शब्द अंग्रेजों की देन नहीं है। यूनान के इतिहासकार हेरोटोस ने 440 ईसा पूर्व इंडिया शब्द का इस्तेमाल किया था। उन्होंने तुर्की और ईरान से इंडिया की तुलना करते हुए कहा था कि इंडिया स्वर्ग जैसा है। जहां की मिट्टी उपजाऊ है और जिस क्षेत्र में काफी ज्यादा आबादी रहती है। वर्ल्ड हिस्ट्री वेबसाइट के मुताबिक 300 ईसा पूर्व पहली बार यूनान के राजदूत मेगस्थनीज ने सिंधु नदी के पार के इलाके के लिए इंडिया शब्द का इस्तेमाल किया था। अंग्रेजों के लिए भी इंडिया बोलना आसान था, क्योंकि अंग्रेजी में भ का उच्चारण नहीं है। लेकिन भाजपा इसे सांस्कृतिक राष्ट्रवाद, उपनिवेशवाद और देशप्रेम से जोड़कर देश की डिक्शनरी से हटाने की कवायद में लगी है और इसके लिए जो भी तर्क दिए जा रहे हैं, उन्हें केवल कुतर्कों की श्रेणी में ही रखा जा सकता है। भाजपा के इस खेल में अमिताभ बच्चन और वीरेन्द्र सहवाग जैसे कुछ नामी लोग भी शामिल हो चुके हैं, ताकि जनता को भरमाने में आसानी हो। मगर जनता को याद रखना चाहिए कि उसका जीवन संविधान के कारण ही आसान बना रहेगा, देश का नाम बदलने से नहीं। और भाजपा के लोग बार-बार संविधान बदलने के इरादे जतला रहे हैं।

15 अगस्त को पीएम मोदी की आर्थिक सलाहकार परिषद के अध्यक्ष बिबेक देबरॉय ने 'देयर इज़ ए केस फॉर वी द पीपल टू इंब्रेस अ न्यू कॉस्टिट्यूशन' शीर्षक के लेख में ये सलाह व्यक्त कर दी कि अब संविधान को बदल देना चाहिए। इससे पहले 2017 में, मोदी सरकार के केंद्रीय राज्य मंत्री अनंत हेगड़े, ने कहा था कि भाजपा 'संविधान बदलने' के लिए सत्ता में आई है और 'निकट भविष्य' में ऐसा किया जाएगा। और अब ऐसा लग रहा है कि इस दिशा में कई कदम उठाए जा चुके हैं। देश का नाम केवल भारत तक सीमित करने में भाजपा बहुमत के कारण सफल भी हो जाए, तो भी इसका कुछ अच्छा संदेश दुनिया में नहीं जाएगा। अब तक शहरों, सड़कों, स्टेशनों का नाम भाजपा ने बदला, अब उसे इंडिया शब्द से राजनैतिक उलझन हो रही है, तो देश का नाम बदलने चली है। लेकिन इससे हासिल क्या होगा, ये विचार 9 सालों से सत्ता में बैठे लोगों को करना चाहिए।

# इंडिया गठबंधन को सफलतापूर्वक करनी होगी सीटों की साझेदारी

■ कल्याणी शंकर

नवगठित विपक्षी गठबंधन इंडिया ने मुंबई में एक ठोस गठबंधन को मजबूत करने की दिशा में पिछले सप्ताह एक सकारात्मक कदम उठाया। यह निर्णय उनकी तीसरी बैठक के दौरान लिया गया। पहली दो बैठकें पटना और बेंगलुरु में हुई थीं। गठबंधन का लक्ष्य लक्ष्य 1977 या 2004 के परिदृश्य को दोहराना है जब कमजोर विपक्ष ने सत्तारूढ़ सरकार के खिलाफ जीत हासिल की थी।

मुंबई में गुरुवार और शुक्रवार को दो दिवसीय बैठक के लिए 28 राजनीतिक दलों के प्रतिनिधि एकत्र हुए। 63 उपस्थित लोगों ने साझा अभियान रणनीति और एनडीए का मुकाबला करने के तरीकों पर चर्चा की। बैठक के बाद, गठबंधन ने घोषणा की कि वे अपनी 'सर्वोत्तम क्षमता के साथ मिलकर' चुनाव में भाग लेंगे। वे 'समझौते की सहयोगी भावना' का उपयोग करते हुए, तुरंत राज्य सीट-बंटवारे की व्यवस्था का आयोजन शुरू कर देंगे। इसके अतिरिक्त, उनका लक्ष्य जल्द से जल्द देश भर में सार्वजनिक रैलियां आयोजित करना है। 13 सदस्यीय समन्वय भी स्थापित किया गया।

> **लोकसभा चुनाव समय से पहले होंगे या नहीं, इस पर अभी कोई पक्की खबर नहीं है। न ही भाजपा और न ही चुनाव आयोग ने कोई संकेत दिया है। अंतिम निर्णय प्रधानमंत्री मोदी पर निर्भर है, जो अप्रत्याशित विकल्प चुनने के लिए जाने जाते हैं। भाजपा मोदी को अपना भाग्यशाली शुभंकर मानती है। पार्टी दस राज्यों में शासन कर रही है, और चार राज्यों में एनडीए के नेतृत्व वाले गठबंधन के साथ शासन में है। लोकसभा में 55 फीसदी से अधिक सीटों उसके पास है।**

फिर भी विपक्षी नेताओं को अहसास है कि आंतरिक और बाहरी दोनों तरह की कई बाधाओं से पार पाना बाकी है। गठबंधन को क्षेत्रीय दलों के साथ सीट बंटवारे पर बातचीत करने में चुनौती का सामना करना पड़ रहा है। इंडिया टीम को गठबंधन सहयोगियों के बीच अंतर्निहित विरोधाभासों पर काबू पाने की कठिन चुनौती का भी सामना करना पड़ रहा है। उन्हें निर्बाध सीट आबंटन के लिए लेन-देन की नीति पर सहमत होना होगा और जमीनी स्तर पर सहयोग करना होगा।

कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने इसे स्वीकार किया। उदाहरण के लिए, दिल्ली और पंजाब में कांग्रेस और आप राजनीतिक प्रतिद्वंद्वी हैं, जबकि तृणमूल कांग्रेस, वामपंथी दल और कांग्रेस की पश्चिम बंगाल में अपनी-अपनी राजनीतिक स्थिति है। केरल में वामपंथी और कांग्रेस की भी बड़ी हिस्सेदारी है। ममता बनर्जी ने 2 अक्टूबर तक इंडिया गठबंधन का घोषणापत्र जारी करने का सुझाव दिया, जबकि अरविंद केजरीवाल ने अगले महीने के अंत तक लोकसभा चुनाव के लिए सीट-बंटवारे को अंतिम रूप देने का प्रस्ताव रखा।

मुख्य बात अपने कार्यकर्ताओं का मनोबल बढ़ाना है, जो भाजपा के नौ साल के कार्यकाल से प्रभावित हुआ है। कई लोग अगले पांच साल तक राजनीतिक जंगल में रहने को तैयार नहीं हैं। इसलिए, सबसे उपयुक्त उम्मीदवार चुनना और विशिष्ट सीटों पर आम सहमति बनाना महत्वपूर्ण है। लेन-देन की नीति इस संबंध में मदद कर सकती है। अपने उम्मीदवार की जीत और जमीनी स्तर के कार्यकर्ताओं सहित उनके समूह के सभी लोगों की प्रतिबद्धता सुनिश्चित करना भी महत्वपूर्ण है। ये कार्यकर्ता इस बात को लेकर असमंजस में हैं कि जिस पार्टी के खिलाफ वे कल तक लड़ते रहे हैं, उसका समर्थन कैसे करें।

अन्य मुद्दे भी हैं जिन पर निर्णय होना बाकी है। गठबंधन को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को चुनौती देने और एक नयी कहानी विकसित करने के लिए एक व्यवहार्य उम्मीदवार की पहचान करनी चाहिए। संयोजक या प्रधानमंत्री पद के चेहरे पर अभी तक सहमति नहीं बन पाई है। इन सभी में, कांग्रेस ही इंडिया ब्लाक में सच्चे अर्थों में मुख्य अखिल-राष्ट्रीय पार्टी बनी हुई है।

पिछले दशक में ताकत में गिरावट का अनुभव करने के बावजूद, कांग्रेस पार्टी राष्ट्रव्यापी अपील वाली एकमात्र राजनीतिक इकाई है। 2019 के आम चुनाव में कांग्रेस ने 52 सीटें जीतीं और 209 सीटों पर दूसरे स्थान पर रही। उन्हें 12 करोड़ से अधिक वोट मिले, जबकि संयुक्त विपक्षी गुट को कम वोट मिले। उनकी किस्मत में कोई भी बदलाव देश की राजनीति पर काफी असर डाल सकता है।

कांग्रेस और भाजपा लोकसभा की एक तिहाई सीटों पर सीधी टक्कर में हैं। कांग्रेस पार्टी अभी भी पंजाब, असम, कर्नाटक, केरल, हरियाणा, महाराष्ट्र, झारखंड, गोवा, मणिपुर, मेघालय, मिजोरम और नागालैंड में महत्वपूर्ण प्रभाव रखती है, जहां कुल मिलाकर 155 लोकसभा सीटें हैं।

एक महत्वपूर्ण चिंता यह है कि अगला चुनाव कब होगा। भाजपा को अपने पिछले अनुभव के कारण समय से पहले आम चुनाव कराने में झिझक हो सकती है। 2004 में भाजपा जीतने की उम्मीद कर रही थी, लेकिन कांग्रेस के नेतृत्व वाली यूपीए ने आश्चर्यजनक रूप से उन्हें हरा दिया। भाजपा की हिंदी पट्टी में मजबूत उपस्थिति है, लेकिन दक्षिण में अभी भी पर्याप्त प्रगति नहीं हुई है, जहां 129 सीटों पर कब्जा करना बाकी है।

हालांकि, कुछ विपक्षी मुख्यमंत्री, जैसे नीतीश कुमार, ममता बनर्जी, एमके स्टालिन और अरविंद केजरीवाल का अनुमान है कि 2024 के लोकसभा चुनाव जल्द हो सकते हैं। यह मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़, राजस्थान, मिजोरम और तेलंगाना में आगामी विधानसभा चुनावों के साथ मेल खा सकता है। इसके अतिरिक्त भाजपा ने 'एक राष्ट्र एक चुनाव' की वकालत की है।

लोकसभा चुनाव समय से पहले होंगे या नहीं, इस पर अभी कोई पक्की खबर नहीं है। न ही भाजपा और न ही चुनाव आयोग ने कोई संकेत दिया है। अंतिम निर्णय प्रधानमंत्री मोदी पर निर्भर है, जो अप्रत्याशित विकल्प चुनने के लिए जाने जाते हैं। भाजपा मोदी को अपना भाग्यशाली शुभंकर मानती है। पार्टी दस राज्यों में शासन कर रही है, और चार राज्यों में एनडीए के नेतृत्व वाले गठबंधन के साथ शासन में है। लोकसभा में 55 फीसदी से अधिक सीटों उसके पास है।

मोदी का लक्ष्य विपक्ष की अराजकता का फायदा उठाकर तीसरा कार्यकाल जीतना है। भाजपा ने हर संभावित स्थिति के लिए पूरी तैयारी की है। इसने करीब सभी 543 संसदीय क्षेत्रों में 100,000 बूथों को कवर करने के लिए 40,000 बूथ कार्यकर्ताओं को जुटाया है।

सत्तारूढ़ भाजपा अपनी योजनाओं को गुप्त रखती है और अपनी ताकत बरकरार रखते हुए विपक्ष के प्रभाव को कम करना चाहती है। इसमें बीजेडी, वाईएसआरसीपी, और बीआरएस जैसी पार्टियों के साथ तटस्थता शामिल है। पार्टी नेतृत्व का अंतिम उद्देश्य भाजपा के लिए अधिक धन प्राप्त करते हुए धन को विरोधी पक्ष में जाने से रोकना है।

अगले कुछ महीनों में दोनों खेमों में उग्र गतिविधियां देखने को मिलेंगी। मोदी की लोकप्रियता, भाजपा के वित्तीय संसाधन और मजबूत संगठन अभी भी सत्तारूढ़ पार्टी को बढ़त दिला सकते हैं। मध्य प्रदेश, राजस्थान, छत्तीसगढ़, तेलंगाना और मिजोरम में विधानसभा चुनाव आने वाले समय की झलकी हो सकते हैं।

## पावन प्रसंग

# उपवास से रोग प्रतिरोधक क्षमता बढ़ाएं

उपवास करने की परंपरा भारतीय संस्कृति में अति प्राचीनकाल से ही चली आ रही है। विभिन्न मानसिकता वाले लोगों के लिए भिन्न-भिन्न दिनों किसी न किसी देवी-देवता के बहाने उपवास करने का विधान शास्त्रों में जोड़ा गया है। गुरुवार एवं रविवार के उपवास पर विशेष बल दिया गया है और यह स्पष्ट किया किया गया है कि व्यक्ति को कम से कम सप्ताह में एक बार तो उपवास करना ही चाहिए। लगभग सभी भारतीय धर्मों में उपवास की महत्ता को स्वीकार किया गया है। मुसलमानों में रोजा इसी का परिचायक है। भारतीय साधना पद्धति में चंद्रायण साधना को इसीलिए महत्व दिया गया है। शारीरिक, मानसिक एवं आध्यात्मिक उन्नति के लिए, गंदगी की सफाई के लिए उपवास का अपना अलग महत्व है। अधिकांश लोगों का उपवास करने का कारण धार्मिक होता है। कुछ लोग चिकित्सकीय सलाह या अन्य कारणों से उपवास करते हैं। भोजन प्राणिमात्र के अस्तित्व के लिए आवश्यक है, इसलिए उपवास प्रकृति के विपरीत प्रतीत होते हैं, परंतु वास्तव में ऐसा नहीं है। उपवास से कई फायदे हैं। मानव शरीर पर उपवास का प्रभाव सकारात्मक होता है या नकारात्मक यह जानने का प्रयास वैज्ञानिक समय-समय पर करते रहते हैं।

उपवास का शाब्दिक अर्थ भोजन का पूर्ण रूप या आंशिक रूप से त्याग है। समाज में उपवास का भिन्न-भिन्न लोगों द्वारा भिन्न-भिन्न अर्थ लगाया जाता है। कुछ लोग उपवास में जल भी ग्रहण नहीं करते (जैसे निर्जला एकादशी के दिन, भादो मास के तीज के दिन) तो कुछ लोग परंपरागत अनाज छोड़कर फलादि खाते हैं। कुछ लोग एक समय भोजन करने को ही उपवास मानते हैं किंतु वैज्ञानिक दृष्टि से जल के अतिरिक्त कुछ भी ग्रहण नहीं करना उपवास की श्रेणी में आता है। पतंजलि के योग सिद्धांतों में भी उपवास की महत्ता को स्वीकारा गया है। बापूजी का लंबा व्रत सुप्रसिद्ध है। विनोबा भावे भी उपवास किया करते थे। नवरात्रि के दिनों में ऋतु-परिवर्तन के कारण उपवास एवं अनुष्ठान को हर मनुष्य के लिए अनिवार्य बताया गया है। जो भोजन हम मुंह द्वारा अंदर लेते हैं, वह सीधे हमारे शरीर का भाग नहीं बन जाता। शरीर में मुंह से लेकर मलद्वार तक एक लंबी नली पाई जाती है। मुंह से भोजन इस नली में प्रवेश करता है जब भोजन आहार नाल में धीरे-धीरे आगे बढ़ता है पाचक रसों के प्रभाव से भोजन के प्रमुख अंश विलय अवस्था में आ जाते हैं। जब भोजन आहार नाल के छोटी आंत वाले हिस्से में पहुंचता है तो भोजन के विलय अंश अवशोषित कर रक्त में मिला दिए जाते हैं शेष भाग मलाशय में मल के रूप में एकत्रित हो जाता है। रक्त में आए अंशों का शरीर के विभिन्न भागों में वितरण कर दिया जाता है। छोटी आंत की भीतरी भित्ति पर पचे हुए भोजन को अवशोषित करने के लिए विशिष्ट प्रकार की रचनाएं पाई जाती हैं, जिन्हें सूक्ष्मांकुर करते हैं, सूक्ष्मांकुरों के कारण आंतों की भीतरी सतह का क्षेत्रफल बहुत बढ़ जाता है। भोजन के पचे हुए भाग को अवशेषित कर उसे रुधिर में मिलाने की जिम्मेदारी मूलत: ये सूक्ष्मांकुर करते हैं, जब सूक्ष्मांकुर बनाने वाली कोशिकाएं वृद्ध हो जाती हैं तो इनकी कार्यक्षमता भी क्षीण हो जाती हैं। अंतत: ये कोशिकाएं मर जाती हैं तथा उनके स्थान पर नई कोशिकाएं बन जाती हैं। प्रतिस्थापन की इस प्रक्रिया में शरीर को बहुत अधिक ऊर्जा खर्च करनी पड़ती है। उपवास के समय पुरानी कोशिकाओं को ही पुन: प्रभावकारी बना दिया जाता है तथा कम खर्च करने में ही आहार नाल की अवशोषण प्रक्रिया सही बनी रहती है।

उपवास हमारे शरीर की एंजाइम प्रणाली को सक्रिय बनाए रखने में सहायक होते हैं। पाचन क्रिया के फलस्वरूप भोजन की अतिरिक्त मात्रा को ग्लाइकोजन व वसा में बदलकर शरीर में एकत्रित कर लिया जाता है। जब शरीर को भोजन नहीं मिलता तब जिगर में संगृहीत ग्लाइकोजन व वसा को ग्लूकोज में बदलने की क्रिया एक विशिष्ट एंजाइम तंत्र द्वारा संपन्न होती है। स्पष्ट है कि यह एंजाइम तंत्र भी तभी सक्रिय होता है, जब शरीर भूखा होगा। उपवास करते रहने से इस एंजाइम तंत्र को सक्रिय बने रहने में मदद मिलती है। उपवास न करने की स्थिति में इस एंजाइम तंत्र के धीरे-धीरे निष्क्रिय होते चले जाने का खतरा रहता है। उपवास का लाभ कैंसर रोकने में भी होता है।

अमेरिका के स्वास्थ्य विज्ञानी डॉ. ग्रासीकराउप ने अपने प्रयोगों के आधार पर यह निष्कर्ष निकाला है कि शरीर में भोजन रूपी कैलोरिकआपूर्ति कम होने पर जंतुओं और मानव में कैंसर होने की आशंका कम हो जाती है। उपवास के बाद प्रीति ओपनास्टिक कोशिकाएं नष्ट हो जाती हैं। उन कोशिकाओं के ही कैंसर कोशिकाओं में बदलने की आशंका रहती है। इन प्रमाणों के आधार पर यह स्पष्ट कहा जा सकता है कि उपवास शरीर के लिए नितांत उपयोगी ही नहीं, परमावश्यक भी है। उपवास के दौरान जीवन प्रतिरोधी क्षमता (इम्युनिटी) भी बढ़ जाती है। मन भी पवित्र होता चला जाता है इसीलिए उपवास को अनिवार्य बताया जाता है।

**युग निर्माण योजना**

## आपके पत्र

# चौक चौराहों पर वाहन चलाने वालों की व दूकानदारी करने वालों की मनमानी

राजधानी की सड़कों पर यातायात व्यवस्था का आलम यह है कि आमापारा चौक विशाल मेगा मार्ट वाले चौक पर तो अघोषित रिक्शा ई-रिक्शा स्टैंड बन गया है। आमापारा से लेकर पूरे जी.ई. रोड, आमानाका तक रास्ते के किनारे जो रेहड़ी वाले राजकुमार कॉलेज के सामने लगने वाले ठेले, कपड़े व मच्छड़दानी बेचने वाले, फल बेचने वाले अपनी दूकान का माल दूकान के बाहर रोड तक फैलाकर रखते हैं तथा खरीदी करने वाले अपनी कार व दुपहिया वाहन दूकान के बाहर खड़ी कर खरीदारी करते हैं जिसके कारण यातायात पूरी तरह से ठप हो जाता है। शाम 6 एवं 7 बजे के बीच गाड़ियों का रेला लगा रहता है। ई-रिक्शा वाले तो बीच में कहीं भी रास्ते पर रोक कर सवारी बैठाने का काम करते हैं। पीछे से आने वाले वाहन भले ही टकरा जाए उनकी बला से। उन्हें तो सवारी बिठाना है। यातायात के नियम का पालन तो किसी को करना ही नहीं है। सब वाहन चालकों को मनमानी करना है। चलो ट्रेन पकड़ने वालों की बात समझ में आती है जिन्हें रोज ही आना जाना पड़ता है लेकिन दुपहिया वाहन एवं कारों का काफिला तो खत्म होने का नाम ही नहीं लेते। कोई भी एक तरफ से रास्ता पार कर लें, नहीं, सबको चारों ओर से चौक पार करना है। इस आपाधापी में गाड़ियां फंस जाती हैं। न तो सिंग्नल लाइट के जलने का किसी को इंतजार करना है न बुझने का। बस उन्हें तो चौक पार करना ही है। लाइट भी इतने कम समय के लिए जलती है पूरे वाहन पार हो ही नहीं पाते या फिर इतने देर तक जलती रहेगी कि वाहन पार होने के बाद भी लाइट जलते रह जाती है। प्राय: यह रोज का ही काम है।

रोज ट्यूशन व कोचिंग करने वाले व रोज ही अपनी ड्यूटी कर लौटने वालों के कारण रोज ही यह परेशानी झेलनी पड़ रही है। राजधानी के यातायात का तो भगवान ही मालिक है। त्योहारों के समय तो पूछो ही मत। अगर भूले से एमजी, जयस्तंभ चौक से लेकर कोतवाली चौक चले गए तो भीड़ के कारण चलना मुश्किल हो जाता है।

सत्ती बाजार से कोतवाली चौक तक जो रोड के दोनों ओर गड्ढे कर दिए गए थे वह रास्ता समतल नहीं किया गया है जिसके कारण रोड ऊबड़-खाबड़ हो गया है जिससे वाहन चलाना ही दूभर है। पहले तो व्यापारियों के वाहन खड़ी होने के कारण भीड़ हो जाती थी और अब गड्ढे के कारण उस रास्ते से निकलना मुश्किल हो गया है। क्या राजधानी की यातायात सुविधा सुलभ हो पाएगी ?

**एक परेशान पाठक, रायपुर**

## ट्यूनीशिया के पूर्व प्रधानमंत्री जेबाली गिरफ्तार

**ट्यूनिस।** ट्यूनीशिया के पूर्व प्रधान मंत्री और इस्लामिक पार्टी एन्नाहधा के पूर्व महासचिव हमादी जेबाली को मंगलवार को सॉसे प्रांत में उनके घर से गिरफ्तार कर लिया गया। आधिकारिक समाचार एजेंसी ट्यूनिस अफ्रीक प्रेस (टीएपी) ने यह रिपोर्ट दी हैं। टीएपी की रिपोर्ट के अनुसार श्री जेबाली के वकील ने एक बयान में कहा कि पुलिसकर्मियों के एक समूह ने श्री जेबाली को गिरफ्तार करने और उसका सेल फोन और निजी कंप्यूटर जब्त करने से पहले मंगलवार सुबह उसके घर की तलाशी ली।

# देश विदेश

# ऋषि सुनक की पहली भारत यात्रा पर उनके सम्मान में दावत देगा परिवार

- ब्रिटेन में प्रधानमंत्री का पद संभालने वाले पहले भारतीय मूल के व्यक्ति हैं सूनक
- मूल रूप से पंजाब से ताल्लुक रखता है सूनक का परिवार

**लंदन,** 6 सितम्बर (एजेंसियां)। इस सप्ताह जी-20 शिखर सम्मेलन के दौरान ब्रिटेन के प्रधानमंत्री के रूप में ऋषि सुनक की भारत की पहली आधिकारिक यात्रा से पहले उनके रिश्तेदार अपनी पैतृक भूमि पर भारतीय मूल के नेता का स्वागत करने के लिए नई दिल्ली में एक भोज के आयोजन की तैयारियों में जुट गये हैं।

द टेलीग्राफ ने बताया कि सुनक के रिश्तेदार गुरुवार या शुक्रवार को नई दिल्ली में फूलों के गुलदस्ते और पंजाबी संगीत पर नॉन-स्टॉप डांस के साथ दावत का आयोजन करेंगे। सुनक के मामा गौतम देव सूद ने कहा कि सभी रिश्तेदारों को प्रधानमंत्री के आगमन पर नई दिल्ली में इकट्ठा होने के लिए कहा गया है, जिनकी तीन दिवसीय यात्रा पर उनकी पत्नी अक्षता मूर्ति के साथ आने की संभावना है। सूद ने द टेलीग्राफ को बताया कि मेनू में उत्तर और दक्षिण भारतीय व्यंजनों का मिश्रण होगा, साथ ही रात के खाने के लिए फूलों के गुलदस्ते और पेय पदार्थ भी होंगे, उन्होंने कहा कि यह हमारे लिए बहुत सम्मान की बात है कि वह अपनी पैतृक भूमि का दौरा कर रहे हैं।



जी-20 शिखर सम्मेलन के लिए भारत आ रहे हैं ब्रिटेन के प्रधानमंत्री

सुनक के चाचा सुभाष बेरी ने कहा, हम सटीक विवरण नहीं दे सकते, लेकिन प्रधानमंत्री के स्वागत के लिए एक योजना बनाई गई है। हम एक रात बिना रुके नाचने की तैयारी कर रहे हैं, ज्यादातर पारंपरिक पंजाबी संगीत की जीवंत धुनों पर, हालांकि मुझे लगता है कि हम बीच में कुछ अंग्रेजी धुनों पर भी थिरक सकते हैं।

हालांकि, समाचार पत्र की रिपोर्ट के अनुसार, सुनक गुरुवार या शुक्रवार की रात के लिए प्रस्तावित कार्यक्रम में शामिल होने की योजना नहीं बना रहे हैं, क्योंकि शुक्रवार और रविवार के बीच विश्व नेताओं के साथ बैठकों का एक गहन कार्यक्रम है। मूल रूप से पंजाब से ताल्लुक रखने वाले साउथेम्प्टन में भारतीय माता-पिता के घर जन्मे 42 वर्षीय सुनक ब्रिटेन में प्रधानमंत्री का पद संभालने वाले पहले भारतीय मूल के व्यक्ति हैं। ब्रिटिश भारतीय नेता ने द्विपक्षीय सहयोग के सभी क्षेत्रों में भारत को यूके का एक अनिवार्य भागीदार बताया है, जिसे वह आगे बढ़ाने के इच्छुक हैं। उन्होंने मंगलवार को भारत के साथ एक 'त्वरित' व्यापार समझौते से इनकार कर दिया, जो भारतीय लोगों के लिए अधिक प्रवासन अधिकारों की नई दिल्ली की मांगों पर असहमति के कारण रुका हुआ है। बातचीत से जुड़े कई सूत्रों ने गार्जियन को बताया कि सुनक ने अर्ली हार्वेस्ट सौदे के विचार को खारिज कर दिया, जिससे व्हिस्की जैसे सामानों पर टैरिफ कम हो सकता था लेकिन पेशेवर सेवाओं जैसे पेचीदा विषयों से निपटा नहीं जा सका है।

# यूक्रेन में अभी चुनाव से अस्थिरता आएगी : डेनिलोव

**कीव,** 6 सितम्बर (एजेंसिां)। यूक्रेन के राष्ट्रीय सुरक्षा और रक्षा परिषद के सचिव ओलेक्सी डेनिलोव ने कहा कि संघर्ष और मार्शल लॉ के दौरान चुनाव कराने से देश में स्थिति अस्थिर हो जाएगी। श्री डेनिलोव ने यूट्यूब पर प्रसारित कीव सिक्योरिटी फोरम को कहा, चुनाव एक बहुत ही कठिन मुद्दा है। जिन परिस्थितियों में हमारा देश है, उनमें चुनाव कराने का सवाल आंतरिक अस्थिरता का सवाल है। क्योंकि चुनाव मुख्य रूप से मंचों, बड़ी चर्चाओं और यह पता लगाने की प्रतियोगिता है कि देश के लिए क्या सही है युद्ध के दौरान ऐसी चर्चाएँ कैसे हो पायेंगी। अमेरिकी सीनेटर लिंडसे ग्राहम ने इस वर्ष की शुरुआत में यूक्रेन का दौरा किया था और यूक्रेन के राष्ट्रपति वलोडिमिर जेलेंस्की से नियोजित चुनाव को स्थगित नहीं करने का आग्रह किया था। उन्होंने यूक्रेन के सभी सहयोगियों से 2024 में चुनाव कराने में मदद करने का भी आह्वान किया। श्री जेलेंस्की ने अगस्त के आखिर में कहा था कि



अगर अमेरिका और यूरोप वित्तीय समर्थन दें और अंतरराष्ट्रीय पर्यवेक्षक मौजूद रहे तो वह चाहेंगे कि यूक्रेन में 2024 में राष्ट्रपति और संसदीय चुनाव कराये जाये। श्री जेलेंस्की के सलाहकार मायखाइलो पोडोल्याक ने पिछले हफ्ते राष्ट्रपति के बयान पर टिप्पणी करते हुए कहा था कि वह अगले साल चुनाव चाहते हैं, उन्होंने कहा कि यूक्रेन में इस साल कोई चुनाव नहीं होगा। उल्लेखनीय है कि यूक्रेन के अधिकारियों ने पिछले वर्ष 24 फरवरी को देश में मार्शल लॉ लागू किया था, बीते माह यूक्रेनी संसद ने मार्शल लॉ को 15 नवंबर तक बढ़ा दिया था। मार्शल लॉ के विस्तार के कारण इस वर्ष अक्टूबर के अंत में होने वाले संसदीय चुनाव स्थगित कर दिए गए हैं।

## सुडोकू 6309

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 4 | | 7 | | 6 | | | | |
| | | | 4 | | | | 1 | 9 |
| 1 | 2 | | | | | | | 6 |
| | | | 7 | 8 | | | | |
| 7 | 8 | | 5 | | 2 | | 6 | 3 |
| | | | | 4 | 3 | | | |
| 2 | | | | | | | 9 | 8 |
| 5 | 9 | | | | 7 | | | |
| | | | | 3 | | 6 | | 7 |

**: नियम :**

1. कुल 81 (9×9) वर्ग हैं, जिसमें 9 (3×3) वर्गों का एक खंड (ब्लॉक) बनता है।
2. हर खाली वर्ग में 1 से 9 के बीच का कोई एक अंक भर सकते हैं।
3. बाएं से दाएं और ऊपर से नीचे के प्रत्येक कॉलम,कतार और खंड में 1 से 9 अंक में से किसी भी अंक का इस्तेमाल एक बार ही कर सकते हैं।

**हल आज ही के अंक में**

## दैनिक पंचांग

mypandit.com 24 hour astrology service

■ बेजान दारूवाला

ग्रह स्थिति : गुरूवार 7 सितम्बर, 2023 भाद्र कृष्ण पक्ष 8

### राशिफल

मेष - आपका शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य अच्छा रहेगा। परिजनों के साथ स्वादिष्ट भोजन और अच्छे पल गुजार सकेंगे। आर्थिक विषयों से संबंधित योजना व्यवस्थित तरीके से बना सकेंगे। आय में वृद्धि होगी।

वृषभ - आज आपका दिन ताज़गी और उत्साह से भरपूर रहेगा। आप आनंद अनुभव कर सकेंगे। दोस्तों और सगे-सम्बंधियों से उपहार मिल सकेगा। आपका दिन यात्रा में गुजर सकता है। आप स्वादिष्ट भोजन बना पाएंगे।

मिथुन - आज संयमित व्यवहार आपको बहुत सी तकलीफों से बचा लेगा। आपके व्यवहार के कारण गलतफहमी हो सकती है। शारीरिक पीड़ा के कारण मानसिक अस्वस्थता की अनुभूति होगी।

कर्क - अचानक धन लाभ हो सकता है। मित्रों, सगे- सम्बंधियों और स्नेहीजनों के साथ दिन आनंद और रोमांच से भरपूर रहेगा। आय में वृद्धि होगी। बिजनेस में लाभदायक लेन-देन और सौदा कर सकेंगे।

सिंह - काम में विलंब होगा। घर और ऑफिस में उत्तरदायित्व बढ़ जाएंगे। जीवन अधिक गंभीर होता हुआ प्रतीत होगा। नए रिलेशन या काम के सम्बंध में अभी कोई महत्वपूर्ण निर्णय ना लें। पिताजी के साथ मतभेद हो सकता है।

कन्या - आज शारीरिक सुस्ती और मानसिक थकान महसूस होगी। संतान के साथ अनबन या संघर्ष रहेगी। ऑफिस में उच्च अधिकारी के साथ भी विवाद हो सकता है। किसी समस्या का सामना करना पड़ सकता है।

तुला - आपको अपने स्वास्थ्य का ख्याल रखना होगा। कटुवाणी और खराब व्यवहार के कारण विवाद या मतभेद हो सकता है। उग्र स्वभाव और खर्च पर अंकुश रखें। आपके विरोधी अधिक सक्रिय बनेंगे।

वृश्चिक - आज आपका दिन आनंद और मौज-मस्ती से भरपूर रहेगा। दोस्तों का साथ मिलेगा। नए वस्त्र और आभूषण पहनने का अवसर प्राप्त होगा। साथ ही आप स्वादिष्ट भोजन प्रवास और मनोरंजन का आनंद लेंगे।

धनु - आज आपको आर्थिक लाभ की संभावना है। परिवार में सुख- शांति और आनंद व्याप्त होगा। नौकरीपेशा लोगों को नौकरी में लाभ और सहकर्मियों का सहयोग मिलेगा। अधीनस्थ व्यक्तियों का सहयोग प्राप्त कर सकेंगे।

मकर - आज आपका मन चिंता और दुविधा में उलझे होने के कारण आप किसी भी विषय में ठोस निर्णय पर नहीं आ सकेंगे। आज महत्वपूर्ण निर्णय न लेने की सलाह दी जाती है। भाग्य साथ न देने से हताशा पैदा होगी।

कुंभ - आपको मानसिक व्यग्रता और बेचैनी का अनुभव होगा। भविष्य के लिए पैसे का आयोजन करने के लिए अच्छा समय है। सौंदर्य प्रसाधन, अलंकार और वस्त्रों के पीछे खर्च होगा। माता से लाभ होगा।

मीन - वैचारिक स्थिरता महत्वपूर्ण निर्णय लेने में सहायक बनेगी। आपकी सृजनशक्ति और कलात्मकता विकसित होगी। जीवनसाथी के साथ आत्मीयता बढ़ेगी। नजदीक के स्थान पर प्रवास या पर्यटन का आयोजन होगा।

**नोट-उपरोक्त राशिफल बेजान दारूवाला द्वारा पूर्वलिखित है।**

# 'चीन, आसियान ने विकास का मार्ग किया प्रशस्त'




**जकार्ता,** 6 सितम्बर (एजेंसियां)। चीन के प्रधानमंत्री ली कियांग ने बुधवार को कहा कि पिछले 10 वर्षों में उनका देश और दक्षिण पूर्वी एशियाई राष्ट्रों का संगठन (आसियान) दीर्घकालिक अच्छे-पड़ोसी और मित्रता के साथ-साथ सामान्य विकास तथा समृद्धि का सही मार्ग प्रशस्त करने में सफल रहे हैं। श्री कियांग ने इंडोनेशिया की राजधानी जकार्ता में आयोजित 26वें चीन-आसियान शिखर सम्मेलन में आज यह बात कही। उन्होंने कहा कि दुनिया एक सदी में अनदेखे गंभीर बदलावों से गुज़र रही है। उल्लेखनीय है कि इन दिनों जकार्ता शिखर सम्मेलन की बैठक चल रही है। पांच सितंबर से शुरु हुआ यह सम्मेलन आठ सितंबर तक चलेगा।

# किशिदा ने छह क्षेत्रों में जापान, आसियान कनेक्टविटी पहल शुरू करने की घोषणा की

**टोक्यो,** 6 सितम्बर (एजेंसियां)। जापान के प्रधानमंत्री फुमियो किशिदा ने बुधवार को छह क्षेत्रों में जापान-आसियान व्यापक कनेक्टविटी पहल की शुरुआत की घोषणा की। जिसमें बुनियादी ढांचे और समुद्री से लेकर डिजिटल कनेक्टिविटी तक छह प्रमुख क्षेत्रों में सहयोग का विस्तार शामिल है।

श्री किशिदा ने इंडोनेशिया में आसियान-इंडो-पैसिफिक फोरम में कहा, जापान-आसियान व्यापक कनेक्टिविटी पहल की घोषणा करें और स्पष्ट करें कि जापान छह क्षेत्रों में कनेक्टिविटी को मजबूत करने के लिए सहयोग को बढ़ावा देगा। सहयोग का पहला क्षेत्र परिवहन बुनियादी ढांचे का विकास है।



उन्होंने कहा कि जापान 19 अरब डॉलर की परियोजनाओं के माध्यम से आसियान देशों के बीच वस्तुओं और लोगों के प्रवाह को सुविधाजनक बनाना जारी रखेगा। श्री किशिदा ने सहयोग बढ़ाने के दूसरे क्षेत्र के रूप में डिजिटल कनेक्टिविटी की पहचान की।

## किशिदा पर विस्फोटक हमले में संदिग्ध दोषी : अदालत

**टोक्यो।** जापान की अदालत ने बुधवार को अप्रैल में एक चुनाव कार्यक्रम के दौरान प्रधानमंत्री फुमियो किशिदा पर विस्फोटक से हमला करने के मामले में संदिग्ध को दोषी ठहराया है। अभियोजन ने बताया कि जांच अधिकारियों ने तीन महीने के मनोरोग मूल्याकंन के बाद पाया कि हत्या के प्रयास का आरोपी रयुजी किमुरा (24) ने हमले के लिए घरेलू पाइप बम का इस्तेमाल किया था और घटना के समय वह मानसिक रूप से स्वस्थ्य था। उल्लेखनीय है कि 15 अप्रैल को वाकायामा शहर में स्थित बंदरगाह पर भाषण दे रहे प्रधानमंत्री किशिदा पर किमुरा ने एक विस्फोटक उपकरण फेंका था।

## वर्ग पहेली 6309

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| १ | | २ | | ३ | ■ | ४ | | ५ | |
| | ■ | | ■ | ६ | | | ■ | | ■ |
| ७ | | | ■ | | ■ | ८ | | | ९ |
| | ■ | | ■ | १० | | | ■ | ■ | |
| ■ | ११ | | १२ | | ■ | ■ | १३ | | |
| ■ | | ■ | | ■ | १४ | | | ■ | |
| १५ | | १६ | | ■ | | ■ | १७ | १८ | |
| | ■ | | ■ | १९ | | २० | ■ | | ■ |
| २१ | | | ■ | | ■ | २२ | | | २३ |
| | ■ | २४ | | | | | ■ | ■ | |

**बायें से दायें:-**

१. विवाह की एक रस्म
४. निरपराध,निर्दोष (उर्दू)
६. छुटकारा, मुक्ति (उर्दू)
७. जन्म देना,जनन
८. धनी, समृद्ध
१०. दहाड़
११. वीरान, निर्जन
१३. शिशु की अवस्था, बाल्यकाल
१४. ढीला, सुस्त
१५. चौकन्नापन, जागरुकता
१७. कबीर के पदों का संग्रह
१८. ध्वनि, शब्द
२१. बाजगरी
२२. गणेश
२४. राजा, सम्राट (उर्दू)

**ऊपर से नीचे:-**

१. निस्तेज, मुरझाया हुआ
२. झूठी बात
३. विवाह करना
४. जो लेन-देन के मामले में खरा न हो (उर्दू)
५. नाव खेने वाला, नाविक (उर्दू)
९. खून बढ़ाने वाला
११. कमल
१२. राहिल्य
१३. पार्वती, पर्वतपुत्री
१४. उलाहना (उर्दू)
१५. सर्वविदित, सबके सामने (उर्दू)
१६. बड़ा हाथी
१८. डांट, फटकार
१९. दखलंदाजी
२०. स्थान (उर्दू)
२३. देवदूत (उर्दू)

### वर्ग पहेली-6308

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| सं | वै | २ धा | नि | 3 क | ■ | ४ व | र्षां | ५ त | र |
| कु | ■ | रा | ■ | ६ पि | छ | ला | ■ | र्जु | ■ |
| ७ च | ढ़ा | वा | ■ | ल | ■ | ८ ह | नु | मा | ९ न |
| न | ■ | हि | ■ | १० धा | त्वि | क | ■ | ■ | व |
| ■ | ११ इ | क | १२ ता | रा | ■ | ■ | १३ उ | मं | ग |
| ■ | जा | ■ | बू | ■ | १४ कि | ष्किं | धा | ■ | ठि |
| १५ कि | फा | १६ य | त | ■ | स्म | ■ | १७ र | १८ ज | त |
| ले | ■ | था | ■ | १९ प | त | २० ला | ■ | लि | ■ |
| २१ दा | ब | ना | ■ | व | ■ | २२ चा | टु | का | २३ र |
| र | ■ | २४ म | हा | न | ग | र | ■ | ■ | क्त |

युसूफ कुरैशी, मो. 8109948408

### प्रथम पृष्ठ का शेष

#### शिवनाथ नदी में पुल से ...

07 सीएन 0860 से राजनांदगांव से दुर्ग आ रहे थे। रास्ते में इन्होंने ढाबा में भोजन किया। भोजन के बाद ये सभी लोग दुर्ग आ रहे थे कि बोलोरो वाहन अनियंत्रित होकर रात्रि करीब डेढ़ बजे शिवनाथ नदी के पुराने पुल से स्लिप करते हुए नदी में गिर पड़ी। आसपास के लोगों ने इसे लेकर पुलगांव थाने में सूचना दी। सूचना पाकर पुलगांव थाने की टीम के अलावा एसडीआरएफ नागेन्द्र सिंह की टीम के लोग इंद्रपाल यादव, चंद्रपाल जंघेल, इत्यादि मौके पर पहुंचे। सभी ने लगभग 3 घंटे की मशक्कत के बाद चार शवों को नदी से निकाला। इनमें बोलोरो चालक ललित साहू की पहचान उसके भाई व साले ने की। ललित साहू पेशे से ड्रायवर है। तामेश्वरी देशमुख व बच्चों की पहचान मृतका के पति हरीश देशमुख ने की। सभी शव को नदी से निकालने के बाद पोस्टमार्टम के लिये जिला अस्पताल स्थित मरच्यूरी भेजा गया। जहां शाम तक पोस्टमार्टम की प्रक्रिया चल रही है। ललित साहू का शव पोस्टमार्टम के बाद उनके बोरसी स्थित निवास करा दिया गया। मृतका अपने तीनों बच्चों के साथ कसारीडीह स्थित गुप्ता गली में रहती थी।

उल्लेखनीय है कि शिवनाथ का पुराना पुल काफी पुराना व जर्जर हो चुका है। नये पुल के बन जाने से ही उसे पूरी तरह स्थाई रूप से छोटे बड़े सभी वाहनों के लिये बंद कर देने की मांग नागरिकों द्वारा की जा रही है। इस पुल से पूर्व में भी कई घटनाएं हो चुकी है।

इस दुर्घटना की खबर लगते ही नदी व आसपास लोगों की भीड़ लग गई। बड़ी संख्या में एसडीआरएफ व मुछआरों की टीम भी घटनास्थल में एकत्रित हो गई। एसपी, एएसपी, सीएसपी व टीआई पुलगांव की टीम भी मौके पर पहुंच गये। इधर एसडीआरएफ की टीम के जवानों चंद्रपाल जंघेल, राजकुमार यादव, नरोत्तम चंदेल, टीम प्रभारी बलिराम यादव, सहायक प्रभारी ईश्वर खरे, राजू महानंद, भानुप्रताप, ओंकार, हेमराज, मोहन, सूरज, राजेश नेताम, महेश चंद्र, आशीष गोपी पाटिल, भूपेन्द्र सिंह, रमेश विजय, हबीब खान, एवं राजेन्द्र सोनी, शामिल थे जिन्होंने नदी से चार शव निकालने में अथक प्रयास किया।

#### यस बैंक घोटाला मामले में ...

जाने के बावजूद शासन वर्षों से जांच करने की बजाय पीड़ित की प्रथम सूचना रिपोर्ट को ही खत्म करने की कोशिश में है। खाते से करोड़ों रुपये का लेनदेन विदेश से हुआ है। लाखों रुपये नकद एक बार में जमा किए गए हैं और निकल गए हैं। इस मामले के दोनों आरोपी हितेश चौबे और अनिमेष सिंह फरार हैं। खाते से खरीदी गई बड़ी गाड़ियों और अन्य सामग्रियों की अब तक जब्ती नहीं की गई है।

**NECC**

| 07.09.2023 | अंडा | मुर्गी | काकरेल |
|---|---|---|---|
| फार्म | 4.80 | 80 | 165 |
| चिल्हर | 6.00 | 95 | 190 |

डिलीवरी 495 सैकड़ा
दर्जन अंडा 70 रु.
मुर्गी खाद प्रति ट्राली 1000 रु.
CSPFA

## आज का इतिहास

1701- जर्मनी, इंग्लैंड और नीदरलैंड ने फ्रांस विरोधी समझौते पर हस्ताक्षर किये।
1812- बोरोडिनो के युद्ध में नेपोलियन ने रूसी सेना को हराया।
1813- अमेरिका के लिए पहली बार 'अंकल सैम' का सम्बोधन हुआ।
1822- ब्राजील ने पुर्तगाल से अपनी स्वतंत्रता की घोषणा की।
1860- लेडी एलगीन नामक जहाज के लेक मिसीगन डूब जाने से 400 से अधिक लोगों की मौत हो गई।
1906- बैंक ऑफ़ इंडिया की स्थापना हुयी।
1921- अमेरिका के न्यू जर्सी में पहली मिस अमरिका सौंदर्य प्रतियोगिता का आयोजन किया गया था।
1923- विएना में इंटरपोल की स्थापना हुई।
1931- लंदन में गोलमेज सम्मेलन का दूसरा सत्र शुरू हुआ।
1950- हंगरी में सभी मठों को बंद किया गया।
1977- इथोपिया ने सोमालिया के साथ राजनयिक संबंध तोड़े।
1998- अंतर संसदीय यूनियन (आई.पी.यू.) का 100वां सम्मेलन मास्को में शुरु हुआ।
1999- एथेंस में 5.9 तीव्रता के भूकंप से 143 लोगों की मौत हो गयी और 500 से अधिक घायल हो गए तथा 50 हजार लोग बेघर हो गए।
2002- इयाजुद्दीन अहमद बंगलादेश के नये राष्ट्रपति बने।
2004- फिजी के विजय सिंह टाइगर वुड्स को पीछे छोड़कर विश्व के नम्बर एक गोल्फ़र बने।

**परेशानी** | *अमेरिका को भी युद्धों की वजह से उठाना पड़ा नुकसान*

# विश्व में अमेरिकी सैन्य नेतृत्व का पड़ा उल्टा असर : रिपोर्ट

**बीजिंग 6 सितम्बर (एजेंसियां)। अमेरिकी सैन्य नेतृत्व ने युद्ध छेड़कर और अन्य देशों पर आक्रमण करके दुनिया में केवल आपदाएं ही लायी हैं। जबकि अमेरिका को भी इससे गंभीर नुकसान को सामना करना पड़ा है। मंगलवार को प्रकाशित एक रिपोर्ट में यह जानकारी दी गयी। रिपोर्ट में कहा गया है कि अमेरिका सैन्य नेतृत्व की उत्पत्ति, तथ्य और खतरे शीर्षक वाली यह रिपोर्ट शिन्हुआ समाचार एजेंसी की ओर से जारी किया गया है।**

यह रिपोर्ट अमेरिकी सैन्य नेतृत्व के गठन की रूपरेखा, इसे बनाए रखने के लिए उसकी ओर से अपनाए गए साधनों का सारांश प्रस्तुत करता है, और इससे होने वाले खतरों पर प्रकाश डालता है।

रिपोर्ट के मुताबिक अमेरिका की ओर से 9/11 के हमलों के बाद शुरू किए गए और उनमें भाग लेने वाले युद्धों में 7,000 से अधिक अमेरिकी सैनिक और लगभग 8,000 अमेरिकी रक्षा क्षेत्र में अनुबंध पर काम करने वाले लोग मारे गए जबकि 30,000 से अधिक संख्या में सैनिकों ने आत्महत्या की जो युद्ध में मारे गए सैनिकों की संख्या से चार गुना अधिक है।

अमेरिका ने 2001 से युद्धों पर 5.8 ट्रिलियन डॉलर से अधिक खर्च किए हैं, जिसमें अफगानिस्तान और इराक में युद्ध के दिग्गजों के लिए चिकित्सा तथा दिव्यांगों की देखभाल पर 350 अरब डॉलर से अधिक खर्च किए हैं। अगले 30 वर्षों तक इसी क्षेत्र में 2.2 ट्रिलियन डॉलर का निवेश किया जाना है जिससे करदाताओं पर भारी बोझ पड़ रहा है।



- युद्धों में 7,000 से अधिक अमेरिकी सैनिकों की हुई मौत
- 30,000 से अधिक संख्या में सैनिकों ने आत्महत्या की
- 8,000 रक्षा क्षेत्र में अनुबंध पर काम करने वाले मारे गए

अमेरिका 9/11 के हमले के बाद के सैन्य खर्च से 1.3 करोड़ अमेरिकी लोगों को वयस्कता के दौरान स्वास्थ्य देखभाल कवरेज और गरीबी रेखा से नीचे रहने वाले बच्चों के लिए दो साल की प्रारंभिक शिक्षा प्रदान की जा सकती थी। इसमें 28 करोड़ छात्रों के लिए सार्वजनिक कॉलेज छात्रवृत्ति, 10 लाख सेवानिवृत्त सैनिकों के लिए 20 साल की स्वास्थ्य देखभाल कवरेज और 40 लाख स्वच्छ ऊर्जा उद्योग के श्रमिकों के लिए 10 साल का वेतन भी शामिल है।

## दुनिया को जानें

# प्रदूषित वायु से हर वर्ष 70 लाख लोगों की मौत : गुटेरस

**जिनेवा,** 6 सितम्बर (एजेंसियां)। संयुक्त राष्ट्र महासचिव एंटोनिया गुटेरेस ने बुधवार को कहा कि दुनिया भर में प्रत्येक वर्ष प्रदूषित वायु से 70 लाख से अधिक लोगों की असमय मौत हो जाती है। श्री गुटेरेस ने आज यहां सात सितंबर को मनाये जाने वाले 'नीले आकाश के लिए स्वच्छ वायु का अंतरराष्ट्रीय दिवस पर' यह बात कही। उन्होंने कहा कि विश्व की करीब 99 प्रतिशत आबादी कालिख,गन्धक और विषैले रासायनों वाली वायु में सांस ले रही है और इसका वैश्विक तापमान में वृद्धि से गहरा संबंध है। यहां जारी बयान में उन्होंने कहा कि वायु प्रदूषण की समस्या निम्न एवं मध्यम आय वाले देशों में अधिक गंभीर है। उन्होंने कहा कि वायु प्रदूषण किसी सीमा में नहीं बंधा रहता और इसके दूषक तत्व हजारों किलोमीटर तक फैलते जाते है। प्रत्येक महाद्वीप पर जलवायु संकट का विनाशकारी प्रभाव बढ़ता जा रहा है। उन्होंने कहा कि वैश्विक समस्याओं के समाधान के लिए हमें मिलकर स्वच्छ वायु के लिए काम करना होगा। उन्होंने कहा कि हमें जीवाश्म ईंधन, विशेषकर कोयले का उपयोग कम करने, स्वच्छ अक्षय ऊर्जा को बढ़ावा देना होगा।

# खेल जगत

## बजरंग पूनिया को मानहानि मामले में मिली राहत

**नई दिल्ली,** 6 सितंबर (एजेंसियां)। दिल्ली की एक अदालत ने आपराधिक मानहानि के एक मामले में पहलवान बजरंग पूनिया को राहत देते हुये उन्हे निजी रूप से पेश होने की छूट प्रदान की है। गौरतलब है कि कुश्ती कोच नरेश दहिया ने पूनिया के खिलाफ आपराधिक मानहानि की याचिका दायर की थी। उनका आरोप है कि भारतीय कुश्ती महासंघ के निर्वतमान अध्यक्ष बृजभूषण सिंह के खिलाफ धरने के दौरान पूनिया ने दस मई को एक प्रेस कांफ्रेंस में उनके खिलाफ अपमानजनक बयानबाजी की थी। इस मामले में पूनिया के वकील ने अदालत से गुहार लगायी थी कि उनके मुवक्किल को बुखार है और वह निजी तौर पर अदालत में पेश नहीं हो सकता है जिसे मेट्रोपोलिटन मजिस्ट्रेट यशदीप चहल की अदालत ने स्वीकार कर लिया। मामले की अगली सुनवाई 14 सितंबर को होगी।



# पाकिस्तान के आक्रमण से बांग्लादेश 193 रन पर ढेर



- मात्र 47 रन पर चार विकेट गंवा कर मुश्किलों में फंस गया था बांग्लादेश
- मगर कप्तान शाकिब अल हसन और मुशफ़िक़ुर रहीम के अर्धशतकों ने बांग्लादेश को संभाला

**लाहौर** 06 सितंबर (वार्ता) मुशफ़िक़ुर रहीम (64) और कप्तान शाकीब अल हसन (53) के बीच शतकीय साझीदारी के बावजूद बांग्लादेश एशिया कप सुपर फोर मुकाबले में बुधवार को पाकिस्तान के तेज गेंदबाजी आक्रमण के सामने आत्मसमर्पण की मुद्रा में नजर आया और मेहमान टीम 38.4 ओवर के खेल में 193 रन बना कर पवेलियन लौट गयी।

गद्दाफी स्टेडियम पर टास जीत कर पहले बल्लेबाजी करने उतरी बांग्लादेश की शुरूआत अच्छी नहीं रही जब उसके इन फार्म बल्लेबाज मेहदी हसन मिराज़ बगैर खाता खोले नसीम शाह की गेंद पर कैच आउट होकर पवेलियन लौट गये। पारी के पांचवें ओवर में लिटन दास (16) को शाहीद शाह अफरीदी ने अपना शिकार बनाया। एक समय बांग्लादेश मात्र 47 रन पर चार विकेट गंवा कर मुश्किलों के भंवर में फंस गया था मगर कप्तान शाकिब अल हसन और मुशफ़िक़ुर रहीम ने संयमपूर्ण बल्लेबाजी से टीम को सम्मानजनक स्कोर की ओर अग्रसर किया।

दोनो बल्लेबाजों ने अपने अपने अर्धशतक पूरे किये, इस बीच शाकिब फहीम अशरफ की गेंद को हिट करने के प्रयास में फखर जमान के हाथों अपना विकेट गंवा बैठे। इस साझीदारी के टूटते ही पाकिस्तान के गेंदबाजों ने आक्रामक रवैया अख्तियार कर लिया। नये बल्लेबाज शमीम हुसैन (16) ने दूसरे छोर पर टिके रहीम का कुछ समय तक साथ दिया मगर पाकिस्तान की खतरनाक पेस तिकड़ी के सामने बांग्लादेश के पांव उखड़ने लगे थे।

पारी के 38वें ओवर में रहीम और तस्किन अहमद (0) के लगातार दो विकेट हारिस रउफ ने झटक कर बांग्लादेश के बड़े लक्ष्य की ओर बढने के इरादे पर पूरी तरह ब्रेक लगा दिये। पाकिस्तान की ओर से रउफ ने 19 रन देकर चार विकेट चटकाये जबकि नसीम शाह ने 34 रन देकर तीन विकेट झटके। अफरीदी,फहीम अशरफ और इफ्तिखार अहमद ने एक एक खिलाड़ी को पवेलियन पहुंचाया।

### सुपर 4 शेड्यूल

- 6 सितंबर : पाकिस्तान बनाम बांग्लादेश, गद्दाफी स्टेडियम, लाहौर, दोपहर 2:30 बजे
- 9 सितंबर : श्रीलंका बनाम बांग्लादेश, आर प्रेमदासा स्टेडियम, कोलंबो, दोपहर 3 बजे
- 10 सितंबर : पाकिस्तान बनाम भारत, आर प्रेमदासा स्टेडियम, कोलंबो, दोपहर 3 बजे
- 12 सितंबर : भारत बनाम श्रीलंका, आर प्रेमदासा स्टेडियम, कोलंबो, दोपहर 3 बजे
- 14 सितंबर : पाकिस्तान बनाम श्रीलंका, आर प्रेमदासा स्टेडियम, कोलंबो, दोपहर 3 बजे
- 15 सितंबर: भारत बनाम बांग्लादेश, आर प्रेमदासा स्टेडियम, कोलंबो, दोपहर 3 बजे
- 17 सितंबर : टीबीसी बनाम टीबीसी, आर प्रेमदासा स्टेडियम, कोलंबो, दोपहर 3

# चाइना ओपन में प्रणॉय और सेन की हार से भारतीय एकल चुनौती समाप्त



**बीजिंग** 6 सितंबर (एजेंसियां)। विश्व चैंपियनशिप के कांस्य पदक विजेता एचएस प्रणॉय और लक्ष्य सेन चाइना ओपन 2023 बैडमिंटन में मंगलवार को पुरुष एकल मुक़ाबले में हार कर टूर्नामेंट से बाहर हो गए।

विश्व बैडमिंटन रैंकिंग में छठे नंबर पर काबिज़ भारतीय शटलर एचएस प्रणॉय को 66 मिनट तक चले मैच में मलेशियाई शटलर एन जी योंग से 12-21, 21-13, 18-21 से हार मिली। विश्व रैंकिंग के 22वें नंबर के मलेशियाई खिलाड़ी ने पहले गेम को जीत कर भारतीय शटलर पर दबाव क़ायम किया। हालांकि, दूसरे गेम में प्रणॉय ने वापसी की और मैच को 1-1 की बराबरी पर ला दिया।

तीसरे और निर्णायक गेम में भारतीय खिलाड़ी ने जी योंग के सामने मुश्किल चुनौती पेश की लेकिन मलेशियाई शटलर ने प्रणॉय के खि़लाफ़ शानदार प्रदर्शन करते हुए तीसरे और निर्णायक गेम को जीत लिया।

एचएस प्रणॉय की हार के बाद, कनाडा ओपन 2023 के चैंपियन लक्ष्य सेन इस प्रतियोगिता के पुरुष एकल वर्ग में भारत की दूसरी उम्मीद थे, लेकिन चाइन ओपन के पहले राउंड में ही उन्हे डेनमार्क के एंडर्स एंटोनसेन के खि़लाफ़ 78 मिनट तक चले मैच में 23-21, 16-21, 21-9 से हार का सामना करना पड़ा।

पहले राउंड में डेनिश खिलाड़ी ने शुरुआती बढ़त के साथ राष्ट्रमंडल खेल 2022 के चैंपियन लक्ष्य सेन को दबाव में डाल दिया। हालांकि, यह गेम रोमांच से भरपूर रहा और आखि़री पड़ाव तक दोनों शटलरों ने दर्शकों का उत्साह बढाए रखा, लेकिन डेनिश खिलाड़ी ने 23-21 से जीत दर्ज कर मैच में 1-0 की बढ़त हासिल कर ली। भारतीय शटलर ने दूसरे गेम में शानदार वापसी करते हुए मैच में 1-1 की बराबरी कर ली लेकिन तीसरे और निर्णायक गेम में उन्हें विश्व रैंकिंग के 10वें नंबर के डेनमार्क के शटलर से हार का सामना करना पड़ा।

एक अन्य पुरुष एकल मुक़ाबले में प्रियांशू राजावत को भी निराशा हाथ लगी। विश्व रैंकिंग में 28वें नंबर के भारतीय बैडमिंटन खिलाड़ी को इंडोनेशिया के शेसर हिरेन रुस्ताविटो से सीधे गेम में हार का सामना करना पड़ा। 41 मिनट तक चले मैच में इंडोनेशियाई खिलाड़ी से भारतीय शटलर को 13-21, 24-26 से हार मिली।

त्रिशा जॉली और गायत्री गोपीचंद की महिला युगल जोड़ी को भी चाइना ओपन 2023 के पहले राउंड में हार का सामना करना पड़ा। इस टूर्नामेंट में एकमात्र भारतीय महिला युगल जोड़ी को चेन किंग चेन और जिया यी फैन की स्थानीय जोड़ी से सीधे गेम में शिकस्त मिली। भारतीय जोड़ी को विश्व की नंबर 1 जोड़ी ने 21-18, 21-11 से हराया।

वहीं, सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी की शीर्ष भारतीय पुरुष युगल जोड़ी बुधवार को अपनी दावेदारी पेश करेगी।

## अगला विश्व कप खेल सकते हैं मेसी



**ब्यूनस आयर्स,** 6 सितंबर (एजेंसियां)। अर्जेंटीना फुटबॉल एसोसिएशन अपने स्टार खिलाड़ी लियोनेल मेसी को 2026 विश्व कप तक अर्जेंटीना के लिए खेलने के लिये मनायेगा।

एसोसिएशन के अध्यक्ष क्लाउडियो तापिया ने कहा कि मेसी ने अपने अंतरराष्ट्रीय करियर का विस्तार करने की संभावना से इंकार कर दिया था, लेकिन उन्हें अपना मन बदलने के लिए आश्वस्त किया जा सकता है। तापिया ने मंगलवार को ब्यूनस आयर्स में स्पोर्ट्स लीडर्स समिट के दौरान कहा, वह हमेशा अधिक का लक्ष्य रखता है। वह कभी हार नहीं मानता और हमेशा आपको आश्चर्यचकित करता है। अपने मौजूदा फॉर्म में मेस्सी आसानी से 2026 विश्व कप में खेल सकते हैं। 39 वर्षीय मेसी ने पिछले साल कतर में एल्बीसेलेस्टे को तीसरी विश्व कप ट्रॉफी दिलाई थी। उन्होंने पिछले महीने फ्लोरिडा की टीम को लीग कप खिताब दिलाया जो क्लब की पहली ट्रॉफी थी। तापिया ने कहा कि मेसी को यह चुनने का अधिकार है कि उन्हें अपना अंतरराष्ट्रीय करियर कब समाप्त करना है। यह उस पर निर्भर करता है। मैं उसे अगले विश्व कप में खेलते हुए देखना पसंद करूंगा। वह वास्तव में ऐसा कर सकता है।

# आस्ट्रेलिया ने की 2023 विश्व कप के लिए टीम की घोषणा



**सिडनी** 6 सितंबर (एजेंसियां)। पांच बार के चैंपियन ऑस्ट्रेलिया ने इस साल के आईसीसी पुरुष क्रिकेट विश्व कप के लिए अपनी 15 खिलाड़ियों की टीम की घोषणा कर दी है। पैट कमिंस की कप्तानी में टीम वर्ल्ड कप में उतरेगी।

पिछले महीने चयनकर्ताओं ने 18 खिलाड़ियों को वर्ल्ड कप के लिए चुना था। अब इनमें से तीन को बाहर कर दिया गया है। हालांकि सभी टीमों के पास वर्ल्ड कप स्क्वाड में बदलाव करने के लिए 28 सितंबर तक का समय है।

ऑस्ट्रेलिया ने पिछले महीने 50 ओवर के प्रदर्शन के लिए पहले 18 खिलाड़ियों को नामित किया था। भारत में इस साल के आयोजन की शुरुआत में अब एक महीने से भी कम समय रह गया है और आस्ट्रेलिया ने आज 15 खिलाड़ियों की घोषणा कर दी है।

ऑस्ट्रेलिया ने दक्षिण अफ्रीका दौरे से पहले ही शुरुआती 18 सदस्यीय टीम की घोषणा कर दी थी। उससे उन्होंने नाथन एलिस, आरोन हार्डी और तनवीर संघा को बाहर कर दिया है। 21 साल के तनवीर ने दक्षिण अफ्रीका में ही अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में पदार्पण किया था। अपने पहले ही मैच में उन्होंने 4 बल्लेबाजों को आउट किया। लेकिन टीम में पहले से लेग स्पिनर एडम जंपा हैं। इसी वजह से संघा को बाहर होना पड़ा। टेस्ट स्टार मार्नस लाबुस्चगने भी टीम में शामिल होने से चूक गए हैं।

तेज गेंदबाज पैट कमिंस एक बार फिर टीम का नेतृत्व करेंगे अनुभवी तेज गेंदबाज जोश हेजलवुड और मिशेल स्टार्क उन्हें नई गेंद से मदद करेंगे। जबकि सीन एबॉट को बैकअप पेसर के रूप में टीम में अंतिम स्थान के लिए एलिस पर प्राथमिकता दी गई है। एश्टन एगर और एडम ज़म्पा को स्पिनर की कमान दी गयी। ऑस्ट्रेलिया की वर्ल्ड कप टीम में कोई चौंकाने वाला नाम नहीं है। पहले घोषित हुई टीम से ही मार्नस लाबुशेन को बाहर कर दिया गया था। जोश इंग्लिस, कैमरून ग्रीन, ट्रेविस हेड, सीन एबॉट और एश्टन एगर को पहली बार वर्ल्ड कप की टीम में चुना गया है।

## एशियाई टेबल टेनिस में कांस्य पदक के साथ भारतीय टीम के सफर का अंत



**प्योंगचांग** 6 सितंबर (एजेंसियां)। एशियाई टेबल टेनिस चैंपियनशिप 2023 के सेमीफाइनल में मिली हार के बाद भारतीय टीम को कांस्य पदक के साथ संतोष करना पड़ा। कोरिया गणराज्य के प्योंगचांग में खेली जा रही प्रतियोगिता में कॉमनवेल्थ गेम्स चैंपियन शरत कमल को चुआंग चिह-युआन से 0-3 से हार का सामना करना पड़ा। दूसरे मैच में साथियान गणानाशेखरन भी अपनी चुनौती को पार करने में असफल रहे और लिन युन-जू से 0-3 से हार गए। कांटे की टक्कर वाले मैच में, हरमीत देसाई ने अच्छा प्रदर्शन किया लेकिन काओ चेंग-जुई से 1-3 से हार गए।

भारतीय टीम ने सोमवार को सिंगापुर को 3-0 से हराकर अंतिम चार में जगह बनाकर पदक पक्का कर लिया था।

इससे पहले, मनिका बत्रा, अहिका मुखर्जी और सुतीर्था मुखर्जी की भारतीय महिला टीम मंगलवार को 5-6 पोजीशन के प्ले-ऑफ मैच में थाईलैंड से 0-3 से हारकर छठे स्थान पर रही।

भारतीय तिकड़ी ने उसी दिन 5-8 पोजीशन के प्ले-ऑफ मुकाबले में सिंगापुर पर 3-2 से जीत दर्ज की थी। सोमवार को क्वार्टर-फाइनल में जापान से 0-3 की हार के बाद भारतीय महिला टीम की पदक की उम्मीद समाप्त हो गई थी। मिश्रित युगल में मनिका बत्रा और साथियान गणानाशेखरन की भारतीय जोड़ी मंगलवार को राउंड ऑफ 32 में थाईलैंड की फाकपूम सांगुआनसिन और ओरवान परानांग से 2-3 से हार गई थी। हरमीत देसाई और श्रीजा अकुला की एक अन्य भारतीय जोड़ी राउंड ऑफ 32 में जापान की शीर्ष वरीयता प्राप्त टोमोकाज़ू हरिमोटो और हिना हयाता की जोड़ी से 0-3 से हार गई थी। एशियाई टेबल टेनिस चैंपियनशिप 2023 पेरिस 2024 ओलंपिक के लिए क्वालीफायर भी था। इसमें पुरुष एवं महिला टीम और मिश्रित युगल स्पर्धाओं के विजेताओं के लिए कोटा स्थान दिए जाने थे।

## जोकोविच और गॉफ यूएस ओपन के सेमीफ़ाइनल में पहुंचे



**न्यूयॉर्क,** 6 सितंबर (एजेंसियां)। सर्बिया के स्टार टेनिस खिलाड़ी नोवाक जोकोविच और अमेरिका की युवा खिलाड़ी कोको गॉफ यूएस ओपन के सेमीफाइनल में जगह बना ली है, वहीं पुरुष डबल्स में भारतीय खिलाड़ी रोहन बोपन्ना ने अपने ऑस्ट्रेलियाई साथी मैम्यू एबडेन के साथ सेमीफाइनल के लिए प्रवेश कर लिया है। सर्बिया के नोवाक जोकोविच ने मंगलवार को पुरुष एकल के क्वार्टर फाइनल में अमेरिकी टेलर फ्रिट्ज को 6-1, 6-4, 6-4 से हराया। जोकोविच 47वीं बार किसी ग्रैंड स्लैम के सेमीफाइनल में पहुंचे हैं। यूएस ओपन में वह 13वीं बार सेमीफाइनल में पहुंचे हैं। जोकोविच 17वीं बार यूएस ओपन में खेल रहे हैं। महिलाओं में अमेरिकी कोको गॉफ़ ने लातविया की जेलेना ओस्टापेंको पर 6-0, 6-2 की शानदार जीत के साथ सेमीफाइनल में प्रवेश किया। गॉफ ने वर्ल्ड नंबर-1 स्वितेक को हराने वाली ओस्टापेंको को हराया। मंगलवार देर रात को खेले गए विमेंस सिंगल्स के क्वार्टर फाइनल में कोको गॉफ ने 2017 फ्रेंच ओपन की विनर जेलेना ओस्टापेंको को सीधे सेटों में हराया। गॉफ ने ओस्टापेंको को 6-0, 6-2 से हराकर पहली बार यूएस ओपन के सेमीफाइनल में जगह बनाई। अमेरिका की 19 वर्षीय गॉफ 2001 में सेरेना विलियम्स के बाद यूएस ओपन सेमीफाइनल में पहुंचने वाली पहली खिलाड़ी है।

गॉफ ने कहा, मुझे बहुत अच्छा लग रहा है और मैं बहुत खुश हूं। पिछले साल मैं क्वार्टर फाइनल में हार गयी थी और इस साल बेहतर प्रदर्शन करना चाहती थी। मुझे अभी लंबा सफर तय करना है लेकिन मैं खुश हूं और अगले मैच के लिए तैयारी कर रही हूं।

छठी वरीयता प्राप्त गॉफ का शनिवार को फाइनल में जगह बनाने के लिए इस साल की फ्रेंच ओपन उपविजेता चेक गणराज्य की कैरोलिना मुचोवा से सामना होगा।

# भारतीय जर्सी पहनने पर गर्व महसूस होता है : सुखजीत सिंह

**नई दिल्ली,** 6 सितंबर (एजेंसियां)। भारतीय पुरुष हॉकी टीम के युवा फॉरवर्ड खिलाड़ी सुखजीत सिंह ने कहा कि 19वें एशियाई खेलों हांगझू 2022 में भारत का प्रतिनिधित्व करना उनके लिये सम्मान की बात है और उन्हे भारत की जर्सी पहनने मात्र की कल्पना ही रोमांचित कर रही है।

पहली बार एशियाई खेलों में भारत का प्रतिनिधित्व करने वाले 26 वर्षीय खिलाड़ी ने कहा यह अवास्तविक लगता है कि मैं एशियाई खेलों में भारत का प्रतिनिधित्व करने जा रहा हूं करूंगा। मुझे गर्व है कि मैं 19वें एशियाई खेल हांग्जो 2022 में भारत की जर्सी पहनूंगा। मेरे पिता का सपना मुझे उच्चतम स्तर पर खेलते हुए देखना था जो अब साकार होने जा रहा है। यह एक ऐसा एहसास है जिसे मैं शब्दों में व्यक्त नहीं कर सकता। यह सब मेरे ईमानदार प्रयासों और मेरे परिवार के सदस्यों की शुभकामनाओं के कारण है।

उन्होने कहा, कोच क्रेग फुल्टन के मार्गदर्शन में तैयारियां अच्छी चल रही हैं। हम अपनी कमजोरियों पर काम कर रहे हैं और यह सुनिश्चित कर रहे हैं कि हम वही गलतियाँ दोबारा न करें। मैं पिछले डेढ़ साल से टीम के साथ हूं और टीम के वरिष्ठ खिलाड़ी बहुत मिलनसार हैं। जब भी हममें से किसी को कोई कठिनाई होती है तो हम हमेशा उनसे संपर्क कर सकते हैं। वे हमारा उचित मार्गदर्शन करते हैं और हमारे खेल को बेहतर बनाने में हमारी मदद करते हैं।

हॉकी इंडिया के सूत्रों ने बुधवार को कहा कि पेरिस ओलंपिक 2024 में सीधे क्वालीफिकेशन हासिल करने के लक्ष्य के साथ भारतीय टीम 24 सितंबर को उज्बेकिस्तान के खिलाफ अपने एशियाई खेल अभियान की शुरुआत करेगी। फॉरवर्ड खिलाड़ी ने कहा, हमारा लक्ष्य केवल स्वर्ण पदक पर है। हम जानते हैं कि यहां क्या दांव पर लगा है और हम कुछ भी हल्के में नहीं लेंगे। कुछ मजबूत टीमें हैं और हम किसी भी मैच में अपनी सतर्कता में कमी नहीं आने देंगे। हमें प्रत्येक मैच को फाइनल मानना होगा और जब भी हम मैदान पर होंगे तो अपना सब कुछ देना होगा।



उन्होने कहा एशियाई चैंपियंस ट्रॉफी जीतने के बाद, खिलाड़ियों में आत्मविश्वास ऊंचा है और मुझे उम्मीद है कि हम इस लय को 19वें एशियाई खेलों हांग्जो 2022 में जारी रख सकते हैं। एशियाई चैंपियंस ट्रॉफी से पहले हमने चार देशों का टूर्नामेंट भी खेला था। इससे निश्चित तौर पर हमें मदद मिलेगी। अपनी सफलता का श्रेय अपने पिता को देते हुये उन्होने कहा मुझे याद है कि मैं केवल पाँच या छह साल का था जब मेरे पिता ने मुझे हॉकी स्टिक दी थी। जब मेरे पिता खेलते थे तो उन्हें बहुत संघर्ष करना पड़ता था और वह नहीं चाहते थे कि मुझे उन समस्याओं का सामना करना पड़े जो उन्हें झेलनी पड़ीं। उन्होंने हमेशा मुझ पर विश्वास किया और मुझे प्रेरित करते रहे। अपनी शिफ्ट खत्म होने के बाद वह मुझे ट्रेनिंग के लिए ग्राउंड पर ले जाते थे। उन्होंने मेरे लिए बहुत त्याग किया है और मैं उन्हें जितना धन्यवाद दूं, कम है। वह हमेशा मेरे आदर्श रहेंगे। इस तेजतर्रार फॉरवर्ड खिलाड़ी ने छह साल की उम्र में हॉकी खेलना शुरू किया जब उनके पिता अजीत सिंह, जो पंजाब पुलिस के पूर्व हॉकी खिलाड़ी थे, ने उन्हें स्टिक उठाने के लिए प्रेरित किया। सुखजीत को 2018 में सीनियर नेशनल कैंप के लिए पहली बार कॉल-अप मिला, लेकिन पीठ की चोट के कारण वह अपनी जगह पक्की नहीं कर सके। उन्होंने 2021 में राष्ट्रीय सेट-अप में वापसी की और 2021-2022 सीज़न में हॉकी प्रो लीग में अपनी सीनियर टीम की शुरुआत की। अब तक सुखजीत सिंह के नाम 43 अंतरराष्ट्रीय कैप और 13 गोल हैं।

**मैं पिछले डेढ़ साल से टीम के साथ हूं और टीम के वरिष्ठ खिलाड़ी बहुत मिलनसार हैं। जब भी हममें से किसी को कोई कठिनाई होती है तो हम हमेशा उनसे संपर्क कर सकते हैं। वे हमारा उचित मार्गदर्शन करते हैं और हमारे खेल को बेहतर बनाने में हमारी मदद करते हैं:**
सुखजीत सिंह

## सार संक्षेप

### एशियाई खेलों की मशाल रिले आठ सितंबर से शुरू होगी

**हांगझू।** चीन के हांगझू एशियाई खेलों के लिए मशाल रिले आठ सितंबर को वेस्ट लेक के पास शुरू होगी। हांगझू एशियाई खेलों के मुख्य मीडिया सेंटर में बुधवार को आयोजित एक संवाददाता सम्मेलन में इसकी घोषणा की गयी। मशाल रिले अपने अंतिम चरण को पूरा करने के लिए 20 सितंबर को हांगझू लौटने से पहले झेजियांग प्रांत के 11 शहरों हुझोउ, जियाक्सिंग, शाओक्सिंग, निंगबो, झोउशान, ताइझोउ, वेनझोउ, लिशुई, जिंहुआ और क्यूझोउ से होकर गुजरेगी। रिले में कुल 2022 मशालधारक भाग लेंगे। इसके 14 वर्ष के किशोर लेकर 84 वर्ष बुजुर्ग शामिल होंगे। प्रत्येक स्थान पर रिले मार्गों का डिज़ाइन संबंधित शहरों की अनूठी विशेषताओं, ऐतिहासिक और सांस्कृतिक महत्व और प्राकृतिक सुंदरता को दर्शाता है। मशाल रिले में ऑनलाइन और ऑफलाइन दोनों रूप से शामिल हैं। इससे पहले 15 जून को एशियाई खेल मशाल संग्रह समारोह के बाद 'डिजिटल टॉर्चबियरर' ऑनलाइन रिले गतिविधि शुरू की गई थी। आज तक 76 करोड़ से अधिक लोग एशियाई खेलों की ऑनलाइन मशाल रिले से जुड़े हैं, जिसमें 'डिजिटल टॉर्चबियरर्स' की संख्या 84 लाख से अधिक है।

### श्रीलंका से हारने के बाद अफगानिस्तान के कोच जोनाथन ट्रॉट ने मैच रेफरी की आलोचना की

**लाहौर।** अफगानिस्तान के मुख्य कोच जोनाथन ट्रॉट ने बुधवार को श्रीलंका के खिलाफ अपनी टीम की हार के बाद मैच रेफरी पर गुस्सा निकाला। भूल या लापरवाही? अब इसका जवाब तो शायद ही किसी के पास होगा लेकिन अफगानिस्तान बेहद पास आकर सुपर-4 से चूक गई। श्रीलंका के खिलाफ बुधवार को रोमांचक मैच में महज 3 रन से मिली हार के बाद अफगानिस्तान के मुख्य कोच जोनाथन ट्रॉट ने अपना गुस्सा मैच रेफरी पर निकाला है। उन्होंने कहा, हमें क्वालिफिकेशन के पूरे समीकरण पता नहीं थे। एशिया कप के आखिरी ग्रुप मैच में अफगानिस्तान को सुपर 4 चरण में पहुंचने के लिए श्रीलंका द्वारा दिए गए लक्ष्य को 37.1 ओवर में हासिल करना था।

### सुडोकू 6309 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 4 | 5 | 7 | 9 | 6 | 1 | 3 | 8 | 2 |
| 6 | 3 | 8 | 4 | 2 | 5 | 7 | 1 | 9 |
| 1 | 2 | 9 | 3 | 7 | 8 | 5 | 4 | 6 |
| 3 | 4 | 5 | 7 | 8 | 6 | 9 | 2 | 1 |
| 7 | 8 | 1 | 5 | 9 | 2 | 4 | 6 | 3 |
| 9 | 6 | 2 | 1 | 4 | 3 | 8 | 7 | 5 |
| 2 | 7 | 3 | 6 | 5 | 4 | 1 | 9 | 8 |
| 5 | 9 | 6 | 8 | 1 | 7 | 2 | 3 | 4 |
| 8 | 1 | 4 | 2 | 3 | 9 | 6 | 5 | 7 |

# अर्थ जगत

| सर्वाधिक बढ़ने वाले शेयर | |
|---|---|
| पावरग्रिड | 2.50 प्रतिशत |
| एलटी | 2.09 प्रतिशत |
| महिंद्रा एंड महिंद्रा | 1.95 प्रतिशत |
| एचडीएफसी | 1.01 प्रतिशत |
| सन फार्मा | 0.89 प्रतिशत |

| सर्वाधिक घटने वाले शेयर | |
|---|---|
| रिलायंस | 1.11 प्रतिशत |
| नेस्ले इंडिया | 0.97 प्रतिशत |
| एचसीएल टेक | 0.67 प्रतिशत |
| टाइटन | 0.59 प्रतिशत |
| आईटीसी | 0.56 प्रतिशत |

## सर्राफा

| दिल्ली | |
|---|---|
| सोना (प्रति दस ग्राम)स्टैंडर्ड | 47,310 |
| बिटुर | 47,320 |
| गिन्नी (प्रति आठ ग्राम) | 31,400 |
| चांदी (प्रति किलो) टंच हाजिर | 70,096 |
| वायदा | 70,183 |
| चांदी सिक्का लिवाली | 870 |
| बिकवाली | 880 |

## मुद्रा विनिमय

| मुद्रा | क्रय | विक्रय |
|---|---|---|
| अमेरिकी डॉलर | 67.77 | 78.57 |
| पौंड स्टर्लिंग | 90.94 | 105.45 |
| यूरो | 76.54 | 88.78 |
| चीन युआन | 08.24 | 13.38 |

## अनाज

| | |
|---|---|
| देसी गेहूँ एमपी | 2500-3000 |
| गेहूं दड़ा | 2150-2160 |
| आटा | 2800-2290 |
| मैदा | 945-950 |
| चोकर | 620-630 |

## मोटा आनाज

| | |
|---|---|
| बाजरा | 1300-1305 |
| मक्का | 1350-1500 |
| ज्वार | 3100-3200 |
| जौ | 1430-1440 |
| काबुली चना | 3500-4000 |

## चावल

| | |
|---|---|
| बासमती औसत किस्म | 4500-4600 |
| परमल | 1750-1775 |
| चावल सेला | 2250-2350 |
| आरआर (आठ) | 1650-1670 |

## दाल-दलहन

| | |
|---|---|
| चना | 4,850-4,950 |
| दाल चना | 4,850-4,950 |
| मसूर काली | 7,800-7,900 |
| उड़द दाल | 10300-10400 |
| मूंग दाल | 7,900-8,000 |
| अरहर दाल | 9700-9800 |

## पेट्रोल और डीजल की कीमतें यथावत

**नई दिल्ली,** 6 सितंबर (एजेंसियां)। वैश्विक स्तर पर कच्चे तेल की कीमतों में नरमी के बीच घरेलू स्तर पर पेट्रोल और डीजल के दाम आज भी यथावत रहे, जिससे दिल्ली में पेट्रोल 96.72 रुपये प्रति लीटर तथा डीजल 89.62 रुपये प्रति लीटर पर पड़े रहे। तेल विपणन करने वाली प्रमुख कंपनी हिन्दुस्तान पेट्रोलियम कार्पोरेशन की वेबसाइट पर जारी दरों के अनुसार, देश में आज पेट्रोल और डीजल की कीमतों में कोई बदलाव नहीं हुआ है। दिल्ली में इनकी कीमतों के यथावत रहने के साथ ही मुंबई में पेट्रोल 106.31 रुपये प्रति लीटर पर और डीजल 94.27 रुपये प्रति लीटर पर रहा।



## क्रिप्टो के खतरों से बचना जरूरी : सीतामरण

**मुंबई,** 6 सितंबर (एजेंसियां)। अधिक समावेशी होने और भारत के वित्तीय पारिस्थितिकी तंत्र को प्रभावित करने के लिए फिनटेक की भूमिका को स्वीकार करते हुए, केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने उनसे दुनिया में पारंपरिक और आधुनिक खतरों से सावधान रहने और खुद को सुरक्षित रखने का आग्रह किया। मुंबई में तीन दिवसीय ग्लोबल फिनटेक फेस्ट (जीएफएफ 2023) का उद्घाटन करते हुए सीतीरमण ने कहा कि आज फिनटेक एक मजबूत और गतिशील वित्तीय समावेशन उपकरण है, और ऋण देने में उनके पास नए क्रेडिट ग्राहकों की 36 प्रतिशत हिस्सेदारी है।

हालांकि, उन्होंने कहा कि आधुनिक दुनिया में फिनटेक पारिस्थितिकी तंत्र विभिन्न खतरों और चुनौतियों का सामना कर रहा है, जिसमें पारंपरिक युद्ध, साइबर खतरे, क्रिप्टो खतरे, ड्रग्स और ड्रग माफिया, टैक्स हेवन और कर चोरी शामिल हैं।

हमारे सामने मौजूद और सक्रिय इन खतरों को संबोधित करना एक जिम्मेदार, समावेशी, लचीला और टिकाऊ वित्तीय पारिस्थितिकी तंत्र बनाने की कुंजी है जिसके लिए सीतारमण ने फिनटेक से खुद को ऐसे खतरों से बचाने के लिए भारी निवेश करने की अपील की।

बाद में, एक शानदार पुरस्कार शाम का आयोजन किया गया जिसमें भारत और विदेश के प्रमुख फिनटेक प्लेअर्स को विभिन्न श्रेणियों में सम्मानित किया गया। खाड़ी सहयोग देशों के लिए लीडिंग फिनटेक पर्सनैलिटी ऑफ द ईयर का प्रतिष्ठित वैश्विक पुरस्कार जीसीसी और भारत के बीच सीमा पार भुगतान में क्रांति लाने के लिए लुलु फाइनेंशियल होल्डिंग्स, अबू धाबी के प्रबंध निदेशक अदीब अहमद को दिया गया।



वन97 कम्युनिकेशंस लिमिटेड के प्रेसीडेंट और सीओओ भावेश गुप्ता ने फिनटेक लीडर ऑफ द ईयर जीता, वोल्ट के संस्थापक-सीईओ टॉम ग्रीनवुड को लीडिंग फिनटेक पर्सनैलिटी ऑफ द ईयर-यूरोप से सम्मानित किया गया, ज़ेरोधा सीटीओ कैलाश नाथ ने फिनटेक सीटीओ ऑफ द ईयर अवार्ड जीता। सीतारमण ने यश एरांडे, सौरभ त्रिपाठी, विश्वास पटेल, नवीन सूर्या, क्रिस गोपालकृष्णन, जी. पद्मनाभन, प्रवीणा राय, दिलीप जैसे शीर्ष प्रतिष्ठित लोगों की उपस्थिति में एक संपूर्ण नेतृत्व रिपोर्ट, द सेकेंड वेव - रेजिलिएंट, इनक्लूसिव, एक्सपोनेंशियल फिनटेक का भी अनावरण किया।

## हल्दीराम के अधिग्रहण के लिए कोई बातचीत नहीं : टाटा कंज्यूमर

**नई दिल्ली,** 6 सितंबर (एजेंसियां)। टाटा कंज्यूमर ने कहा है कि वह स्नैक निर्माता हल्दीराम पर नियंत्रण पाने के लिए बातचीत नहीं कर रही है। एक स्पष्टीकरण में टाटा कंज्यूमर ने कहा कि वह हल्दीराम के साथ बातचीत नहीं कर रही है, जैसा कि मीडिया रिपोर्टों में बताया गया है। टाटा कंज्यूमर ने कहा, हमें ऐसी किसी जानकारी के बारे में पता नहीं है जिसे एक्सचेंजों को घोषित नहीं की गई है, जो सेबी (एलओडीआर) विनियम- 2015 के रेगुलेशन-30 के तहत घोषित करना जरूरी है। हम यह जोड़ना चाहेंगे कि कंपनी निरंतर व्यवसाय के विकास और विस्तार के लिए विभिन्न रणनीतिक अवसरों का मूल्यांकन करती है। जब भी ऐसी कोई आवश्यकता होगी, कंपनी सेबी (एलओडीआर) विनियम- 2015 के तहत दायित्वों के अनुपालन में उचित घोषणाएं करेगी। दूसरी तरफ टाटा कंज्यूमर स्टॉक की कीमत बुधवार को बीएसई पर 4 फीसदी बढ़कर 879 रुपये पर पहुंच गई।

दरअसल, मीडिया रिपोर्ट्स में जिक्र किया गया था कि टाटा समूह की उपभोक्ता इकाई लोकप्रिय भारतीय स्नैक फूड निर्माता हल्दीराम की कम से कम 51 प्रतिशत हिस्सेदारी खरीदने के लिए बातचीत कर



रही है। लेकिन, वह 10 अरब डॉलर के मूल्यांकन को लेकर सहज नहीं है। रिपोर्ट्स में कहा गया कि हल्दीराम भारत में एक घरेलू नाम है। वह बेन कैपिटल सहित निजी इक्विटी फर्मों के साथ 10 प्रतिशत हिस्सेदारी की बिक्री के बारे में बात कर रहा है।

रिपोर्ट में जिक्र है कि टाटा कंज्यूमर प्रोडक्ट्स यूके की चाय कंपनी टेटली का मालिक है और भारत में स्टारबक्स के साथ साझेदारी करता है। वह हिस्सेदारी खरीदने के लिए बातचीत कर रहा है। यूरोमॉनिटर इंटरनेशनल के अनुसार, भारत के 6.2 बिलियन डॉलर के नमकीन स्नैक बाजार में हल्दीराम की लगभग 13 प्रतिशत हिस्सेदारी है। लेज़ चिप्स के लिए मशहूर पेप्सी की हिस्सेदारी भी करीब 13 फीसदी है।

## अवीवा सिग्नेचर 3डी टर्म प्लान पेश

**नई दिल्ली,** 6 सितंबर (एजेंसियां)। निजी जीवन बीमा कंपनी अवीवा लाईफ इंश्योरेंस ने अवीवा सिग्नेचर 3डी टर्म प्लान लॉन्च किया है। कंपनी ने आज यहां जारी बयान में कहा कि यह नॉन-लिंक्ड, नॉन-पार्टिसिपेटिंग व्यक्तिगत प्योर रिस्क लाईफ इंश्योरेंस प्लान ग्राहकों को विस्तृत फाईनेंशल कवर देने और उन्हें जीवन की अप्रत्याशित घटनाओं: मृत्यु, बीमारी, और विकलांगता से सुरक्षा प्रदान करने के लिए डिज़ाईन किया गया है। इस प्लान में ग्राहकों को अनेक फायदे मिलते हैं। उन्हें मिलने वाले कवरेज से वो अपने जीवन के लक्ष्यों को पूरा कर सकते हैं, और दीर्घकाल में वित्तीय अनिश्चितताओं से अपना बचाव कर सकते हैं। प्लान के चार विकल्पों और तीन राईडर्स के साथ अवीवा सिग्नेचर 3डी टर्म प्लान एक बार में लंपसम या नियमित मासिक भुगतान पर लाईफ इंश्योरेंस कवरेज प्रदान करता है, जिसके साथ विभिन्न वर्गों के ग्राहकों को कई कस्टमाईज़ेशन के विकल्प भी मिलते हैं। इस प्लान के विकल्पों में 3डी प्योर टर्म, यह एक प्योर टर्म इंश्योरेंस पॉलिसी है, जो ग्राहक को आजीवन, यानि 99 साल की उम्र तक लाईफ कवर प्राप्त करने का विकल्प देती है। 3डी फैमिली प्लस में बीमित व्यक्ति की मृत्यु के बाद पहली मासिक वर्षगाँठ से 10 साल तक नियमित मासिक पेआउट (आरएमपी) के साथ एश्योर्ड बेस सम का 100 प्रतिशत भुगतान करके लाईफ कवरेज बढ़ाया जा सकता है। यह मासिक भुगतान 8 प्रतिशत प्रतिवर्ष के संचित ब्याज के साथ बढ़ता रहेगा। इस प्लान के अन्य ऑफरों में 3डी एक्सेलेरेटेड, जो इन-बिल्ट एक्सेलेरेटेड लाइलाज बीमारी के बेनेफिट्स के साथ आता है और 3डी ट्रॉप, जिसमें बीमित व्यक्ति के मैच्योरिटी तक जीवित रहने पर पॉलिसी के लिए दिया गया प्रीमियम उसे वापस कर दिया जाता है।

## दिवाली के आसपास पेट्रोल, डीजल की कीमतों में 3-5 रुपये की हो सकती है कटौती

**नई दिल्ली,** 6 सितंबर (एजेंसियां)। घरेलू एलपीजी की कीमतों में हालिया कटौती के बाद, केंद्र सरकार दिवाली के आसपास पेट्रोल, डीजल की कीमत में 3-5 रुपये प्रति लीटर की कटौती कर सकती है। कुछ राज्यों के चुनाव नवंबर-दिसंबर में होंगे, उससे पहले सरकार ये कदम उठा सकती है। जेएम फाइनेंशियल इंस्टीट्यूशनल सिक्योरिटीज ने एक रिपोर्ट में ये बात कही है।

पिछले हफ्ते, सरकार ने सभी 330 मिलियन उपभोक्ताओं के लिए घरेलू 14.2 किलोग्राम एलपीजी सिलेंडर की कीमत में 200 रुपये/सिलेंडर की कटौती की थी। इससे आम आदमी को महंगाई से काफी राहत मिली है। इससे तेल मार्केटिंग कंपनियों (ओएमसी) की आय जोखिम में आ सकती है, अगर ब्रेंट क्रूड की कीमत 85 डॉलर प्रति बैरल से ऊपर बनी रहती है तो। रिपोर्ट में कहा गया है



कि ओएमसी अगले कुछ महीनों में पेट्रोल/डीजल की कीमत में कटौती करने के लिए मजबूर हैं।

एलपीजी की कीमत में कटौती का बोझ सरकार उठाएगी; हालांकि, सरकारी मुआवजे में सामान्य अंतराल को देखते हुए इससे ओएमसी की कार्यशील पूंजी में वृद्धि हो सकती है। इसके अलावा, इस बात की भी काफी उम्मीद है कि सरकार दिवाली के आसपास पेट्रोल/डीजल की कीमत में 3-5 रुपये प्रति लीटर की कटौती कर सकती है। नवंबर-दिसंबर में कई राज्यों में चुनाव होंगे। रिपोर्ट में कहा गया है कि यह कटौती ज्यादातर उत्पाद शुल्क और/या वैट में कटौती के जरिए होगी, क्योंकि कच्चे तेल की मौजूदा ऊंची कीमत पर ओएमसी को नुकसान होगा। हालांकि, हम इस बात से इनकार नहीं कर सकते कि सरकार ओएमसी को पेट्रोल/डीजल की कीमतों में कटौती करने के लिए प्रेरित कर सकती है। रिपोर्ट में कहा गया है कि वित्त वर्ष 24 की पहली छमाही में संभावित मजबूत मुनाफे के कारण उनकी बैलेंस शीट काफी हद तक दुरुस्त हो गई है। हमारी गणना से पता चलता है कि ओएमसी ब्रेक-ईवन ब्रेंट कीमत (ऐतिहासिक जीएमएम अर्जित करने के लिए) 80 डॉलर प्रति बैरल से काफी कम है। कमजोर विपणन मार्जिन की कुछ हद तक भरपाई मार्जिन में उछाल से हो रही है।

## सार संक्षेप

### मस्क ने ट्विटर खरीदने के लिए स्पेसएक्स से 1 अरब डॉलर उधार लिए थे : रिपोर्ट

**सैन फ्रांसिस्को।** टेस्ला के सीईओ एलन मस्क ने कथित तौर पर पिछले साल अक्टूबर में अपनी अंतरिक्ष कंपनी स्पेसएक्स से 1 अरब डॉलर का उधार लिया था, उसी महीने उन्होंने 44 अरब डॉलर में ट्विटर का अधिग्रहण किया था। वॉल स्ट्रीट जर्नल के अनुसार, मस्क ने स्पेसएक्स से उस समय 1 अरब डॉलर का ऋण मांगा था, जब उन्होंने सोशल-मीडिया कंपनी जिसे पहले ट्विटर के नाम से जाना जाता था, का अधिग्रहण किया था। दस्तावेज़ों का हवाला देते हुए रिपोर्ट के अनुसार, स्पेसएक्स ने अक्टूबर में 1 बिलियन डॉलर के ऋण को मंजूरी दे दी और मस्क ने उसी महीने ये पैसे ले लिए। रिपोर्ट में कहा गया है, रॉकेट निर्माता ने पिछले कुछ सालों में कई मौकों पर एग्जीक्यूटिव मनी उधार दिया है। न तो स्पेसएक्स और न ही एक्स (पूर्व में ट्विटर) ने रिपोर्ट पर तुरंत प्रतिक्रिया दी। ट्विटर ने पिछले साल अप्रैल में पहली बार घोषणा की थी कि उसने मस्क के पूर्ण स्वामित्व वाली इकाई द्वारा लगभग 44 बिलियन डॉलर मूल्य के लेनदेन में 54.20 डॉलर प्रति शेयर नकद के अधिग्रहण के लिए एक निश्चित समझौता किया है। खरीद मूल्य 1 अप्रैल, 2022 को ट्विटर के समापन स्टॉक मूल्य के 38 प्रतिशत प्रीमियम का प्रतिनिधित्व करता है, जो मस्क द्वारा ट्विटर में अपनी लगभग 9 प्रतिशत हिस्सेदारी का खुलासा करने से पहले आखिरी कारोबारी दिन था।

### जाम्बिया ने कोंकोला तांबा खान चलाने का ठेका वापस वेदांता को दिया


**नई दिल्ली।** अफ्रीकी देश जाम्बिया ने वहां कोंकोला तांबा खान (केसीएम) का स्वामित्व और प्रबंधन अरबपति उद्यमी अनिल अग्रवाल के नेतृत्व वेदांता रिसोर्सेज लिमिटेड को वापस करने का फैसला लिया है। कंपनी ने बुधवार को यह घोषणा करते हुए कहा कि उच्च गुणवत्ता के ताम्र अयस्क की इस परियोजना में उसकी हिस्सेदारी 79 प्रतिशत से अधिक होगी। वेदांता रिसोर्सेज के चेयरमैन अनिल अग्रवाल ने कहा, मैं केसीएम में वेदांता को बहाल करने के जाम्बिया सरकार के फैसले का स्वागत करता हूं। हम 2004 से केसीएम के लिए प्रतिबद्ध हैं और मानते हैं कि यह हमारे पोर्टफोलियो में यह एक बेशकीमती संपत्ति है। श्री अग्रवाल ने इसके लिए वहां के राष्ट्रपति हाकैंडे हिचिलेमा के प्रति आभार व्यक्त किया है। वेदांता की एक विज्ञप्ति के अनुसार केसीएम की विश्व स्तरीय संपत्तियों में 160 लाख टन खनिज तांबे का भंडार है। वहां खनिज तांबा का ग्रेड 2.3 प्रतिशत बताया गया है जो वैश्विक औसत 0.4 प्रतिशत की तुलना में बहुत अच्छा है। वेदांता ने कहा कि जांबिया की यह परियोजना उसके ताबा कारोबार की आगे की रणनीति की रीढ़ बनेगी और यह कार्बन उत्सर्जन को कम करने में लगी दुनिया की ऊर्जा परिवर्तन आवश्यकताओं के लिए महत्वपूर्ण है। कंपनी ने कहा कि केसीएम में 79.4 प्रतिशत हिस्सेदारी के साथ वेदांता रिसोर्सेज लिमिटेड का वापस आना इस दिशा में भारत के लिए भी एक महत्वपूर्ण है।

## शेयर बाजार में चौथे दिन तेजी कायम

**मुंबई** 6 सितंबर (एजेंसियां)। वैश्विक स्तर के मिश्रित रूख के बीच घरेलू स्तर पर एफएमसीजी, टेलीकम्युनिकेशंस,तेल एवं गैस, सीडी और एनर्जी जैसे समूहों में हुयी लिवाली के बल पर आज लगातार चौथे दिन शेयर बाजार में तेजी बनी रही।

बीएसई का 30 शेयरों वाला संवेदी सूचकांक सेंसेक्स 100 अंकों की तेजी के साथ 65880.52 अंक पर और नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का निफ्टी 36 अंक उठकर 19611.05 अंक पर पहुंच गया। इस दौरान मझौली कंपनियों में जहां लिवाली देखी गयी वहीं छोटी कंपनियां मुनाफावसूली का शिकार हो गयी। इसके कारण बीएसई का मिडकैप 0.13 प्रतिशत बढ़कर 32122.06 अंक पर रहा जबकि स्मॉलकैप 0.04 प्रतिशत टूटकर 37948.61 अंक पर आ गया।

बीएसई में कुल 3791 कंपनियों में कारोबार हुआ जिसमें से 1953 बढ़त और 1682 गिरावट में रही जबकि 154 में कोई बदलाव नहीं हुआ। बीएसई में अधिकांश समूहों में तेजी जिसमें टेलीकम्युनिकेशंस में सबसे अधिक 1.69 प्रतिशत की बढ़त देखी गयी। एफएमसीजी 1.05 प्रतिशत, एनर्जी 0.67 प्रतिशत, तेल एवं गैस 0.81 प्रतिशत




और सीडी 0.89 प्रतिशत की बढ़त में रहा।

वैश्विक स्तर पर मिश्रित रूख देखा गया। ब्रिटेन का एफटीएसई 0.67 प्रतिशत, जर्मनी का डैक्स 0.29 प्रतिशत और हांगकांग का हैंगसेंग 0.04 प्रतिशत की गिरावट में रहा जबकि जापान का निक्केई 0.62 प्रतिशत और चीन का शंघाई कंपोजिट 0.12 प्रतिशत की बढ़त में रहा।

बीएसई का सेंसेक्स 36 अंकों की गिरावट लेकर 65744.19 अंक पर खुला। सत्र के दौरान यह 65488.03 अंक के निचले स्तर तक टूटा लेकिन लिवाली के बल पर यह 65971.13 अंक के उच्चतम स्तर तक भी चढ़ा। अंत में यह पिछले दिवस के 65780.26 अंक की तुलना में 100.26 अंक अर्थात 0.15 प्रतिशत बढ़कर 65880.52 अंक पर रहा। सेंसेक्स में शामिल कंपनियों में से 17 हरे निशान में जबकि 13 लाल निशान में रही।

एनएसई का निफ्टी सात अंकों की बढ़त के साथ 19581.20 अंक पर खुला। लिवाली के बल पर यह 19636.45 अंक के उच्चतम स्तर तक चढ़ा लेकिन इसी दौरान बिकवाली के कारण यह 19491.50 अंक के निचले स्तर तक टूटा भी। अंत में यह पिछले दिवस के 19574.90 अंक की तुलना में 36.15 अंक अर्थात 0.18 प्रतिशत बढ़कर 19611.05 अंक पर रहा। निफ्टी में शामिल कंपनियों में से 27 को नुकसान हुआ जबकि 24 बढ़त बनाने में सफल रही।

## भारत दाल, प्याज की बिक्री करेगा एचसीसीएफ

**नई दिल्ली,** 6 सितंबर (एजेंसियां)। केंद्रीय पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन, उपभोक्ता मामले, खाद्य एवं सार्वजनिक वितरण राज्य मंत्री अश्विनी कुमार चौबे ने बुधवार को कहा कि सरकार को-ऑपरेटिव कंज्यूमर्स फेडरेशन ऑफ़ इंडिया लिमिटेड (एचसीसीएफ) के माध्यम से प्याज 25 रुपये तथा दाल 60 रुपये



प्रति किलोग्राम के हिसाब से बेचेगी। श्री चौबे ने आज यहां से हौज खास स्थित नेशनल को-ऑपरेटिव कंज्यूमर्स फेडरेशन ऑफ़ इंडिया लिमिटेड के कार्यालय से 75 मोबाइल वैन को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इन मोबाइल वैनों के माध्यम से उपभोक्ताओं को किफायती दरों पर भारत दाल और प्याज उपलब्ध कराया जाएगा। यह वैन दिल्ली तथा राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र में चलेंगी। इस मौके पर उन्होंने कहा कि वैन का संचालन एचसीएफ द्वारा किया जा रहा है।

गौरतलब है कि कुछ दिनों पहले में टमाटर की कीमत आसमान छू रही थी, तो केंद्र सरकार ने टमाटर की बिक्री किफायती दरों पर की थी, जिसकी सफलता के बाद सरकार ने अब इस वैन को चलाने का निर्णय लिया है। उन्होंने

बताया कि एनसीसीएफ तथा नेफेड क्रमश 500-500 वैन चलाएंगे। इससे उपभोक्ताओं और किसानों को काफी लाभ मिलेगा। इन वैनों में मिलेट आदि की भी उपलब्धता होगी। साथ ही भविष्य में अन्य खाद्य सामग्रियां भी किफायती दरों

पर बिक्री के लिए उपलब्ध कराई जाएगी। वैन के माध्यम से मौजूदा समय मे प्याज 25 रुपये तथा दाल 60 रुपये प्रति किलोग्राम मिलेगा। इस मौके पर एचसीसीएफ के अध्यक्ष विशाल सिंह, उपभोक्ता मामले के सचिव रोहित कुमार सिंह , एनसीएफ की प्रबंध निदेशक एनसी जोसेफ चंद्रा उपस्थित रहे।

## जिंसो में टिकाव

**नई दिल्ली,** 6 सितंबर (एजेंसियां)। विदेशी बाजारों के मिलेजुले रुख के बीच स्थानीय स्तर पर उठाव सुस्त रहने से आज दिल्ली थोक जिंस बाजार में खाद्य तेलों सहित सभी जिंसों में टिकाव रहा।



**तेल-तिलहन :** वैश्विक स्तर पर मलेशिया के बुरसा मलेशिया डेरिवेटिव एक्सचेंज में सितंबर का पाम ऑयल वायदा 35 रिंगिट फिसलकर 3875 रिंगिट प्रति टन पर आ गया। वहीं, सितंबर का अमेरिकी सोया तेल वायदा 0.10 सेंट की तेजी लेकर 63.57 सेंट प्रति पौंड बोला गया। इस दौरान घरेलू बाजार में खाद्य तेलों में टिकाव रहा। सरसों तेल, मूंगफली तेल, सूरजमुखी तेल, सोया रिफाइंड, पाम ऑयल और वनस्पति तेल के भाव में कोई बदलाव नहीं हुआ।

**गुड़-चीनी :** मीठे के बाजार में स्थिरता रही। इस दौरान चीनी और गुड़ के भाव पुराने स्तर पर पड़े रहे।

**दाल-दलहन :** दाल-दलहन बाजार में टिकाव रहा। इस दौरान चना, दाल चना , मसूर दाल , मूंग दाल और उड़द दाल, अरहर दाल के दाम टिके रहे।

**अनाज :** अनाज मंडी में भाव स्थिर रहे। इस दौरान गेहूं और चावल के भाव पुराने स्तर पर पड़े रहे।

**दाल-दलहन :** चना 6550-6650, दाल चना 7550-7650, मसूर काली 8075-8175, मूंग दाल 9400-9500, उड़द दाल 11700-11800, अरहर दाल 10500-10600 रुपये प्रति क्विंटल रहे।

## फीचर फोन में डिजिटल रुपी ऐप लाने की पहल

नई दिल्ली, 6 सितंबर (एजेंसियां)। आइडेंटिटी टेक्नोलॉजीज और बायोमीट्रिक सॉल्यूशंस कंपनी आइडेमिया ने भारत में ऑफलाइन सीबीडीसी (सेंट्रल बैंक डिजिटल करेंसी) भुगतान की पहुंच बढ़ाने के लिए एयरटेल पेमेंट्स बैंक और एचएमडी ग्लोबल (नोकिया फोन्स) के साथ हाथ मिलाया है जिसका उद्देश्य फीचर फोन में डिजिटल रूपी ऐप लाना है। कंपनी ने आज यहां जारी बयान में कहा कि ये तीनों कंपनियां अगले कुछ महीनों में एक उन्नत ऑफलाइन भुगतान प्रणाली शुरू करने के लिए मिलकर काम करेंगी जिससे फीजर फोन पर डिजिटल रुपया (भारतीय रिजर्व बैंक द्वारा जारी सीबीडीसी) के उपयोग की सुविधा मिलेगी और वित्तीय समावेश को प्रोत्साहन मिलेगा। इस उद्योग में पहली बार एक एप्लीकेशन इंटरफेस के जरिए फीचर फोन पर सीबीडीसी भुगतान लाने का प्रयास किया जा रहा है। आइडेमिया का सिक्योर ऑफलाइन सीबीडीसी पेमेंट सॉल्यूशन पहले से ही कई उपकरणों जैसे स्मार्टफोन, बायोमीट्रिक कार्ड और प्लास्टिक कार्ड के साथ काम करता है। भारत में, आधे से अधिक आबादी के लिए स्मार्टफोन तक पहुंच अभी दूर की कौड़ी है। इस प्रयास के तहत डिजिटल लेनदेन से जुड़ी बाधाओं को दूर



किया जा रहा है जिससे व्यापक स्तर पर उपभोक्ताओं खासकर सीमित संपर्क वाले क्षेत्रों में इसे सुगम बनाया जा सके। इस गठबंधन के तहत आइडेमिया की टेक्नोलॉजी, ऑनलाइन सत्यापन की जरूरत के बगैर त्वरित और सुरक्षित लेनदेन सुनिश्चित करने के लिए एक ऑफलाइन लेयर की पेशकश करेगी। यह भारत में डिजिटल रुपया के साथ काम करेगी और एक केंद्रीय बैंक या स्वतंत्र सॉफ्टवेयर वेंडरों द्वारा विकसित किसी अन्य सॉल्यूशन, केंद्रीयकृत या विकेंद्रीयकृत, टोकन या एकाउंट आधारित सॉल्यूशन के साथ काम करेगी।

आज की घोषणा ने वित्तीय समावेश को और बढ़ाने के लिए सभी तीनों संगठनों को आइडेमिया की सीबीडीसी टेक्नोलॉजी के साथ ला दिया है जिसमें एयरटेल पेमेंट्स बैंक का वित्तीय सॉल्यूशन और नोकिया फीचर फोन शामिल हैं। एक बार यह सॉल्यूशन वाणिज्यिक तौर पर उपलब्ध होने पर यूजर्स किफायती फीचर फोन का उपयोग कर भुगतान कर सकेंगे और इस तरह से एक बड़ी आबादी तक ऑफलाइन भुगतान की सुविधा सुलभ होगी। एचएमडी ग्लोबल के उपाध्यक्ष (भारत एवं एपीएसी) रवि कुंवर ने कहा, अगले कुछ महीनों में इसके वाणिज्यिक तौर पर लांच होने पर भारत में नोकिया फीचर फोन के यूजर्स डिजिटल रुपया तक पहुंच स्थापित करने में समर्थ होंगे। इस गठबंधन से नोकिया फीचर फोन के यूजर्स इस नवीनतम प्रौद्योगिकी के साथ सशक्त होंगे और सभी के लिए समावेशी डिजिटल अर्थव्यवस्था के सरकार के विजन को मजबूती मिलेगी। भारत में डिजिटल भुगतान को आगे बढ़ाने की यात्रा के तहत आइडेमिया, नोकिया फीचर फोन और एयरटेल पेमेंट्स बैंक ऑफलाइन भुगतान के जरिए वित्तीय समावेश की संभावनाओं का दोहन करने के लिए संकल्पबद्ध हैं जिससे डिजिटल रुपया हर किसी के लिए कहीं भी और कभी भी उपलब्ध हो सके।

# शिक्षक दिवस पर सैकड़ों बाइक रैली के साथ विधायक चन्द्रदेव राय का ऐतिहासिक स्वागत



**भटगांव/बलौदाबाजार,** 6 सितंबर (देशबन्धु)। शिक्षा विभाग द्वारा शिक्षक सम्मान समारोह का आयोजन विधायक व संसदीय सचिव चन्द्रदेव राय के मुख्य आतिथ्य मे मंडी प्रांगण भटगांव मे आयोजित हुआ। जिसमे विकासखंड बिलाईगढ़ के उल्लेखनीय कार्य करने वाले शिक्षको को शाल श्रीफल प्रशस्ति पत्र देकर सम्मान किया गया। वही सेवा निवृत्त शिक्षको को भी सम्मानित किया गया। ज्ञात हो कि इस कार्यक्रम मे समस्त विकासखंड के शिक्षक व शिक्षिकाएं भारी संख्या मे उपस्थित रहे।

उक्त शिक्षक सम्मान समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में बिलाईगढ़ विधायक एवं संसदीय सचिव चंद्रदेव राय के भटगांव आगमन पर प्रगति नगर मे सैकड़ों बाईक रैली के साथ कांग्रेस के युवा कार्यकर्ता जब भटगांव थाना के पास पहुंचे तब विधायक चंद्रदेव राय के अगवानी के लिए नगर पंचायत भटगांव के अध्यक्ष नर्मदा अमित कौशिक के नेतृत्व मे नगर के सभी पार्षद गण एवं एल्डरमेन के साथ सैकड़ों कार्यकर्ता रैली मे पहुंच कर स्वागत किये। वही विधायक के साथ खुली गाड़ी मे नगर पंचायत अध्यक्ष नर्मदा अमित कौशिक भी गाड़ी मे विधायक के साथ सवार होकर नगर भटगांव के लोगो का अभिवादन करते नजर आये। विधायक चन्द्रदेव राय का आतिशि स्वागत किया। इस दौरान विधायक चन्द्रदेव राय लोगो का अभिवादन करते नजर आये। वही कार्यक्रम मे पहुंचे गुरूजनो ने एवं शिक्षा विभाग के अधिकारियों ने भी गुरू जी रह चुके विधायक चन्द्रदेव राय का जोरदार स्वागत किये। कार्यक्रम के दौरान विधायक व संसदीय सचिव चंद्रदेव राय ने सभी गुरूजनो को प्रणाम करते हुए कहा कि शिक्षक राष्ट्र के निर्माता होता है एवं देश मे जिम्मेदार और अच्छे नागरिक के निर्माण के लिए शिक्षको का योगदान अतुलनीय होता है।

उल्लेखनीय है कि आगामी विधानसभा चुनाव को देखते हुए कांग्रेस पार्टी में एक जुटता दिखाकर सैकड़ों बाईक व चारपहिया वाहनों की काफिला रैली निकाला जो कई मायनों को जन्म देता है।

# राज्य स्तरीय क्रीड़ा प्रतियोगिता में अपना जौहर दिखाएंगे गरियाबंद के आठ खिलाड़ी



**गरियाबंद,** 6 सितंबर (देशबन्धु)। शिक्षा विभाग छत्तीसगढ़ द्वारा 23 वाँ शालेय राज्य स्तरीय क्रीड़ा प्रतियोगिता का आयोजन महासमुंद 7 से 10 सितंबर तक किया जा रहा है। प्रतियोगिता में जिले के आठ खिलाड़ी वॉलीबाल खेल में अपना जौहर दिखाएंगे। इसके अलावा यहां हैंडबॉल, कब्बड़ी तथा खो खो खेल खेल भी सम्मिलित है। कोच संजीव साहू ने बताया कि गरियाबंद प्रतियोगिता में गांधी मैदान वॉलीबॉल ट्रेनिंग सेंटर मे प्रशिक्षण ले रही जिले की उत्कृष्ठ खिलाड़ी स्ताशा पवार, धारणा यादव, यासिका साहू का चयन हुआ है। ये पिछले साल बेस्ट टीम के सदस्य रहे है। वही बालक में कृतेश कश्यप, रुद्रराज फुलझेल, पवन रामटेके, कासिर अली, निखिल गडिया का चयन हुआ हैं। कृतेश कश्यप को रजत पदक मिल चुका है।

**महासमुंद में 7 से 10 सितंबर तक हैं आयोजित**

मालूम हो कि इनकी इस सफलता के पीछे कड़ी मेहनत, लगन और लक्ष्य के साथ साथ गांधी मैदान गरियाबंद वॉलीबॉल ट्रेनिंग सेंटर के प्रशिक्षक संजीव साहू नगर खेल द्रोणाचार्य से सम्मानित एवम अंतर्राष्ट्रीय खिलाड़ी सूरज राव महाडिक की भूमिका सबसे ज्यादा महत्वपूर्ण है। जो दिन रात कठोर तपस्या कर मिट्टी को सोना में बदल देते हैं। इन आठ राज्यस्तरीय वॉलीबॉल प्रतियोगिता के लिए चयनित खिलाड़ियों को खेल जुड़े नगर के गणमान्य नागरिकगणो ने उज्जवल भविष्य के लिए ढेर सारी शुभ कामनाएं दी। जिनमे नगर पालिका अध्यक्ष गफ्फार (गफ्फू) मेमन, सुरेंद्र सोनटेके, मनोज खरे, अजय दासवानी, प्रकाश रोहरा, संदीप सरकार, प्रह्लाद ठाकुर, आशिफ मेमन, राजेश साहू, मनोज कंवर, (टिंकू) विनय दासवानी, रितिक सिन्हा, मुकेश पाण्डेय, दीप सिन्हा, भावेश सिन्हा, लच्छी यादव, रवि यादव, रमन साहू, जीतू सेन, फुटबाल प्रशिक्षक महेंद्र यादव आकाश तिवारी सम्मिलित हैं।

## नि :शुल्क आयुष स्वास्थ्य शिविर 9 को

**बलौदाबाजार,** 6 सितंबर (देशबन्धु)। जिला आयुष विभाग अंतर्गत शासकीय आयुर्वेद औषधालय डमरू द्वारा विकासखण्ड स्तरीय एक दिवसीय प्रथम आयुष शिविर का आयोजन 9 सितम्बर को शासकीय प्राथमिक शाला रसेड़ी (सोनाडीह) में सुबह 10 बजे से शाम 4 बजे तक किया जायेगा।

उक्त शिविर में बार-बार सर्दी, खांसी होना, नये पुराने रोग वातरोग, उदररोग, अर्श, बवासीर, भगंदर, श्वासरोग, स्त्रीरोग, चर्मरोग, लकवा, पीलियां, पुराने टायफाईट झिनझिनी वातरोग गैस्टींग भूख न लगना, बाल झड़ना एवं पकना नींद नहीं आना आदि बीमारियों का आयुर्वेदिक चिकित्सा पध्दति द्वारा दिनचर्या, ऋतुचर्या, रात्रिचर्या योग व आसन आदि का पालन करके सेहत को बेहतर बनाने हेतु तथा विभिन्न नये व पुराने सभी बिमारियों की चिकित्सा हेतु नि:शुल्क चिकित्सा निदान परामर्श एवं औषधि वितरण की जायेगी।


## न्यायालय तहसीलदार बलौदाबाजार जिला बलौदाबाजार-भाटापारा (छ.ग.)
### ईश्तहार

रा.प्र.कं. 202304210900006
अ/20 (1) वर्ष 2022-23
ग्राम बलौदाबाजार प.ह.नं. 15

सर्व साधारण जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदक देवेन्द्र कुमार पिता स्व. बुधराम मिश्रा अन्य 08 निवासी ग्राम रिसदा तहसील बलौदाबाजार जिला बलौदाबाजार भाटापारा छ.ग. द्वारा बलौदाबाजार स्थित नजूल भूमि शीट नं. 14 सी प्लाट नं. 7/2, 7/4, 11/8 क्षेत्रफल 4840, 1300, 550 वर्गफीट कुल क्षेत्रफल 6690 वर्गफीट भूमि भू-भाटक 95.07 रूपये जो कि आवेदकगण के नाम पर नजूल अभिलेख में दर्ज है। लीज/पट्टा अवधि दिनांक 31.03.1995 को समाप्त होने के कारण नवीनीकरण किये जाने हेतु शपथ पत्र एवं मेंटनेंस खसरा की छायाप्रति सहित आवेदन पत्र श्रीमान कलेक्टर (नजूल) जिल बलौदाबाजार भाटापारा छ.ग. को प्रेषित आवेदन पत्र नजूल अधिकारी (रा.) बलौदाबाजार के माध्यम से अग्रिम कार्यवाही हेतु प्राप्त हुआ है। जो इस न्यायालय में प्रकरण विचाराधीन है।

उक्त भूमि का नवीनीकरण किये जाने से जिस किसी व्यक्ति या संस्था को दावा आपत्ति करना हो तो स्वयं अथवा किसी अधिवक्ता के माध्यम से पेशी दिनांक 11.09.2023 तक प्रस्तुत कर सकते है। नियत तिथि के बाद दावा आपत्ति पर विचार नही किया जावेगा।

यह उद्घोषणा आज दिनांक 28.08.2023 को मेरे हस्ताक्षर तथा न्यायालय के मुहर से जारी किया गया।

सील — तहसीलदार बलौदाबाजार

## NAME CHANGE

It is informed to the general public that I, MUHAMMED WAJID AKHTAR S/O MOHAMMAD BASHIR resident of H.No. 382, Behind Masjid, Gazi Nagar, Birgaon, Raipur (Chhattisgarh)-493221 have changed my old name MUHAMMED WAJID AKHTAR S/O MOHAMMAD BASHIR, so in future I should be recognized by my new name that is MOHAMMED WAJID AKHTAR S/O MOHAMMAD BASHIR, in all Government and other documents.

**MOHAMMED WAJID AKHTAR**
**H.No. 382, Behind Masjid, Gazi Nagar, Birgaon, Raipur (Chhattisgarh)-493221**

## कार्यालय, कार्यपालन अभियंता, ग्रामीण यांत्रिकी सेवा संभाग बालोद
Phone No. :- 07749-222370, Email Id :- ee-res.balod@gov.in

### (E-Tender) सूचना प्रथम बार

क्रमांक/36/व.ले.लि./ग्रा. यां.से./2023-24 — बालोद, दिनांक 05.09.2023

छत्तीसगढ़ के राज्यपाल के ओर से एकीकृत पंजीयन प्रणाली के अंतर्गत लोक निर्माण विभाग में 'डी' -वर्ग एवं उच्च श्रेणी में ठेकेदारों पंजीकृत ठेकेदारों से प्रपत्र- 'अ' पर दर्शित कार्य हेतु प्रतिशत दर प्राप्त करने ऑनलाईन ई-निविदा दिनांक .20.09.2023 तक आमंत्रित की जाती है ।

| क्र. | कार्य का नाम | ठेके की कार्य अनुमानित लागत लाख रु. में | धरोहर राशि रू. में |
|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 |
| 1 | फिकल स्लज ट्रीटमेंट प्लांट 03 कि.ली./दिन ग्राम पंचायत सांकरा क विकासखण्ड बालोद टेण्डर न. 144487 | 31.27 | 23500/- |

उपरोक्त कार्य की निविदा की सामान्य शर्ते, धरोहर राशि, विस्तृत निविदा, निविदा दस्तावेज व अन्य जानकारी ई-प्रोक्योरमेंट वेब पोर्टल https://eproc.cgstate.gov.in में दिनांक 05.09.2023 से देखी जा सकती है।

कार्यपालन अभियंता
ग्रामीण यांत्रिकी सेवा संभाग
बालोद, जिला-बालोद (छ.ग.)

जी-05021

## संचालनालय पुरातत्व अभिलेखागार एवं संग्रहालय रायपुर- छत्तीसगढ़
दूरभाष 0771-2537404, टेलीफैक्स 0771-2234731
ई-मेल-deptt_culture@yahoo.co.in वेब साइट www.cgculture.in

क्रंमांक 1054/अनु./स.पु./2023 — रायपुर, दिनांक 28/08/2023

### मैनुअल पद्धति निविदा सूचना

एकीकृत पंजीयन प्रणाली अंतर्गत सक्षम श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों से निम्नलिखित निर्माण कार्य हेतु मैनुअल निविदा आमंत्रित की जाती है-

| कार्य का विवरण | अनुमानित लागत (रूपए लाख में) | निविदा प्रपत्र प्राप्त करने की अंतिम तिथि |
|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 |
| राज्य संरक्षित स्मारक आनंदप्रभ कुटी विहार सिरपुर जिला-महासमुंद में पत्थरों से बाउण्ड्रीवाल ग्रील निर्माण कार्य। | 9.376 | 21.09.2023 |

निविदा के सामान्य शर्ते विस्तृत निविदा विज्ञप्ति एवं निविदा दस्तावेज व अन्य जानकारी कार्यालयीन अवधि में कार्यालय में उपस्थित होकर दिनांक 28.08.2023 से देखी जा सकती है। (विभाग के वेबसाईट में प्रसारित करने हेतु)

संचालक
पुरातत्व अभि.एवं संग्रहालय

जी-05050

## कोरबा (छ.ग.) - कार्यालय कृषि उपज मण्डी समिति कटघोरा, जिला
krishiupajmandi@gmail.com

क्रं./मण्डी/निर्माण/2023-24/373 — कटघोरा, दिनांक 06.09.2023

### निविदा आमंत्रण सूचना

लोक निर्माण विभाग छत्तीसगढ़ में एकीकृत पंजीयन प्रणाली अन्तर्गत सक्षम श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों से निम्नांकित कार्य हेतु प्रपत्र 'ए' (तीन लिफाफा पद्धति) में निविदा आमंत्रित की जाती है-

1. निविदा प्रपत्र कय करने के लिए कार्यालय में आवेदन प्रस्तुत करने का अंतिम दिनांक 12.09.2023
2. निविदा प्रपत्र का शुल्क नगद जमा कर निविदा प्रपत्र प्राप्त करने का दिनांक - 13.09.2023
3. निविदाएं रजिस्टर्ड / स्पीड पोस्ट से कार्यालय में प्राप्त करने का दिनांक 19.09.2023
4. निविदा खोलने का दिनांक 21.09.2023

| क्रं. | कार्य का नाम | कार्य स्थल प्रथमिक सेवा सहकारी समिति | अनुमानित लागत (लाख रू. में) | बयाने की राशि रू. (एफ.डी. आर. में) | ठेकेदार की श्रेणी | कार्य अवधि | निविदा प्रपत्र का मूल्य | लागू दर अनुसूची |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | किसान कुटीर निर्माण कार्य | लाफा | 13.59 लाख | 11000 | डी एवं उच्च | 3 माह | 1000 | लोक निर्माण विभाग भवन कार्य दिनांक 01.01.2015 से प्रभावित एस.ओ.आर. एवं निविदा जारी दिनांक तक संशोधित |
| 2 | किसान कुटीर निर्माण कार्य | पाली | 13.59 लाख | 11000 | डी एवं उच्च | 3 माह | 1000 | |
| 3 | किसान कुटीर निर्माण कार्य | मुढ़ाली | 13.59 लाख | 11000 | डी एवं उच्च | 3 माह | 1000 | |
| 4 | किसान कुटीर निर्माण कार्य | चैतमा | 13.59 लाख | 11000 | डी एवं उच्च | 3 माह | 1000 | |
| 5 | किसान कुटीर निर्माण कार्य | नुनेरा | 13.59 लाख | 11000 | डी एवं उच्च | 3 माह | 1000 | |
| 6 | किसान कुटीर निर्माण कार्य | नोनबिर्रा | 13.59 लाख | 11000 | डी एवं उच्च | 3 माह | 1000 | |
| 7 | किसान कुटीर निर्माण कार्य | पोडी (पाली) | 13.59 लाख | 11000 | डी एवं उच्च | 3 माह | 1000 | |
| 8 | किसान कुटीर निर्माण कार्य | छपराहीपारा (रामपुर) | 13.59 लाख | 11000 | डी एवं उच्च | 3 माह | 1000 | |
| 9 | किसान कुटीर निर्माण कार्य | निरधि | 13.59 लाख | 11000 | डी एवं उच्च | 3 माह | 1000 | |

उपरोक्त कार्य हेतु निविदा की सामान्य शर्ते एवं अन्य जानकारियां कार्यालयीन अवधि में कार्यालय से प्राप्त / देखे जा सकते है, जो कि निविदा अनुबंध का अनिवार्य भाग होगा।

अध्यक्ष, कृषि उपज मण्डी समिति कटघोरा, जिला कोरबा (छ.ग.) — सचिव, कृषि उपज मण्डी समिति कटघोरा, जिला कोरबा (छ.ग.)

संवाद-38382

## न्यायालय तहसीलदार बलौदाबाजार जिला बलौदाबाजार-भाटापारा (छ.ग.)
### ईश्तहार

रा.प्र.कं. 202306210300076 अ/59 वर्ष 2022-23
ग्राम सकरी प.ह.नं. 19

सर्व साधारण जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदक सहायक यंत्री (उप संभाग) बलौदाबाजार तहसील बलौदाबाजार जिला बलौदाबाजार भाटापारा छ.ग. द्वारा सकरी स्थित भूमि ख.नं. 1154/1 रकबा 11.560 हे. भूमि में से 0.809 हे. भूमि को ग्राम सकरी में 33/11 के.व्ही. उप केन्द्र निर्माण हेतु पंचायत प्रस्ताव सहित आवेदन प्रस्तुत किये जाने पर जांच प्रतिवेदन हेतु प्राप्त होने पर इस न्यायालय में विचाराधीन है।

उक्त भूमि को सहायक यंत्री (उप संभाग) बलौदाबाजार को आबंटन किये जाने से जिस किसी व्यक्ति या संस्था को दावा आपत्ति करना हो तो स्वयं अथवा किसी अधिवक्ता के माध्यम से पेशी दिनांक 15.09.2023 तक प्रस्तुत कर सकते है। नियत तिथि के बाद दावा आपत्ति पर विचार नही किया जावेगा।

यह उद्धोषणा आज दिनांक 18.08.2023 को मेरे हस्ताक्षर तथा न्यायालय के मुहर से जारी किया गया।

सील — तहसीलदार बलौदाबाजार

## न्यायालय तहसीलदार छुईखदान के न्यायालय में मामला
### मामले की श्रेणी-राजस्व
### ईश्तहार

क्रमांक: 202308290800053
विषय-ब-121 सन-2022-2023
कुटेलीकला प.ह.नं. 00022
पक्षकारों का विवरण-आवेदक पक्षकार संतोषी, अनावेदक पक्षकार-

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदिका संतोषी पिता बुधारू जाति लोधी निवासी अमलीपारा तहसील खैरागढ़ के द्वारा ग्राम कुटेलीकला प.ह.नं. 22 तहसील छुईखदान स्थित शामिलात खाते की भूमि कुल खसरा नम्बर 03 कुल रकबा 0.121 हे. भूमि का मूल भू-अधिकार एवं ऋण पुस्तिका गुम होने से भू-अधिकार एवं ऋण पुस्तिका की द्वितीय प्रति हेतु आवेदन प्रस्तुत किया गया है।

अतएव उक्त संबंध में किसी भी व्यक्ति को कोई दावा-आपत्ति हो तो नियत: पेशी दिनांक 14-09-2023 को या पूर्व इस न्यायालय में स्वयं उपस्थित होकर अथवा अधिवक्ता के माध्यम से अपना दावा-आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है, तिथि समाप्त पश्चात प्राप्त दावा-आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जायेगा।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 25/08/2023 को जारी किया जाता है।

मुहर — तहसीलदार छुईखदान

## न्यायालय तहसीलदार अभनपुर जिला रायपुर (छ.ग.)
### ईश्तहार

ग्राम अभनपुर
रा.प्र.क्र. 202308111100071/ अ/6अ वर्ष 2022-2023

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक श्री सूरज देशमुख पिता श्री नामदेव देशमुख निवासी उरला तहसील अभनपुर जिला रायपुर (छ.ग.) के द्वारा ग्राम अभनपुर पटवारी हल्का नंबर 21 तहसील अभनपुर स्थित भूमि ख.नं. 1078/2 का भाग रकबा 0.025 हे. भूमि पंजीकृत बैनामा से क्रय किया गया है। नामांतरण पश्चात आवेदक के नाम पर राजस्व अभिलेख में दर्ज किया गया, किन्तु वर्तमान राजस्व अभिलेख में उक्त भूमि ख.नं. 1078/4 रकबा 0.025 हे. भूमि आवेदक के नाम पर दर्ज है, जिसे ऑनलाईन अभिलेख में दर्ज किये हेतु अनुविभागीय अधिकारी रा. अभनपुर के समक्ष आवेदक पत्र प्रस्तुत किया गया है। जो जांच प्रतिवेदन हेतु इस न्यायालय को प्राप्त हुआ है। तत्संबंध में प्रकरण इस न्यायालय में विचाराधीन है।

उक्त संबंध में जिस किसी व्यक्ति/संस्था/समूह को कोई दावा आपत्ति हो तो वे अपना दावा आपत्ति आवेदन इस न्यायालय में नियत पेशी तारीख 20/09/2023 तक न्यायालयीन समय में स्वत: अथवा अपने वैध अभिभाषक के माध्यम से उपस्थित होकर पेश कर सकते है, नियत तारीख के बाद प्राप्त आपत्ति आवेदन पर विचार नहीं किया जायेगा ।

मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पद मुद्रा से आज दिनांक 05/09/2023 को जारी किया गया।

मुहर — तहसीलदार अभनपुर

## न्यायालय तहसीलदार आरंग जिला रायपुर (छ.ग.)
### ईश्तहार

रा.प्र.क्र..........अ /6 अ वर्ष 2022-2023
आरंग, दिनांक ...........
ग्राम आरंग, प.ह.नं. 29

एतद द्वारा सर्वसाधारण एवं ग्रामवासियों को सूचित किया जाता है कि आवेदक हेमलाल लोधी पिता स्व. पवन लोधी निवासी लोधी पारा आरंग, तहसील आरंग, जिला रायपुर छ. ग. द्वारा छ.ग.भू.रा.सं. 1959 की धारा 115 व 116 के आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है कि आवेदक के दादा रंगू पिता रतन के नाम पर मौजा आरंग प.ह.नं. 29 रा.नि.मं. आरंग स्थित खसरा नं. 3081 रकबा 0.024 हे. राजस्व अभिलेखों में एकल स्वामित्व के रूप मे दर्ज चला आ रहा है। खातेदार रंगू पिता रतन की मृत्यु दिनांक 17.06.2002 को हो चुका है तथा खातेदार के मृत्यु पश्चात प्रश्नाधीन खसरा नंबर की भूमि आवेदक आधिपत्य एवं कब्जे में है। खातेदार का फौती नामांतरण की कार्यवाही किया जाना शेष है। प्रश्नाधीन भूमि खसरा नं. 3081 रकबा 0.024 हे. भूमि ऑनलाईन में अनावेदक सुरेश कुमार के नाम पर प्रदर्शित हो रहा है। इस कारण से आवेदक को शासकीय अर्द्धशासकीय कार्यों में परेशानी हो रही है। और भविष्य में भी परेशानियों का सामना करना पड़ेगा आवेदक द्वारा आवेदित खसरा नं. 3081 रकबा 0.024 हे. की भूमि का ऑनलाईन रिकार्ड में दर्ज अनावेदक सुरेश कुमार का नाम विलोपित कर खातेदार दादा रंगू पिता रतन के नाम पर दर्ज किये जाने का निवेदन किया गया है। अनुविभागीय अधिकारी (रा.) आरंग के माध्यम से जॉच प्रतिवेदन हेतु इस न्यायालय को प्राप्त हुआ है।

अतएव उक्त संबंध में जिस किसी व्यक्ति या संस्था को दावा /आपत्ति हो तो स्वयं उपस्थित होकर या अपने अभिभाषक के माध्यम से न्यायालयीन समय में उपस्थित होकर इस न्यायलय में दिनांक 08.09.2023 तक प्रस्तुत कर सकते है। नियत अवधि के बाद प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जायेगा।

आज दिनांक 18.08.23 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालयीन मुद्रा से जारी किया गया।

मुहर — तहसीलदार आरंग

## न्यायालय तहसीलदार आरंग
### मामले की श्रेणी-राजस्व
### ईश्तहार

संदर्भ:- जिला-रायपुर तहसील-आरंग प.ह.नं. 00024 गुल्लू ग्राम के नामांतरण पंजी में पंजीबद्ध प्रकरण क्रमांक आरडी-202223440214500008

तहसील आरंग के प.ह.नं. 00024 के अंतर्गत ग्राम गुल्लू के वर्तमान भूमिस्वामी उषा साहू पिता/पति धनवार पता-सा देह दीनदयाल, दिलेश्वर, मोती लाल, पुष्पा, शैलचाई पिता/पति सुकालू पता-सा देह के द्वारा धारित भूमि खसरा क्रमांक 2790/1(0.3700), 1165/1(0.2400), 1968(0.0700), 218/1 (0.4100), 749/1 (1.0400), 425/1(0.3500), 1967/4 (0.0200) में प्रस्तावित भूमिस्वामी/ता उपा साहू पिता/पति धनवार, पता-सा देह, दिलेश्वर, मोती लाल, पुष्पा, शैलबाई पिता/पति-सुकान पता- निवासी ग्राम गुल्लू, तहसील आरंग, जिला रायपुर छ.ग. के नाम पर पंजीयन / फौती होने के उपरांत नामांतरण / अभिलेख दुरुस्ती / खाता विभाजन के लिए प्रकरण अधोहस्ताक्षरकर्ता के न्यायालय में पंजी विचाराधीन है। इस प्रकरण की सुनवाई दिनांक 20/09/2023 को समय सुबह 11 बजे स्थान न्यायालय न्यायालय तहसीलदार, आरंग पर की जायेगी।

उपरोक्त के संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति/संस्था को कोई दावा आपति हो तो इस्तहार प्रकाशन उपरांत प्रकरण की आगामी सुनवाई के पूर्व या सुनवाई के समय अपना दावा आपति स्वयं / अधियता / आममुख्त्यार के माध्यम से पेश कर सकते हैं। प्रकरण के सुनवाई के लिए निर्धारित तिथि के उपरांत प्राप्त दावा आपति पर कोई विचार नहीं किया आयेगा।

यह इश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 28/08/2023 को जारी किया जाता है।

मुहर — तहसीलदार आरंग

## कार्यालय नगर पंचायत अभनपुर, जिला - रायपुर (छ.ग.)
Phone No./Fax -2071-277480 Email-cmoabhanpur@gmail.com

क्रमाक/1053/न.प./लो.नि.वि./2023 — अभनपुर, दिनांक 06/09/2023

### मैनुअल पद्धति निविदा सूचना

नगर पंचायत अभनपुर क्षेत्रान्तर्गत निम्नांकित कार्यों हेतु लोक निर्माण विभाग में यूनिफाईड ई रजिस्ट्रेशन-उचित श्रेणी में पंजीकृत सप्लायर/विक्रेता से वित्तीय वर्ष 2023-24 हेतु विविध मद अतर्गत निम्न समस्त संसाधनों के साथ व आईटम दरों पर कम/अधिक या समान दरों पर प्रपत्र 'बी' में तीन लिफाफा पद्धति से शासकीय पंजीकृत डाक/स्पीड पोस्ट के माध्यम से निविदा आमंत्रित की जाती है। समयावधि पश्चात प्राप्त निविदाओं पर विचार नहीं किया जायेगा।

1. निविदा जारी करने की तिथि — दिनांक 06.09.2023
2. निविदा प्रपत्र प्राप्ति की अंतिम तिथि — दिनांक 19.09.2023 समय 3.00 बजे तक
3. निविदा प्रपत्र जमा करने की अंतिम तिथि — दिनांक 26.09.2023 समय 3.00 बजे तक
4. निविदा प्रपत्र खोलने की तिथि — दिनांक 26.09.2023 समय 4.00 बजे

| क्रं. | कार्य का नाम | अनुमानित लागत राशि (लाख में) | अमानत राशि |
|---|---|---|---|
| 1 | VT PUMP, 30KV/40H.P. 4 PULE CVD | 12.50 | 9500 |

उपरोक्त निर्माण कार्यों की निविदा की सामान्य शर्ते, धरोहर राशि, विस्तृत निविदा विज्ञप्ति, निविदा दस्तावेज व अन्य जानकारी कार्यालयीन अवधि में कार्यालय से प्राप्त की जा सकती है । साथ ही उपरोक्त कार्यों की विस्तृत जानकारी विभाग की वेबसाईट www.uad.cg.gov.in पर भी देखी जा सकती है ।

मुख्य नगरपालिका अधिकारी
नगर पंचायत अमनपुर अभनपुर

## कार्यालय कार्यपालन अभियंता, जल प्रबंध संभाग क्र.-1, रायपुर, (छ.ग.)

### निविदा निरस्तीकरण आदेश

इस कार्यालय के निविदा आमंत्रण सूचना क्रमांक 14/व.ले.लि./2023-24 दिनांक 07.08.2023 सिस्टम निविदा क्र. 142676 द्वारा 'रायपुर जिले के विकासखण्ड धरसींवा के केन्द्रीय जल आयोग कार्यालय शंकर नगर रायपुर के तथा मुख्य अभियंता कार्यालय का जीर्णोद्वार एवं उन्नयन कार्य' (द्वितीय आमंत्रण) राशि रू. 383.63 लाख की निविदा आमंत्रित की गयी थी, संबंधित निविदा में किसी भी निविदाकार द्वारा निविदा में भाग न लेने के कारण पुन: निविदा आमंत्रित करने की कार्यवाही किया जायेगा।

अत: आमंत्रित निविदा सिस्टम क्रमांक 142676 निविदा सूचना क्रमांक 14/व.ले.लि./2023-24 दिनांक 07.08.2023 (G- No 04174 Dated 10.08.2023) को एतद् द्वारा निरस्त की जाती हैं।

सहपत्र-शून्य।

कार्यपालन अभियंता
जल प्रबंध संभाग
क्र.-1, रायपुर (छ.ग.)

जी-05022

## न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) भाटापारा जिला बलौदाबाजार-भाटापारा (छ. ग.)
### उद्घोषणा

आनलाईन नं. 202308211100067
अ/2 वर्ष 2022-23

एतद् द्वारा सर्व साधारण जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदिका माधुरी ध्रुव पति मनहरण ध्रुव निवासी ग्राम लावर तहसील सिमगा जिला बलौदाबाजार भाटापारा (छ.ग.) द्वारा ग्राम- हथनी प.ह.न. 40 तहसील भाटापारा स्थित भूमि खसरा नम्बर 947/51, रकबा 0.0160 हेक्टेयर अर्थात 1674 वर्गफुट भूमि को आवासीय प्रयोजन हेतु छ. ग. भू.रा.संहिता7 1959 की धारा 59 (2) के तहत पुनर्निर्धारण के लिये खसरा, नक्शा, बी-1, ब्लू प्रिंट नक्शा एवं विक्रय पत्र की छायाप्रति सहित आवेदन पत्र प्रस्तुत किया है।

उक्त भूमि को आवासीय प्रयोजन हेतु परिवर्तित करने में जिस किसी को आपत्ति / दावा हो तो प्रकरण नियत तिथि 06/09/2023 तक आपत्ति / दावा प्रस्तुत कर सकते है । नियत अवधि पश्चात प्राप्त आपत्ति / दावा पर विचार नही किया जावेगा ।

आज दिनांक 17/08/2023 को मेरे हस्ताक्षर एंव न्यायालय की पद गुद्रा से जारी किया गया।

सील — अनुविभागीय अधिकारी (रा) भाटापारा

## न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी, (रा.) भाटापारा जिला बलौदाबाजार-भाटापारा (छ.ग)
### उद्घोषणा

आनलाईन नंबर 202307821100066
अ / 2 वर्ष 2022-23

एतद द्वारा सर्व साधारण जनता को सूचित किया जाता आवेदक अनुभव अग्रवाल पिता अखिलनारायण अग्रवाल निवासी गाँधीमंदिर वार्ड भाटापारा के है कि द्वारा ग्राम- सेमरिया प.ह.न. 14 तहसील भाटापारा जिला बलौदाबाजार- भाटापारा (छ.ग.) स्थित भूमि खसरा नंबर 129/15 रकबा 0.0640 हेक्टर भूमि को औद्योगिक प्रयोजन हेतु छ.ग.भू.रा.संहिता 1959 की धारा 59(2) के तहत पुनर्निर्धारण किये जाने हेतु आवेदन पत्र के साथ खमरा,नक्शा, बी-1 एवं बैनामा की छायाप्रति सहित प्रस्तुत किया है।

उक्त भूमि को औद्योगिक प्रयोजन हेतु परिवर्तित करने में जिस किसी को आपत्ति / दावा हो तो प्रकरण नियत 06/09/2023 तक आपत्ति / दावा प्रस्तुत कर सकते है नियत अवधि पश्चात प्राप्त आपत्ति / दावा पर विचार नही किया जावेगा ।

आज दिनांक 17/08/2023 को मेरे हस्ताक्षर एंव न्यायालय की पद मुद्रा से जारी किया गया।

सील — अनुविभागीय अधिकारी (रा) भाटापारा

## न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) भाटापारा जिला बलौदाबाजार-भाटापारा
### उद्घोषणा

रा.प्र.क. 202308211100106
अ / 2 वर्ष 2022-23

एतद् द्वारा सर्व साधारण जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदक विवेक कुमार पिता विनोद कुमार मुंदडा निवासी- सदर वार्ड भाटापारा, तहसील-भाटापारा,जिला-बलौदाबाजार-भाटापारा (छ.ग.) के द्वारा ग्राम आलेसुर प.ह.न. 15 तहसील-भाटापारा स्तिथ भूमि खसरा नंबर 36/1 रकबा 1.2150 हेक्टर में से 0.487 हेक्टर (52400 वर्गफुट) लगान 6.27 रूपये भूमि को व्यवसायिक प्रयोजन गोदाम हेतु छ.ग.भू.रा.संहिता 1959 की धारा 59 (2) के तहत पुनर्निर्धारण के लिये खसरा, नक्शा, बी-1 सहित आवेदन पत्र प्रस्तुत किया है। जिसके संबंध में प्रकरण इस न्यायालय में विचाराधीन है।

उक्त भूमि को व्यवसायिक प्रयोजन हेतु परिवर्तित करने में जिस किसी को आपत्ति / दावा हो तो प्रकरण नियत 11/09/2023 तक आपत्ति / दावा प्रस्तुत कर सकते है । नियत अवधि पश्चात प्राप्त आपत्ति / दावा पर विचार नही किया जावेगा ।

आज दिनांक 28/08/2023 को मेरे हस्ताक्षर एंव न्यायालय की पद मुद्रा से जारी किया गया ।

सील — अनुविभागीय अधिकारी (रा) भाटापारा

## न्यायालय तहसीलदार भाटापारा जिला बलौदाबाजार-भाटापारा (छ.ग.)
### ईश्तहार

रा.प्र.क्र. 202308211100059 /
अ-6अ / वर्ष 2022-23
ग्राम- सेमरिया प.ह.नं. 14 तह. भाटापारा

एतद द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक गोपाल तलरेजा श्रीचंद तलरेजा निवासी स्टेशनवार्ड -भाटापारा तहसील भाटापारा जिला पिता बलौदाबाजार-भाटापारा के द्वारा ग्राम सेमरिया प.ह.नं. 14 तहसील भाटापारा स्थित भूमि खसरा नंबर 15/6 रकबा 0.186 हे. हेक्टयर भूमि को अविदक द्वारा पंजीकृत बैनामा के माध्यम से अनावेदक/ विक्रेता मेसर्स कंचन इंडस्ट्रीज सेमरिया प्रो. सुशील कुमार काछेला पिता जीमयतमल निवासी भाटापारा से क्रय किया गया था। जिसका नामांतरण क्रमांक 23 आदेश दिनांक 11/04/2016 के अनुसार आवेदक के नाम पर दर्ज हुआ था । किन्तु आवेदित भूमि पर त्रुटिवश अनावेदक मेसर्स कंचन इंडस्ट्रीज सेमरिया प्रो. सुशील कुमार काछेला पिता जीमयतमल का नाम दर्ज हो गया है। उक्त त्रुटि सुधार को सुधार करते हुए पंजीकृत बैनामा एवं नामांतरण पंजी के अनुसार अभिलेख दुरूस्त करने हेतु नामांतरण पंजी एवं विक्रय पत्र की छायाप्रति सहित आवेदन न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) महोदय भाटापारा के समक्ष प्रस्तुत किया है जो जांच हेतु इस न्यायालय को प्राप्त हुआ है । जिसके संबंध में प्रकरण इस न्यायालय में लंबित है, जिसकी सुनवाई दिनांक 20.09.2023 को नियत है।

अत: उक्त संबंध में जिस किसी व्यक्ति / संस्था को दावा आपत्ति हो तो नियत पेशी दिनांक 20.09.2023 तक स्वयं या अपने वैध अभिभाषक के माध्यम से दावा आपत्ति पेश कर सकते है, नियत तिथि के पश्चात प्राप्त दावा-आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 04.09.2023 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुहर सहित जारी किया गया द्य

सील — तहसीलदार भाटापारा

## न्यायालय नजूल अधिकारी, भाटापारा जिला-बलौदाबाजार-भाटापारा (छ.ग.)
### ईश्तहार

रा.प्र.क. 202308211100097
अ/20 (3) वर्ष- 2022-23

एतद् द्वारा सर्व साधारण जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदक मोहम्मद रफीक पिता मोहम्मद बिलाल निवासी सदर वार्ड भाटापारा, तहसील भाटापारा ने नगर भाटापारा में स्थित नजूल भूमि शीट क्रमांक 11-डी, प्लाट नंबर 149/5, क्षेत्रफल 89 वर्गमीटर, निर्धारण 75.00 रुपये भूमि नजूल अभिलेख में धारक मो. बिलाल पिता अब्दुल गफ्फार के एकल नाम पर दर्ज है। धारक मो. बिलाल पिता अब्दुल गफ्फार कि दिनांक 28/05/2017 को मृत्यु हो जाने के कारण नजूल अभिलेख से उनका नाम विलोपित कर उनके विधिक वारिसानों के नाम से फौती नामांतरण किये जाने हेतु आवेदन प्रस्तुत किया है। आवेदक अपने आवेदन पत्र के साथ शपथपत्रमृत्यू प्रमाण पत्र की छायाप्रति, एवं मेंटनेंस खसरा प्रस्तुत किया है। जिसके संबंध में इस न्यायालय में प्रकरण विचाराधीन है।

उक्त नामांतरण के संबंध में जिस किसी को आपत्ति / दावा करना हो तो अपना आपत्ति दावा प्रकरण सुनवाई हेतु नियत दिनांक 12/09/2023 तक प्रस्तुत कर सकते हैं। उक्त दिनांक पश्चात प्राप्त आपत्ति / दावा पर विचार नहीं किया जावेगा ।

आज दिनांक 28/08/2023 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुद्रा से जारी किया गया ।

सील — नजूल अधिकारी भाटापारा

## न्यायालय नजूल अधिकारी, भाटापारा जिला - बलौदाबाजार-भाटापारा (छ.ग.)
### ईश्तहार

रा.प्र.क. 202308211100098
अ/20 (2) वर्ष 2022-23

एतद् द्वारा सर्व साधारण जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदक संतोष कुमार पिता किशनचंद आनंद निवासी- पटपर भतपारा तहसील भाटापारा ने नगर भाटापारा स्थित नजूल भूमि शीट क्रमांक 18-अ, खसरा नं 118/1 का भाग ग्राम पटपर क्षेत्रफल 103 वर्गमीटर, निर्धारण 355.00 रूपये भूमि जो कि नजूल अभिलेख में संतोष कुमार पिता किशनचंद आनंद के एकल नाम पर दर्ज है । जिसका पट्टा/लीज वर्ष 2024 तक के लिए नवीनीकृत है । जिसे व्यवसायिक प्रयोजन हेतु भूमिस्वामी हक प्रदाय किये जाने हेतु आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया हैं। आवेदक अपने आवेदन के साथ शपथपत्र, मेंटनेंस खसरा एवं पट्टे की छायाप्रति प्रस्तुत किया है। जिसका प्रकरण इस न्यायालय में विचाराधीन है ।

अत: उक्त संबंध में जिस किसी को आपत्ति / दावा करना हो तो अपना आपत्ति दावा प्रकरण सुनवाई हेतु नियत दिनांक 12/09/2023 तक प्रस्तुत कर सकते हैं । उक्त दिनांक पश्चात प्राप्त आपत्ति/दावा पर विचार नहीं किया जावेगा ।

आज दिनांक 28/08/2023 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुद्रा से जारी किया गया।

सील — नजूल अधिकारी भाटापारा

## न्यायालय नजूल अधिकारी, भाटापारा जिला - बलौदाबाजार-भाटापारा (छ.ग.)
### ईश्तहार

रा.प्र.क. 202308211100100
अ/20 (3) वर्ष- 2022-23

एतद् द्वारा सर्व साधारण जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदक ओमप्रकाश मौर्या पिता स्व. खेराजमल मौर्या निवासी- संत राम कवर वार्ड भाटापारा तहसील भाटापारा ने नगर भाटापारा स्थित भूमि नजूल शीट क्रमांक 17-बी, प्लाट नंबर- 69, क्षेत्रफल 132 वर्गमीटर निर्धारण 15.85 रुपये भूमि आवेदक एवं अनावेदक नरेश कुमार मौर्या पिता खेराजमल मौर्या के नाम पर संयुक्त रूप से नजूल अभिलेख में दर्ज है। आवेदक एवं अनावेदक द्वारा अपने अपने हिस्से को पंजीकृत बटवारा विलेख दिनांक 21/08/2023 को खाता बटवारा निष्पादित किया गया है । उक्त बटवारानामा के आधार पर आवेदित भूमि को आवेदक एवं अनावेदक के नाम पर ङ्ग भाग में अभिलेख दुरुस्त किये जाने हेतु आवेदन प्रस्तुत किया है। आवेदक अपने आवेदन पत्र के साथ बटवारानामा की छायाप्रति एवं शपथपत्र प्रस्तुत किया है। जिसके संबंध में इस न्यायालय में प्रकरण विचाराधीन है।

उक्त नामांतरण के संबंध में जिस किसी को आपत्ति / दावा करना हो तो अपना आपत्ति दावा प्रकरण सुनवाई हेतु नियत दिनांक 12/09/2023 तक प्रस्तुत कर सकते हैं । उक्त दिनांक पश्चात प्राप्त आपत्ति / दावा पर विचार नहीं किया जावेगा ।

आज दिनांक 28/08/2023 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुद्रा से जारी किया गया ।

सील — नजूल अधिकारी भाटापारा

## न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा). भाटापारा जिला बलौदाबाजार-भाटापारा (छ.ग.)
### उद्घोषणा

आनलाईन नं. 202308211100102
अ/2 वर्ष 2022-23

एतद् द्वारा सर्व साधारण जनता को सूचित किया जाता है कि कार्यालय सहायक संचालक नगर तथा ग्राम निवेश बलौदाबाजार के पत्र क्रमांक 1917/डाय.-111/नग्रानि/2023 बलौदाबाजार दिनांक 28/08/2023 के अनुसार आवेदक नरेश मौर्या पिता खेराजमन मौर्या के ग्राम- भाटापारा प.ह.नं. 11 तहसील भाटापारा जिला बलौदाबाजार भाटापारा, (छ.ग.) स्थित भूमि खसरा नंबर 15577 कुल रकबा 0.054 है. का मूल ख.नं. 155 का भू-उपयोग विकास योजना अनुसार वर्तमान आवासीय + वर्तमान मार्ग + प्रस्तावित आवासीय प्रयोजनार्थ होना बताया है । उक्त अभिमत के आधार पर आवेदक नरेश मौर्या पिता खेराजमल मौर्या निवासी संत कंवरराम वार्ड भाटापारा तहसील भाटापारा जिला बलौदाबाजार भाटापारा, (छ.ग.) द्वारा ग्राम-भाटापारा प.ह.नं. 11 तहसील भाटापारा स्थित भूमि खसरा नंबर 155/7 कुल रकबा 0.054 है. भूमि को आवासीय प्रयोजन हेतु पुनर्निर्धारण के लिए आवेदन पत्र के साथ खसरा, नक्शा, बी-1 बैनामा की छाया प्रति सहित प्रस्तुत किया है ।

उक्त भूमि को आवासीय प्रयोजन हेतु परिवर्तित करने में जिस किसी को आपत्ति / दावा हो तो प्रकरण नियत 11/09/2023 तक आपत्ति / दावा प्रस्तुत कर सकते है । नियत अवधि पश्चात प्राप्त आपत्ति / दावा पर विचार नही किया जावेगा ।

आज दिनांक 28/08/2023 को मेरे हस्ताक्षर एंव न्यायालय की पद मुद्रा से जारी किया गया ।

सील — अनुविभागीय अधिकारी (रा) भाटापारा




प्रकाशक, मुद्रक- राजीव रंजन श्रीवास्तव द्वारा पत्रकार प्रकाशन प्रा.लि. के लिए देशबन्धु परिसर रामसागरपारा रायपुर से प्रकाशित एवं मुद्रित। सम्पादक- राजीव रंजन श्रीवास्तव। प्रेस पंजीयन- 6072/59 डाक पंजीयन-सीजी/रायपुर संभाग/19/2021-23
फोन- (0771) 4077750, 4077760, 2292011/22 फैक्स-2534955 email id: deshbandhuraipur@gmail.com, website:deshbandhu.co.in

संपादकीय

## सारे अंधविश्वास खत्म हों!

देश भर में प्रकारान्तर से अनेक तरह के अंधविश्वास हैं जिनसे छत्तीसगढ़ भी अछूता नहीं है। भूत-प्रेत, जादू-टोना, झाड़-फूंक, टोनही आदि में लोगों का बड़ा विश्वास है। लोगों को इनके अस्तित्व में इतना भरोसा है कि बहुत सी बीमारियों का इलाज वे योग्य चिकित्सकों की बजाये बैगा या झाड़-फूंक करने वालों से कराते हैं। सुदूर इलाकों में लोग अपनी समस्याओं का समाधान अपनी परम्परागत मान्यताओं के अनुरूप पाने की कोशिशें करते हैं। कई लोगों का दावा है कि उन्हें इसका फायदा मिलता है तो वहीं आधुनिक व वैज्ञानिक जीवन प्रणाली में भरोसा करने वाले लोग इसे मान्य नहीं करते।

कोरबा जिले के पसान थाना के अंतर्गत सिर्री गांव के एक निवासी इतवार सिंह गोंड़ की हत्या कर दी गई। पुलिस जांच से पता चला कि गांव के ही रहने वाले रामकुमार की पत्नी जयकुंवर अक्सर बीमार रहती थी। उन्हें शक हो गया कि इतवार सिंह और उसकी पत्नी आशा के जादू-टोना करने से ऐसा हो रहा है। पिछले महीने जयकुंवर की मौत हो जाने से उसका शक पक्का हो गया। उसने मौका पाकर रविवार को उसकी हत्या कर दी। आशा भी गम्भीर रूप से घायल हो गई। उसके बयान से ही रामकुमार के इस हत्या में हाथ होने का पता चला। उधर नारायणपुर से कुछ दूर पर बसे गांव मालिंगनार में 31 अगस्त की रात गांडोराम सलाम की हत्या हो गई। तफ्तीश से ज्ञात हुआ कि बेलगुर सलाम व बिहारी सलाम ने उसकी हत्या कर दी क्योंकि उन्हें शक था कि वह जादू-टोना करता है कुछ अरसा पूर्व मुंगेली के विचारपुर गांव में एक महिला की राधे यादव नामक उसके दिव्यांग भतीजे ने एक साथी की मदद से हत्या कर दी। उसे शक था कि उसकी चाची टोनही है और उसके जादू-टोना करने से उसके पिता व भाभी की मौत हुई है।

राज्य में इस तरह के कई अंधविश्वास प्रचलित हैं। गांव की किसी महिला या पुरुष आदि के बारे में धारणा बन जाती है कि उन्हें जादू-टोना आता है जिसके कारण वह किसी को बीमार कर सकते हैं या मार सकते हैं। किसी को अचानक कोई बीमारी होने या उसके मर जाने पर ऐसे ही किसी व्यक्ति को जिम्मेदार बतलाया जाता है। बतलाने वाला भी कोई ऐसा ही शख्स होता है जो लोगों की झाड़-फूंक करता हो। इसके कारण उस व्यक्ति की प्रताड़ना होती है। कई बार जान भी गंवानी पड़ती है। यह भी होता है कि कई बार आपसी रंजिश निकालने या किसी को घर-जमीन से बेदखल करने के लिये भी ऐसा किया जाता है।

इस बाबत व्याप्त अंधविश्वास को दूर करने के लिये प्रदेश सरकार और कई सामाजिक संगठन लोगों को जागरूक कर रहे हैं। इस जागरूकता अभियान को और सघनतापूर्वक चलाने की आवश्यकता है ताकि किसी की हत्या न हो।

उल्टा पुल्टा

नासा ने संता को चांद पर भेजने का फैसला किया। मगर संता आधे रास्ते से ही वापस आ गया।
संता ने कहा- आज तो अमावस है ना, चांद तो होगा ही नहीं।

# राज्यपाल पुरस्कार से शिक्षक महेश सेठिया सम्मानित



**जगदलपुर,** 6 सितंबर (देशबन्धु)। शासकीय पूर्व माध्यमिक विद्यालय मांझीगुड़ा के शिक्षक महेश कुमार सेठिया शासकीय सेवा के प्रारंभिक समय से ही आदिवासी बाहुल्य ग्रामीण क्षेत्र के बच्चों को अध्यापन, अपने कर्तव्य और अधिकारों के प्रति सच्ची निर्वहन, पूर्ण निष्ठा एवं ईमानदारी व कार्य की प्रति समर्पण की भाव से शिक्षक के मूल दायित्वों का निर्वहन संस्था प्रमुख पीजी राव के निर्देशन में बिना किसी भेदभाव के सम्पन्न कर अपने उत्कृष्ट शिक्षक होने का प्रमाण दिया है, जिसमें विद्यालय के सर्वांगीण विकास के साथ गुणवत्तापूर्ण शिक्षा समाहित हो सके।

शासकीय पूर्व माध्यमिक विद्यालय मांझीगुडा में कई उपलब्धियां और पुरस्कार प्राप्त हुआ है। छत्तीसगढ़ राज्य स्वच्छ भारत स्वच्छ विद्यालय पुरस्कार, मुख्यमंत्री गौरव अलंकरण (ज्ञानदीप), राज्यपाल द्वारा छत्तीसगढ़ राज्य में उत्कृष्ट विद्यालय पुरस्कार के साथ-साथ विद्यालय एवं समुदाय की सहयोग से स्मार्ट क्लास का निर्माण भी किया है। बालिका शिक्षा को बढ़ावा देने हेतु विशेष शिक्षा अभियान, विद्यालय की भौतिक संरचना के प्रति गहरी सोच एवं निम्नतम संसाधन, अधिकतम समायोजन के मूल मंत्र के आधार पर शैक्षणिक गतिविधियों पर बेहतर कार्य कर विद्यालय व विद्यार्थियों के सर्वांगीण उन्नति के लिए इनका कार्य काफी सराहनीय रहा है, ?जिसके लिए छत्तीसगढ़ शासन स्कूल शिक्षा विभाग द्वारा राज्यपाल भवन में महामहिम राज्यपाल विश्व भूषण हरिचंदन, मुख्यमंत्री भूपेश बघेल स्कूल शिक्षा मंत्री रविंद्र चौबे की उपस्थिति में उत्कृष्ट शिक्षक सम्मान से 5 सितंबर को पुरस्कृत किया गया है।

# परपा कांजी हाउस में निरंतर हो रही गौ वंश की मृत्यु के खिलाफ सक्षम ने परपा थाने में की एफआईआर दर्ज



**कार्रवाई ना होने की स्थिति में शुक्रवार को करेंगे उग्र आंदोलन : अविनाश**

**जगदलपुर,** 6 सितंबर (देशबन्धु)। परपा कांजी हाउस में हो रही अनियमितता और गौ वंशों की लगातार हो रही मृत्यु पर पूर्व में सक्षम ने दंतेश्वरी मंदिर के सामने अनिश्चित कालीन धरना किया था, जिसके बाद निगम आयुक्त ने आगे से इस प्रकार की अनियमितता ना होने व गौ वंशों की मृत्यु की त्वरित जाँच का आश्वाशन दिया था। तत्पश्चात आज भी कांजी हाउस में गौ वंशों (छोटे छोटे बछड़े ) की मृत्यु का दौर जारी है, जिस पर आज तक निगम ने कोई कार्यवाही तो नहीं की परन्तु कांजी हाउस संचालक और धड़ल्ले से गौ वंशों को बिना किसी को सुचना दिए उठा रहा है। ना तो उसके पास गौ वंश को रखने के लिए उचित व्यवस्था है और ना ही गौ वंशों के प्रति वह जिम्मेदार है। सक्षम के पदाधिकारी अविनाश सिंह गौतम ने कहा कि गौ वंशों की मृत्यु के पश्चात कांजी हाउस संचालक आदर्श तिवारी ना तो सुचना देता है और ना ही गौ वंशों का पोस्ट मार्टम करवाता है जो कि यह सिद्ध करता है कि गौ वंश उस कांजी हाउस में सुरक्षित नहीं है। गौ वंश को सनातन धर्म में माता का दर्जा दिया गया है और हमारे प्रदेश में पशु क्रूरता अधिनियम भी लागू है जो कि सरकारी >> शेष पृष्ठ 9 पर >

# राहुल गांधी की भारत जोड़ो यात्रा देशवासियों के जख्मों पर मरहम : सुशील मौर्य



**जगदलपुर,** 6 सितंबर (देशबन्धु)। भारत जोड़ो यात्रा ने देश को संदेश देने में सफल नफरत छोड़ो भारत जोड़ो हम सब राहुल गांधी की भारत जोड़ो यात्रा की कल वर्षगांठ मनायेंगे। देश को 1 वर्तमान हालात में जब क्षेत्रियता, धर्म, सांप्रदायिकता के नाम पर देश की सत्ता में बैठे हुये लोग राजनीति कर रहे है ऐसे में कांग्रेस की भारत जोड़ो यात्रा देश के लोगों के सामने एक नई उम्मीद लेकर सामने आई थी। जब देश चलाने वाली दल सत्ताधीश और हुक्मरान आम आदमी की जरूरतों शिक्षा रोजगार को परिदृश्य पीछे धकेल कर धार्मिक आधार पर ध्रुवीकरण की राजनीति को बढ़ावा दे रहे हो तब उस समय कांग्रेस जैसी जन सरकारी पाली पार्टी का यह नैतिक और राजनैतिक कर्तव्य हो जाता है कि वह देश को बचाने देश की एकता और अखंडता को बचाने के लिये भारत जोड़ो जैसा महाअभियान चलाये भारत जोड़ो यात्रा का यही उद्देश्य था। उक्त बातें शहर जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष सुशील मौर्य ने राजीव भवन में बुधवार को आयोजित पत्रकार वार्ता के दौरान कही।

उन्होंने कहा कि पिछले साल 7 सितंबर 2022 को हमारे नेता राहुल गांधी ने ऐतिहासिक भारत जोड़ो यात्रा शुरू की थी जो भारत के किसी भी राजनेता द्वारा अब तक की सबसे लंबी पदयात्रा है। 4.081 किलामीटर, 12 राज्यों और 2 केंद्र शासित प्रदेशों 75 जिलों और 76 लोकसभा क्षेत्रों की 136 दिनों की यात्रा ने लोगों के मन पर एक अमिट छाप छोड़ी है। लाखों लोग प्रेम और एकता के साथ धर्म, समुदाय, जाति आदि की परवाह किए बिना हर भारतीय को एकजुट करने की राहुल जी की अटूट भावना से मंत्रमुगध थे। उनकी यह विचारशील पहल समय की मांग थी जिसने मूल रूप से हमारे देश में राजनीति की दिशा बदल दी। विशेष रूप से यात्रा के बाद कर्नाटक का चुनाव परिणाम कांग्रेस पार्टी को सत्ता में वापस लाने की लोगों की सामूहिक इच्छा की एक उत्कृष्ट अभिव्यक्ति थी। श्री मौर्य ने बताया कि भारत जोड़ो यात्रा के दौरान देशभर में राहुल ने 100 से अधिक बैठक समूह बातचीत, 275 योजनाबद्ध पैदल बातचीत, 100 छोटी समाएं, 13 विशाल सार्वजनिक समाएं, 12 प्रेस कांफ्रेंस और अनगिनत आम बैठकों के माध्यम से हमारे करोड़ों साथी देशवासियों के साथ अपने विचारों का आदान-प्रदान और साझा किया था। यात्रा ने देश के ज्वलंत मुद्दों को संबोधित किया, जिनमें कमरतोड़ महंगाई, अभूतपूर्व बेरोजगारी भाईचारा, विभाजनकारी राजनीति, चीनी आक्रमकता से राष्ट्रीय सुरक्षा को खतरा शामिल है। भारत के विचार को बचाने के लिए राहुल का धैर्य और दृढ संकल्प भाजपा को बेचैन कर रहा है और लोकतंत्र की भावना को बहाल कर रहा है। हमारा दृढ विश्वास है कि यात्रा का यह प्रभाव आगामी सभी राज्य स्तरीय और केंद्र चुनावों पर अपना प्रभाव दिखाना जारी रखेगा और हमारी सबसे पुरानी कांग्रेस पार्टी के गौरव को बहाल करने का मार्ग प्रशस्त करेगा। उन्होंने कहा कि देश की एकता, अखण्डता, संविधान और लोकतंत्र की रक्षा के लिए कांग्रेस प्रतिबद्ध है। जनाधिकार की लड़ाई लड़ने के लिए कांग्रेस पार्टी आजादी के पहले से ही सत्याग्रह को एक मजबूत हथियार मानती है और भारत जोड़ो पदयात्रा आजादी के बाद देश का सबसे विशाल और परिवर्तक सत्याग्रह साबित हुआ। राष्ट्रपिता महात्मा गांधी सहित कांग्रेस पार्टी के कई नेताओं ने देश में सत्याग्रह के द्वारा जनता के महत्वपूर्ण मसलों को हल किया है। यह सत्याग्रह उस विचारधारा को उखाड़ फेंकेगा जो मृत्यु के समय भी राम का नाम लेने वाले राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के हत्यारे को आदर्श मानता है। आज बर्बादी और वैमनस्यता की ओर बढ़ते देश को >> शेष पृष्ठ 9 पर >

# जिला पंचायत सामान्य सभा की बैठक सम्पन्न

**आश्रम-छात्रावासों एवं आवासीय विद्यालयों सहित स्कूल-आंगनबाड़ी केंद्रों में पेयजल की व्यवस्था सुनिश्चित करने पर बल**

**जगदलपुर,** 6 सितंबर (देशबन्धु)। जिला पंचायत बस्तर के सभागार में जिला पंचायत अध्यक्ष वेदवती कश्यप की अध्यक्षता में आयोजित जिला पंचायत सामान्य सभा की बैठक के दौरान आवश्यकता वाले आश्रम-छात्रावासों, आवासीय विद्यालयों और स्कूल एवं आंगनबाड़ी केंद्रों में पेयजल की व्यवस्था सुनिश्चित करने पर बल दिया गया। इस दिशा में पेयजल स्रोतों की आवश्यकता वाले संस्थाओं हेतु कार्ययोजना तैयार कर पेयजल व्यवस्था किये जाने कहा गया। वहीं ग्रामीण क्षेत्रों के सड़कों का रखरखाव करने सहित मरम्मत योग्य पुल-पुलियों का मरम्मत कार्य किये जाने और हैंडपंप संधारण के लिए पर्याप्त पाईप एवं स्पेयर-पार्ट्स की उपलब्धता सुनिश्चित कर सुधार योग्य हैंडपंपों का मरम्मत कराये जाने के निर्देश दिये गए। जिला पंचायत सामान्य सभा की बैठक में अवगत कराया गया कि जिले में जल जीवन मिशन अंतर्गत सभी ग्रामों में ग्रामीण पेयजल योजना की स्वीकृति दी गयी है और वर्तमान में इन कार्यों के लिए कार्यादेश जारी किया जा रहा है। जिले में ग्रामीण पेयजल योजनाओं को पूर्ण करने के लिए तेजी के साथ कार्य संचालित हैं और अब तक 61 योजनाओं को पूर्ण किया जा चुका है। ग्रामीण इलाकों में आश्रम-छात्रावासों, स्कूल, आंगनबाड़ी केंद्रों, स्वास्थ्य केंद्रों तथा पंचायत भवन, सामुदायिक भवन इत्यादि सार्वजनिक स्थलों में अनिवार्य रूप से नल कनेक्शन प्रदान किया जा रहा है। साथ ही स्थानीय जरूरत के अनुरूप आश्रम-छात्रावास, स्कूल एवं आंगनबाड़ी केंद्रों के परिसर और अंदरूनी गांवों के पारे-टोले में हैंडपंप स्थापित किये जा रहे हैं। इस ओर जिले में वर्तमान वित्तीय वर्ष के दौरान 130 लक्ष्य के विरुद्ध अब तक 92 हैंडपंप स्थापित किये गए हैं। जिले में मौसमी बीमारियों की रोकथाम एवं नियंत्रण के लिए सभी स्वास्थ्य केंद्रों के साथ ही स्वास्थ्य कार्यकर्ताओं, मितानिनों और अंदरूनी इलाकों के आश्रम-छात्रावास अधीक्षकों के पास आवश्यक दवाइयों की उपलब्धता सुनिश्चित की गई है और सूचना तंत्र को प्रभावी बनाकर इस दिशा में कारगर प्रयास किया जा रहा है। जिले में समाज कल्याण विभाग द्वारा सामाजिक सहायता कार्यक्रम के अंतर्गत पेंशन योजनाओं के तहत चयनित हितग्राहियों को नियमित पेंशन प्रदाय, चिकित्सा परीक्षण उपरांत चिन्हित दिव्यांगजनों को आवश्यक उपकरण की सुलभता और वृद्धजनों के लिए वृद्धाश्रम का संचालन किया जा रहा है। बैठक में कृषि, खाद्य, वन इत्यादि विभागों के योजनाओं पर चर्चा की गयी। बैठक के दौरान जिला पंचायत उपाध्यक्ष मनीराम कश्यप सहित जिला पंचायत सदस्यगण, जनपद पंचायत अध्यक्षगण और सीईओ जिला पंचायत प्रकाश सर्वे तथा विभिन्न विभागों के जिला स्तरीय अधिकारी मौजूद रहे।

# संजीवनी 108 व 102 के संचालन का ठेका नई कम्पनी को, 45 कर्मचारी हो जाएंगे बेरोजगार



**जगदलपुर,** 6 सितंबर (देशबन्धु)। शासकीय अस्पतालों में 108 व 102 में कार्यरत कर्मियों को नयी ठेका कम्पनी द्वारा वर्तमान में कार्यरत कर्मियों को रखने से इंकार किया है, इससे जिले के 45 कर्मचारी बेरोजगार हो जाएंगे। यह बातें संजीवनी 108 व 102 कर्मचारी कल्याण संघ के संभाग अध्यक्ष लोकेश कुमार ने पत्रकार भवन में बुधवार को पत्रकारों से चर्चा करते हुए कही।

उन्होंने कहा कि संजीवनी 108 व 102 के संचालन का ठेका नयी कम्पनी को दी गयी है, लेकिन नयी कम्पनी वर्तमान में कार्यरत कर्मचारियों को रखने से साफ इंकार किया है और नए कर्मचारियों की भर्ती कर रही है। उन्होंने कहा कि नयी भर्ती के तहत कर्मचारियों से 50 हजार रूपए सिक्योरिटी मनी मांगी जा रही है, यह राशि जमा करने कर्मचारी सक्षम नहीं हैं। उनका कहना है कि पिछले 10 साल वे कार्यरत हैं और उन्हें अनुभव के आधार पर सेवा पर रखना चाहिए। इसके लिए वे विधायकों के साथ जिला प्रशासन को भी ज्ञापन सौंपकर सरकार से उनकी मांगों को पूरा करने आग्रह कर रहे हैं।

# अपनी जीवन का गोवर्धन हम सबको उठाना है : मां ध्यानमूर्ति



**जगदलपुर,** 6 सितंबर (देशबन्धु)। जन्माष्टमी के पावन उपलक्ष्य में सनातन धर्म सभा पंजाब सनातन महिला सत्संग समिति द्वारा आयोजित श्रीमद्भागवत कथा के छटवें दिन 6 सितंबर को कथा के आरंभ में गिर्राज लीला का वर्णन वृन्दावन धाम से पधारी गुरु मां ध्यानमूर्ति जी महाराज ने किया। उन्होंने बताया कि इंद्र का घमंड तोड़ने के लिए भगवान ने इंद्र पूजा छोड़कर ब्रिजवासियो ने गिर्राज महाराज का पूजन किया। कथा व्यास ने बताया कि गिर्राज महाराज के पूजन से इंद्र ने कोप किया तो भगवान ने गिर्राज पर्वत को 7 दिन 7 रात्रि अपनी कन्नी उंगली के नख पर धारण किया। गुरु मां ने बताया प्रत्येक व्यक्ति को अपने जीवन का अपनी जिम्मेदारियों का गोवर्धन स्वयं उठाना है। उन्होंने बताया कि शरद पूर्णिमा की रात्रि में भगवान ने गोपियों के साथ महारास की लीला की और इस लीला में भगवान शंकर गोपी बनकर सम्मिलित हुए जिस उद्देश्य से प्रभु ने अवतार लिया। अधर्म के नाश और धर्म की स्थापना के लिए वृन्दावन से मथुरा आकर प्रभु ने आतताई कंस का वध किया और अपनी माता देवकी और पिता वासुदेव को कारागार से मुक्त किया। गुरु संदीपनी के यहां जाकर शिक्षा ग्रहण की और वही सुदामा जी से मैत्री हुई। उद्धव गोपी का पावन प्रसंग सुनकर सभी भक्त भाव बिहबल हो गए। भक्त तो भगवान की याद में अपने आसू प्रवाह करते हैं, लेकिन धन्य हैं वो बृजवासी जिनकी याद में प्रभु आंसू बहाते हैं। इसके बाद आज कृष्ण रुकमणी विवाहोत्सव सभी भक्तों ने बहुत हर्षोल्लास के साथ मनाया।

## निकाली गई भव्य शोभा यात्रा

सनातन धर्म सभा द्वारा 6 सितंबर की शाम को संजय बाजार स्थित गीता भवन से भव्य शोभा यात्रा निकाली गई। दंतेश्वरी मंदिर से गोल बाजार, मेन रोड़, श्री राम चौक, चांदनी चौक से होते हुए पंजाब भवन, पहुंच कर शोभा यात्रा सम्पन्न हुई। शोभायात्रा में शामिल श्रद्धालु श्री कृष्ण की भजनों पर झूमते नाचते चल रहे थे। चौक चौराहों पर विभिन्न समाज के लोगों ने शोभायात्रा का भव्य स्वागत किया। जमकर आतिशबाजी भी की गई। शोभायात्रा में शामिल श्री कृष्णा और राधा के रूप में सजे बच्चों ने लोगों का ध्यान आकृष्ट किया।





# संसदीय सचिव ने युवोदय एकेडमी के छात्रों से चर्चा कर किया मार्गदर्शन



**जगदलपुर,** 6 सितंबर (देशबन्धु)। संसदीय सचिव रेख चंद जैन ने बुधवार को यूवोदय एकेडमी पहुंचक कर नीट परीक्षा की तैयारी कर रहे विद्यार्थियों से चर्चा किया और उनका मार्गदर्शन किया। इस अवसर पर उपस्थित विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए विधायक जगदलपुर एवं संसदीय सचिव रेखचंद जैन ने कहा कि मुख्यमंत्री भूपेश बघेल की मंशा अनुरूप प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारियों के लिए विद्यार्थियों को नि- शुल्क कोचिंग प्रदान की जा रही है। यह हमारी सरकार की दूरगामी सोच का परिणाम है की बस्तर जैसे सूदूरवर्ती क्षेत्र के बच्चे भी प्रतियोगी परीक्षाओं में सफलता हासिल कर रहे हैं। उन्होंने बच्चों से वन टू वन चर्चा कर उनकी समस्याओं को जाना तथा समाधान करने की कोशिश की । इस अवसर पर वरिष्ठ सामाजिक कार्यकर्ता निर्मल लोढा, मदन आचार्य, विधि विभाग के जिलाध्यक्ष अवधेश झा, इंटक प्रदेश महासचिव विजय सिंह, छात्र नेता अभय सिंह, अलेक्जेंडर चेरियन एवं युवोदय एकेडमी के शिक्षक एवं विद्यार्थी उपस्थित रहे।

# केजरीवाल 16 को जगदलपुर में देंगे दो गारंटी



**जगदलपुर,** 6 सितंबर (देशबन्धु)। आम आदमी पार्टी के दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल और पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान 16 सितम्बर को संभाग मुख्यालय में आमसभा को सम्बोधित करेंगे और किसान और आदिवासियों के लिए दो गारंटी देंगे। इसके पहले वे राजधानी रायपुर की सभा में 9 गारंटी दे चुके हैं, जिसमें बिजली, शिक्षा, स्वास्थ्य, भ्रष्टाचार मुक्त, रोजगार आदि शामिल है। यह बातें आप के पदाधिकारियों ने पत्रकार भवन में बुधवार को पत्रकार भवन में आयोजित पत्रकार वार्ता के दौरान पत्रकारों से चर्चा करते हुए कही। उन्होंने कहा कि 6 सितम्बर से प्रदेशभर में गारंटी कार्ड वितरण अभियान शुरू किया गया है, इसके तहत कार्यकर्ता घर-घर जाकर 20 हजार गांवों में लोगों को गारंटी कार्ड वितरण करेंगे

# आज श्रीकृष्ण जन्माष्टमी पर शुष्क दिवस घोषित

**जगदलपुर,** 6 सितंबर (देशबन्धु)। राज्य शासन के निर्देशानुसार 7 सितम्बर को श्री कृष्ण जन्माष्टमी के अवसर पर शुष्क दिवस घोषित किया गया है। उक्त निर्देश के परिप्रेक्ष्य में कलेक्टर विजय दयाराम के. द्वारा 7 सितम्बर को श्रीकृष्ण जन्माष्टमी के अवसर पर बस्तर जिले स्थित सभी प्रकार की मंदिरा दुकाने अर्थात देशी मदिरा, विदेशी मदिरा दुकानों सहित एफएल.3 होटल-बार, एफएल.7 सैनिक कैंटिन एवं मद्य भण्डारण भण्डागार जगदलपुर तथा भांग फुटकर दुकान जगदलपुर को 6 सितम्बर को समयावधि पश्चात बंद करने एवं 7 सितम्बर को पूर्णत: बंद रखे जाने हेतु एतद् द्वारा आदेशित किया गया है।

# विश्व हिंदू परिषद बजरंग दल ने नगर निगम आयुक्त को सौंपा ज्ञापन



**जगदलपुर,** 6 सितंबर (देशबन्धु)। नगर निगम के द्वारा बस्तर की आराध्य देवी मां दंतेश्वरी माई का चित्र को नगर निगम के द्वारा कचरा उठाने वाले वाहन पर डाल कर ले जाया गया । शासन प्रशासन के द्वारा किए गए इस कृत्य का विश्व हिंदू परिषद

कठोर निंदा करता है। भविष्य में इस तरह का कृत्य दोबारा किया गया तो विश्व हिंदू परिषद बजरंग दल उग्र आंदोलन करेने की बात पदाधिकारियों ने कही है। इस दौरान विभाग मंत्री रवि ब्रह्मचारी ,प्रांत शह धर्म प्रसार प्रमुख शैलेंद्र श्रीवास्तव ,विभाग सेवा प्रमुख अनिल अग्रवाल, जिला उपाध्यक्ष प्रेम चालकी, जिला मंत्री हरि साहू, प्रांत सुरक्षा प्रमुख कमलेश विश्वकर्मा, जिला उपाध्यक्ष श्रीमती उमा गुप्ता, जिला सेवा प्रमुख देवेंद्र कश्यप, नगर अध्यक्ष पवन राजपूत, मुन्ना कोरी, विष्णु ठाकुर, नितेश सेठिया, गौरव ठाकुर, भवानी चौहान, सनी रैली, शांति यादव विहिप बजरंग दल के कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# तमिलनाडु के मंत्री के खिलाफ एसएसपी को एफआईआर के लिए सौंपा शिकायती आवेदन



- कोतवाली प्रभारी को आवेदन सौंप आपराधिक प्रकरण दर्ज करने की मांग
- सनातनियों को मलेरिया, डेंगू व कोरोना से तुलना कर खत्म करने दिए बयान से सनातनियों में आक्रोश

**जगदलपुर,** 6 सितम्बर (देशबन्धु)। तमिलनाडु डीएमके सरकार में मंत्री उदयनिधी स्टेलिन के सनातनियों के विरुद्ध दिए गए अपमानजन और अनर्गल बयान को लेकर बुधवार को गोवर्धन मठ पूरी से सम्बन्ध आदित्यवाहनी-आनंदवाहनी के अलावा बस्तर अंचल के सनातनी बस्तर के वरिष्ट पुलिस अधीक्षक को मंत्री उदयनिधी के विरुद्ध एफआईआर दर्ज करने शिकायती आवेदन सौंपा। एसएसपी के वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग में व्यस्तता के चलते उनके नाम से उल्लेखित आवेदन डीएसपी दिलीप खोंसले को सौंप उचित कार्रवाई की मांग की। ततपश्चात कोतवाली थाना पहुंच सिटी टीआई राठौर को शिकायती आवेदन प्रस्तुत कर तत्काल एफआईआर दर्ज करने की मांग की। उपस्थित सनातनियों ने दोनों पुलिस अधिकारियों के समक्ष अपना आक्रोश व्यक्त करते कहा कि भारत एक लोकतांत्रिक देश है जिसमें सभी को अभिव्यक्ति की आजादी है। किंतु वर्षों से यह देखा जा रहा है कि आए दिन समुदाय विशेष द्वारा सनातनियों के विरुद्ध अशोभनीय, अनर्गल, असहनीय, धर्म के विरुद्ध बयानबाजी करना फैशन बन दिया गया है। इसका ताजा उदाहरण तमिलनाडु में डीएमके सरकार के मंत्री और वहां के मुख्यमंत्री के पुत्र उदयनिधी सनातनियों के विरुद्ध अक्षम्य बयान देकर सनातनियों को उद्वेलित करने का काम किया। सनातनियों ने इस बयान की कठोर निंदा करते उन्हें मंत्री पद से अविलम्ब हटाने की मांग की है। उक्त मंत्री आज भी अपने बयान पर अडिग होने की बात स्वीकारी है। इस दौरान अनिल सामंत, दूशान चक्रबती, अशोक चौधरी, योगेश शुक्ला, बनमाली पाणीग्राही, राकेश रथ, किरण शुक्ला, अभय दीक्षित, रामाश्रय सिंह, संजय पांडे, सुरेश गुप्ता, खेमसिंह देवागन, संतोष तिपाठी, राकेश तिवारी, विकम यादव, पंकज मिश्रा, क्षमाकांत मिश्रा, उदय दुबे, राकेश साहू, रितेश सोनी, अभय दास, नरेन्द्र पानीगही, मनोज पटेल, सत्यपकाश गुप्ता व अन्य सम्मलित थे।

**नहीं हुआ एफआईआर तो होगा प्रदर्शन**

सनातनियों के प्रतिनिधिमंडल में उपस्थित निगम के नेता प्रतिपक्ष संजय पांडे ने कहा कि आवेदन के बाद भी तमिलनाडु सरकार के मंत्री के विरुद्ध एफआईआर दर्ज नही किया तो आने वाले दिनों में बस्तर अंचल के समस्त सनातनी बैठक कर निर्णय लिया जाएगा। आवश्यक हुआ तो विरोध प्रदर्शन और उग्र आंदोलन करने से भी पीछे नही हटेंगे।

# अपर कलेक्टर संजय ने विजेताओं को किया पुरस्कृत



- जिला स्तरीय छत्तीसगढ़िया ओलंपिक का समापन
- तीन दिवसीय आयोजन में 12 सौ खिलाड़ियों की भागीदारी

**दंतेवाड़ा,** 6 सितंबर (देशबन्धु)। तीन दिवसीय जिला स्तरीय छत्तीसगढ़िया ओलंपिक खेल का आज समापन हुआ। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में अपर कलेक्टर संजय कन्नौजे, डिप्टी कलेक्टर अरुण सोम, खेल अधिकारी मुकेश गोड, डिप्टी कलेक्टर श्रीमती कल्पना ध्रुव, नगर पंचायत उपाध्यक्ष धीरेन्द्र प्रताप सिंह, स हित जनप्रतिनिधिगण, संबंधित अधिकारीगण मौजूद रहे। समापन अवसर पर मुख्य अतिथि की उपस्थिति में रस्साकशी खेल का आयोजन भी किया गया, जिसमें 18 से 40 वर्ष की महिलाओं ने बड़ी उत्सुकता और उत्साह के साथ भाग लिया। विजेता छत्तीसगढ़िया को मुख्य अतिथि द्वारा प्रमाण पत्र भी वितरण किया गया। श्री कन्नौजे ने सभी को संबोधित करते हुए कहा कि हमारे बस्तर में खेल प्रतिभाओं की कमी नहीं है। खेल को खेल भावनों से ही खेल हार, जीत तो लगी रहती है। मुख्यमंत्री के द्वारा राजीव युवा मितान क्लब के माध्यम से पंचायत स्तर से विलुप्त खेलों को शुरू किया गया। उन्होंने विजेता छत्तीसगढ़िया को हौसले के साथ संभाग से राज्य स्तर में परचम लहराने के लिए शुभकामनाएं एवं बधाई भी दी।

नगरपालिका उपाध्यक्ष धीरेन्द्र प्रताप सिंह ने कहा कि खेलों के माध्यम से सभी शारीरिक एवं मानसिक रूप से मजबूत हो रहे हैं। उन्होंने कहा कि यही उत्साह और एकाग्रता अपने जीवन में भी लाएं सफलता अवश्य मिलेगी। उन्होंने विजेता छत्तीसगढ़िया को संभाग स्तर और राज्य स्तर में खेल कर अपने जिले का नाम रोशन करने की शुभकामनाएं दी। ग्राम स्तर से शुरू हुए इस ओलंपिक खेल में विभिन्न स्तरों में जीत हासिल करते हुए 16 विधाओं में तीन वर्गों में प्रथम श्रेणी में 18 वर्ष तक के बच्चे, द्वितीय श्रेणी में 18-40 वर्ष, तृतीय श्रेणी में 40 वर्ष से अधिक इन तीन श्रेणियों में महिला व पुरुष दोनों वर्गों ने दलीय एवं एकल श्रेणी में अपना हुनर दिखाया।

# संभाग स्तरीय छत्तीसगढ़िया ओलंपिक

## कमिश्नर ने वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से की तैयारियों की समीक्षा



**जगदलपुर,** 6 सितम्बर (देशबन्धु)। कमिश्नर श्याम धावड़े ने बुधवार को वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से संभाग स्तरीय छत्तीसगढ़िया ओलम्पिक के लिए जिलों में तैयारियों की समीक्षा की। कमिश्नर ने जगदलपुर शहर के लालबाग में 13-14 सितंबर को आयोजित होने वाले संभाग स्तरीय छत्तीसगढ़िया ओलम्पिक में भाग लेने वाले खिलाड़ियों की परिवहन, भोजन सहित अन्य आवश्यक व्यवस्था के सम्बंध में आवश्यक व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। इसके लिए जिलों से नोडल अधिकारी नियुक्त कर दलों को प्रतियोगिता में शामिल होने के लिए रवाना करने कहा गया। साथ ही आने वाले खिलाड़ियों का भी स्वास्थ्य परीक्षण करवाने के निर्देश दिए। जगदलपुर में खिलाड़ियों की आवासीय व्यवस्था के तहत पुरुष-महिला खिलाड़ियों की पृथक सूची देने के लिए निर्देश दिए गए। इस अवसर पर जिला पंचायत बस्तर के सीईओ प्रकाश सर्वे, अपर कलेक्टर हरेश मंडावी, संयुक्त संचालक शिक्षा श्री सोम सहित सभी जिलों के सीईओ जिला पंचायत, सहायक आयुक्त आदिवासी, जिला शिक्षा अधिकारी, खेल अधिकारी उपस्थित थे।

# भारत जोड़ो यात्रा देशवासियों के जख्मों पर मरहम : अवधेश



- राहुल की यात्रा ने संदेश दिया, नफरत छोड़ों-भारत जोड़ों
- आज यात्रा की वर्षगांठ मनाई कांग्रेस

**दंतेवाड़ा,** 6 सितंबर (देशबन्धु)। जिला कांग्रेस अध्यक्ष अवधेश गौतम ने पत्रकार वार्ता में जानकारी दी कि गुरूवार 7 सितंबर को हम सभी अपने नेता राहुल गांधी की भारत जोड़ो यात्रा की वर्षगांठ मनाएंगे।

श्री गौतम ने बताया कि देश के वर्तमान हालात में जब क्षेत्रीयता, धर्म, सांप्रदायिकता के नाम पर देश की सत्ता में बैठे हुए लोग राजनीति कर रहे हैं, वैसे में कांग्रेस की भारत जोड़ो यात्रा देश के लोगों के सामने एक नई उम्मीद लेकर सामने आई थी। जब देश चलाने वाले दल आम आदमी की जरूरतों शिक्षा, रोजगार को परिदृश्य से पीछे धकेल कर धार्मिक आधार पर धूव्रीकरण की राजनीति को बढ़ावा दे रहे हो, तब उसे समय कांग्रेस जैसी जन सरोकारी वाली पार्टी का या नैतिक और राजनीतिक कर्तव्य हों जाता है कि वह देश को बचाने, देश की एकता और अखंडता को बचाने के लिए भारत जोड़ो जैसा महाअभियान चलाए भारत जोड़ो यात्रा का यही उद्देश्य था। पिछले साल 7 सितंबर 2022 को राहुल गांधी ने ऐतिहासिक भारत जोड़ो यात्रा शुरू की थी, जो भारत की किसी भी राजनेता द्वारा अब तक की सबसे लंबी या पदयात्रा है। 4 हजार 81 किलोमीटर 12 राज्यों और दो केंद्र शासित प्रदेशों 75 जिलों और 76 लोकसभा क्षेत्र की 136 दिनों की पदयात्रा ने लोगों के मन पर एक अमिट छाप छोड़ी है।

इसने देश में राजनीति की दिशा बदल दी। विशेष रूप से यात्रा के बाद कर्नाटक का चुनाव परिणाम कांग्रेस पार्टी को सत्ता में वापस लाने की लोगों की सामूहिक इच्छा की एक उत्कृष्ट अभिव्यक्ति थी। राहुल गांधी की भारत जोड़ो यात्रा देशवासियों के जख्मों पर मरहम थी। जिन राज्यों से यह यात्रा गुजरी वहां के नागरिकों ने महंगाई, बेरोजगारी, भुखमरी किसानों की बदहाली जैसे मुद्दों पर कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष के द्वारा चले जा रही महिम को पूरा समर्थन दिया।

भारत जोड़ो यात्रा के दौरान देशभर में राहुल ने 100 से अधिक बैठक, समूह बातचीत, 275 योजनाबद्ध, पैदल बातचीत 100 छोटा भाषण, 13 विशाल सार्वजनिक सभाएं 12 प्रेस कांफ्रेंस और अनगिनत आम बैठकों के माध्यम से हमारे करोड़ों साथी देशवासियों के साथ अपने विचारों का आदान-प्रदान और साझा किया था। भारत जोड़ो यात्रा से देश के लोगों में उम्मीद की नई किरण पैदा हुई है भारत राहुल गांधी प्रेम उम्मीद और सद्भावना के नए बीज होते चल रहे थे, देश की जनता ने राहुल गांधी की पदयात्रा को हाथों हाथ लिया था। राहुल गांधी की पदयात्रा से विघटनकारी ताकतों के हौसले पस्त हुए हैं। देश के लोकतंत्र के लिए शुभ संकेत है कि अराजक तत्व भारत की अनेकता में एकता के मूल मंत्र के सामने घुटना टेकने विवश हुए हैं। यह राहुल गांधी की यात्रा की बड़ी सफलता है।

इस पत्रकार वार्ता में, महामंत्री मनीष भट्टाचार्य, महामंत्री विमल सलाम, अजय मरकाम, किरण जयसवाल, जया भास्कर, आशिफ रजा उपस्थित थे।

## 10 उपभोक्ताओं के नल कनेक्शन विच्छेद की कार्रवाई

**जगदलपुर,** 6 सितम्बर (देशबन्धु)। नगर पालिका निगम के और राजस्व वसूली विभाग के द्वारा निरंतर कार्यवाही की जा रही है और बकाया जल कर की वसूली के अंतर्गत नल कनेक्शन विच्छेद की कार्यवाही भी हो रही है। नगर निगम आयुक्त हरीश मंडावी और अस्सिटेंट इंजीनियर घृतलहरे के निर्देश पर बुधवार 6 सितंबर को नगर निगम क्षेत्र के गंगा नगर, शांति नगर वार्ड और गुंडाधुर वार्ड में 10 हजार रुपए से अधिक की जलकर नहीं पटाने वालों के विरुद्ध कार्यवाही करते हुए 10 घरों के नल कनेक्शन विच्छेद किया गया यह कार्यवाही निरंतर जारी रहेगी। आज की कार्यवाही के दौरान सब इंजीनियर राकेश झलके, तिलेश ठाकुर तुलसी राम, रमेश पोडियामी के साथ एचडी के कर्मचारी उपस्थित थे।

# दंतेवाड़ा से परिवर्तन यात्रा प्रारंभ करेंगे अमित शाह



- 12 को भाजपा का बड़ा आयोजन, प्रदेशाध्यक्ष करेंगे नेतृत्व
- संगठन पदाधिकारी शिवरतन और सांसद संतोष पांडेय ने ली बैठक

**दंतेवाड़ा,** 6 सितंबर (देशबन्धु)। मांई दंतेश्वरी की पावन धरा दंतेवाड़ा में भाजपा इस विधानसभा चुनाव का बड़ा राजनीतिक आयोजन करने जा रही है। प्रदेश व्यापी परिवर्तन यात्रा की शुरूआत दंतेवाड़ा से 12 सितंबर से हो रही है। यात्रा को प्रारंभ करने केन्द्रीय गृहमंत्री अमित शाह दंतेवाड़ा पहुंचेंगे। ऐसी ही एक और परिवर्तन यात्रा 16 सितंबर को जशपुर से निकलेगी। यह जानकारी पत्रकार वार्ता में संगठन पदाधिकारी भाटापारा विधायक शिवरतन शर्मा, राजनांदगांव सांसद संतोष पाण्डेय, प्रदेश महामंत्री केदार कश्यप तथा पूर्व मंत्री महेश गागड़ा ने दी।

शिव रतन शर्मा ने बताया कि भाजपा के 15 साल के शासन की उपलब्धियों और भूपेश सरकार के पांच साल की भ्रष्टाचार के शासन को बताने यह परिवर्तन यात्रा निकाली जा रही है। यह परिवर्तन यात्रा 44 विधानसभा में आम सभा और पांच विधानसभा में रोड शो के साथ गुजरेगी। इसका नेतृत्व प्रदेश अध्यक्ष अरूण साव करेंगे। दूसरी यात्रा जशपुर से निकलेगी। इसका नेतृत्व नेता प्रतिपक्ष नारायण चंदेल करेंगे। 12 दिन में यह परिवर्तन यात्रा 39 विधानसभा में आम सभा के साथ गुजरेगी। दोनों यात्राओं का समापन 27 सितंबर को बिलासपुर में होगा। इसमें देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी स्वयं शामिल होंगे। दंतेवाड़ा से 2003 में स्व. अजीत जोगी की सरकार के दौरान भाजपा ने परिवर्तन यात्रा निकाली थी और मांई दंतेश्वरी की आशीर्वाद से भाजपा की सरकार बनी। इसके बाद लगातार तीन कार्यकाल में भाजपा को प्रदेश की जनता का सेवा का अवसर मिला। दंतेवाड़ा में 12 सितंबर को परिवर्तन यात्रा की शुरूआत केन्द्रीय गृहमंत्री अमित शाह करेंगे। आज जिले के पदाधिकारी व कार्यकर्ताओं को इसकी तैयारी के लिए जुटने कहा गया है। श्री शर्मा ने आगे बताया कि प्रदेश की जनता भूपेश सरकार से त्रस्त है। पूरे पांच साल में जब से कांग्रेस की सरकार आयी है, प्रदेश का विकास थम गया है। भाजपा के शासन में जो विकास कार्य हुआ था, उसे ही अगर भूपेश सरकार बढ़ाती तो प्रदेश का कायाकल्प हो जाता, लेकिन यह सरकार केवल भ्रष्टाचार में माहिर है। हर क्षेत्र में भ्रष्टाचार चरम में है। रेत, कोयला, डीएमएफ, शराब और प्रधानमंत्री अन्न कल्याण योजना में भी भ्रष्टाचार किया गया। देश की यह ऐसी पहली सरकार है जहां मुख्यमंत्री का स्टाफ भ्रष्टाचार के आरोप में जेल में है। ईडी ने भ्रष्टाचार पर कार्रवाई की और गिरफ्तारियां की गई। 8 महीने से ज्यादा का वक्त गुजर चुका है, किसी को जमानत तक नहीं मिली है। भूपेश सरकार ने वादा खिलाफी का रिकार्ड तोड़ दिया है। जनता परिवर्तन का मन बना चुकी है और एक बार फिर भाजपा की सरकार प्रदेश में बनने जा रही है।

पत्रकार वार्ता में श्री शर्मा ने बताया कि वन नेशन-वन इलेक्शन की अभी केवल चर्चा हो रही है। प्रदेश में नवंबर में विधानसभा चुनाव होंगे, हम यह मान कर चल रहे हैं। प्रत्याशियों की दूसरी सूची शीघ्र जारी होगी। पत्रकारों के सवाल के जवाब में श्री शर्मा ने बताया कि किसानों के हित में केन्द्र सरकार ने बेहतर काम किया और इसे भी भूपेश सरकार ने अपने खाते में जोड़ लिया। भाजपा सरकार किसानों को दो साल तक बोनस नहीं दे पायी, यह सच है, लेकिन 15 साल में किसानों के लिए कई निर्णय लिये गए। भूपेश सरकार ने ऋण माफी के नाम पर किसानों को धोखा दिया। छत्तीसगढ़ियावाद का राग जरूर प्रदेश सरकार अलाप रही है, लेकिन हमारे तीज-त्यौहार, हमारी सांस्कृतिक विरासत है। राज्य सभा में किसी छत्तीसगढ़िया को नहीं भेजा गया, यह मुख्यमंत्री भूपेश बघेल की कथित छत्तीसगढ़ियावाद की असलियत खोलती है। पत्रकार वार्ता के दौरान जिला भाजपा अध्यक्ष चैतराम अटामी, महिला मोर्चा पदाधिकारी ओजस्वी मंडावी, प्रदेश पदाधिकारी नंदलाल मुड़ामी, जिला पंचायत सदस्य रामू नेताम, अरूण भदौरिया एवं महामंत्री धीरेन्द्र प्रताप सिंह उपस्थित थे।

# लाईवलीहुड कॉलेज दंतेवाड़ा में शिक्षकों का सम्मान



- छात्रों ने दी मनमोहक प्रस्तुति
- सर्वपल्ली डॉ. राधाकृष्णन की जीवनी की चर्चा

**दंतेवाड़ा,** 6 सितंबर (देशबन्धु)। लाइवलीहुड कॉलेज दंतेवाड़ा में शिक्षक दिवस पर शिक्षकों का सम्मान किया गया। प्राचार्य के द्वारा दीप प्रज्वलित कर माता सरस्वती एवं डॉक्टर सर्वपल्ली राधाकृष्णन को नमन कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया।

इस अवसर डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन को याद किया गया। भारत में शिक्षक दिवस हर साल 5 सितंबर को की जयंती के सम्मान में मनाया जाता है, जो एक प्रसिद्ध दार्शनिक, शिक्षक और भारत के दूसरे राष्ट्रपति थे. यह दिन छात्रों के जीवन और भविष्य को आकार देने में शिक्षकों और शिक्षकों के अमूल्य योगदान को पहचानने के लिए समर्पित है। इस कार्यक्रम में इलेक्ट्रीशियन, सिलाई ऑपरेटर, कंप्यूटर ऑपरेटर और टैक्सी ड्राइवर कोर्स के अभ्यर्थी मौजूद रहे। इस कार्यक्रम का संचालन बीजू राम के द्वारा किया गया। कार्यक्रम में ललिता सेठिया, सुरुचि यादव, भीमसेन, राहुल कुमार, मोहन, अनिल कुमार, लक्ष्मी यादव, पूजा के द्वारा मनमोहक कार्यक्रम की प्रस्तुति दी गई। लाइवलीहुड कॉलेज में इलेक्ट्रीशियन सिलाई ऑपरेटर, वेल्डर, कंप्यूटर ऑपरेटर, टैक्सी ड्राइवर और प्लंबर आदि का प्रशिक्षण संचालित हो रहा है।

## प्रादेशिकी का शेष...

### परपा कांजी हाउस में निरंतर हो रही ...

तंत्र पर भी कायम है। गौ हत्या के आरोप में आदर्श तिवारी पर पशु क्रूरता अधिनियम धारा 4 व 5 के तहत एफ आई आर दर्ज करवाने की मांग की गई है। एफ आई आर दर्ज कर कार्यवाही ना होने की स्थिति में सक्षम शुक्रवार को करेगा उग्र आंदोलन।

### राहुल गांधी की भारत ...

भारत जोड़ो पदयात्रा की जरूरत है। भारत जोड़ो यात्रा का ही परिणाम है कि देश में नफरत के घाव खत्म हुए है। माव लॉन्चिग जैसी घटनाएं रुकी है। रसोई गैस के दाम कम करने मजबूर हुई किसान, युवा माता बहने, पत्रकार मोदी सरकार के जनविरोधी नीतियों के खिलाफ सीना ठोक कर खड़े हुए है। पत्रकार वार्ता के दौरान महापौर सफीरा साहू, नगर निगम सभापति कविता साहू, सरला तिवारी एवं अन्य उपस्थित थे।

# आम आदमी पार्टी ने जारी किया 9 बिन्दुओं पर गारंटी पत्र



- 10वें की घोषणा केजरीवाल करेंगे जगदलपुर में घोषणा
- दिल्ली की तर्ज पर मुफ्त शिक्षा, चिकित्सा, नियमितीकरण की गारंटी

**दंतेवाड़ा,** 6 सितंबर (देशबन्धु)। आम आदमी पार्टी की दंतेवाड़ा जिला इकाई ने आज छत्तीसगढ़ के लिए केजरीवाल की गारंटी की घोषणा की। पत्रकार वार्ता लेकर पदाधिकारियों ने दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल द्वारा छत्तीसगढ़ के लिए 9 बिन्दुओं की गारंटी की जानकारी दी। आम आदमी पार्टी की छत्तीसगढ़ की जनता के लिए दसवीं सेवा गारंटी किसानों तथा जनजाति वर्ग से संबंधित रहेगी जिसकी उद्घोषणा श्री केजरीवाल द्वारा 16 सितंबर को जगदलपुर के लालबाग मैदान की कार्यक्रम में की जाएगी। इस पत्रकार वार्ता में जिला सचिव जयनारायण बस्तरिया द्वारा कहा गया कि शिक्षा और स्वास्थ्य की उत्तम सुविधा तथा भ्रष्टाचार के विरोध में सरकारी सिस्टम को खड़ा करने के लिए आम आदमी की विशिष्ट पहचान आज पूरे भारत में है। यही पहचान छत्तीसगढ़ में आम आदमी पार्टी को जीत दिलाकर जन सेवा का मौका प्रदान करेगी।

जिला अध्यक्ष बल्लू भवानी ने 16 सितंबर के श्री केजरीवाल के जगदलपुर प्रवास की जानकारी दी। छत्तीसगढ़ के लिए 9 बिन्दुओं की गारंटी में दिल्ली और पंजाब की तरह छत्तीसगढ़ में भी हर महीने हर घर को 300 यूनिट बिजली मुफ्त देने की बात कही। उन्होंने बताया कि छत्तीसगढ़ के सभी गांव और शहरों में बिना कट लगे 24 घंटे बिजली दी जाएगी। छत्तीसगढ़ में आम आदमी पार्टी की सरकार बनने पर सभी पुराने बकाया घरेलू बिजली बिल माफ किए जाएंगे। छत्तीसगढ़ के हर बच्चे को अच्छी और फ्री शिक्षा दी जाएगी। दिल्ली की तरह सभी सरकारी स्कूलों को शानदार बनाया जाएगा। दिल्ली की तरह छत्तीसगढ़ में भी प्राइवेट स्कूलों की नाजायज़ फीस नहीं बढ़ाने देंगे। सभी अनियमित शिक्षकों को नियमित किया जाएगा। शिक्षकों के सभी खाली पद भरे जाएंगे। शिक्षकों को शिक्षण के अलावा और कोई भी अन्य कार्य नहीं दिया जाएगा।

इसी तरह दिल्ली की तरह छत्तीसगढ़ के हर नागरिक के लिए मुफ्त और अच्छे इलाज का इंतजाम किया जाएगा। दिल्ली की तरह सभी दवाइयाँ, टेस्ट और ऑपरेशन मुफ्त किए जाएंगे। दिल्ली की तरह हर गांव और वार्ड में मोहल्ला क्लीनिक खोला जाएगा।

छत्तीसगढ़ के सभी मौजूदा सरकारी अस्पतालों को शानदार बनाया जाएगा और नए सरकारी अस्पताल खोले जाएंगे। सभी रोड एक्सीडेंट मरीजों को पूरे छत्तीसगढ़ में मुफ्त इलाज की सुविधा दी जाएगी। दिल्ली की तरह छत्तीसगढ़ में भी भ्रष्टाचार को पूरी तरह खत्म किया जाएगा। किसी भी सरकारी दफ्तर में काम करवाने के लिए आपको वहां नहीं जाना पड़ेगा। दिल्ली की तरह एक फोन नंबर जारी करेंगे, आप उस फोन पर कॉल करके काम बताओ, कोई सरकारी कर्मचारी आपके घर आकर काम करके जाएगा। आपको किसी को रिश्वत देने की जरूरत नहीं होगी। हर बेरोजगार को रोजगार मुहैया करवाया जाएगा।

जब तक नौकरी नहीं मिलती तब तक हर बेरोजगार को 3 हजार महीना बेरोजगारी भत्ता दिया जाएगा। लगभग 10 लाख बेरोज़गारों को सरकारी नौकरी में भर्ती किया जाएगा। नौकरियों की भर्ती में सिफारिश और भ्रष्टाचार खत्म कर पारदर्शिता लाई जाएगी, आम जनता को नौकरी के अवसर दिए जाएंगे।

श्री भवानी ने बताया कि 18 वर्ष से अधिक आयु की सभी महिलाओं को हर महीने 1 हजार रुपए स्त्री सम्मान राशि दी जाएगी। दिल्ली की तरह छत्तीसगढ़ के सभी बुजुर्गों को उनके पसंद के किसी भी पवित्र तीर्थ स्थान पर मुफ्त यात्रा करवाई जाएगी।

वहां आना-जाना, रहना खाना सब मुफ्त होगा। भारतीय सेना और छत्तीसगढ़ पुलिस के जवान अगर सेवा के दौरान शहीद होते हैं तो उनके परिवार को 1 करोड़ रुपए की सम्मान राशि दी जाएगी। सभी विभागों के संविदा, प्लेसमेंट, ठेका व अनियमित कर्मचारियों को नियमित करेंगे। इस पत्रकार वार्ता में जिला जिला के प्रमुख पदाधिकारी के साथ व्यवस्थापक हेमंत ठाकुर, सर्किल अध्यक्ष अजय सेठिया, जिला सोशल मीडिया प्रभारी पवन नाग, बचेली, आम आदमी पार्टी, नगर पालिका अध्यक्ष आसाराम कर्मा, दया कोड़ोपी, सुखदेव कर्मा उपस्थित थे।

## मेधावी दिव्यांग विद्यार्थियों को प्रोत्साहन राशि प्रदान करने हेतु प्रावीण्य सूची जारी

**जगदलपुर,** 6 सितम्बर (देशबन्धु)। राज्य शासन के निर्देशानुसार दिव्यांग व्यक्ति समान अवसर, अधिकारों का संरक्षण एवं पूर्ण भागीदारी अधिनियम 1995 के तहत दिव्यांग मेधावी निशक्त बच्चे उच्च शिक्षा प्राप्त करने से वंचित हो जाते हैं, जिन्हें संबल प्रदान प्रोत्साहन करने के लिए वर्ष 2022-23 में माध्यमिक एवं उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में सर्वाधिक अंक प्राप्त करने वाले दिव्यांग विद्यार्थियों को प्रोत्साहन राशि प्रदान करने हेतु जिले के उत्तीर्ण दिव्यांगों की एकीकृत प्रावीण्य सूची प्राप्त कर तैयार किया गया है। जिसका प्रकाशन कार्यालय जिला पंचायत बस्तर के सूचना पटल पर किया गया है। प्रावीण्य सूची के संबंध में किसी भी दिव्यांग छात्र-छात्राओं को दावा-आपत्ति हो तो 13 सितम्बर 2023 को दोपहर 3 बजे तक कार्यालयीन दिवस एवं समय में कार्यालय उप संचालक समाज कल्याण जगदलपुर जिला बस्तर में पंजीकृत डाक द्वारा अथवा स्वयं उपस्थित होकर दाया-आपत्ति प्रस्तुत कर सकते हैं। इसके पश्चात प्राप्त दावा-आपत्ति पर विचार नहीं किया जाएगा ।

# कोंडागांव जिले की ओर से इसरो को एक किमी लंबा बधाई पत्र प्रेषित



**कोण्डागांव,** 6 सितंबर (देशबन्धु)। कोंडागांव जिले की ओर से इसरो को एक किलो मीटर लंबा बधाई पत्र प्रेषित किया गया है। भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) को 1 किलोमीटर लंबा बधाई पत्र प्रेषित करने व जिले में चल रहे मतदाता जागरूकता अभियान स्वीप कार्यक्रम के तहत कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी दीपक सोनी, मुख्य कार्यपालन अधिकारी एवं स्वीप नोडल अधिकारी प्रेमप्रकाश शर्मा के दिशा निर्देशानुसार व संयुक्त कलेक्टर एवं उप जिला निर्वाचन अधिकारी सीमा ठाकुर के मार्गदर्शन मे कोंडागांव विकास खंड के शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बनियागांव के लगभग 500 छात्र-छात्राओं ने कार्यक्रम संयोजक टी.ऐंकट राव के नेतृत्व मे एक विशाल एवं आकर्षक मानव श्रृंखला बनाकर इसरो का लेखन किया तत्पश्चात् सामूहिक रूप से 1 किलोमीटर लंबा बधाई पत्र तैयार किया। इस बधाई पत्र में प्रत्येक छात्र-छात्राओं ने अपना अपना बधाई संदेश लिखकर चंद्रयान 3 के सफल लैंडिंग व आदित्य एल 1 के सफल लॉन्चिंग के लिए इसरो के चीफ एस.सोमनाथ एवं इस अभियान के समस्त वैज्ञानिकों को बधाई प्रेषित किया। इस कार्यक्रम में संस्था मे अध्यनरत समस्त छात्र छात्राओं बढ़चढ़ कर हिस्सा लिया एवं उत्साहपूर्वक शामिल होकर इस एक किलोमीटर लंबे बधाई पत्र को अपने हाथों में पकड़कर एक विशाल मानव श्रृंखला के रूप में लोगों के समक्ष प्रदर्शन किया।

कार्यक्रम संयोजक टी.ऐंकट राव ने आगे कहा कि इसरो को प्रेषित करने वाला यह बधाई पत्र सिर्फ जिला ही नहीं, राज्य ही नहीं बल्कि संभवतः इसरो को भेजे जाने वाला देश का सबसे लंबा बधाई पत्र है। इस बधाई पत्र में मतदाता जागरूकता अभियान के तहत प्रत्येक छात्र छात्र ने अपने बधाई संदेश के साथ स्वीप से संबंधित एक-एक स्लोगन लिख आने वाले चुनाव में अधिक से अधिक मतदान कर मतदान के प्रतिशत को बेहतर से बेहतर करने का संदेश भी दिया।

कार्यक्रम की अगली कड़ी में छात्र छात्राओं ने बधाई पत्र के साथ वोटर लिस्ट में नाम लिखाएं वोटर कार्ड सभी बनाए,घर घर अलख जगाएंगे मतदाता जागरूक बनाएंगे, युवा तुम हो देश की शान, जागो, उठो, करो मतदान। जैसे गगनचुंबी नारो के साथ शतप्रतिशत मतदान के लिए ग्रामवासियों को जागरूक किया।

इस सफल कार्यक्रम के लिए जिला शिक्षा अधिकारी मधुलिका तिवारी, जिला परियोजना समन्वयक समग्र शिक्षा महेंद्र पांडे, के.एस.मरकाम सहायक जिला परियोजना अधिकारी, जिला परियोजना अधिकारी साक्षरता वेणुगोपाल राव, सहायक संचालक श्रीराम तारम, विकास खंड शिक्षा अधिकारी मनोज दुबे, सहायक खंड शिक्षा अधिकारी इरशाद अंसारी, बी.आर.सी.रामलाल नेताम ने शाला परिवार को बधाई देते हुए अपनी शुभकामनाएं प्रेषित की।

इस अवसर पर प्रभारी प्राचार्य ज्योति एक्का, व्याख्याता के.आर. वद्दे, हेमशंकर तारम, ईश्वर दयाल साहू, किरण खलको, हेमलता बारले, जगदीश देवांगन, ममता पोयाम, हुरदेश्वरी जोशी, भारती पात्र, योगेश्वरी साहू, खेल अनुदेशक जी.रामेश्वर राव, ट्विंकल हारून, आशा टोप्पो, गौतम पाहुजा, स्मिता बागड़े, राजकुमारी सोढ़ी, जेमा नाग, सगरतीन, अनुराधा, छात्र छात्राएं एवं ग्रामवासी उपस्थित थे।

# डॉ. मुकुटधर पांडेय स्मृति राज्यपाल पुरस्कार से सम्मानित हुए मधु तिवारी

## बच्चों के प्रति समर्पण ने दिलाया सम्मान



**कोण्डागांव,** 6 सितम्बर (देशबन्धु)। भारत के महान दार्शनिक शिक्षा विद भारत रत्न डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन की जन्म जयंती 5 सितंबर 2023 को राजधानी रायपुर के राज भवन दरबार हाल में आयोजित राज्य स्तरीय सम्मान समारोह में कोंडागांव जिले की प्राथमिक शाला जोन्दरापदर में पदस्थ प्रधान पाठक मधु तिवारी को डॉ.मुकुटधर पांडे स्मृति राज्यपाल पुरस्कार से छत्तीसगढ़ के राज्यपाल विश्व भूषण हरिचंदन, मुख्य मंत्री छत्तीसगढ़ भूपेश बघेल, शिक्षा मंत्री रविन्द्र चैबे संसदीय सचिव द्वारिकाधीष यादव प्रमुख सचिव शिक्षा डॉ.आलोक शुक्ला, करकमलों से प्रशस्ति पत्र शॉल श्रीफल व पचास हजार की सम्मान राशि से सम्मानित किया गया। बच्चों के प्रति समर्पण व लगन उनके सर्वांगीण विकास के लिए निरंतर प्रयासरत रहने शिक्षा में नवाचार साहित्यिक गतिविधियों के माध्यम से बच्चों को उनकी कला संस्कृति व शिक्षा से जोड़कर कार्य करने से उन्हें यह मुकाम मिला। शिक्षा के साथ-साथ साहित्यिक सांस्कृतिक शैक्षिक गतिविधियों से जिला व राज्य स्तर पर अपनी पहचान बनाई लेखन कार्य से जुड़कर समाज को एक नई दिशा देने का प्रयास करती रही। अपनी लेखनी से बाल मनोभावों को अपनी कहानियों में बखूबी चित्रित किया। आकशवाणी, दूरदर्शन से मधु की कविता, कहानी का प्रसारण हुआ है। सशक्त मंच संचालन से जिला राज्य स्तर पर अपनी पहचान बनाई।

# संविधान दिवस मनाने की तैयारी के लिए एकजुट हुए एसटी एससी ओबीसी व माइनोरिटी

**कोण्डागांव,** 6 सितम्बर (देशबन्धु)। इस वर्ष संविधान दिवस मनाने के लिए एसटी एससी ओबीसी और माइनोरिटी लोगों का बैठक पुराना रेस्ट हाउस कोंडागांव में 03 सितम्बर 2023 रखा गया, जिसमें यह निर्णय लिया गया है, कि इस वर्ष संविधान दिवस के उपलक्ष्य में बहुजन विचारक डॉक्टर लक्ष्मण यादव दिल्ली यूनिवर्सिटी के प्रोफेसर की उपस्थिति में संविधान संगोष्ठी सम्मेलन का आयोजन करना है, जिसमें बाबा साहेब सेवा संस्था कोंडागांव के अध्यक्ष मुकेश मार्कण्डेय, सचिव रमेश पोयाम, सर्व आदिवासी समाज से जिला अध्यक्ष बंगाराम सोढी, सर्व आदिवासी समाज ब्लॉक अध्यक्ष पनकु नेताम, उपाध्यक्ष पुष्कर सिंह मंडावी, कोषाध्यक्ष ओमप्रकाश नाग, संरक्षक तिलक पांडे (कलार समाज), पंचूराम सागर, मुख्य सलाहकार बुधसिंह नेताम, पी.पी.गोंडाने, मीडिया प्रभारी बीरेंद्र नेताम, कार्यकारिणी सदस्य नरसिंह देव मांडवी, भुवनलाल मार्कण्डेय, देवानंद चैरे, संदीप वासनीकर, नरसिंहदेव मंडावी, हितेंद्र श्रीवास (नाई समाज),



अमरनाथ साहू, संदीप कोर्राम, शानू मार्कण्डेय, सिद्धार्थ महाजन, शरद कोडोपी, मंगउराम देवांगन (कोष्टा समाज) और समाज प्रमुख प्रदीप साहू (साहू समाज), लुभासिंह नाग (हल्बा समाज), पांडेजी (कलार समाज), नारायण बंजारे (सतनामी समाज), नोहरसिंह ध्रुव (कोया समाज), चमनलाल वर्मा (कुर्मी समाज), सोना (मसीह समाज) के सदस्य सम्मिलित हुए। आगामी बैठक 10 सितम्बर 2023 को दिन रविवार समय 03 बजे पुराना रेस्ट हाउस में बैठक रखने हेतु प्रतावित है। आप सभी बहुजन सम्माननीय मूल निवासियों को सादर निवेदन है।

# स्टालिन का भाजयुमो ने पुतला फूंका

**भानुप्रतापपुर,** 6 सितंबर (देशबन्धु)। तमिलनाडु डीएमके सरकार के मंत्री उदयनिधि स्टालिन द्वारा राष्ट्र को तोड़ने व हिंदुत्व को आघात करने वाले विवादित बयान के विरोध में आज मैन चौक भानुप्रतापपुर में भारतीय जनता पार्टी युवा मोर्चा वा भारतीय जनता महिला मोर्चा के तत्वाधन में बुधवार को आक्रोशित भाजपा कार्यकर्ताओं ने उदयनिधि स्टालिन, सोनिया गांधी, राहुल गांधी व बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी का पुतला फूंका और विरोध में जमकर नारेबाजी की गई।




इस अवसर पर बड़ी संख्या में एकत्र भाजपा नेताओं व कार्यकर्ताओं ने करीब आधे घंटे तक पुतला दहन करके विरोध प्रदर्शन किया वहां मौजूद पुलिस कर्मियों से भाजपा कार्यकर्ताओं की नोकझोंक भी होती रही. भाजपा मंडल अध्यक्ष सांसद प्रतिनिधि नरोत्तम सिंह चौहान ने कहा कि देश को विभाजित करने व हिंदुत्व का अपमान करने वाले बयान को ऐसे लोगों को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा भाजपा युवा मोर्चा मंडल अध्यक्ष आकाश सोलंकी ने कहा कि गंदी राजनीति युवा वोट के लिए सनातन धर्म के विरोध में विपक्षी गठबंधन बयान बाजी कर रहा है देश की जनता इसका जवाब देगी, प्रदेश आदिवासी मोर्चा के कोषाअध्यक्ष छत्र प्रताप दुग्गा ने इस अवसर पर कहा कि यह बेहद शर्मनाक बयान है इस पर घमंडियां गठबंधन भी मुंह बंद किए बैठा है, विरोध स्वरूप भाजपा ने आज तुष्टिकरण की राजनीति करने वाले विपक्षी गठबंधन के बड़े चेहरों का पुतला जलाया है. इस अवसर पर भाजपा मंडल महामंत्री ज्वाला प्रसाद जैन डिगेश खापर्डे युवा मोर्चा प्रदेश सह प्रशिक्षण प्रभारी देवेंद्र टेकाम भाजपा मंडल उपाध्यक्ष अरविंद जैन महिला मोर्चा मंडल अध्यक्ष सरिता जोशी महिला मोर्चा प्रदेश कार्य समिति सदस्य रजिन्दर रंधावा महिला मोर्चा महामंत्री संगीत टाडिया शकुंतला यादव मंडल मंत्री उर्मिला जासूजा सीता चंद्राकर पीयूष कश्यप कोरर मंडल अध्यक्ष युवा मोर्चा युवा मोर्चा जिला मीडिया प्रभारी राजीव(राजू)श्रीवास, आदिवासी मोर्चा मंडल अध्यक्ष चैतू राम अचला आईटी सेल युवा मोर्चा जिला संयोजक रोशन मिश्रा यूवा मोर्चा मंडल जिला सोशल मीडिया प्रभारी अभिषेक श्रीवास्तव निरंजन बंजारे आदि कार्यकर्ता बड़ी संख्या में उपस्थित थे।

## सार-संक्षेप

### अंडर 16 का ट्रायल 9 को

**जगदलपुर,** 6 सितम्बर (देशबन्धु)। छत्तीसगढ़ स्टेट क्रिकेट संघ रायपुर द्वारा दिए गए निर्देश अनुसार बस्तर जिला क्रिकेट संघ जगदलपुर द्वारा अंडर 16 का ट्रायल 9 सितंबर 2023 दिन शनिवार को लिया जाएगा, तथा अंडर 19 का ट्रायल 10 सितंबर 2023 दिन रविवार को लिया जाएगा। अंडर 16 में वही खिलाड़ी भाग ले सकते है जिनका जन्म 1 सितंबर 2008 से 31 अगस्त 2010 के बीच के होना चाहिए। अंडर 19 का कट ऑफ डेट 1 सितंबर 2005 होगा। दोनों ट्रायल समय सुबह 8 बजे से लालबाग क्रिकेट मैदान में होगा। खिलाड़ी सफेद पोशाक में आवे। जिन्होंने रजिट्रेशन नहीं कराया है वे रजिस्ट्रेशन फॉर्म के साथ पिछल 6 वर्ष की अंकसूची, मैन्यूल एवम डिजिटल जन्म प्रमाण पत्र, निवास प्रमाण पत्र, पीवीसी आधार कार्ड, वर्तमान खींची फोटो संलग्न करे।

### आज श्रीकृष्ण जन्माष्टमी पर शुष्क दिवस घोषित

**कोण्डागांव,** 6 सितंबर (देशबन्धु)। छत्तीसगढ़ शासन मंत्रालय वाणिज्यिक कर (आबकारी) के निर्देशानुसार कलेक्टर दीपक सोनी द्वारा आदेश जारी कर 7 सितम्बर को श्रीकृष्ण जन्माष्टमी के अवसर पर शुष्क दिवस घोषित किया गया है। इस अवसर पर जिले की समस्त देशी मदिरा दुकान, विदेशी मदिरा दुकान एवं सैनिक कैंटिंन फुटकर अनुज्ञप्ति हेतु पूर्णतः बंद रखी जायेगी तथा अवैध शराब बिक्री पर समुचित नियंत्रण रखा जाएगा।

### कांग्रेस का दामन छोड़ भाजपा में शामिल हुए कांग्रेसी कार्यकर्ता

**कोण्डागांव,** 6 सितम्बर (देशबन्धु)। कांग्रेस की विकास विरोधी गलत नीतियों, प्रदेश में बढ़ते भ्रष्टाचार और भाजपा की नीतियों से प्रभावित होकर भाजपा राष्ट्रीय उपाध्यक्ष सुश्री लता उसेंडी के समक्ष 05 सितम्बर 2023 को विधान सभा कोंडागांव, अंतर्गत विकास खंड माकड़ी, बीजापुर मंडल, ग्राम तोरण्डी के कांग्रेस की सदस्यता छोड़ने वाले महंतराम दास जी एवं उनके पुत्र पुनित मानिकपुरी एवं वन विभाग से रिटायर्ड हुए रेंजर चेतनराम नेताम ने भाजपा प्रवेश किया। लता उसेंडी ने कहा देश की सबसे बड़ी राजनीतिक दल भाजपा परिवार में स्वागत है। आशा है आपके भाजपा परिवार में शामिल होने से हमें और भी मजबूती मिलेगी और आगामी विधान सभा चुनाव में हम सब का साझा प्रयास भारी जीत को सुनिश्चित करेगा। आप सभी का भाजपा परिवार में स्वागत है।

इस दौरान मुख्य रूप से बीजापुर मंडल अध्यक्ष कृष्णा पोयाम, जश्मन्त श्रीवास्तव, सन्तदास मानिकपुरी, बकलू पोयाम, गनपत पोयाम, तुलसीराम नेताम, विष्णु बघेल, शुभाश पोयाम, मनसुख दास, दुकारू कोर्राम, नीलूराम नेताम, घनसुराम नेताम, सुखचंद नेताम, शिवलाल मरकाम उपस्थिति रहे।

# सहकारिता सचिव वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग द्वारा एथेनॉल प्लांट निर्माण कार्यों का लिया जायजा

**कोण्डागांव,** 6 सितम्बर (देशबन्धु)। बुधवार को सहकारिता विभाग के सचिव हिमशिखर गुप्ता द्वारा इंद्रावती भवन रायपुर से वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग द्वारा निर्माणाधीन एथेनॉल प्लांट के निर्माण कार्यों की प्रगति की समीक्षा की गई। इस अवसर पर सचिव ने एथेनॉल प्लांट के कार्यों की प्रगति पर संतुष्टि जाहिर करते हुए प्लांट के संचालन हेतु मानव संसाधन की आपूर्ति एवं मक्का उपार्जन हेतु कार्ययोजना निर्माण करने हेतु निर्देशित किया।



**मानव संसाधन के साथ मक्का उपार्जन के लिए कार्ययोजना निर्माण पर हुई चर्चा**

इस अवसर पर कलेक्टर दीपक सोनी ने बताया कि प्लांट के निर्माण के पहले फेज की टेस्टिंग 07 सितम्बर को लघु स्तर पर अलग अलग उपकरणों की अलग अलग संचालित की जाएगी। इसके साथ ही प्लांट में सुरक्षा मानकों को सुनिश्चित करने के लिए राज्य में सुरक्षा आंकलन करने वाले उत्कृष्ट संस्थान आईआईटी भिलाई के द्वारा ऑडिट कराने की योजना बनाई गई है, जिसके लिए चर्चा की जा रही है।

इस अवसर पर प्लांट के प्रबंध निर्देशक के एल उइके ने बताया कि प्लांट के लिए मक्का उपार्जन के लिए योजना निर्माण की जा रही है। जिसके तहत मक्का उत्पादकों की गिरदावरी के साथ उनके पंजीयन का कार्य किया जा रहा है अब तक 5000 से अधिक का पंजीयन किया जा चुका है। मक्का उत्पादकों को राजीव गांधी किसान न्याय योजना का भी लाभ दिया जाएगा। प्लांट के लिए ऑइल मार्केटिंग कम्पनियों से भी चर्चा की जाएगी।

प्लांट में रोजगार के लिए स्थानीय युवाओं को रोजगार देने के लिए आस पास के पंचायतों के माध्यम से युवाओं का चयन कर उनको ट्रेनिंग दिया जा रहा है। जिसके तहत 41 युवाओं को आईटीआई में प्रशिक्षण दिया जा रहा है अगले चरण में अन्य 40 युवाओं को प्रशिक्षण दिया जाएगा और प्रशिक्षण कार्यक्रम आगे भी जारी रहेगा। इस अवसर पर इंद्रावती भवन से उप सचिव पीएस सर्पराज, पंजीयक रमेश कुमार शर्मा, संयुक्त रजिस्ट्रार उमेश तिवारी, सहायक पंजीयक विकास खन्ना, सहकारिता निरीक्षक सत्यनारायण शुक्ल सहित जिला कार्यालय से कलेक्टर सहित जिला पंचायत सीईओ प्रेम प्रकाश शर्मा, सहायक पंजीयक केएल उईके सहित प्लांट निर्माण एजेंसी के प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

# पिछड़ा वर्ग समाज की बैठक



**भानुप्रतापपुर,** 6 सितंबर (देशबन्धु)। पिछड़ा वर्ग समाज (बस्तर संभाग) की ब्लाक भानुप्रतापपुर की बैठक स्थानीय सामुदायिक भवन भानुप्रतापपुर में आयोजित हुआ, जिसमें आगामी 13 सितंबर 2023 दिन बुधवार को वीर मेला स्थल राजा राव पठार में होने वाली अनिश्चितकालीन आंदोलन के बारे चर्चा किया गया जिसमें भानुप्रतापपुर ब्लॉक के गांव -गांव से पिछड़ा वर्ग के लोग अपने खाने पीने सभी व्यवस्था लेकर राजा राव पठार आंदोलन स्थल पहुंचने का निर्णय लिया गया जिसे ग्राम अध्यक्षों ने एक स्वर में कहा कि हम अपने अधिकारों के लिए हमेशा लड़ाई लडते रहेंगे। बैठक में पिछड़ा वर्ग समाज के युवा ब्लॉक अध्यक्ष निरज मानिकपुरी को बनाया गया।

पिछड़ा वर्ग समाज द्वारा पिछड़ा वर्ग समाज भवन के लिए सुभाष पारा मैदान में 10 डिसमील जमीन आरक्षित करने की मांग को लेकर नगर पंचायत अध्यक्ष भानुप्रतापपुर को ज्ञापन सौंपा गया। उक्त बैठक में ज़िला अध्यक्ष जगन्नाथ साहू, जिला संरक्षक हरेश चक्रधारी ब्लॉक अध्यक्ष अरविंद जैन, संरक्षक मनीष(टेम्पा)योगी, जोहर पटेल, प्रभाकर सोनी, राजीव श्रीवास, कमलेश निषाद, किशन, जगत यादव, विनोद पटेल, गेंदलाल, नीरज मानिकपुरी, राधेश्याम जैन, घनाराम जैन, भारत जैन, धनेश कुमार, गीतेलाल पटेल, ज्वाला जैन,जालंधर पटेल, डोमन दास, मदनलाल, अनिल कुमार, राजेंद्र जैन, बिशेसर,नकुल राम, एवं अन्य कार्यकर्ता एवं पदाधिकारी उपस्थित थे।

# बनियागांव में स्कूली छात्र-छात्राओं ने मतदाता जागरूकता के लिए बनाई मानव श्रृंखला



**कोण्डागांव,** 6 सितम्बर (देशबन्धु)। जिले मे चल रहे मतदाता जागरूकता अभियान स्वीप कार्यक्रम के तहत कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी दीपक सोनी, मुख्य कार्यपालन अधिकारी एवं स्वीप नोडल अधिकारी प्रेमप्रकाश शर्मा के निर्देशन एवं संयुक्त कलेक्टर एवं उप जिला निर्वाचन अधिकारी सीमा ठाकुर के मार्गदर्शन में कोण्डागांव विकासखंड के शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बनियागांव के लगभग 500 छात्र-छात्राओं ने कार्यक्रम संयोजक टी.ऐंकट राव के नेतृत्व में एक विशाल एवं आकर्षक मानव श्रृंखला बनाकर छात्र छात्राओं ने वोटर लिस्ट में नाम लिखाने हेतु प्रेरित करने के लिए वोटर कार्ड बनाएं, घर घर अलख जगाएंगे मतदाता जागरूक बनाएंगे, युवा तुम हो देश की शान जागो उठो करो मतदान जैसे गगनचुंबी नारों के साथ शतप्रतिशत मतदान के लिए ग्रामवासियों को जागरूक किया। इस सफल कार्यक्रम के लिए जिला शिक्षा अधिकारी मधुलिका तिवारी, जिला परियोजना समन्वयक समग्र शिक्षा महेंद्र पांडे, के.एस.मरकाम सहायक जिला परियोजना अधिकारी, जिला परियोजना अधिकारी साक्षरता वेणुगोपाल राव, सहायक संचालक राम तारम, विकास खंड शिक्षा अधिकारी मनोज दुबे द्वारा शुभकामनाएं दी गयी। इस अवसर पर प्राचार्य ज्योति एक्का सहित विद्यालयीन शिक्षक, छात्र-छात्राएं एवं ग्रामजन उपस्थित रहे।

# कुआकोंडा में दिव्यांगजनों का प्रमाणीकरण

**दंतेवाड़ा,** 6 सितंबर (देशबन्धु)। दिव्यांगजनों के लिए शासन प्रशासन के प्रयासों लाभान्वित करने का प्रयास किया जा रहा है। इसके तहत दूरस्थ अंदरुनी क्षेत्रों में पहुंच दिव्यांगों को सुविधा उपलब्ध कराने निरंतर शिविर जारी है।



कलेक्टर विनीत नंदनवार के निर्देशानुसार विकासखंड स्तरीय दिव्यांगजन प्रमाणीकरण शिविर का आयोजन किया जा रहा है। इसी कड़ी में आज कुआकोण्डा विकासखंड अंतर्गत नया डेनेक्स भवन में दिव्यांगजन शिविर का आयोजन प्रातः 10 बजे से संध्या 5 बजे तक किया गया। शिविर में दिव्यांगजनों का प्रमाण पत्र एवं यूडीआईडी कार्ड बनाया गया। दिव्यांगजनों के लिए यूडीआईडी कार्ड बनाने से भविष्य में इसका लाभ दिव्यांगजनों को मिल सकेगा।

शिविर में सुविधा देने के लिए दिव्यांगता वार पृथक-पृथक पंजीयन काउंटर की व्यवस्था की गयी। इसके बाद मरीज संबंधित चिकित्सक के पास पहुँच अपना उपचार करा रहे हैं। शिविर में नेत्र रोग, नाक कान गला रोग, अस्थि रोग मनोरोग विशेषज्ञों के द्वारा दिव्यांग जनों की जांच की गई। दिव्यांगजनों का जिला मेडिकल बोर्ड के विशेषज्ञ चिकित्सकों द्वारा स्वास्थ्य परीक्षण कर उनका दिव्यांगता प्रमाण पत्र बनाया गया। दिव्यांगजनों का दिव्यांग प्रमाण पत्र बनाने के साथ ही दिव्यांगता प्रमाण पत्र का नवीनीकरण भी किया गया। शिविर में पहुंचे लोगों को शासन द्वारा चलाई जा रही विभिन्न योजनाएं जैसे दिव्यांग पेंशन, दिव्यांग छात्रवृत्ति, दिव्यांग विवाह प्रोत्साहन योजना, दिव्यांग शिक्षा प्रोत्साहन योजना, जैसे योजनाओं के बारे में जानकारी देकर लाभ लेने प्रोत्साहित किया गया।

- **सरकारी योजनाओं से लाभान्वित करने की पहल**
- **दिव्यांगों को मिली ट्राइसिकल और अन्य उपकरण**

उप संचालक समाज कल्याण विभाग ने बताया कि इस शिविर में दिव्यांगजनों के प्रमाणीकरण के अतिरिक्त यूडीआईडी पंजीयन, कृत्रिम अंग सहायक उपकरण हेतु आवेदन भी दिया गया। शिविर में लगभग 179 दिव्यांग व्यक्तियों का पंजीयन किया गया। स्थल में ही 97 दिव्यांगओं को प्रमाण-पत्र जारी दिया गया। सहायक उपकरण वितरण में श्रवण यंत्र 13, बैसाखी 2, व्हीलचेयर 3, ट्राय सायकल 1, हैंड स्टिक 18, वॉकर 2 तथा ब्लाइंड स्टिक 7 वितरण किया गया। जिला निर्वाचन अधिकारी श्री नंदनवार एवं स्वीप नोडल अधिकारी कुमार विश्वरंजन के निर्देशानुसार इस दिव्यांग शिविर में स्वीप कार्यक्रम के तहत दिव्यांग मतदाताओं को मतदान के प्रति जागरूक करते हुए पुष्पगुच्छ से स्वागत किया गया। जिन दिव्यांग मतदाताओं का नाम नहीं जुड़ा है उनका मतदाता सूची में नाम जोड़ने का कार्य भी किया जा रहा है। उन्हें मतदान केंद्रों में दी जाने वाली सुविधाएं जैसे रेम्प, पेयजल, बिजली एवं शौचालय की व्यवस्था उपलब्ध होने की जानकारी भी दी गई।

# कैपिटल ज़ोन

**उल्टा पुल्टा**

**पहला कैदी** – तुम्हें पुलिस ने क्यों पकड़ा?
**दूसरा कैदी** – बैंक लूटने के बाद वहीं बैठकर पैसे गिनने लगा तो पुलिस ने पकड़ लिया।
**पहला कैदी** – वहीं पर पैसे गिनने की क्या जरूरत थी?
**दूसरा कैदी** – वहां पर लिखा था कि काउंटर छोड़ने से पहले पैसे गिन लें, बाद में बैंक जिम्मेदार नहीं होगा।

## संपादकीय

# सारे अंधविश्वास खत्म हों!

*देश भर में प्रकारान्तर से अनेक तरह के अंधविश्वास हैं जिनसे छत्तीसगढ़ भी अछूता नहीं है। भूत-प्रेत, जादू-टोना, झाड़-फूंक, टोनही आदि में लोगों का बड़ा विश्वास है। लोगों को इनके अस्तित्व में इतना भरोसा है कि बहुत सी बीमारियों का इलाज वे योग्य चिकित्सकों की बजाये बैगा या झाड़-फूंक करने वालों से कराते हैं। सुदूर इलाकों में लोग अपनी समस्याओं का समाधान अपनी परम्परागत मान्यताओं के अनुरूप पाने की कोशिशें करते हैं। कई लोगों का दावा है कि उन्हें इसका फायदा मिलता है तो वहीं आधुनिक व वैज्ञानिक जीवन प्रणाली में भरोसा करने वाले लोग इसे मान्य नहीं करते।*

*कोरबा जिले के पसान थाना के अंतर्गत सिर्री गांव के एक निवासी इतवार सिंह गोंड़ की हत्या कर दी गई। पुलिस जांच से पता चला कि गांव के ही रहने वाले रामकुमार की पत्नी जयकुंवर अक्सर बीमार रहती थी। उन्हें शक हो गया कि इतवार सिंह और उसकी पत्नी आशा के जादू-टोना करने से ऐसा हो रहा है। पिछले महीने जयकुंवर की मौत हो जाने से उसका शक पक्का हो गया। उसने मौका पाकर रविवार को उसकी हत्या कर दी। आशा भी गम्भीर रूप से घायल हो गई। उसके बयान से ही रामकुमार के इस हत्या में हाथ होने का पता चला। उधर नारायणपुर से कुछ दूर पर बसे गांव मालिंगनार में 31 अगस्त की रात गांडोराम सलाम की हत्या हो गई। तफ्तीश से ज्ञात हुआ कि बेलगुर सलाम व बिहारी सलाम ने उसकी हत्या कर दी क्योंकि उन्हें शक था कि वह जादू-टोना करता है कुछ अरसा पूर्व मुंगेली के विचारपुर गांव में एक महिला की राधे यादव नामक उसके दिव्यांग भतीजे ने एक साथी की मदद से हत्या कर दी। उसे शक था कि उसकी चाची टोनही है और उसके जादू-टोना करने से उसके पिता व भाभी की मौत हुई है।*

*राज्य में इस तरह के कई अंधविश्वास प्रचलित हैं। गांव की किसी महिला या पुरुष आदि के बारे में धारणा बन जाती है कि उन्हें जादू-टोना आता है जिसके कारण वह किसी को बीमार कर सकते हैं या मार सकते हैं। किसी को अचानक कोई बीमारी होने या उसके मर जाने पर ऐसे ही किसी व्यक्ति को जिम्मेदार बतलाया जाता है। बतलाने वाला भी कोई ऐसा ही शख्स होता है जो लोगों की झाड़-फूंक करता हो। इसके कारण उस व्यक्ति की प्रताड़ना होती है। कई बार जान भी गंवानी पड़ती है। यह भी होता है कि कई बार आपसी रंजिश निकालने या किसी को घर-जमीन से बेदखल करने के लिये भी ऐसा किया जाता है।*

*इस बाबत व्याप्त अंधविश्वास को दूर करने के लिये प्रदेश सरकार और कई सामाजिक संगठन लोगों को जागरूक कर रहे हैं। इस जागरूकता अभियान को और सघनतापूर्वक चलाने की आवश्यकता है ताकि किसी की हत्या न हो।*

# जिला सहकारी बैंक में 2 करोड़ से ज्यादा के संदिग्ध ट्रांजेक्शन

## जांच में जुटी विजिलेंस, खातेदारों को नहीं मिल रहे एफडी

**रायपुर**, 6 सितंबर (देशबन्धु)। राजधानी रायपुर के जिला सहकारी केंद्रीय बैंक मर्यादित में 2 करोड़ से अधिक के संदिग्ध ट्राजेक्शन सामने आए है ये मामला सामने आने के बाद बैंक में हड़कंप मच गया है और अब इसकी जांच भी शुरू हो गई है।

सूत्रों से पता चला कि बैंक में रोजाना ऐसे कई लोग पहुंच रहे है जिन्होंने वर्षों पहले फिक्स डिपाजिट करवाए थे लेकिन जब वे विड्राल के लिए पहुंच रहे है तो उन्हें चक्कर लगवाए जा रहे है जिला सहकारी बैंक के अध्यक्ष पंकज शर्मा ने भी इस गड़बड़ी की पुष्टि की है, उन्होंने कहा है कि 2017 के आस.पास फिक्सड डिपाजिट इंट्रेस्ट अकाउंट से गबन की पुष्टि जांच बैंक की जांच में हुई है, जिसमें 2 कर्मचारियों को सस्पेंड कर दिया गया है और इस मामले में उन्होंने एफआईआर के




निर्देश दे दिए है, प्रारंभिक रूप से 52 लाख के गबन की पुष्टि हुई है। जिसमें कर्मचारियों ने गबन की बात स्वीकार की है, अध्यक्ष के मुताबिक कर्मचारियों से 38 लाख की रिकवरी भी कर ली गई है, इस गबन की पड़ताल ने शुरू की पड़ताल में ये बात सामने आई कि 2019 में रिटायर्ड हो चुका एक स्टॉफपिछले 1 हफ्ते तक बैंक में रोजना पहुंच रहा था और बैंक के कम्प्यूटर में काम करते उसे देखा जा रहा था बैंक के ही एक और स्टॉफका नाम सामने आया है जिन्होंने अपने साला पत्नी का भाई के बैंक खाते में करीब 90 लाख रूपए ट्रांसफर किए है सूत्रों से पता चला है कि बैंक ने उक्त कर्मचारी के साथ एक अन्य कर्मचारी से 38 लाख रूपए की रिकवरी भी गुपचुप तरीके से की है हालांकि बैंक के सीईओ प्रभात मिश्रा ने इस संदिग्ध ट्रांजेक्शन को लेकर अधिकृत राशि तो नहीं बताई लेकिन उन्होंने जांच की बात कही बैंक में कुछ संदिग्ध ट्रांजेक्शन हुए है जिसकी जांच विजिलेंस टीम कर रही है राशि कितनी है ये कह पाना अभी जांच पूरी होने तक संभव नहीं है 1-2 दिनों में संदिग्ध ट्रांजेक्शन के राशि की स्थिति स्पष्ट हो जाएगी।

# 27 महिला आरक्षकों की हुई पदस्थापना



**रायपुर**, 6 सितंबर (देशबन्धु)। रायपुर जिले में 27 महिला आरक्षकों की पोस्टिंग हुई है 8 थर्ड जेंडर आरक्षकों को भी पहली बार मौका मिला है यह पोस्टिंग ट्रेनिंग के बाद की गई है एसएसपी रायपुर ने इसका आदेश जारी किया है आदेश के बाद थर्ड जेंडर आरक्षकों ने एसएसपी से मुलाकात कर आभार जताया है।

थर्ड जेंडर के 8 आरक्षकों को ट्रेनिंग कम्पलीट करने के पश्चात् थानों में उनकी पहली पोस्टिंग का आदेश जारी हुआ है थर्ड जेंडर के ये सभी आरक्षक अपनी पहली पदस्थापना को लेकर काफ़ी उत्साहित हैं लोगों की सुरक्षा और सेवा के लिए पूरी तत्परता और लगन से अपनी ड्यूटी करने का जज़्बा रखते है सभी थर्ड जेंडर ने एसएसपी से मुलाकात कर पोस्टिंग को लेकर धन्यवाद ज्ञापित किया एसएसपी प्रशांत अग्रवाल ने इन सभी को इनकी पहली पदस्थापना के लिए शुभकामनायें दी हैं।

# जेपी पाठक बनाए गए दुर्ग संभागायुक्त

**रायपुर**, 6 सितंबर (देशबन्धु)। आवास एवं पर्यावरण विभाग में विशेष सचिव 2007 बैच के आईएएस जनक प्रसाद पाठक को आगामी आदेश तक दुर्ग संभागायुक्त के पद पर पदस्थ किया गया है. इसके साथ ही दुर्ग संभागायुक्त 2008 बैच के आईएएस महादेव कावरे को आवास एवं पर्यावरण विभाग में विशेष सचिव नियुक्त किया गया है।

■ **महादेव कावरे बने आवास एवं पर्यावरण विभाग में विशेष सचिव**



# देर रात मौसम ने बदला मिजाज, गरज-चमक के साथ हुई बारिश

**रायपुर**, 6 सितंबर (देशबन्धु)। राजधानी के मौसम में बुधवार की देर रात अचानक से परिवर्तन आया और गरज चमक के साथ तेज बारिश होने लगी जिससे मौसम सुहावना हो गया। इस दौरान राजधानी वासियों को उमस भरी गर्मी से राहत मिली। उल्लेखनीय है प्रदेश में मौसम विभाग में प्रदेश के दक्षिण और पश्चिमी हिस्से में बारिश होने की संभावना जताई थी। जिसे लेकर मौसम विभाग की ओर से राजनांदगांव, कांकेर, बीजापुर और नारायणपुर जिले के लिए अलर्ट जारी किया गया था। जिसका प्रतिफल देर रात देखने को मिला, राजधानी के मौसम में अचानक से परिवर्तन आया और गरज चमक के साथ बारिश होने लगी। इधर देर रात हुई तेज बारिश से फिर एक बार



सड़कों में जगह जगह पानी भर गया हालाकि इससे से राजधानी के यातायात में कोई प्रभाव नही पड़ा क्योकि अधिकतर लोग अपना काम खत्म करके घर जा चुके थे मौसम विभाग से मिली जानकारी के अनुसार मानसून द्रोणिका माध्य समुद्र तल पर पश्चिमी छोर हिमालय की तराई में है और उसका पूर्वी छोर निजामाबाद लखनऊ, सतना, रायपुर और उसके बाद दक्षिण.पूर्व की ओर उत्तर.पश्चिम बंगाल की खाड़ी में स्थित निम्न दाब के केंद्र तक है। एक निम्न दाब का क्षेत्र उत्तर.पश्चिम बंगाल की खाड़ी और उससे लगे पश्चिम.मध्य बंगाल की खाड़ी.तटीय दक्षिण उड़ीसा.तटीय उत्तर आंध्र प्रदेश के ऊपर है और यह 7.6 किलोमीटर ऊंचाई तक फैला हुआ है। इसके पश्चिम दिशा की ओर आगे बढ़ते हुए दक्षिण ओडिशाए दक्षिण छत्तीसगढ़ की ओर जाने की प्रबल संभावना है। एक द्रोणिका उत्तर.पश्चिम बंगाल की खाड़ी के ऊपर से होते हुए एक चक्रवात से दक्षिण.पूर्व उत्तर प्रदेश तक उड़ीसा छत्तीसगढ़ होते हुए 3.8 किलोमीटर ऊंचाई तक फैला हुआ है। प्रदेश मृं अधिकांश स्थानों पर हल्की से मध्यम वर्षा होने अथवा गरज चमक के साथ छींटे पड़ने की संभावना है। जिसके गुरूवार को जारी रहने की संभावना है।

# सीजीपीएससी के परिणाम घोषित रायगढ़ की सारिका बनी टॉपर

**रायपुर**, 6 सितंबर (देशबन्धु)। छत्तीसगढ़ लोक सेवा आयोग ने बुधवार रात राज्य सेवा परीक्षा.2022 का फाइनल रिजल्ट जारी कर दिया है। रायगढ़ की रहने वाली सारिका मित्तल ने टॉप किया है। वहीं शुभम देव दूसरे और श्रेयांश पतेरिया ने तीसरे स्थान पर जगह बनाई है। खास बात यह है कि टॉप.10 में 6 बेटियां शामिल हैं। इनके अलावा डीएसपी पद के लिए महिला उम्मीदवार सुमन जायसवाल ने टॉप किया है। सिविल सेवा के लिए 3095 अभ्यर्थियों का चयन लिखित परीक्षा के लिए किया गया था 15 से 18 जून तक आयोजित लिखित परीक्षा में कुल 625 अभ्यर्थियों का चयन इंटरव्यू के लिए हुआ अब 621 अभ्यर्थियों की मेरिट लिस्ट इंटरव्यू के बाद जारी की गई है सारिका मित्तल रायगढ़ ज़िले की निवासी है वे 12वीं तक छत्तीसगढ़ में पढ़ाई की इसके बाद कॉलेज की पढ़ाई दिल्ली से की है। दूसरे प्रयास में ही फ़र्स्ट रैंक हासिल की है सारिका का कहना है कि पहली बार जब परीक्षा दी तो कोई तैयारी नहीं की थी दूसरी बार में मुक़ाम हासिल हुआ है छत्तीसगढ़ लोक सेवा आयोग की परीक्षा के लिए कोई कोचिंग नहीं की हू छह से आठ घंटा पढ़ाई करती थी। घर परिवार दोस्तों और गुरु जनों का भरपूर सहयोग मिला है।




- **दूसरे पर शुभम देव श्रेयांश पतेरिया रहे तीसरे नंबर पर**
- **टॉप10 में 6 बेटियां**

# इंडिया से इतनी दिक्कत, कल भारत नाम से संगठन बन गया तो क्या करेंगे : भूपेश

**रायपुर**, 6 सितंबर (देशबन्धु)। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने देश का नाम बदलने की चर्चा के बीच केंद्र सरकार और भारतीय जनता पार्टी पर बड़ा जुबानी हमला बोला है।

सीएम ने पत्रकारों से बातचीत में कहा कि इंडिया शब्द से इतनी नफरत क्यों है? राष्ट्रपति भवन में 'भारत के राष्ट्रपति' के नाम से भेजे गए जी20 शिखर सम्मेलन के रात्रिभोज के निमंत्रण पर, छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री ने कहा, हमें राष्ट्रपति से निमंत्रण पत्र मिला और अब तक हमें इंडिया के राष्ट्रपति' से निमंत्रण



पत्र मिलता था, लेकिन यह समय आ गया है 'भारत के राष्ट्रपति' से, इंडिया से इतनी दिक्कत? अब जब विपक्षी गठबंधन को इंडिया कहा जाता है तो इससे परहेज कर रहे हैं। तो कल को भारत के नाम पर गठबंधन बनेगा तो क्या वे (केंद्र) वह नाम भी बदल देंगे?

उधर, कांग्रेस ने इंडिया-भारत विवाद के बीच 20वें आसियान-भारत शिखर सम्मेलन में नरेन्द्र मोदी को 'द प्राइम मिनिस्टर ऑफ भारत' के रूप में संदर्भित किए जाने के मद्देनजर मंगलवार को कहा कि सरकार ''दुविधा'' की स्थिति में है।

# चुनाव से पहले पुलिस विभाग में बड़ी फेरबदल

**रायपुर**, 6 सितंबर (देशबन्धु)। छत्तीसगढ़ में विधानसभा चुनाव को देखते हुए पुलिस विभाग में बड़ी संख्या में तबादले हुए हैं। पीएचक्यू ने सूची भी जारी कर दी है। इस सूची में 25 टीआई, 70 एसआई, 22 एएसआई, 28 हवलदार और 138 आरक्षकों की तबादला सूची जारी कर दी गई है। आईए जानते हैं, पुलिस के कौन से टीआई और सब इंस्पेक्टर इधर से उधर किए गए।




इंस्पेक्टर किशोर कुमार केवट को बस्तर से ट्रांसफर कर बिलासपुर भेजा गया है। इंस्पेक्टर दामोदर मिश्रा का स्थानांतरण बस्तर से बिलासपुर किया गया है। इंस्पेक्टर विजय कुमार चेलक को बस्तर से रायगढ़ ट्रांसफर किया गया है। इंस्पेक्टर मोनिका पांडे को बालोद से जिला बल दुर्ग ट्रांसफर किया गया है। इंस्पेक्टर प्रशांत मिश्रा को कांकेर से दुर्ग ट्रांसफर किया गया है। इंस्पेक्टर राजेंद्र सिंह को कबीरधाम से महासमुंद ट्रांसफर किया गया है। इंस्पेक्टर ललित कुमार यादव को कोंडागांव से बलरामपुर रामानुजगंज ट्रांसफर किया गया है। इंस्पेक्टर सुरेंद्र कुमार स्वर्णकार को बिलासपुर से सरगुजा ट्रांसफर किया गया है। इंस्पेक्टर कृष्णकांत सिंह को बिलासपुर से जिला रायगढ़ ट्रांसफर किया गया है। इंस्पेक्टर नंदन लाल राठिया को जशपुर से सक्ति ट्रांसफर किया गया है। इंस्पेक्टर शीष कुमार सिंह को जिला नारायणपुर से सरगुजा ट्रांसफर किया गया है। इंस्पेक्टर रजनीश कुमार सिंह को सरगुजा से बिलासपुर ट्रांसफर किया गया है। निरीक्षक सोमेश सिंह बघेल को सुकमा से हटाकर कांकेर ट्रांसफर किया गया है। इंस्पेक्टर गिरीश कुमार तिवारी को दुर्ग से रायपुर ट्रांसफर किया गया है। इंस्पेक्टर भुनेश्वर नाग को नारायणपुर से कोंडागांव ट्रांसफर किया गया है। इंस्पेक्टर राकेश मिश्रा को गरियाबंद से हटकर रायगढ़ ट्रांसफर किया गया है।

## राजधानी में 8 एसआई के हुए तबादले, दो का हुआ प्रमोशन

छत्तीसगढ़ पुलिस विभाग में फिर से तबादला हुआ है। इस बार रायपुर पुलिस अधीक्षक प्रशांत अग्रवाल ने 8 उप निरीक्षकों का तबादला किया है। इनमें से दो एसआई को चौकी प्रभारी बनाया गया है। वहीं अन्य एसआई को रक्षित केंद्र से अलग.अलग थानों में पदस्थ किया गया है। जारी आदेश के अनुसार एसआई बालेश्वर लहरे को सिलयारी चौकी प्रभारी बनाया गया है। वहीं एसआई रविंद्र कुमार यादव को रामनगर चौकी प्रभारी बनाया गया है। इसके अलावा एसआई गुरविंदर संधु और पुनीराम साहू को डीडी नगर थाना भेजा गया है। एसआई सुरेंद्र मिश्रा को खरोरा अंजना मसीह को सिविल लाईनए श्याम सिंह नेताम को यातायात और महेश राम निर्मलकर को गोबरा नवापारा थाना भेजा गया है।

# विनोद वर्मा के बेटों और पत्नी से ईडी की पूछताछ

**रायपुर**, 6 सितंबर (देशबन्धु)। प्रवर्तन निदेशालय ने छत्तीसगढ़ में मुख्यमंत्री के करीबियों पर लगातार शिकंजा कसा है। अब ये शिकंजा उनके परिवारों तक पहुंच था है। मुख्यमंत्री के राजनीतिक सलाहकार विनोद वर्मा के परिवार को भी ईडी ने अपनी रडार पर ले लिया है।


वर्मा बोले मैं उन्हे छोड़ आया हूं

कुछ दिनों पहले ही प्रवर्तन निदेशालय की टीम ने विनोद वर्मा के अलग-अलग ठिकानों में दबिश देखकर जांच पड़ताल की थी, जिसके बाद विनोद वर्मा ने प्रवर्तन निदेशालय के अफ़सरों पर कई गंभीर आरोप लगाए थे। अब अब विनोद वर्मा के परिवार को पूछताछ के लिए ईडी अफसर ने तलब किया है। इसमें प्रवर्तन निदेशालय ने उनके दोनों पुत्र, पत्नी समेत रिश्तेदारों को भी पूछताछ के लिए रायपुर स्थित ऑफिस में बुलाया है।

इधर विनोद वर्मा ने इस मामले में ट्वीट करते हुए तंज कसा है कि ईडी ने अब मेरे परिवार को बुला लिया है। मैं दोनों बेटों पुनर्वसु, तथागत और बहनोई तुकेंद्र वर्मा को ईडी के दफ़्तर छोड़ आया हूं। कल मेरी पत्नी जया को बुलाया गया है। केंद्र सरकार के इशारे पर एजेंसियां चाहे जो कर लें वे भूपेश बघेल और उनकी टीम के हौसले नहीं तोड़ सकतीं।

# हिन्दू-मुस्लिम विवाद के लिए कांग्रेस सरकार जिम्मेदार : जमाल सिद्दीकी



**रायपुर**, 6 सितंबर (देशबन्धु)। बीजेपी अल्पसंख्यक मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जमाल सिद्दीकी ने हिन्दू-मुस्लिम विवाद के लिए कांग्रेस सरकार को जिम्मेदार ठहराया है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस ने 70 साल तक हिन्दू-मुस्लिम को लड़ाया। कांग्रेस हिन्दू-मुस्लिम कार्ड खेलकर लोगों को भड़काने की कोशिश करती है। इसके साथ ही बिरनपुर हिंसा का हवाला देते हुए कहा कि सरकार फेल रही है।

बीजेपी अल्पसंख्यक मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जमाल सिद्दीकी ने प्रेस वार्ता में मोर्चा की भावी रणनीतियों का खुलासा करते हुए बताया कि राज्य सरकार के खिलाफ भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा आंदोलन की तैयारी में है। उन्होंने कहा कि छत्तीसगढ़ की कांग्रेस सरकार पोस्टर पर राजनीति कर रही है। छत्तीसगढ़ में पोस्टरवार के जरिए सरकार सद्भावना खराब कर रही है। इस पोस्टर को जनता के बीच ले जाकर पोस्टर फाड़ने का संकल्प लेंगे।

उन्होंने कहा कि रमन सरकार ने छत्तीसगढ़ को सम्मान के मुकाम तक पहुंचाया। 5 साल में कांग्रेस सरकार ने छत्तीसगढ़ को चौपट करने के काम किया। जो काम नहीं किया, उसका श्रेय लेने का काम करते हैं। केंद्र की योजनाओं का नाम बदलकर श्रेय लेने का प्रयास किया।

आयुष्मान योजना का नाम बदलकर खूबचन्द बघेल योजना बना दी। केंद्र सरकार ने स्वास्थ्य के क्षेत्र में दवाई सस्ती मिले, इसके लिए जनऔषधि योजना लाई, अब उसे कांग्रेस धन्वंतरि के नाम से चला रही है। जमाल सिद्दीकी ने कहा कि आज इस विषय पर चिंतन करेंगे। अल्पसंख्यक समाज पूरी ताकत के साथ राज्य सरकार के खिलाफ योजना बनाएंगे। छत्तीसगढ़ पिछड़ता जा रहा है, इसलिए आज हम यहां एकत्रित हुए हैं। मोदी जी ने अल्पसंख्यक समाज को गले लगाकर बदलने का प्रयास किया है, उन्हें विधानसभा में भेज कर उम्मीदवार भी बनाने का प्रयास किया। ऐसे भाई जो गैर राजनीतिक हैं, उन्हें पीएम मोदी से जोड़ने का काम करेंगे।

# इसी सप्ताह जारी होगी कांग्रेस की लिस्ट, टिकट के लिए दिल्ली जाने की जरूरत नहीं : चौबे

**रायपुर**, 6 सितंबर (देशबन्धु)। रायपुर, 6 सितंबर (देशबन्धु)। मंत्री रविंद्र चौबे ने बताया कि आगामी विधानसभा चुनाव के लिए इसी सप्ताह कांग्रेस प्रत्याशियों की लिस्ट जारी होगी। 8 सितंबर को स्क्रीनिंग कमेटी के नाम पर चर्चा होगी। आधे से अधिक सीटों पर चर्चा पूरी हो चुकी है। अधिकांश सीटों पर सिंगल नाम है, कुछ सीटों पर दो नाम का पैनल तैयार है। सेंट्रल इलेक्शन कमेटी नाम पर मोहर लगाएगी।

रविंद्र चौबे ने मीडिया से चर्चा में कहा कि टिकट के लिए किसी को भी दिल्ली जाने की आवश्कता नहीं है। कांग्रेस प्रभारी सैलजा ने स्पष्ट रूप से कहा है कि किसी को भी दिल्ली जाने की जरूरत नहीं है। हमने लोकतांत्रिक प्रक्रिया अपनाई है। ब्लॉक कमेटी को मुख्यमंत्री भूपेश बघेल सहित सभी ने दिग्गज नेताओं ने एप्लीकेशन दिए हैं। इस प्रकार सारे ब्लॉक कांग्रेस के नेताओं के 2900 से अधिक आवेदन आए हैं, उन आवेदनों को निवेदन बनाया गया है। चौबे ने कहा कि कांग्रेस कमेटी के द्वारा राज्य के चुनाव समिति को सौंपा गया है। स्क्रीनिंग कमेटी की बैठक राज्य में होगी, तो दिल्ली दौड़ लगाने की कोई जरूरत नहीं है। इसके बाद कोई केंद्रीय कमेटी के पास आवेदन करने कर नहीं सकते हैं। नेताओं से मिलने अगर कुछ विधायक दिल्ली गए होंगे, मुझे नहीं लगता दिल्ली से कोई लाभ होने वाला है। सारे फैसले रायपुर से ही होंगे। इसके साथ ही रविंद्र चौबे ने प्रदेश में सरकार के पक्ष में चुनावी वातावरण दिखने की बात कही है। उन्होंने कहा कि आने वाले समय में फिर से कांग्रेस की सरकार बनाने जा रही है, ऐसा दिखाई दे रहा है। वर्तमान में विधायकों का परफॉर्मेंस भी अच्छा है। सर्वे के आधार पर यह निर्णय है। गुण-दोष के आधार पर यह निर्णय हाईकमान को करना है, इस पर मैं ज्यादा टिप्पणी नहीं करना चाहता हूं। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे के छत्तीसगढ़ दौरे पर रविंद्र चौबे ने कहा कि राष्ट्रीय अध्यक्ष की 8 तारीख को राजनांदगांव में विशाल जनसभा होगी। इसी परिपेक्ष्य में कल मल्लिकार्जुन खड़गे रायपुर आ रहे हैं। यहां कांग्रेस के बड़े नेताओं से, मुख्यमंत्री से, प्रदेश अध्यक्ष से, प्रभारी से मंत्री से चर्चा करेंगे। चुनाव का समय आ गया है। राष्ट्रीय अध्यक्ष का मार्गदर्शन में हम सबको मिलेगा।



जी 20 की बैठक को लेकर स्कूल शिक्षा मंत्री ने कहा कि हमारी राजधानी और छत्तीसगढ़ पूरी तरह तैयार है। सरकार के स्तर में सारी प्रशासनिक तैयारी होती जा रही हैं। विभिन्न देशों के प्रतिनिधि आएंगे। हमें लगता है कि छत्तीसगढ़ आने के बाद छत्तीसगढ़ी की संस्कृति उन्हें देखने को मिलेगी। निश्चित रूप से छत्तीसगढ़ के लिए बहुत महत्वपूर्ण साबित होगा। सनातन धर्म को लेकर हो रही चर्चा पर रविंद्र चौबे ने कहा कि जब प्रदेश में महंगाई की चर्चा होती है, जब देश में बेरोजगारी की चर्चा होती है, जब देश में अराजकता की चर्चा होती है, सांप्रदायिक को बढ़ावा देकर के दंगा फैलाने की बातें होती हैं। लोगों का ध्यान भटकने के लिए इस प्रकार की बातें ला दी जाती है।

**हमारी भारत भूमि सनातम भारत भूमि है**

हमारी भारत भूमि सनातन भारत भूमि है। इस भूमि में मैं समझता हूं कि किसी प्रकार का कोई परिवर्तन होने की आवश्यकता नहीं है। इंडियन नाम भी वर्षों से चला रहा है। इस देश में भारत कहने में ना किसी को हिचक है, ना किसी को इंडिया के रूप में जानने में हिचक है। बहस का मुद्दा इसलिए बनाया गया क्योंकि देश को रोजमर्रा की जो चर्चा है, वह केंद्र सरकार के ऊपर ना आए। इन चर्चाओं से अलग रखा गया है। मैं समझता हूं कि यह चर्चा अनावश्यक है।

**परिवर्तन यात्रा पर भाजपा खुद कन्फ्यूज**

भाजपा की परिवर्तन यात्रा को लेकर मंत्री रविंद्र चौबे ने कहा कि वो खुद भी अभी कंफ्यूज हैं कि किस तरह से आपस में परिवर्तन किया जाए। नेता प्रतिपक्ष परिवर्तन हो गया, प्रदेश अध्यक्ष का परिवर्तन हो गया। चार-चार बार प्रभारी का परिवर्तन हो गया है। उनकी परिवर्तन यात्रा खुद के परिवर्तन के बारे में उन्हें ज्यादा सोचना चाहिए। छत्तीसगढ़ की जनता इस बात को भली-भांति मान चुकी है, जानती है। भाजपा के 15 साल के बहुमत में उनके साथ धोखा हुआ है, इसलिए उनकी किसी भी यात्रा का कोई फायदा नहीं होने वाला है।

## हिस्ट्रीशीटर उदय जैन के विरूद्ध एनएसए

**रायपुर,** 6 सितंबर। जिला पुलिस की अनुशंसा पर डीएम के हिस्ट्रीशीटर के विरुद्ध सुरक्षा अधिनियम एनएसए को कार्रवाई की है। उदय के विरुद्ध हत्या का धारदार हथियार से मारपीट मारपीट मोबाइल फोन पर अश्लील गालीगलौच के 42 प्रकरण है और कर है। वह जेल में निरूद्ध रह चुका है चुनाव के पुलिस की पहली कार्रवाई है ।

# शिक्षक दिवस पर आदिवासी शिक्षिका के साथ गैंगरेप

**रायपुर,** 6 सितंबर (देशबन्धु)। भारतीय जनता पार्टी की प्रदेश प्रवक्ता और विधायक रंजना साहू ने जशपुर जिले में ऐन शिक्षक दिवस के दिन एक आदिवासी शिक्षिका के साथ हुए गैंग रेप की घटना को लेकर प्रदेश सरकार पर करारा हमला बोला है। श्रीमती साहू ने जशपुर जिले के दनगरी वाटर फॉल घूमने गई निजी स्कूल की एक शिक्षिका के साथ दो लोगों द्वारा बलात्कार की वारदात को अंजाम दिए जाने का मामला सामने आने पर कहा कि प्रदेश सरकार को अब तो शर्म से गड़ जाना चाहिए कि उसके तमाम दावों की धज्जियाँ उड़ाते दरिंदे लगातार गैंग रेप करके महिलाओं की अस्मिता को लहूलुहान कर रहे हैं। इससे प्रदेश सरकार के महिला और आदिवासी विरोधी चरित्र बेनकाब हो गया है।



### प्रदेश सरकार के लिए शर्मनाक : भाजपा

भाजपा प्रदेश प्रवक्ता व विधायक श्रीमती साहू ने कहा कि महिला सुरक्षा के मामले में कांग्रेस की प्रदेश सरकार फिसड्डी साबित हुई है और सरकार महिलाओं की सुरक्षा करने में नाकारा साबित है। शिक्षक दिवस के दिन आदिवासी शिक्षिका के साथ दुराचार शर्मसार करता है। सरकार आंखो पर पट्टी बांधकर और कानों में रुई ठूँसकर बैठी है। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल का इस घटना पर कोई बयान नहीं आएगा, क्योंकि दुराचारी युवा कांग्रेस का नेता है। श्रीमती साहू ने कहा कि छत्तीसगढ़ महतारी की बेटियों के साथ रोज ऐसी वारदातें घट रही हैं, जिससे प्रदेश शर्मसार हो रहा है। प्रदेश सरकार की पहली जिम्मेदारी और प्राथमिकता यहाँ की बेटियाँ और उनकी सुरक्षा है। चूँकि प्रदेश की भूपेश सरकार प्रदेश की महिलाओं की सुरक्षा करने में नाकारा साबित हुई है, इसलिए उसे सत्ता में एक पल भी बने रहने का अधिकार नहीं रह गया है।

भाजपा प्रदेश प्रवक्ता व विधायक श्रीमती साहू ने कहा कि पिछले एक पखवाड़े के भीतर राजधानी के देवेंद्रनगर और राजधानी के समीप स्थित मंदिरहसौद के बाद जशपुर से गैंगरेप की इस खबर ने महिलाओं की सुरक्षा के सरकार के दावों को कोरी सियासी लफ्फाजी करार दिया है, जबकि एक दिन पूर्व ही मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने महिलाओं की सुरक्षा के लिए अपनी सरकार की प्रतिबद्धता की बड़ी-बड़ी डींगें हाँकी थीं। श्रीमती साहू ने कहा कि छत्तीसगढ़ में बढ़ रही गैंगरेप की घटनाओं से कानून-व्यवस्था पर लगातार सवाल खड़े हो रहे हैं। आज प्रदेशभर में महिलाएँ और बच्चियाँ लगातार हैवानियत की शिकार हो रही हैं। इस मामले की गूंज विधानसभा तक में रही लेकिन इसके बाद भी भूपेश सरकार बहरी बनी बैठी है और पुलिस हाथ-पर-हाथ धरे बैठी है।

## दुराचारियों और दुष्कर्मियों को प्रश्रय दे रही है कांग्रेस : गोमती साय

**रायपुर,** 6 सितंबर। जशपुर जिले मे आदिवासी महिला शिक्षक से सामूहिक दुष्कर्म की घटना की सांसद श्रीमती गोमती साय और जिला पंचायत जशपुर की अध्यक्ष श्रीमती रायमुनि भगत ने कड़े शब्दों मे निंदा की है. सांसद श्रीमती साय ने कहा की छत्तीसगढ़ की भूपेश सरकार महिलाओ की मान सम्मान की रक्षा करने मे पूरी तरह से विफल साबित हुई है. शांति का टापू कहलाने वाले जशपुर जिले मे बीते पांच साल के दौरान दुष्कर्म सहित महिला हिंसा की घटनाओ की बाढ़ आ गई है।

कानून व्यवस्था पूरी तरह से ध्वस्त हो चुकी है. लेकिन कांग्रेस सरकार के जिम्मेदार मंत्री इस मामले में चुप्पी साधे बैठे हैं. सांसद ने आरोपियों को जल्द से जल्द गिरफ्तार कर, सलाखों के पीछे भेजने की मांग की है. जिला पंचायत जशपुर की अध्यक्ष श्रीमती रायमुनी भगत ने घटना की निंदा करते हुए कहा की कांग्रेस सरकार में महिलाओं की सुरक्षा की आशा करना ही बेकार है. जिस सरकार के जिम्मेदार अधिकारी और मंत्री दिव्यांग बच्चियों से दुष्कर्म के अमानवीय मामले में मौन साध सकते हैं, वे सत्ता में रहने का नैतिक अधिकार खो चुके हैं. महिलाओ के साथ हो रहे इस अन्याय और तमाशबिन बने कांग्रेसियो को अब, छत्तीसगढ़ की जनता जवाब देगी. श्रीमती रायमुनि भगत ने कहा कि दनगरी में हुए सामूहिक दुष्कर्म का आरोपित सद्दाम खान युवक कांग्रेस का पूर्व सचिव और सोशल मीडिया प्रभारी भी रह चुका है.आरोपी सद्दाम खान के साथ,जशपुर के विधायक विनय भगत की कई तस्वीरें इंटरनेट मीडिया में मौजूद हैं. इसका जवाब विनय भगत को देना चाहिए और कांग्रेस को ऐसे दुष्कर्मी कार्यकर्ता के लिए पीड़िता के साथ महिलाओ से माफ़ी मांगनी चाहिए.

## गौहत्या का प्रायश्चित करके, 21 दिन तक भिक्षा मांगकर पूजा पाठ करें : चंद्राकर



**रायपुर,** 6 सितंबर (देशबन्धु)। छत्तीसगढ़ प्रदेश भारतीय जनता पार्टी के मुख्य प्रवक्ता, पूर्व मंत्री व विधायक अजय चंद्राकर ने कहा है कि गौ हत्या के पापी भूपेश बघेल छत्तीसगढ़ की संस्कृति और वैदिक परंपरा के अनुसार प्रायश्चित करने विधिवत रूप से 21 दिनों तक भिक्षा मांग कर उससे प्राप्त पैसों से पाटन विधानसभा के ग्राम बानबरद स्थित भगवान विष्णु के मंदिर में जाकर पूजा करें और स्वयं को गौ हत्या के पाप से मुक्ति दिलाएं। भूपेश बघेल के साथ-साथ कांग्रेस सांसद राहुल गांधी भी समान रूप से गौ हत्या के पापी हैं तो भूपेश बघेल उन्हें भी अपने साथ भिक्षा मांगने के लिए ले जाएं।

प्रदेश भाजपा के मुख्य प्रवक्ता अजय चंद्राकर ने कहा कि छत्तीसगढ़ में 2 सितंबर को नया रायपुर में आयोजित राजीव मितान सम्मेलन के बाद फेंके गए खाने का सेवन करने से करीब 45 गायों की मृत्यु हुई है। जिसके लिए सीधे तौर पर इस आयोजन के यजमान भूपेश बघेल और मुख्य अतिथि राहुल गांधी जिम्मेदार हैं। चुनाव के पहले जनता के पैसे पर जो आयोजन किया गया, उसमें माता अन्नपूर्णा का भी अपमान किया गया है। जिस बड़े पैमाने पर भोजन फेंका गया, वह जनता का पैसा ही है। जिसे कांग्रेस ने इस तरह फेंका है कि आधा सैकड़ा के करीब गौ माता परलोक सिधार गईं।

प्रदेश भाजपा के मुख्य प्रवक्ता अजय चंद्राकर ने कहा कि छत्तीसगढ़ की संस्कृति के नाम पर स्वांग करने वाले भूपेश बघेल के कृत्य से छत्तीसगढ़ राज्य भी अभिशप्त हुआ है क्योंकि राजा के कृत्य का परिणाम राज्य को भी भुगतना पड़ता है। यदि भूपेश गौ हत्या के पाप से मुक्ति पाने के लिए संस्कृति के अनुरूप प्रायश्चित नहीं करते हैं तो छत्तीसगढ़ की जनता की मंगल कामना और भूपेश बघेल की वजह से गोलोक गमन कर चुकी गौ माताओं की आत्मा की शांति के लिए भाजपा ग्राम बानबरद स्थित भगवान विष्णु के मंदिर में पूरे विधि विधान के साथ पूजा करायेगी।

## रायपुर में सितंबर के 7 दिन नो नॉनवेज डे

**रायपुर,** 6 सितंबर। सितंबर महीने में कई धार्मिक पर्व के चलते रायपुर में मांस बेचना प्रतिबंधित रहेगा। इसके लिए नगर निगम रायपुर में आदेश जारी कर दिया है। जिसके मुताबिक 7 सितंबर से लेकर 30 सितंबर तक अलग.अलग दिन नॉनवेज बेचने पर रोक रहेगी। इस दौरान पशु वध गृह भी बंद रहेगें। इसके लिए नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग ने भी निगम को निर्देश भी दिए है। निगम के स्वास्थ्य उपायुक्त ए के हालदार के मुताबिक 7 सितंबर श्रीकृष्ण जन्माष्टमी, 12 सितंबर पर्यूषण पर्व का प्रथम दिवस, 19 सितंबर गणेश चतुर्थी, 20 सितंबर पर्यूषण पर्व का अंतिम दिवसए 25 सितंबर डोल ग्यारसए 28 सितंबर को अनन्त चतुर्दशी और 30 सितंबर को पर्यूषण पर्व में संवत्सरी व उत्तम क्षमा के अवसर पर रायपुर में पशु वध गृह एवं मांस. मटन बेचने वालों को दुकानों को बन्द रखना होगा। इस दौरान रायपुर नगर निगम के सभी जोन स्वास्थ्य अधिकारी और स्वच्छता निरीक्षकों को निगरानी रखने के लिए कहा गया है। इसके बावजूद कोई दुकानदार मांस बेचते मिलता है तो उसका माल जब्त कर लिया जायेगा। साथ ही उसे व्यक्ति के खिलाफ कार्रवाई भी की जाएगी।

### अलग-अलग दिन बंद रहेंगी दुकानें और स्लाटर हाउस

## बालिकाओं से सामूहिक बलात्कार के विरोध में महिला शिवसेना ने एसडीएम को सौंपा ज्ञापन



**रायपुर,** 6 सितंबर (देशबन्धु)। रक्षाबंधन के दिन राखी बांधकर लौट रही दो बालिकाओं से सामूहिक बलात्कार के विरोध में शिवसेना छत्तीसगढ़ बालासाहेब ठाकरेद्ध की महिला सेना ने बुधवार को कलेक्टोरेट पहुंचकर कलेक्टर की अनुपस्थिति में एमडीएम को ज्ञापन सौंपकर अपराधियों को कड़ी से कड़ी सजा देने की मांग की। महिला प्रदेश अध्यक्ष ज्योति सिंह ने एसडीएम को ज्ञापन सौंपने के बाद बताया कि यह घटना बहुत ही निंदनीय है जहां रक्षाबंधन के पवित्र त्यौहार पर बहने अपने भाई को राखी बांधी है और कुछ ऐसे दरिंदे समाज की बहन . बेटियों पर गंदी नजर रखते है। ज्ञापन के माध्यम से शिवसेना छत्तीसगढ़ कलेक्टर से मांग करती है कि अपराधियों की फास्ट्रेक कोर्ट में सुनवाई होए उन्हें फांसी की सजा दे तथा फाँसी की सज़ा के साथ साथ आर्थिक दंड भी लगाय जाए जिससे समाज में ऐसी घटना का पुर्नवृत्ति ना हो। एसडीएम को ज्ञापन सौंपने के दौरान अध्यक्ष ज्योति सिंह के अलावा जिला उपाध्यक्ष रुखसार खानए रितु बाघमार, महिला सेना महानगर अध्यक्ष किरण साहू, निर्मला साहू, रीता यादव, सुशीला साहू, मोनी साहू, प्रीति साह, किरण राव सति अन्य महिला शिवसेनिक कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## डीलरशिप देकर सालभर में गटके सवा करोड़

### दिल्ली एक कंपनी के खिलाफ एफआईआर

**रायपुर,** 6 सितंबर। राजधानी के एक आटो निकल्स कम्पनी के मैनेजर ने दिल्ली के ई रिक्शा पार्टस के निर्माता कम्पनी के खिलाफतेलीबांधा थाना में धोखाधड़ी का मामला दर्ज कराया है। जीके आट विकल्स प्राण्लि के जनरल मैनेजर विवेक गुप्ता ने पुलिस को बताया कि तलाबा में ई रिक्शा डीलरशिप कम्पनी है जहा पर वो जनरल मैनेजर के पद पर पदस्थ है। एक वर्ष पहले उसकी कम्पनी का नई दिल्ली स्थित रिया आटो कम्पनी ने रायपुर में डीलरशिप दिया था। जिसके लिए 9 सितंबर 2022 कोई रिक्शा चार्ट के विक्रय के लिए अनुबंध किया गया था। जिसके एवज में कम्पनी ने 90 लाख रुपए लेकर एजेंसी दिय इसके बाद कम्पनी ने एक साल तक शासन द्वारा दिए जाने वाले वाहनों की सब्सीडी वारंटी और सुरक्षा निधि की कुल राशि एक करोड़ 37 लाख 7060 रुपए न देकर धोखाधड़ी की जिसपर जीके आट विकल्स कम्पनी में नई दिल्ली की कम्पनी के संचालक विनित गुप्ताए आयुष लोहाटी के खिलाफ 420 409 34 का अपराध दर्ज किया है। शिकायत के बाद तेलीबांधा पुलिस ने कम्पनी के दस्तावेज की जा रही है। नई दिल्ली स्थित है रिक्शा पार्टस के निर्माता से भी संपर्क कर इस मामले में पूछताछ कर जांच कर रही है।

## अल्पसंख्यक छात्रवृत्ति के लिए आवेदनों को रिवेरिफाई करने की अंतिम तिथि 14 तक

**रायपुर,** 6 सितम्बर। भारत सरकार मंत्रालय द्वारा अल्पसंख्यक छात्रवृत्ति वर्ष 2023-24 के लिए किए गए विद्यार्थियों द्वारा आवेदनों का भी रिवेरिफाई कराना है। इसकी अंतिम तिथि 14 सितंबर निर्धारित की गई है। इस संबंध में शासकीय अशासकीय महाविद्यालय इंजीनियरिंग, मेडिकल कॉलेज, आईटीआई, नर्सिंग, पॉलिटेकिनिक, बी.एड इत्यादि महाविद्यालय के प्रमुख शासकीय अशासकीय स्कूलों के प्राचार्य को पत्र लिखा गया है। आदिवासी विकास विभाग के सहायक आयुक्त ने बताया कि अल्पसंख्यक छात्रवृत्ति के पूर्व वर्ष 2022-23 के ऐसे विद्यार्थियों जिन्होंने अल्पसंख्यक छात्रवृत्ति हेतु आवेदन किया यह है, एवं संस्था स्तर से उक्त विद्यार्थियों के आवेदनों को स्वीकृत (वैरिफाई) किया गया है, ऐसे सभी हितधारकों का निर्धारित तिथि तक बायोमेट्रिक ऑथेंटिकेशन करते हुए आवेदनों को रिवेरिफाई कराए जाना है। इस संबंध में सभी संबंधित संस्था अपने अध्ययनरत कक्षा 9वीं से उच्चतर एवं महाविद्यालय स्तर के ऐसे विद्यार्थी जिनके द्वारा वर्ष 2022-23 में अल्पसंख्यक छात्रवृत्ति के लिए आवेदन किया गया है।

## रायपुर निगम के दरवाजे पर 1 हाइवा मलबा गिराया



**रायपुर,** 6 सितंबर (देशबन्धु)। रायपुर नगर निगम के दरवाजे में आज दोपहर अचानक एक हाइवा पहुंचा। उसने पूरे मलबे के ढेर को दरवाजे के सामने पटक दिया। जैसे ही मलबे को पटका गया पूरे निगम अमले में हड़कंप मच गया। इसकी वजह से निगम मुख्यालय के एक तरफका रास्ता भी जाम हो गया। अधिकारियों को कुछ समझ नही आ रहा था। तभी जानकारी मिली कि ये मलबा नगर निगम के ही एक कांग्रेस पार्षद ने विरोध के चलते गिरवाया है। ऐसे विरोध की किसी भी निगम के अधिकारियों ने उम्मीन्द भी नही की थी। रायपुर के ले अरविंद दीक्षित वार्ड के पार्षद और जोन 10 के अध्यक्ष आकाशदीप शर्मा ने बताया कि उनके वार्ड में बीतें 6 महीनें से गार्डन का काम रुका हुआ है। ये गार्डन शैलेन्द्र नगर में स्थित है। जहां रायपुर स्मार्ट सिटी सौंदर्यीकरण करवा रहा था। इसी बीच ठेकेदार ब्लैक लिस्टेड हो गया और पूरा काम बंद हो गया। लेकिन कंस्ट्रक्शन मटेरियल सड़को में ही पड़ा रहा।

- कांग्रेसी पार्षद ने वार्ड में पसरी गंदगी से तंग आकर किया विरोध
- 6 महीने से थी सफाई की मांग

**कई बार अधिकारियों को कहा लेकिन कोई एक्शन नहीं**

मलबे के इस ढ़ेर में वहां से गुजरने वाले नागरिक लगातार हादसें का शिकार हो रहे थे। जिसके बाद पार्षद आकाशदीप ने कई बार निगम के अधिकारियों से संपर्क किया। लेकिन किसी ने भी ध्यान नही दिया। उन्होंने निगम के स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों को भी गंदगी और कूड़े की शिकायत की लेकिन वे भी साफसफाई को टालते रहे।

**निगम मुख्यालय का रास्ता हुआ बंद गुजरते लोग देखते रहे**

नाराज कांग्रेस पार्षद ने एक हाइवा मलबा भरकर मुख्यालय के सामने गिरवा दिया। जिससे निगम की एक तरफकी सड़क पूरी तरह ब्लॉक हो गयी। वहां से गुजर रहे लोग रुक रुक कर इसे देखते रहे। पार्षद के इस विरोध के बाद महापौर ने उन्हें समस्या के समाधान का आश्वासन दिया है।

## गोकुल दास वर्मा प्राथमिक शाला में शिक्षक सम्मान समारोह का आयोजन



**रायपुर,** 6 सितम्बर (देशबन्धु)। रामनगर कबीर चौक स्थित शासकीय गोकुल राम वर्मा प्राथमिक शाला में आज दिनांक 6 सितंबर 2023 को शिक्षक दिवस के उपलक्ष में शिक्षक सम्मान समारोह का आयोजन किया गया जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में संत रामदास वार्ड क्रमांक 25 के पार्षद श्री भोलाराम साहू उपस्थित थे ! उक्त अवसर पर मुख्य अतिथि द्वारा शाला के समस्त शिक्षक शिक्षिकाओं को शाल ,श्रीफल ,पेन देकर सम्मानित किया गया मुख्य अतिथि द्वारा अपने उद्बोधन में शिक्षक दिवस की शुभकामनाएं देते हुए गुरु की महिमा का बखान किया गया उक्त अवसर पर अध्यक्ष के रूप में श्री यशवंत वर्मा विशेष अतिथि हाजी मोहम्मद अलीम, दीपक नागरानी ,राजबल अरोरा, धनीराम साहू ,राजेंद्र दास मानिकपुरी, कीर्तन साहू एवं शाला के समस्त शिक्षक शिक्षिकाएं उपस्थित रहे। इस कार्यक्रम में पार्षद महोदय के द्वारा पार्षद निधि से100000 रू. एवं यशवंत वर्मा द्वारा इंटरएक्टिव टीवी के लिए 60000 रू तथा हाजी मोहम्मद अलीम के द्वारा कुलर प्रदान करने की घोषणा की गई । कार्यक्रम में उपस्थित सभी अतिथियों का आभार प्रकट कर श्री एम गुरुनाथ जी ने सभी सम्मानित शिक्षकों को बधाई एवं शुभकामनाएं प्रदान की।

## रायपुरवासियों को कल नहीं मिलेगा पीने का पानी

### इंटर कनेक्शन कार्य के चलते व्यवधान



**रायपुर,** 6 सितंबर (देशबन्धु)। नगर पालिक निगम रायपुर के जलकार्य विभाग अध्यक्ष सतनाम सिंह पनाग ने जानकारी देते हुए बताया कि अमृत मिशन फेस-2 योजनांतर्गत भाठागांव वॉटर ट्रीटमेंट प्लांट में नवीन 80 एमएलडी क्षमता के जल शुद्धिकरण संयंत्र का निर्माण एवं फिल्टर प्लांट से संजय नगर होते हुए कालीबाड़ी चौक महिला थाना चौक , सुभाष स्टेडियम के सामने से मजार चौक , लाल बहादूर शास्त्री चौक , मेकाहारा चौक होते हुए देवेन्द्र नगर आईएएस कालोनी तक नवीन राईजिंगमेन पाईप लाईन बिछाये जाने का कार्य पूर्ण किया गया है।

नवीन राईजिंगमेन पाईप लाईन से संजय नगर, बैरन बाजार एवं देवेन्द्र नगर ओव्हरहेड टैंक को भरे जाने हेतु इंटर कनेक्षन का कार्य पूर्ण किया जा चुका है। मोतीबाग ओव्हर हेड टैंक की वर्तमान राईजिंगमेन पाईप लाईन को नवीन राईजिंगमेन पाईप लाईन से जोड़ने का कार्य दिनांक 8 सितम्बर 2023 को प्रातः 9.00 बजे प्रारंभ किया जाना प्रस्तावित है। कार्य में लगने वाले समय को ध्यान में रखते हुए दिनांक 8 सितम्बर 2023 को संध्याकालीन पेयजल आपूर्ति प्रभावित होने की संभावना है। समस्त प्रभावित क्षेत्रों राजा तालाब, ब्राम्हणपारा, नेहरू नगर, मौलाना अब्दुल रउफ वार्ड, सिविल लाईन, सदर बाजार, गोल बाजार, नयापारा, छोटापारा, हांडी तालाब, शिव नगर, रविनगर, अहमदजी कॉलोनी, बूढ़ापारा, मौदहापारा, बैजनाथपारा, मालवीय रोड, फूल चैक, बंजारी मंदिर, सत्ती बाजार, तात्यापारा ललिता चैक, अवधियापारा (सोहागा मंदिर क्षेत्र) में जोन क्र. 4 से टैंकरों के माध्यम से पेयजल आपूर्ति की जावेगी। दिनांक 9 सितम्बर को प्रात:कालीन पेयजल आपूर्ति यथावत की जावेगी।

## अपराधियों पर नकेल कसने चेकिंग अभियान



**रायपुर,** 6 सितंबर (देशबन्धु)। अपराधों की रोकथाम, अपराधियों पर नकेल कसने सहित आगामी विधानसभा चुनाव के मद्देनजर सुरक्षा एवं कानून व्यवस्था को दृष्टिगत रखते हुए समस्त पुलिस राजपत्रित अधिकारियों के नेतृत्व में थाना प्रभारियों सहित पुलिस बलों द्वारा अपने . अपने अनुभाग के थाना क्षेत्रों में विजिबल पुलिसिंग के अंतर्गत पैदल पेट्रोलिंगए वाहनों में पेट्रोलिंग क्राईम प्रिवेंशन पेट्रोलिंग सी पी.पी सहित 112 की टीमों द्वारा कर भीड़.भाड़ वाले स्थानए सार्वजनिक स्थानध्सूनसान स्थान में जमवाड़ा लगाकर नशा करने वालोंए गुटबाजीध्अड्डेबाजी करने वालोंए संदिग्ध व्यक्तियोंए असमाजिक तत्वोंए संदिग्ध व्यक्तियों के वाहनों की डिक्कीए धारदार बटनदार चाकू रखकर घुमने वालों सहित आम स्थानों पर शराब पीनेए शराब पीने हेतु स्थान उपलब्ध कराने सार्वजनिक मैदानए पार्कए चौक . चौराहों एवं सार्वजनिक स्थान पर चार पहिया वाहन के अंदर बैठकर शराब पीने वालों की लगातार चेकिंग की जा रहीं है। इसके साथ ही टोल नाको में पांईट लगाकर चारपहिया दोपहियाध्यात्री वाहनों एवं उनके सामानों सहित रेलवे स्टेशन एवं बस स्टैण्ड में भी संदिग्ध व्यक्तियों एवं सामानों की चेकिंग की जा रहीं है। समस्त नगर पुलिस अधीक्षक व थाना प्रभारियों द्वारा भी अपने . अपने अनुभाग व थाना क्षेत्र में पैदल पेट्रोलिंग किया जा रहा हैं।

## पुलिस ने पकड़ा जुआ घर, हवलदार करता था आपरेट

**रायपुर,** 6 सितंबर। राजधानी में एक ऐसे जुआ घर का खुलासा हुआ है। इसे कोई नहीं बल्कि एक हवलदार ही चलाता है। पुलिस ने कल रात वही सब इसका पता चला है पुलिस को अपनी इज्जत बचाने उसे मौके से ही छोड़ना पड़ा। इसी दौरान इलाके के दो बड़े खाईवाल फरार हो गए। वही दाव पर बैठे 20 जुआरियों को गिरफ्तार किया गया। इसकी गिरफ्तारी से ज्यादा रिहाई का चर्चा थाना परिसर और महकमे में होती है। हुआ कोई गंभीर अपराध नहीं है इसलिए कई बार बाने से ही मुचलके पर छोड़ दिया जाता है। कभी इसी परंपरा का निर्वाह किया गया। पकड़े गए एक एक पेट का चढ़ाता बढ़ाया। इनमें से एक तो अपनी मां के जेवर बेचकर पेटी चढाई।

## निधन

### पुसऊराम कोसरे



**भिलाईनगर,** 6 सितंबर। ग्राम पुरंई वार्ड 6 निवासी पुसऊराम कोसरे 83 वर्ष का मंगलवार सुबह निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार स्थानीय मुक्तिधाम में किया गया। वे रिटायर्ड टीचर धनऊराम कोसर, ब्लॉक एजुकेशन अफ्सर शिवप्रसाद कोसरे, रामप्रसाद कोसरे के पिता एवं पूर्व जनपद सदस्य उत्तरा कोसरे के ससुर थे। सरपंच उमा रिगरी सहित गांव के नागरिकों ने शोक व्यक्त किया है।

### जवाहर कोचर



**नवापारा राजिम,** 6 सितंबर। सकल जैन समाज के धर्मनिष्ठ कोचर परिवार के सुश्रावक एवं पूर्व मण्डी सचिव जवाहर कोचर का आकस्मिक निधन हो गया. उनकी अंतिम यात्रा प्रात: 10.30 बजे उनके निवास स्थान से निकाली गई. वे सुनील कोचर के बड़े भाई एवं बिट्टू कोचर के पिता थे।

### महेशराम देवांगन



**खरोरा,** 6 सितंबर। महेश राम देवांगन उम्र 87 केशला निवासी का मंगलवार को निधन हो गया। वे कैलाश, राम अवतार, मनोज, अशोक, भगवती व लोमश देवांगन के पिता थे।

## संपादकीय

# सारे अंधविश्वास खत्म हों!

*देश भर में प्रकारान्तर से अनेक तरह के अंधविश्वास हैं जिनसे छत्तीसगढ़ भी अछूता नहीं है। भूत-प्रेत, जादू-टोना, झाड़-फूंक, टोनही आदि में लोगों का बड़ा विश्वास है। लोगों को इनके अस्तित्व में इतना भरोसा है कि बहुत सी बीमारियों का इलाज वे योग्य चिकित्सकों की बजाये बैगा या झाड़-फूंक करने वालों से कराते हैं। सुदूर इलाकों में लोग अपनी समस्याओं का समाधान अपनी परम्परागत मान्यताओं के अनुरूप पाने की कोशिशें करते हैं। कई लोगों का दावा है कि उन्हें इसका फायदा मिलता है तो वहीं आधुनिक व वैज्ञानिक जीवन प्रणाली में भरोसा करने वाले लोग इसे मान्य नहीं करते।*

*कोरबा जिले के पसान थाना के अंतर्गत सिर्री गांव के एक निवासी इतवार सिंह गोंड़ की हत्या कर दी गई। पुलिस जांच से पता चला कि गांव के ही रहने वाले रामकुमार की पत्नी जयकुंवर अक्सर बीमार रहती थी। उन्हें शक हो गया कि इतवार सिंह और उसकी पत्नी आशा के जादू-टोना करने से ऐसा हो रहा है। पिछले महीने जयकुंवर की मौत हो जाने से उसका शक पक्का हो गया। उसने मौका पाकर रविवार को उसकी हत्या कर दी। आशा भी गम्भीर रूप से घायल हो गई। उसके बयान से ही रामकुमार के इस हत्या में हाथ होने का पता चला। उधर नारायणपुर से कुछ दूर पर बसे गांव मालिंगनार में 31 अगस्त की रात गांडोराम सलाम की हत्या हो गई। तफ्तीश से ज्ञात हुआ कि बेलगुर सलाम व बिहारी सलाम ने उसकी हत्या कर दी क्योंकि उन्हें शक था कि वह जादू-टोना करता है कुछ अरसा पूर्व मुंगेली के विचारपुर गांव में एक महिला की राधे यादव नामक उसके दिव्यांग भतीजे ने एक साथी की मदद से हत्या कर दी। उसे शक था कि उसकी चाची टोनही है और उसके जादू-टोना करने से उसके पिता व भाभी की मौत हुई है।*

*राज्य में इस तरह के कई अंधविश्वास प्रचलित हैं। गांव की किसी महिला या पुरुष आदि के बारे में धारणा बन जाती है कि उन्हें जादू-टोना आता है जिसके कारण वह किसी को बीमार कर सकते हैं या मार सकते हैं। किसी को अचानक कोई बीमारी होने या उसके मर जाने पर ऐसे ही किसी व्यक्ति को जिम्मेदार बतलाया जाता है। बतलाने वाला भी कोई ऐसा ही शख्स होता है जो लोगों की झाड़-फूंक करता हो। इसके कारण उस व्यक्ति की प्रताड़ना होती है। कई बार जान भी गंवानी पड़ती है। यह भी होता है कि कई बार आपसी रंजिश निकालने या किसी को घर-जमीन से बेदखल करने के लिये भी ऐसा किया जाता है।*

*इस बाबत व्याप्त अंधविश्वास को दूर करने के लिये प्रदेश सरकार और कई सामाजिक संगठन लोगों को जागरूक कर रहे हैं। इस जागरूकता अभियान को और सघनतापूर्वक चलाने की आवश्यकता है ताकि किसी की हत्या न हो।*

### उल्टा पुल्टा

**पहला कैदी** - तुम्हें पुलिस ने क्यों पकड़ा?
**दूसरा कैदी** - बैंक लूटने के बाद वहीं बैठकर पैसे गिनने लगा तो पुलिस ने पकड़ लिया।
**पहला कैदी** - वहीं पर पैसे गिनने की क्या जरूरत थी?
**दूसरा कैदी** - वहां पर लिखा था कि काउंटर छोड़ने से पहले पैसे गिन लें, बाद में बैंक जिम्मेदार नहीं होगा।

# दुर्ग ग्रामीण से भाजपा छोड़कर 50 से अधिक लोगों का कांग्रेस प्रवेश

## ताम्रध्वज साहू ने कांग्रेस गमछा पहनाकर किया स्वागत



**दुर्ग**, 6 सितंबर (देशबन्धु)। प्रदेश के गृहमंत्री ताम्रध्वज साहू, पीसीसी महामंत्री जितेंद्र साहू के मार्गदर्शन एवं सचिव जिला कांग्रेस कमेटी चाँदखान के नेतृत्व में 50 से ज्यादा महिला व पुरुषों ने किया कांग्रेस प्रवेश।

इस अवसर मंत्री श्री साहू ने सभी का पुष्प गुच्छ और कांग्रेस का गमछा भेंट कर स्वागत किया। मंत्री श्री साहू ने कहा कि आप सभी का कांग्रेस परिवार में आप सभी का स्वागत है आप सभी के जुड़ने से कांग्रेस पार्टी को नई मज़बूती मिलेगी। इस अवसर अध्यक्ष जनपद पंचायत देवेंद्र देशमुख, जिला कांग्रेस कमेटी सचिव प्रदीप चंद्राकार, जनपद उपाध्यक्ष झमीत गायकवाड़, जामवंत गजपाल, विधायक प्रतिनिधि डा पिलेश्वर साहू, अध्यक्ष सेवा सहकारी समिति उतई दिवाकर गायकवाड़, अरविंद बंजारे, सरपंच मंचादुर दिलीप साहू, सरपंच कातरो मंजू यदु उपस्थित थे इन लोगों ने किया कांग्रेस प्रवेश पूर्व ब्रांच मैनेजर रेखराज भारतीय, लक्ष्मी चंद भारती, कविता सेन, कुमार यादव, गज्जू लाल भारती, नारद बघेल, चोवा राम साहू, चित्रलेखा, हुलसी साहू, नीलकंठ सेन, शेलंद्री, मिनाक्षी देवांगन, कंचन देवांगन, सावित्रि देवांगन, खिलेश्वरी देवांगन, शोभित यादव, गोदावरी यादव, खिलेश्वरी यादव, भूपेन्द्र, नेहरू लाल, रामकली यादव, दीपिका, यशोदा, हेमिन, देवकी, शोहद्रा, गौरी, कमलेश्वरी, हीरा, सपना, मनीषा, माहेश्वरी, टिकेश्वरी, वेणुमति, टिकेश्वरी, वेणुमती, फागेश्वरी, शशि, उषा, भाग्यश्री, दाऊद खान, रहमान खान, रहमुद्दीन, अयूब खान, हबीब खान, रमजान खान, साफिर खान, मुनोवर खान, पीर बेग अमिरुद्दीन सहित अन्य।

# कांग्रेस की सरकार भ्रष्टाचार को संरक्षण देती है : राजेन्द्र शर्मा




**बेमेतरा**, 6 सितंबर (देशबन्धु)। भारतीय जनता पार्टी के पूर्व जिलाध्यक्ष एवं प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य राजेन्द्र शर्मा ने बेमेतरा के कांग्रेस विधायक द्वारा भाजपा कार्यकर्ताओं के ऊपर विधायक कार्यालय घेराव के दरम्यान अश्लील गाली गलौच एवं गुंडागर्दी के आरोप का खण्डन करते हुए कहा की भाजपा का विधानसभा स्तर पर विधायक कार्यालय का घेराव पूरे प्रदेश में भ्रष्टाचार को लेकर किया जा रहा है। बेमेतरा विधानसभा में भी भाजपा कार्यकर्ताओं ने स्थानीय मुद्दों को लेकर विधायक कार्यालय का घेराव किया था। राजेन्द्र शर्मा ने कहा कि आंदोलन शांतिपूर्ण एवं प्रजातांत्रिक अधिकारों के चलते हुआ था। भाजपा कार्यकर्ता ने केवल नारेबाजी की है। किसी भी कार्यकर्ता ने अश्लील गाली गलौच नही की है। कांग्रेस का आरोप झूठा एवं भ्रामक है उल्टे कांग्रेस के कार्यकर्ता विधायक कार्यालय से निकलकर योजनाबद्ध तरिके से भाजपा कार्यकर्ताओं को धमकाते हुए एवं उन्हे गाली-गलौच करते हुए उकसाते नजर आये। जो कि प्रजातंत्र में उचित नही है। विपक्षी कार्यकर्ताओं का सरकार के विरूद्ध नाराबाजी करना उनके अलोकप्रिय निर्णय का विरोध करना, भ्रष्टाचार का विरोध करना उनका नैतिक अधिकार है। इसके पूर्व भी कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने विपक्ष में रहते हुए भाजपा के नेताओं के पुतले जलाये, उनका विरोध किया। जिसमें कभी भी भाजपा कार्यकर्ताओं ने कांग्रेस कार्यकर्ताओं से झड़प नही की। राजेन्द्र शर्मा ने कहा कि 2018 के चुनाव में कांग्रेस की जीत के बाद मेरे घर के सामने कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने नारेबाजी की और फटाके फोड़े जिसका विरोध सामने आकर कभी भाजपा कार्यकर्ताओं ने नही किया। राजेन्द्र शर्मा ने कहा कि राजनीतिक मुद्दों को विधायक व्यक्तिगत मुद्दा बनाकर जनता से सहानुभूति बटोरना चाहते है जबकि भाजपा की लड़ाई व्यक्तिगत की नही बल्कि विचारधारा की और भ्रष्टाचार की है। कांग्रेस नेता पुलिस थाने में रिपोर्ट लिखाकर विपक्षी कार्यकर्ताओं पर दबाव बनाना चाहते है। पुलिस का सहारा लेकर विपक्षी आवाज को दबाने का प्रयास कांग्रेस के द्वारा ➤➤ शेष पृष्ठ 9 पर ➤

# आर्म रैसलिंग पैरा वर्ल्ड चैपियनशीप में रजत पदक विजेता का दुर्ग लौटने पर भव्य स्वागत

**दुर्ग**, 6 सितंबर (देशबन्धु)। आर्म रैसलिंग पैरा वर्ल्ड चैंपियनशिप के सिल्वर मेडलिस्ट अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी हर्ष खोडियार ने दुर्ग आगमन पर पत्रका रों से चर्चा करते हुए कहा कि विश्व स्तर पर पदक जीतना मेरे लिए बहुत अच्छा क्षण है। पहली बार विश्व चैंपियनशिप में देश का प्रतिनिधित्व करने का अवसर प्राप्त हुआ है। पिछले 3 सालों से इस खेल का लगातार अभ्यास कर रहा हूं फाइनल में जार्जिया के खिलाड़ी से मुकाबला था। वह अपेक्षा कृत ज्यादा स्ट्रांग था। परंतु मेरा वादा है कि और अधिक अभ्यास करके अगले आने वाले विश्व चैंपियनशिप में के लिए गोल्ड मेडल जीत के जरूर लाऊंगा। हर्ष खोडियार के द्वारा पैरा वर्ल्ड चैंपियनशिप में जूनियर वर्ग में 65 किलोग्राम वजन वर्ग में हिस्सा लिया था। हर्ष ने बताया कि पहली बार हिस्सा लेने के कारण बहुत डरा हुआ था। क्योंकि इतने बड़े स्तर पर खेलने का पहला अनुभव था। अन्य देश के प्रतिभागी तुलनात्मक रूप से अत्यधिक मजबूत लग रहे थे।

इस बड़ी सफलता का जीत का श्रेय हर्ष द्वारा अपने परिवार जनों में सर्वप्रथम बड़े पापा, माता .पिता उसके ➤➤ शेष पृष्ठ 9 पर ➤

# एक घंटे की झमाझम बारिश ने किया शहर को तरबतर

## जगह-जगह पानी भरा, पसरे वालों ने फटाफट हटाई दूकानें, ग्राहकों को भी हुई परेशानी



**दुर्ग**, 6 सितंबर (देशबन्धु)। सितंबर शुरू होने के साथ ही मानसून ब्रेक हुआ और सावन के बीतते ही भादों की झड़ी लगनी शुरू हो गई है। आज दोपहर लगभग एक घंटे से ज्यादा देर तक हुई वर्षा ने शहर को तरबतर कर दिया। शहर के सभी नये पुराने इलाकों में पानी भर जाने से लोगों को भारी परेशानी उठानी पड़ी। बाजारों में आज की वर्षा का विशेष प्रभाव देखा गया। इधर दुर्ग तहसील मे आज 48 मिमी वर्षा दर्ज की गई है।

हिन्दू कैलेण्डर के अनुसार सावन के बीतने व भादों लगने के साथ ही मानसून की बारिश एक लंबे गेप के बाद फिर तेजी से शुरू हो गई है। गत पूरी रात पानी बरसा। आज सुबह से ही मौसम खुला रहा किंतु दोपहर 1 बजे के बाद शहर में चौतरफा झड़ीदार बारिश शुरू हो गई। लगभग एक घंटे तक चली तेज वर्षा से पूरा शहर तरबतर हो गया। एक जानकारी के अनुसार शहर में ही आज 48 मिमी वर्षा हुई है। जिले की अन्य तहसीलों में सिर्फ अहिवारा में ही दो मिमी वर्षा की सूचना है। अन्य तहसीलों से वर्षा की कोई अधीकृत सूचना नहीं है।

दुर्ग शहर में आज की एकाएक वर्षा से लोग परेशान हो गये। दोपहर के समय जब कल श्री कृष्ण जन्माष्टमी की तैयारियों में पूरा शहर व्यस्त था। लोग बाजारों में जरूरत की सामग्रियां खरीद रहे थे। दूकानदार बेचने में व्यस्त थे तभी एकाएक बारिश ने ➤➤ शेष पृष्ठ 9 पर ➤

# नगर निगम की समीक्षा बैठक में अधिकारियों को दिये गये योजनाओं के क्रियान्वयन में तेजी लाने के निर्देश



**दुर्ग**, 6 सितंबर (देशबन्धु)। नगर निगम की समीक्षा बैठक में महापौर धीरज बाकलीवाल एवं आयुक्त लोकेश चंद्राकर ने शहर की सभी तरह की व्यवस्था को चाक चौबंद बनाये रखने की हिदायत देते हुए कहा कि किसी भी कार्य में हील हवाला कतई बर्दाश्त नहीं किया जायेगा। उन्होंने शहर के तालाबों, उद्यानों के रख रखाव उनके उन्नयन के लिये किये जा रहे कार्यो व प्रगति की जानकारी संबंधित अधिकारियों प्रभारियों से ली। सौंदर्यीकरण कार्यो को समय सीमा पर पूर्ण करने के निर्देश दिये।

महापौर श्री बाकलीवाल ने शहर की सभी नालों, नालियों की साफ सफाई शीघ्रता से कराने के अलावा पेयजल आपूर्ति व्यवस्था को सुचारू रूप से बनाये रखने तथा स्ट्रीट लाईट व्यवस्था से जुड़े कार्यो को प्राथमिकता से पूरा करने पर जोर दिया। आयुक्त लोकेश चंद्राकर ने समीक्षा बैठक में टीएल बैठक, जन चौपाल, एवं एक कदम समाधान की ओर सहित अनेक कार्यक्रमों के समन्वय के साथ पूरा कराने के निर्देश देते हुए इन कार्यक्रमों को व्यापारी वर्ग से बात करके कार्यो के समय पर सुनिश्चित करने के निर्देश दिया।

समीक्षा बैठक में राजस्व वसूली पर जोर देते हुए इस कार्य में तेजी लाने के निर्देश दिये। पर्यावरण संरक्षण के कार्यो को जल्दी से जल्दी निपटाने, महात्मा गांधी इंडस्ट्रीयल पार्क क्षेत्र को रीपा की तर्ज पर विकसित करने के निर्देश दिये। महापौर एवं आयुक्त ने विभिन्न योजनाओं की बिंदुवार जानकारी अधिकारियों से ली। धमधा नाका ओव्हर ब्रिज, जिला अस्पताल, महिला समृद्धि बाजार, के आसपास में अतिक्रमण हटाने, गंजमंडी के पास कही जगह चिन्हित कर शौचालय ➤➤ शेष पृष्ठ 9 पर ➤

# मंदिर हसौद में दुराचार के विरूद्ध छात्र संगठन ने किया प्रदर्शन



**दुर्ग**, 6 सितंबर (देशबन्धु)। एआईडीएसओ के छात्रों ने आज मंदिर हसौद रायपुर की दो छात्राओं के साथ हुए सामूहिक दुराचार के खिलाफ जबर्दस्त प्रदर्शन किया। पश्चात मुख्यमंत्री व राज्यपाल के नाम कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा।

ज्ञापन में छात्र संगठन एआईएसओ ने उक्त बलात्कार के लिये दोषी तत्वों को कड़ी से कड़ी सजा दी जाये। नशीले पदार्थो के उत्पादन पर रोक लगाई जायें। टीवी मीडिया के माध्यम से किये जा रहे अश्लील प्रदर्शन पर रोक लगाई जाये। अपराधियों के राजनीतिक संरक्षण पर रोक लगाई जायें। महिलाओं व छात्राओं की सुरक्षा के लिये कड़े प्रबंध किये जायें।

# विशेष अभियान चलाकर 15 दिनों में सड़कों से आवारा पशुओं को नियंत्रित किया जाए : कलेक्टर

**दुर्ग**, 6 सितंबर (देशबन्धु)। कलेक्टर पुष्पेन्द्र कुमार मीणा ने कहा कि विशेष अभियान चलाकर 15 दिनों में सड़कों से आवारा एवं घुमंतू पशुओं को नियंत्रित किया जाए। सभी अधिकारियों को इस कार्य को सर्वोच्च प्राथमिकता के साथ करने की बात राजस्व एवं नगरीय निकाय की समीक्षा बैठक में कही।



कलेक्टर ने सड़कों में आवारा पशुओं को नियंत्रित करने निगमों द्वारा पशुपालकों पर जुर्माना लेते हुए सख्त से सख्त कार्यवाही करने को कहा। सड़कों से घुमंतू पशुओं को हटाने के लिए प्रभावी तरीके से कार्य करने को कहा। पशुपालन विभाग के अधिकारी को पशुओं पर टेगिंग करने के लिए सभी निकायों में अपने स्टॉफों की ड्यूटी लगाने की बात कही। उन्होंने कहा कि पशुपालन विभाग के स्टॉफको घर-घर में सर्वे कराकर पशुओं की टेगिंग कराने को कहा। साथ ही उन्होंने सभी पशुपालकों के मोबाईल नंबर की सूची बनाने को कहा। अधिकारियों ने बताया कि काऊ कैचर के माध्यम से निगम के कर्मचारियों द्वारा लगातार आवारा मवेशियों को पकड़ा जा रहा है। साथ ही मवेशियों को आवारा छोड़ने वाले पालकों पर कार्रवाई भी जा रही है। इस पर कलेक्टर ने काऊ कैचर के माध्यम से पकड़े जाने वाले कर्मचारियों को ट्रेनिंग कराने को कहा, ताकि पशुओं को बिना क्षति के गौठानों में ले जाया जा सके।

कलेक्टर ने दूध व्यवसाय कर रहे पशुपालकों की बैठक करने अधिकारियों को निर्देश दिए, ताकि उन्हें यह बताया जा सके कि अगर बार-बार अपने पशुओं को छोड़ा जाएगा तो उनके ऊपर सख्त कार्रवाई की जाएगी। इस संबंध में नगरीय निकायों के अधिकारियों को स्वयं जाकर निरीक्षण करने को कहा। नगर निगम आयुक्तों को सफाई कर्मचारी जो कचरा एकठ्ठा करने डोर टू डोर जाते हैं उन्हें कचरा एकठ्ठा करने के साथ-साथ घर ➤➤ शेष पृष्ठ 9 पर ➤

# आज सांई मंदिर में जन्माष्टमी

**दुर्ग**, 6 सितंबर (देशबन्धु)। कसारीडीह चौक सिविल लाइन स्थित श्री साई बाबा मंदिर में 7 सितंबर को श्रीकृष्ण जन्माष्टमी का पर्व धूमधाम के साथ मनाया जाएगा। इस अवसर पर दोपहर 3.30 बजे श्री साई सत्संग मानस महिला मंडली और रात्रि 8 बजे श्री साई बाबा भजन मंडली कसारीडीह द्वारा भजनों की प्रस्तुति दी जाएगी। रात्रि 12 बजे भगवान श्री कृष्णा के जन्म उत्सव पर महाआरती उपरांत मक्खन मिश्री का महाप्रसादी वितरण किया जाएगा। यह जानकारी देते हुए श्री साई मंदिर समिति के अध्यक्ष श्रीकांत समर्थ और सचिव धनेंद्र सिंह चंदेल ने जन्माष्टमी पर आयोजित समस्त धार्मिक कार्यक्रम में श्रद्धालुओं से शामिल होने की अपील की है।

# देवनारायण निगम के उपनेता प्रतिपक्ष नियुक्त



**दुर्ग**, 6 सितंबर (देशबन्धु)। नगर निगम दुर्ग के वरिष्ठ भाजपा पार्षद देवनारायण चंद्राकर को उपनेता प्रतिपक्ष नियुक्त किया गया है। उनकी नियुक्ति की घोषणा जिला भाजपा अध्यक्ष जितेन्द्र वर्मा ने की है। श्री वर्मा ने उम्मीद जताई है कि श्री चंद्राकर उपनेता के रूप में नगर निगम मे भाजपा को और भी आक्रमकता के साथ मजबूत बनाने में सफल होगें।

# नागालैंड में आयोजित रणजी क्रिकेट के फिटनेस कोच के रूप में दुर्ग की शयला आलम का चयन



**दुर्ग**, 6 सितंबर (देशबन्धु)। दुर्ग रेलवे कॉलोनी मे रहने वाली बेटी शयला आलम को नागालैंड क्रिकेट एसोसिएशन के द्वारा रणजी ट्रॉफी आयोजित खेल मे भाग लेने वाले सीनियर पुरुष टीम की 10 दिनों तक फिटनेस कैंप मे कोच के रूप मे चयन हुआ है, शयला आलम पहली महिला है जो सीनियर पुरुष क्रिकेट टीम को पावर ट्रेनिंग व मैक्स इस्ट्रेनथ प्लयेमेट्रीक्स स्पीड एडुरंस पे फोकस करवाएंगी साथ ही वे प्रेहब और रिकवरी मे भी ध्यान देंगी। दुर्ग रेलवे कॉलोनी की बेटी शयला आलम ऑस्ट्रेलिया द्वारा प्रमाणित इस्ट्रेनथ और कंडीशनिंग कोच है। बीबीसीआई / एनसीए द्वारा चालीफाई लेवल-1 कोच है। पूरे भारत देश मे सिर्फ 3 ही महिलाएं है जिन्होंने यह एग्जाम क्लियर किया है वह राष्ट्रीय क्रिकेट अकादमी की भी कोच रही है। अब तक उन्होंने अंडर-15 गर्ल्स बीसीसीआई एनसीआई हाई परफॉरमेंस ➤➤ शेष पृष्ठ 9 पर ➤

# जेवरा में सीमेंटीकरण के लिए 4 लाख 99 हजार की प्रशासकीय स्वीकृति

**दुर्ग**, 6 सितंबर (देशबन्धु)। कलेक्टर पुष्पेंद्र कुमार मीणा द्वारा जिले में सांसद स्थानीय क्षेत्र विकास योजनांतर्गत सांसद विजय बघेल की अनुशंसा पर विकास कार्य के लिए 4 लाख 99 हजार 864 रुपए की प्रशासकीय स्वीकृति दी गई है। जिला योजना एवं सांख्यिकी कार्यालय से प्राप्त जानकारी के अनुसार जेवरा बाजार चौक में सीमेंटीकरण के लिए 4 लाख 99 हजार 864 रुपए की प्रशासनिक स्वीकृति की गई है।

# मनरेगा मजदूर के परिजनों को क्षतिपूर्ति राशि दी गई

**सहसपुर लोहारा**, 6 सितंबर (देशबन्धु)। महात्मा गाँधी रोजगार गारंटी योजना में काम करते हुए ग्राम रणवीरपुर के मजदूर का विगत 24 जून को हार्ट अटैक से मौत हो गई थी। जिसका नियमानुसार प्रदान की जाने वाली 25000की राशि आज मृतक के पत्नी फूलमत बाई यादव और उसके पुत्र धनराज यादव को चेक के माध्यम से जनपद पंचायत सहसपुर लोहारा के मुख्यकार्यपालन अधिकारी आर एस नायक ने प्रदान की। ज्ञात हो की 24जून 2023 को ग्राम पंचायत रणवीरपुर के सब स्टेशन से अमलीखार डबरी तक सड़क मिट्टीकरण का कार्य महात्मा गाँधी रोजगार गारंटी योजना अंतर्गत किया जा रहा था इसी कार्य के दौरान मजदूरी कर रहे भारत यादव पिता पुनाराम यादव जाब कार्ड क्रमांक 394 की अचानक तबियत बिगड गई और कार्य स्थल पर ही हार्ट अटैक से उसकी मौत हो गई। ➤➤ शेष पृष्ठ 9 पर ➤



# आगामी चुनाव की तैयारियों को लेकर जिला प्रशासन, निर्वाचन व पुलिस की संयुक्त बैठक

## कानून व्यवस्था, सुरक्षा बलों को ठहराने, वाहनों की व्यवस्था पर किया मंथन



**दुर्ग**, 6 सितंबर (देशबन्धु)। आगामी विधानसभा चुनाव को ध्यान में रखते हुए आवश्यक तैयारियों हेतु कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी पुष्पेन्द्र मीणा और पुलिस अधीक्षक शलभ सिन्हा ने जिला प्रशासन के वरिष्ठ अधिकारियों और पुलिस प्रशासन के अधिकारियों की संयुक्त बैठक ली। बैठक में आगामी विधानसभा निर्वाचन के दौरान समन्वय के साथ भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशों का पालन कराने तथा निष्पक्ष व विवाद रहित निर्वाचन कार्य संपन्न कराने पर जोर दिया गया। चुनाव के दौरान सी.पी.एम.एफ फोर्स हेतु ठहरने, भवन, बिजली, पानी, टायलेट, आवास व्यवस्था, वाहन अधिग्रहण पर राय-शुमारी की गई। कलेक्टर ने संबंधित एसडीएम और एसडीओपी को पूर्व चुनाव के दौरान चिन्हित 44 भवनों का संयुक्त भ्रमण कर व्यवस्था की जानकारी उपलब्ध कराने कहा। उन्होंने कहा कि नये सामुदायिक भवन और मंगल भवन को भी चिन्हांकित किया जाए, जिन स्थानों पर फोर्स की ठहरने की व्यवस्था हो, वहां लोक निर्माण विभाग द्वारा टेम्परारी टायलेट की व्यवस्था रखी जाए। कलेक्टर ने कहा कि फोर्स के लिए जिला प्रशासन द्वारा वाहन उपलब्ध कराई जाएगी। पुलिस विभाग आवश्यक वाहनों की सूची जिला प्रशासन को उपलब्ध करा देंगे। बैठक में अधिकारियों को निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार प्रतिबंधात्मक कार्यवाही, शस्त्र लाइसेंस जमा कराने में प्रगति लाने, जिला बदल की कार्यवाही को प्रगति लाने व बांड ओव्हर की कार्यवाही करने कहा गया। इसी प्रकार नाकेबंदी एवं संयुक्त चेकिंग अभियान प्रारंभ कर अवैधानिक पाये जाने पर मौके पर कार्यवाही करने कहा गया। चुनाव प्रभावित होने की संभावना को ध्यान में रखते हुए संवेदनशील क्रिटिकल क्षेत्रों का अभी से पहिचान सुनिश्चित करने कहा गया।

पुलिस अधीक्षक शलभ सिन्हा ने पुलिस प्रशासन के अधिकारियों को जिम्मेदारी दी कि वे संदेनशीलता के साथ अभी से निर्वाचन कार्य की पूर्व की तैयारियां सुनिश्चित कर लेवें। उन्होंने संवदेनशील मतदान केन्द्रों का अभी से मुआयना कर आवश्यक व्यवस्था सुनिश्चित करने निर्देश दिए है। बैठक में एडीएम अरविंद एक्का, आयुक्त नगर निगम भिलाई रोहित व्यास, उप जिला निर्वाचन अधिकारी अपर कलेक्टर बी.के. दुबे, एसडीएम दुर्ग मुकेश रावटे, एसडीएम पाटन विपिन गुप्ता, एसडीएम धमधा विनय सोनी, संयुक्त कलेक्टर प्रवीण वर्मा एवं एच.एस. मिरी तथा एडीशनल एसपी संजय ध्रुव सहित सभी एसडीओपी और समस्त थाना प्रभारी उपस्थित थे।

# विश्व बैंक कॉलोनी में 98 लाख से बनेगा आरसीसी रोड



**भिलाईनगर,** 6 सितम्बर (देशबन्धु)। चरोदा में जनभावना के अनुरूप विकास कार्यों को साकार किया जा रहा है। इसी कड़ी में महापौर निर्मल कोसरे ने वार्ड-7 विश्व बैंक कॉलोनी में आरसीसी रोड और शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक शाला भिलाई-3 में मॉडल टायलेट निर्माण के लिए भूमिपूजन कर कार्य प्रारंभ करवाया। विश्व बैंक कॉलोनी के सेक्टर-1 और-2 में आरसीसी रोड का निर्माण कार्य 98 लाख रुपए की लागत से किया जाएगा। वहीं कन्या शाला में 6 लाख रुपए की लागत से मॉडल टायलेट बनाया जाएगा। महापौर निर्मल कोसरे ने बताया कि विश्व बैंक कॉलोनी में सड़क निर्माण की पुरानी मांग थी। इस सड़क के बन जाने से कॉलोनी के लोगों की आवाजाही में हो रही दिक्कत दूर हो जाएगी। कन्या शाला में अध्ययनरत विद्यार्थियों के लिए मॉडल टायलेट का निर्माण स्वच्छता की दृष्टि से बेहतर सौगात साबित होगी। महापौर ने कहा कि आने वाले दिनों में और भी अनेक विकास कार्यों को गति प्रदान की जाएगी। इस अवसर पर एमआईसी सदस्य मोहन साहू, मनोज कुमार डहरिया, एम.जॉनी, पार्षद संतोष तिवारी, पार्षद टेनेन्द्र ठाकरे, पूर्व पार्षद आशीष वर्मा, कन्या शाला की प्राचार्य निशा जैन, सीएसई खिलेश्वर वर्मा, अभिषेक वर्मा, जितेंद्र मढ़रिया, देशबंधु शर्मा, तनुजा दीवान, सुनीता गजपाल, हर्षप्रभा साहू, दीप्ति पटनायक, गणमान्य नागरिक हुसैन अहमद, सुरेश वर्मा सहित नगरवासी उपस्थित थे।

# पानी सप्लाई सामान्य बनाने प्रयास तेज



भिलाईनगर, 6 सितम्बर (देशबन्धु)। टाउनशिप के सेक्टर.4 में दो पानी टंकी ढह जाने के बाद जलापूर्ति बहाल करने के लिए संयंत्र प्रबंधन ने दिन-रात टूटी टंकी का मलबा को हटाने का काम किया जा रहा है। कई जेसीबी एक साथ चारों तरफ से मलबा को हटाने में लगाई गई है। मलबा हटाने के बाद नीचे वाल्व की स्थिति का पता चल सकेगा। यादि वाल्व टूटा होगा तो उसकी मरम्मत करने में कुछ दिन लग सकता है। किन्तु यादि वाल्व सुरक्षित होगा तो उसे डारेक्टर लाईन से जोड दिया जायेगा। जिससे पानी की सप्लाई कुछ हद तक सामान्य हो सकेगी। इससे सेक्टर-2 में पानी सप्लाई भी बाधित है। युद्धस्तर पर वाल्व वाले प्वाइंट से मलबा को हटाने का प्रयास किया जा रहा है। नया वाल्व लगाने के बाद से मरौदा से आ रही पाइपलाइन को डायरेक्ट कनेक्ट कर दिया जागए। सेक्टर.2 की पानी टंकी को भरने के बाद लोगों के घरों तक पानी प्रेशर से पहुंचेगा। इधर, सेक्टर 4 में पानी बहाल करना अब मुश्किल होता जा रहा है। संयंत्र प्रबंधन द्वारा वैकल्पिक व्यवस्था के तहत कुछ सड़क को पानी इससे पहले भी मिल सकता है। पीएचई की टीम सेक्टर-4 के सड़क 19 पर डटी हुई है। यहां नया वाल्व लगाया गया है ताकि मरोदा टैंक से आने वाले पानी को यहां आइसोलेट किया जा सके। ध्वस्त हुई टंकी के पास कनेक्शन क्लियर होते ही यहां से वाल्व को खोल दिया जाएगा। सेक्टर.3 में जलापूर्ति बहाल है। वहीं, सेक्टर.2 में मंगलवार सुबह पानी टंकियों में भर चुका था। इस वजह से परेशानी नहीं हुई। लोगों को पानी मिला। लेकिन, शाम को पानी टंकियों तक नहीं पहुंचने की वजह से बुधवार को पानी नहीं आएगा। शाम तक स्थिति सामान्य हो सकती है। फिलहाल भिलाई नगर निगम और बीएसपी ने टैंकर के माध्यम से पानी सप्लाई की वैकल्पिक व्यवस्था की है। विधायक देवेंद्र यादव और महापौर नीरज पाल खुद पानी सप्लाई के लिए पूरी टीम को मैदान में उतार चुके हैं। वही संयंत्र प्रबंघन लोगों को पानी उपलब्ध कराने के लिये हर स्तर पर प्रयास कर रही है। संयंत्र के अधिकारी के अनुसार मलवा हटाने में अभी समय लग सकता है। वही सेक्टर-2 से भी पानी लेने का प्रयास किया गया, किन्तु सेक्टर-2 से पानी सप्लाई की बात नही बन पाई है। अब मलवा हटने के बाद ही सह पता चल सकेगा कि पानी की सप्लाई कितने दिनों में सामान्य होगी।

# शिक्षक दिवस पर गुरुजनों का सम्मान



### गुरुनानक स्कूल में शिक्षक दिवस समारोह

**भिलाईनगर,** 6 सितम्बर (देशबन्धु)। गुरुनानक इंग्लिश सीनियर सेकेण्डरी स्कूल सेक्टर-6 में शिक्षक दिवस हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। स्कूल के प्रांगण में आयोजित कार्यक्रम के विशेष अतिथि गुरु सिंघ सभा सेक्टर-6 के अध्यक्ष कुलवंत सिंह ने शिक्षिकों को बधाई दी। इस अवसर पर विद्यालय के शिक्षको तथा अन्य स्टाफ को प्रतीक चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। विद्यालय परिवार के चेयरमैन तारा सिह ने विद्यालय परिवार को इस अवसर पर बधाई दी। मनजीत सिंह तथा गुरुदेव सिंघ उपाध्यक्ष, पी.पी.सिह आह्लूवालिया कोषाध्यक्ष, जी.एस.फ्लोरा महासचिव, जसबीर सिंघ, बलजीत सिंह सह सचिव तथा विद्यालय शिक्षा समिति के हरमीत सिह सचिव, बलदेव सिंग कोषाध्यक्ष, अमरदीप सिंह, मंजीन्दर सिंह सदस्य तथा विद्यालय की प्राचार्या श्रीमती मोना सिंह की उपस्थिति रही। कार्यक्रम संचालन प्राचार्या श्रीमती मोना सिंह के मार्गदर्शन में सम्पन्न हुआ।

### भिलाई निवास में शिक्षक दिवस समारोह



**भिलाईनगर।** संयंत्र के शिक्षा विभाग द्वारा भिलाई निवास के बहुउद्देशीय सभागार में शिक्षक दिवस समारोह में मुख्य अतिथि संयंत्र के निदेशक प्रभारी अनिर्बान दासगुप्ता उपस्थित थे। इस अवसर पर संयंत्र के 22 शिक्षकों और शिक्षा कर्मियों का उनके उल्लेखनीय कार्यों के लिए सम्मान किया गया। समारोह में संयंत्र के कार्यपालक निदेशक एस मुखोपाध्याय, डॉ ए के पंडा, ए के चक्रवर्ती, मुख्य चिकित्सा अधिकारी प्रभारी डॉण् एम रविन्द्रनाथ, कार्यकारी कार्यपालक निदेशक सुश्री निशा सोनी, आफिसर्स एसोसिएशन के अध्यक्ष एन के बंछोर उपस्थित थे। अनिर्बान दासगुप्ता ने कहा कि भिलाई का शिक्षा में एक नाम है। भिलाई के शिक्षकों की कर्तव्य परायणता की सराहना करते हुएए उन्होंने कहा कि यह गर्व की बात है कि भिलाई स्टील प्लांट ने स्टील निर्माण के क्षेत्र में अपनी प्रतिष्ठा अर्जित की है और शिक्षा के क्षेत्र में भी अपनी अलग पहचान बनाई है। जे वाय सपकाले ने पुरस्कार विजेताओं का स्वागत किया सेक्टर.10 की छात्रा कु तनिष्का गुप्ता और सीनियर सेकेण्डरी स्कूलए सेक्टर-7 की छात्रा कु अन्नू यादव ने शिक्षक दिवस पर अपने विचार व्यक्त किए। मुख्य अतिथि ने 22 शिक्षकों और सहायक कर्मचारियों को निदेशक प्रभारी पुरस्कार से सम्मानित किया। इस अवसर पर बीएसपी शिक्षा विभाग द्वारा प्रकाशित पत्रिका स्मारिका का विमोचन किया गया। महाप्रबंधक शिक्षा श्रीमती शिखा दुबे ने धन्यवाद ज्ञापित किया। समारोह का संचालन श्रीमती एस बहल एवं सुश्री महुवा चटर्जी ने किया।

### ओम शिव शक्ति विद्यालय खुर्सीपार



**भिलाईनगर।** ओम शिव शक्ति विद्यालय नंदिनी रोड सुभाष नगर खुर्सीपार में शिक्षक सम्मान समारोह में मुख्य अतिथि साहित्यकार एवं पत्रकार शिवनाथ शुक्ल ने की, अध्यक्षता समाजसेवी राम अवतार अग्रवाल ने की। शाला संचालन समिति के अध्यक्ष रमाकांत मालवीय, स्कूल संचालक एस.के. मालवीय विशेष रूप से उपस्थित थे। मुख्य अतिथि शिवनाथ शुक्ल न कहा कि ज्ञान-विज्ञानए शिक्षा से लेकर साहित्यए कला एवं संस्कृति के क्षेत्र में भारत आज भी दुनिया का सिरमौर बना हुआ है तो उसके पीछे हमारा त्याग, संयम, अहिंसा, शांति और सत्य की शक्ति है। श्री शुक्ल ने शिक्षा के क्षेत्र में गुरुजनों के योगदान को प्रणाम करते हुए छात्र-छात्रों से पूरे मानयोग से शैक्षिक, क्रीड़ा एवं सांस्कृतिक गतिविधियों में लगे रहने एवं देश-परिवार का नाम रोशन करने का आह्वान किया। राम अवतार अग्रवाल ने शिक्षकों को एक ऐसे दीपक की संज्ञा दी जो स्वयं जलकर समाज को प्रकाशमान रखता है। स्कूल प्राचार्या श्रीमती रमा मालवीय ने स्वागत उद्बोधन दिया। विद्यालय के संचालक एस के मालवीय ने विद्यालय की प्रगति के बारे में बताया। इस अवसर पर विद्यालय में उत्कृष्ट योगदान देने वाले शिक्षक सरवर खान, रामपाल साहू, निशा लहरे, सरस्वती मिश्रा, विनीता यादव, मधु पटेल, रजनी खोब्रागढ़े, ऋतु कुमारी, खुशी अग्रहरि, दिव्या एवं नरगिस सहित कर्मचारी गणेशिया यादव, पूर्णिमा जांगड़े का शाल एवं श्रीफल से सम्मान किया गया। शाला के छात्र.छात्रों सुरेंद्र नायक, वैष्णवी नायक, कोमल कटारे, हिमानी खरे, सलोनी, निखिल यादव, आंचल सेन, कृषिता कटरे, गुंजन गोस्वामी, प्राची, आलिया, आरती, अंशुए पूजा, अंकिता, सुहानी, ज्योति, पायल, सेजल सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया। कार्यक्रम का संचालन सुभाष मेश्राम एवं आभार प्रदर्शन मालवीय ने किया। इस अवसर हेमराज मेश्राम, पांडेय, सृष्टि मालवीय, सेजल मालवीय उपस्थित रहे।

### शिक्षक दिवस पर शिक्षिकों का सम्मान



**भिलाईनगर।** सेक्टर-7 महराणा प्रताप भवन में शिक्षक दिवस के अवसर पर पूर्व मंत्री बदरूदीन कुरैशी मुख्य अतिथि छत्तीसगढ़ अल्पसंख्यक सेल के अध्यक्ष अमीन मेमन ने 27 शिक्षक शिक्षिकाओं को श्रीफल और गुलदस्ता देकर सम्मानित किया साथ ही साथ कार्यक्रम में आये हुए हर समाज के धर्म गुरूओं का सम्मान किया। मुख्य अतिथि अमीन मेमन ने कहा कि शिक्षक दिवस भाईचारा का बहुत बड़ा प्रतीक है। जिसमें हिन्दु मुस्लिम सिख ईसाई किसी भी धर्म का शिक्षक हो उसका बराबर और समान सम्मान पूरे देश में किया जाता है। विशेष अतिथि बदरूदीन कुरैशी पूर्व मंत्री ने देश के दूसरे राष्ट्रपति डॉण् सर्वपल्ली राधाकृष्णन ने सन् 1962 में 5 सितंबर को जन्मदिन पर जब शिक्षक और आम जनता बधाई देने आये तो डॉण् सर्वपल्ली राधाकृष्णन ने कहा कि आज का दिन मेरा नहीं बल्कि देश के शिक्षकों का है जो अपने लगन और निष्ठा और ईमानदारी के साथ बच्चों को शिक्षा देते आ रहे है। डॉ. राधाकृष्णन 40 वर्ष तक स्कूलों में विश्वविद्यालयों में कुलपति जैसे पदों में रहकर शिक्षा दिया देश के राष्ट्रपति उपराष्ट्रपति पदों में रहकर देश के राजनितिज्ञों को भी एक दिशा दिया। जिनके बदौलत हमारा देश आगे बढता जा रहा है कार्यक्रम की अध्यक्षता महिला कांग्रेस की अध्यक्ष श्रीमति सुभद्रा सिंह ने किया एवं सतपाल सिंह ने अभार प्रकट किया। कार्यक्रम समयलाल साहू, सतपाल सिंह, अरूण सिंह, बैजनाथ शुक्ला, जावेद नकवी, गुलजेब अहमद, अरहान शेख, मोहसिंह खान, देवेन्द्र सिंह, रवीकुमार सोनकर, गुरदीप सिंह अरशद चिशती, शबीर अहमद, ज्ञानी बाजी, दर्शन सिंह, अमीत सिंह, बी ए नंदेश्वरए अनील सिंहए प्रदीप सिंहए अभिषेक शर्माए संजय लाखेए संजय दिक्षितए सुखचैन सिंहए अजय मिश्राए उपस्थित थे ।

# चेम्बर ने ईडी को समस्या निदान हेतु सौंपा ज्ञापन



**भिलाईनगर,** 6 सितम्बर (देशबन्धु)। स्टील सिटी चैंबर ऑफ़ कॉमर्स संयंत्र के ईडी पवन कुमार को पत्र सौपकर कहा है शहर के व्यापारियों की समस्याओं के निदान के लिये नगर सेवा विभाग के अधिकारियों की उपस्थिति में बैठक का आयोजित कर समस्याओं के निदान का मार्ग प्रशस्त किया जाये। व्यापारियों ने बताया विगत 12 वर्षों से टाउनशिप के दुकानदारों के लीज नवीनीकरण से संदर्भित प्रकरण लंबित है। जिस भूमि पर बाजार मूल्य भिलाई प्रबंधन ने ले लिया हो उन सभी प्रकरणों का निराकरण स्वीकृति ग्राउंड रेंट एवं सर्विस चार्ज 50 प्रतिशत वसूलकर लीज नवीनीकरण करण की प्रक्रिया को पूरा किया जाना चाहिए, ताकि व्यापारी वर्ग राजस्व को समय पर जमा कर सके और निश्चित होकर अपना व्यापार कर सके समस्याओं के निराकरण नहीं होने के कारण पिछले 12 वर्षों से आपका राजस्व बकाया दिखाया जाता है और उस पर प्रतिमाह ब्याज भी बढ़ते जा रहा है। हमारा आग्रह है कि हमारे साथ अनुबंधित लीज को आधार मानकर प्रकरण का निराकरण किया जाए। चेंबर अध्यक्ष ज्ञानचंद जैन ने अधिशासी निदेशक के संज्ञान में लाया है कि आज से 15-20 वर्ष पूर्व जब लाइसेंस की दुकानों के प्रकरण लीज में परिवर्तित किए गए थे उन दिनों दुकानदारों से जमा ली गई राशि की रसीद भी संयंत्र ने जमा करवा ली थी और अब तक लीज नवीनीकरण के अनुबंध पत्र अब तक उपलब्ध नहीं कराए हैं। इस दिशा में भी नगर सेवा विभाग के अधिकारियों को आदेशित कर अनुबंध पत्र उपलब्ध करवाये। पूर्व वर्षों में वन टाइम पेनल्टी सिस्टम संयंत्र के द्वारा टाउनशिप के दुकानों पर लागू किया गया था। जिसमें दुकानदार के द्वारा यदि छोट-मोटे निर्माण आवासीय स्तर पर कर लिए गए हो तो वन टाइम पेनल्टी लगाकर उसको नियमित कर दिया गया था वर्तमान समय में नगर सेवा विभाग के अधिकारी प्रतिमाह पैनल रेंट के नाम पर दंड राशि की वसूली विभिन्न स्तरों पर की जाती है जिसको तत्काल प्रभाव से समाप्त कर वन टाइम पेनल्टी सिस्टम में लागू करने की मांग की है। चेम्बर ने ईडी को बताया कि विगत दिनों ईडी कार्यालय में सम्पन्न बैठक में यह निर्णय लिया गया था कि स्टील सिटी चेंबर के सात सदस्य प्रतिनिधिमंडल के साथ नगर सेवा विभाग के अधिकारियों से चर्चा प्रस्तावित है बैठक का आयोजन स्वीकृति शीघ्र करके व्यापार जगत को राहत प्रदान करे।

# सरयू पारीण ब्राह्मण महिला प्रकोष्ठ 10 को तीज मिलन समारोह



**भिलाईनगर,** 6 सितम्बर (देशबन्धु)। सरयू पारीण ब्राह्मण समाज महिला प्रकोष्ठ कार्यकारणी सदस्यो की बैठक स्मृति नगर ब्रह्म प्रकाश भवन में आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता शशि प्रभा मिश्रा महिला प्रकोष्ठ प्रभारी ने किया ने की। बैठक में उपस्थित सभी सदस्यों ने सर्वसम्मति से निर्णय लिया कि 10 सितंबर को तीज मिलन समारोह आयोजित किया जायेगा। अध्यक्षा प्रीति दुबे ने कहा कि इस कार्यक्रम के जरिए मातृ शक्ति द्वारा नृत्य, गायन, विभिन्न खेलों का आयोजन किया जाएगा एवम उनके अंदर छुपी हुवे आंतरिक गुणों को बाहर निकालने का प्रयास इस कार्यक्रम के द्वारा किया जाएगा। बैठक मे महिला प्रकोष्ठ को और ज्यादा मजबूत बनाने के मुद्दे पर चर्चा की गई। बैठक का संचालन सचिव किरण दुबे ने किया। बैठक को महिला प्रकोष्ठ प्रभारी शशि प्रभा मिश्रा ने भी संबोधित करते हुए कहा की आज हम सभी बहनों को भी आगे बढ़कर कार्य करने की जरूरत है, तभी ही समाज मजबूत होगा। बैठक में प्रमुख रूप से शशि प्रभा मिश्रा, प्रीति दुबे अध्यक्षा, रूक्मणी मिश्रा उपाध्यक्ष, लालिमा तिवारी उपाध्यक्ष, किरण दुबे सचिव, कोषाध्यक्ष अंजू तिवारी, सह कोषाध्यक्ष अनु पांड, कार्यकरणी सदस्य शैल किरण शुक्ला, ममता मिश्रा, मंजू पांडे, सलोनी पांडे, मीना पांडे, सहित समस्त सदस्य गण उपस्थित थे। बैठक मे आभार प्रदर्शन प्रीति दुबे ने किया।

# जी-20 का आयोजन कल कलामंदिर में

**भिलाईनगर,** 6 सितम्बर (देशबन्धु)। आकाशवाणी रायपुर की ओर से जी-20 के अंतर्गत काव्य संध्या, सुगम संगीत और लोक संगीत संध्या का आयोजन 8 सितंबर को शाम 7 बजे से महात्मा गांधी कला मंदिर सभागृह सिविक सेंटर में सुगम संगीत संध्या के अंतर्गत होगा। जिसमें प्रभंजय चतुर्वेदी, पंडित अश्वनी वर्मा, प्राची कोकणठाणकर और साधना राहटगांवकर अपने सुरों का जादू जगाएंगे। उनके साथ पंडित अवध सिंह ठाकुर तबला, सुरेश भट्ट तबला, कीर्ति व्यास वायलिन, शफीक हुसैन सारंगी, रियाज मोहम्मद सिंथेसाइजर, शिवा मिश्रा ऑक्टोपैड और दुष्यंत हरमुख बांसुरीद्ध संगत करेंगे। आकाशवाणी रायपुर के केंद्र अध्यक्ष उप महानिदेशक अभियांत्रिकी वी. राजेश्वर और कार्यक्रम प्रमुख सहायक निदेशक कार्यक्रम लखनलाल भौर्य ने बताया कि कार्यक्रम की तैयारियां अंतिम चरण पर है।

# राहुल की पदयात्रा के एक वर्ष पूर्ण होने पर नगर में आज पदयात्रा



**भिलाईनगर**, 6 सितम्बर (देशबन्धु)। सांसद एवं अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के पूर्व कांग्रेस अध्यक्ष राहुल गांधी द्वारा 7 सितम्बर 2022 को ऐतिहासिक भारत जोड़ो पदयात्रा का शुभारंभ किया था, यात्रा के एक वर्ष पूर्ण होने पर यात्रा की प्रथम वर्षगांठ 7 सितम्बर पर वैशाली नगर विधान सभा स्तरीय पदयात्रा 7 सितम्बर दिन गुरुवार को शाम 5 बजे से अवंति बाई चौक कोहका भिलाई से प्रारंभ होगी। पदयात्रा का नेतृत्व भिलाई जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष मुकेश चन्द्राकर, पूर्व राज्य मंत्री बीड़ी कुरैशी करेंगे। इस पदयात्रा में जिले के पदाधिकारी शामिल होंगे ब्लाक कांग्रेस कमेटी सुपेला कोहका के महामंत्री ईल्माइल खान ने बताया कि पिछले वर्ष सांसद राहुल गांधी द्वारा की गई पद यात्रा 12 राज्य, 75 जिलों, 76 लोकसभा क्षेत्रो से 136 दिनों तक 4081 किलो मीटर की पदयात्रा किया गया था। श्री खान ने बताया कि निगम भिलाई के सभी एआईसीसी सदस्य प्रदेश एवं जिला के पदाधिकारी, सांसद, पूर्व सांसद विधायक, पूर्व विधायक, महापौर, पूर्व महापौर, प्रदेश पदाधिकारियो, ब्लाक अध्यक्ष, सेवादल, महिला कांग्रेस, इंटुक, युवा कांग्रेस, एनएसयूआई, सोसल मीडिया, संचार विभाग, सहकारिता मंडल, आयोग, मोर्चा, एवम समस्त प्रकोष्ठों के अध्यक्षो, पार्षद एवं पूर्व पार्षद, एल्डरमैन पूर्व एल्डरमैन ब्लाक के पदाधिकारी, युवा मितान क्लब के वार्ड अध्यक्षों जोन अध्यक्ष, सहित सभी कांग्रेसजनो की उपस्थिति की अपील की गी है। उक्त जानकारी ब्लाक महामंत्री ईस्माइल खान के द्वारा दिया गया ।

# महापौर-आयुक्त ने विकास कार्यों की जानकारी



**भिलाईनगर,** 6 सितम्बर (देशबन्धु)। निगम क्षेत्र के मार्ग प्रकाश व्यवस्था में लाईट बंद की शिकायत का निराकरण समय में नहीं किया गया तो ठेका प्राप्त एजेंसी के विरूद्व जुर्माने की कार्यवाही किया जायेगा। शहर के सभी बिजली खम्भो का नम्बरिंग करके बंद लाईटो को शीध्र चालू कर रौशन करे पुरा शहर । निगम के सभागार में महापौर नीरज पाल एवं आयुक्त रोहित व्यास ने निगम में चल रहे निर्माण कार्य अप्रारंभ कार्य, वृक्षारोपण, मार्ग प्रकाश सहित सभी कार्यो की समीक्षा बैठक में जानकारी ली। महापौर ने अधिकारियों से कहा की निर्माण कार्यो को समय सीमा में पूर्ण करें तथा निर्माण की गुणवत्ता का विशेष ध्यान रखा जाये। निर्माण निर्धारित मानको के अनुसार ही किया जाए। पॉच घंटे चले मैराथन बैठक में आयुक्त श्री व्यास सम्पूर्ण निगम क्षेत्र में चल रहे कार्य का जोन वार समीक्षा किये। उन्होने जोन-3 मदर टेरेसा नगर में ज्ञानोदय स्कूल के पास सामुदायिक भवन निर्माण कार्य प्रारंभ नहीं किये जाने पर अपनी नाराजगी व्यक्त किये और उप अभियंता को कारण बताओ सूचना पत्र जारी करने के निर्देश दिए। इसी प्रकार कुरूद क्षेत्र में आगंनबाड़ी भवन निर्माण का कार्य अब तक प्रारंभ नहीं किये जाने पर आक्रोश जताया और एक सप्ताह में निर्माण कार्य प्रारंभ करने के निर्देश जोन आयुक्त को दिये। उन्होने सम्पूर्ण निगम क्षेत्र में स्थापित बिजली खम्भो का नम्बंरिग इस सप्ताह पूर्ण कर बंद लाईटो को चालू करने के निर्देश भी दिये। बैठक में ही मार्ग प्रकाश के ठेका प्राप्त कंपनी ई.एस.एल. को प्रतिनिधि को बुलाकर जाना कि कितने लाईट बंद है और क्यों बंद है। नगर पालिक निगम भिलाी के आयुक्त रोहित व्यास ने कहा कि तय समय में शहर की सभी बंद लाईट को बदल कर मार्ग प्रकाश व्यवस्था को दुरूस्त कर ले अन्यथा कंपनी के विरूद्व जुर्माने की कार्यवाही किया जावेगा। उन्होने सुपेला घड़ी चौक से गदा चौक तथा नंदनी रोड में सड़क चौड़ीकरण में आ रहे अतिक्रमण को खाली कराकर कार्य प्रारंभ करने को कहा। निगम भिलाई के आयुक्त श्री व्यास ने वाटर एटीएम की स्थापना, मंच निर्माण, डोमशेड, सीमेंटीकरण सड़क, सड़कों का डामरीकरण, वाटर कूलर की स्थापना, पेयजल हेतु राईजिंग पाईपलाईन बिछाने का कार्य, सामुदायिक भवन निर्माण, बोर खनन, वृक्षारोपण आदि कार्यो का जोनवार एवं वार्डवार समीक्षा किए। बैठक में अपर आयुक्त अशोक द्विवेदी, अधीक्षण अभियंता, जोन आयुक्त, कार्यपालन अभियंता, स्वास्थ्य अधिकारी, सभी योजना के नोडल अधिकारी, सहायक राजस्व अधिकारी, जोन स्वास्थ्य अधिकारी, सहायक एवं उप अभियंता उपस्थित रहे।

# डॉ. आम्बेड्कर के पौत्र का आज से बस्तर दौरा

**भिलाईनगर।** दि बुद्धिस्ट सोडसायटी ऑफ इंडिया शाखा के प्रदेश अध्यक्ष विनोद बंसोड़ ने बताया कि डा. बाबासाहेब आम्बेडकर के पौत्र व दि बुद्धिस्ट सोसायटी ऑफ इंडिया के नेशनल वर्किंग चेयरमैन भीमराव यशवंतराव आम्बेडकर छत्तीसगढ़ के तीन दिवसीय दौरे पर 7, 8 और 9 सितंबर को जगदलपुर बस्तर, कांकेर, महासमुंद व रायपुर जिले मे आयोजित बौद्ध सम्मेलनो मे बतौर मुख्य अतिथि उपस्थित रहेंगे। विशेष अतिथि संस्था के अंतर्राष्ट्रीय सचिव प्रवीण निखाड़े, राष्ट्रीय उपाध्यक्ष जगदीश गवई, राष्ट्रीय सचिव बी.एच गायकवाड़, राष्ट्रीय संगठन सचिव अनिल मेश्राम, दिलीप वासनीकर पूर्व आईएएस व लखन सुबोध प्रदेश अध्यक्ष गुरू घासीदास सेवादार संघ उपस्थित रहेंगे। शासन द्वारा भीमराव यशवंतराव आम्बेडकर को राज्य अतिथि का दर्जा प्रदान कर उचित दिशा-निर्देश प्रदान किये गये है।

# भ्रष्टाचार मुक्ति मोर्चा की केन्द्रीय कार्यकारिणी का चुनाव संपन्न



**भिलाईनगर,** 6 सितम्बर (देशबन्धु)। भ्रष्टाचार मुक्ति मोर्चा की केन्द्रीय कार्यकारिणी का चुनाव निर्धारित कार्यक्रम अनुसार केन्द्रीय कार्यालय कैलाश नगर भिलाई में शांतिपूर्वक संपन्न हुआ। जिसमे केन्द्रीय अध्यक्ष पुष्पा देवी वर्मा, केन्द्रीय महासचिव शशीधरन मिश्रा, केन्द्रीय कोषाध्यक्ष श्रीमति अनिता निषाद निविरोध विजयी घोषित किये गये हैं। दल के एक सौ दस केन्द्रीय परिषद के सदस्यों द्वारा उक्त निर्वाचन भाग लेते हुए अपने मताधिकार का उपयोग किया गया। घनश्याम वर्मा मुख्य निर्वाचन अधिकारी भ्रष्टाचार मुक्ति मोर्चा ने विजयी प्रत्याशियों व पदाधिकारियों के नामों की घोषणा कर दी है, और अग्रिम कार्यवाही हेतु उक्त आशय की संपूर्ण जानकारी व सूचना भारत निर्वाचन आयोग नई दिल्ली को शीघ्र भेजने की बात कही है। व साथ ही दल के पदाधिकारियों के नामो की सूची भी राज्य निर्वाचन आयोग छत्तीसगढ़ को सूचनार्थ भेज दी जायेगी। चुनाव के पहले मोर्चा की गतिविधियों की जानकारी उपस्थित लोगों को दी गई।

# 378 लीजधारकों की लीज डीड रजिस्ट्रेशन

**भिलाईनगर**, 6 सितंबर (देशबन्धु)। ओए के प्रयासों से 378 लीजधारकों की लीज डीड रजिस्ट्रेशन किया जा चुका है। ऑफिसर्स एसोसिएशन के अध्यक्ष नरेन्द्र कुमार बंछोर के नेतृत्व में संयंत्र के 4500 लीज धारकों के लीज डीड का पंजीयन का कार्य प्रारंभ किया गया है। जिसमें ओए बीएसपी तथा हाऊसलीज समन्वय समिति की महत्वपूर्ण भूमिका रही है। विदित हो कि लीज डीड रजिस्ट्रेशन का कार्य विगत कुछ माह से प्रारंभ किया गया है जिस हेतु ओए.बीएसपी के द्वारा हेल्प डेस्क की सुविधा प्रारंभ किया गया जिसके माध्यम से 1300 से अधिक लीजधारकों का लीज डीड तैयार किया गया है। नगर सेवा विभाग के लीज सेक्शन के द्वारा 550 से अधिक लीज डीड की स्क्रुटनी संपन्न की जा चुकी है तथा 378 लीज डीड का रजिस्ट्रेशन किया जा चुका है। लीज डीड रजिस्ट्रेशन के लिए नगर सेवा विभाग के 6 अधिकारियों को पावर ऑफ अटॉर्नी देकर प्राधिकृत किया गया है जो रजिस्ट्रार ऑफिस में जाकर संबंधित लीज धारी के रिकॉर्ड में अपना हस्ताक्षर कर संपूर्ण कार्यवाही को संपादित करते हैं। उल्लेखनीय है कि ये सभी 6 अधिकारी जिन्हें पावर ऑफ अटॉर्नी मिला है, वे प्रतिदिन अपने ड्यूटी के दौरान फर्स्ट हाफ में अपने संबंधित विभाग का कार्य संपादन कर सेकंड हाफ में ही रजिस्ट्रार ऑफिस दुर्ग मे लीज डीड पंजीयन के लिये उपलब्ध रहते हैं। सीमित संसाधनों के बावजूद अब तक के प्राप्त आंकड़े निश्चित रूप से प्रसंशनीय है। प्रकरणों की अधिकता के चलते इसके शीघ्र निराकरण हेतु ये प्राधिकृत अधिकारी ड्यूटी के प्रथम हॉफ में इन लीज डीड जांच व हस्ताक्षर के कार्य को संपादित करने में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं। इन अधिकारियों के कार्य की अधिकता को देखते हुए ओए.बीएसपी के निवेदन को स्वीकार करते हुए बीएसपी प्रबंधन ने 04 अतिरिक्त सेवानिवृत्त कार्मिकों को इस कार्य हेतु संलग्न किया है। विदित हो कि इस प्रकार के लीज धारकों में रुपये 10,000 से 1,00,000 रुपये तक के बकाया के मामले सामने आये हैं। नगर सेवाएं विभाग से प्राप्त सूचना के अनुसार 50 लीज धारियों को उनके बकाया राशि के कारण वापस किया गया है। लीज डीड रजिस्ट्रेशन के संदर्भ में कई लीजधारकों में भ्रम की स्थिति बनी हुई है। वर्तमान में लीजधारकों की लगभग चार श्रेणियां है जिनमें प्रथम आबंटित लीजधारक, प्रथम आबंटी लीजधारक के मृत्यु के पश्चात बीएसपी के रिकार्ड में वैधानिक रूप से पारिवारिक वारिस को हस्तांतरित लीजधारक, बीएसपी के रिकार्ड में कानूनी रूप से हस्तांतरित लीजधारक तथा अन्य लीजधारक शामिल है।

## बलात्कारियों को शीघ्र फांसी देने की मांग

**खरोरा,** 6 सितंबर। विगत दिनों मंदिरहसौद थाना क्षेत्र हुए सभ्य समाज को शर्मसार कर देने वाली गैंग रेप की घृणित घटना को लेकर ग्राम गनियारी के श्रीराम मानस मंडली के सदस्य काफी आक्रोशित व आहत हैं इन सदस्यों का स्पष्ट मांग है की ऐसे व्याभिचारी नर पशुओं को अति शीघ्र सरेआम फांसी की सजा दे देना चाहिए ऐसे नर पशु मानव समाज के नासुर है।



# पुलिस महानिरीक्षक दुर्ग ने रक्षित केन्द्र, थाना सिटी कोतवाली बेमेतरा, कंट्रोल रूम व सायबर सेल का किया निरीक्षण

**बेमेतरा,** 6 सितंबर (देशबन्धु)।6.09.2023 को पुलिस महानिरीक्षक दुर्ग रेंज (ढ्ढत्रक्) महोदय बी. एन. मीणा (भा.पु.से.) के द्वारा जिला बेमेतरा भ्रमण के दौरान रक्षित केन्द्र, थाना सिटी कोतवाली बेमेतरा, कंट्रोल रूम एवं सायबर सेल का निरीक्षण किया एवं जिले के राजपत्रित अधिकारियो, थाना/ चौकी प्रभारियो, चुनाव सेल प्रभारी की चुनाव की तैयारियों की समीक्षा बैठक ली गई। जहां उन्हे गार्ड आफ आनर दिया गया, तत्पश्चात उन्होने रक्षित केन्द्र बेमेतरा में स्टोर शाखा, शास्त्रागार, केंटीन का निरीक्षण कर साफ सफाई हेतु विशेष ध्यान रखने निर्देशित किया गया। साथ ही थाना सिटी कोतवाली बेमेतरा, कंट्रोल रूम एवं सायबर सेल का निरीक्षण कर थाना में स्थापित महिला डेस्क और सियान डेस्क को सुचारू रूप से संचालित करने, निरीक्षण के दौरान उपस्थित अधिकारी/ कर्मचारियों का मनोबल बढाये जाने के साथ कानून व सुरक्षा व्यवस्था को बनाये रखते हुए बेहतर पुलिसिंग के बारे में निर्देश दिया गया। साथ ही पुलिस जवानो को हमेशा तनाव से दूर रहने का टिप्स दिये व उनकी समस्याओं को सुनते हुए यथोचित निराकरण का आश्वासन दिया गया।

उन्होंने आगामी विधानसभा चुनाव को ध्यान में रखते हुए चुनाव संबंधी जानकारी की समीक्षा कर नाके बंदी पाईट को सुदृण करने, चुनावी प्रक्रिया के दौरान कड़ी निगरानी रखने और जीरो टॉलरेंस की नीति पर जोर दिया।



जिले में वीवीआईपी दौरे से संबंधित प्रोटोकॉल का पूर्णतया पालन करने एवं अवैध कार्यो में लिप्त लोगों के विरूद्ध नियमानुसार कार्यवाही करने एवं पुलिस मुख्यालय द्वारा दिये गये निर्देशो का समय पर पालन करने आवश्यक दिशा निर्देश दिये गये।

**महिलाओं व बच्चों से संबंधित मामलों का जल्द निराकरण करने दिए निर्देश**

तथा आगामी विधानसभा चुनाव के मद्देनजर अपराध नियंत्रण एवं लघु अधिनियम प्रकरणों में ध्याने देने, थाना/चौकी प्रभारियो को अवैध शराब बिक्री, अवैध मादक पदार्थ गांजा, जुआ, सट्टा एवं अन्य नशीली दवाओं पर कार्यवाही करने, धारा 107, 116 (3), 109, 110 जा.फौ. के तहत प्रतिबंधात्मक कार्यवाही करने, लघु अधिनियम, जिला बदर एवं बाउंड ओवर की कार्यवाही करने, लंबित वारंट व स्थायी वारंट की तामिली किये जाने जिले के नागरिकों के समस्याओं के निराकरण हेतु आकस्मिक योजना के तहत चलित थाना लगाने के निर्देश दिये। बेमेतरा जिले के थाना/चौकी में पंजीबद्ध अपराधों खासकर महिलाओं व बच्चों से संबंधित अपराधों में त्वरित कार्यवाही सुनिश्चित करते हुए पंजीबद्ध मामलों की गंभीरता व संवेदनशीलता के आधार पर निराकरण करने निर्देशित किया गया है। तथा आम जनता से पुलिस का बेहतर संबंध बनाने, कम्यूनिटी पुलिसिंग को बढ़ावा देने, सायबर अपराधों व एटीएम फ्राड के संबंध में ग्रामो, स्कूल/कालेजो में जागरूकता अभियान चलाने, सोशल एक्टीविटी में पुलिस विभाग का सक्रिय रहने व आम जनता में पुलिस विभाग का विश्वास बढ़ाने आवश्यक दिशा निर्देश दिये गये। तथा राजपत्रित अधिकारियों को नियमित रूप से ग्राम भ्रमण कर गांव की समस्या सुनने व युवाओं को प्रोत्साहित करने के निर्देश दिये गये।

उक्त उक्त बैठक में पुलिस अधीक्षक बेमेतरा श्रीमती भावना गुप्ता (भा.पु.से.), एसडीओपी बेमेतरा मनोज तिर्की, एसडीओपी बेरला तेजराम पटेल, डीएसपी राजेश कुमार झा, डीएसपी कमल नारायण शर्मा, डीएसपी श्रीमती कौशिल्या साहू, प्रशिक्षु डीएसपी ब्रिज किशोर यादव, व निज सहायक दुर्ग रेंज श्रीनिवास राव, चुनाव सेल प्रभारी, कार्यालय स्टाफ एवं पुलिस विभाग के अन्य अधि./कर्म. उपस्थित रहें।

# पोषण के प्रति जागरूक करने विधायक संगीता सिन्हा ने हरी झंडी दिखाकर पोषण रथ को किया रवाना



**गुरुर,** 6 सितंबर (देशबन्धु)। बाल विकास परियोजना द्वारा सितंबर माह को राष्ट्रीय पोषण माह के रूप में मनाया जा रहा है। इसी क्रम में आम लोगों को पोषण के प्रति जागरूक करने के लिए जागरूकता रथ को रवाना किया गया। विधायक संगीता सिन्हा ने जनपद पंचायत गुरुर से जागरूकता रथ को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया, इसके बाद अब इस रथ के माध्यम से सार्वजनिक स्थानों पर आम नागरिकों को वीडियो एवं बैनर, पोस्टर के माध्यम से पोषण के प्रति जागरूक किया जाएगा। विभागीय जानकारी के मुताबिक पोषण माह की गतिविधियों के रूप में गर्भावस्था, शैशवावस्था, बचपन और किशोरावस्था के दौरान पोषण की उपयोगिता पर जागरूक किया जाना मुख्य उद्देश्य है, सभी गतिविधियों के दौरान सुपोषित भारत, साक्षर भारत, सशक्त भारत थीम के साथ लोगों को उपयुक्त पोषण की जानकारी दी जाएगी, जिसका उपयोग करते हुए लोग स्वस्थ जीवन का लाभ उठा सकते हैं। इस दौरान जनपद पंचायत गुरुर की अधिकारी कर्मचारी गण उपस्थित थे।

# नपा परिषद क्षेत्रांतर्गत इस माह विभिन्न पर्वों में पशुवध प्रतिबंधित

**बालोद,** 6 सितंबर (देशबन्धु)। जिले में राज्य शासन के निर्देशानुसार मुख्य नगर पालिका अधिकारी बालोद द्वारा सितंबर माह में विभिन्न पर्व के उपलक्ष्य में नगर पालिका परिषद क्षेत्रांतर्गत किसी भी प्रकार का पशुवध कार्य व मांस आदि की बिक्री प्रतिबंधित किया गया है। इसके अंतर्गत 7 सितम्बर को कृष्ण जन्माष्टमी, 12 सितम्बर को जैन पर्यूषण पर्व प्रथम दिवस, 19 सितम्बर को गणेश चतुर्थी, 20 सितम्बर को जैन पर्यूषण पर्व अंतिम दिवस, 25 सितम्बर को ढोल ग्यारस, 28 सितम्बर को अनंत चतुर्दशी एवं 30 सितम्बर को जैन पर्यूषण पर्व सम्वतसरी व उत्तमक्षमा के अवसर पर नगर पालिका परिषद क्षेत्रांतर्गत किसी भी प्रकार का पशुवध कार्य व मांस आदि की बिक्री नही होगी। नगर पालिका परिषद बालोद के मुख्य नगर पालिका अधिकारी सुनील अग्रहरि द्वारा पालिका क्षेत्र के समस्त पशुवधकर्ताओं को उक्त तिथि को किसी भी प्रकार का पशुवध कार्य नही करने तथा मांस बिक्री की दुकानों को पूर्ण रूप से बंद रखने के निर्देश दिए गए हैं। उन्होने कहा है कि इस दौरान किसी भी दुकान में मांस विक्रय करते पाए जाने पर मांस जप्त करने की कार्यवाही करने के साथ ही संबंधित के विरूद्ध यथोचित कानूनी कार्यवाही भी की जाएगी। श्री अग्रहरि ने स्वास्थ्य विभाग को उक्त दिवसों पर मांस विक्रय करते पाये जाने पर मांस जप्त करने के साथ साथ संबंधित के विरूद्ध सुसंगत धाराओं पर कानूनी कार्यवाही करते हुये 5 हजार रूपये तक जुर्माना की कार्यवाही करने के निर्देश दिए है।

# अज्ञान से ज्ञान की ओर ले जाने वाले गुरु को भगवान का दर्जा दिया जाता है : तोषण साहू

**गुरुर,** 6 सितंबर (देशबन्धु)। अज्ञान से ज्ञान की ओर ले जाने वाले गुरु को भगवान का दर्जा दिया जाता है यह उदगार थे तोषण साहू के, और समय था शिक्षक दिवस। स्थाई शिक्षा समिति जनपद गुरुर के तत्वाधान में शिक्षक सम्मान समारोह आयोजित किया गया, इस अवसर पर बच्चों का भविष्य गढ़ने वाले सेवानिवृत्ति गुरुजनों का सम्मान समारोह किया गया जिससे मुख्य अतिथि यू. एस.नागवंशी सेवा निवृत्ति विकासखंड शिक्षा अधिकारी गुरुर, जनपद पंचायत अध्यक्ष प्रभात धुर्वे ,कार्यक्रम में अध्यक्षता कर रहे हैं जनपद पंचायत उपाध्यक्ष तोषण साहू, कार्यक्रम में विशेष अतिथि डी.आर. गजेंद्र सेवानिवृत्ति विकासखंड शिक्षा अधिकारी धमतरी, इस कार्यक्रम में 31/8/ 2023 तक 15 शिक्षक सेवा निवृत हुए उनका साथ ही 31/01/ 2022 तक 25 शिक्षक सम्मान किया गया उसके साथ राज्य शिक्षा सम्मान से सम्मानित शिक्षिका पुष्प लता साहू का भी सम्मान किया गया साथ और भी शिक्षकों को श्रीफल और गुलाब के फूल देकर उनका सम्मान किया गया,

जनपद पंचायत उपाध्यक्ष तोषण साहू ने कहा कि अज्ञान से ज्ञान की ओर ले जाने वाले गुरु को भगवान का दर्जा दिया जाता है. हमारे जीवन में गुरु का बड़ा महत्व है. भारत में हर साल 5 सितंबर को शिक्षक दिवस (ञ्जद्गड्डष्द्धद्गह्म्ह्य ष्ठड्ड4) मनाया जाता है. यह देश के पहले उपराष्ट्रपति और पूर्व राष्ट्रपति, विद्वान, दार्शनिक और



भारत रत्न से सम्मानित डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन के जन्मदिन के उपलक्ष्य में मनाया जाता है, जिनका जन्म 05 सितंबर 1888 को हुआ था।

शिक्षक दिवस पर देश में शिक्षकों के अद्वितीय योगदान को प्रोत्साहित और उन सभी शिक्षकों को सम्मानित किया जाता है, जिन्होंने अपनी प्रतिबद्धता और समर्पण के माध्यम से न केवल शिक्षा की गुणवत्ता में सुधार किया है बल्कि अपने छात्रों के जीवन को भी समृद्ध बनाया है.

पहली बार कब मनाया गया था शिक्षक दिवस?

दरअसल, डॉ. एस राधाकृष्णन का जन्म 5 सितंबर, 1888 को हुआ था. सन 1962 में जब डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन ने भारत के दूसरे राष्ट्रपति के रूप में पदभार संभाला, तो उनके छात्र 5 सितंबर को एक विशेष दिन के रूप में मनाने की अनुमति मांगने के लिए उनके पास पहुंचे. इसके बजाय, उन्होंने समाज में शिक्षकों के अमूल्य योगदान को स्वीकार करने के लिए 5 सितंबर को शिक्षक दिवस के रूप में मनाने का अनुरोध किया. डॉ. राधाकृष्णन ने एक बार कहा था कि च्शिक्षकों को देश में सर्वश्रेष्ठ दिमाग वाला होना चाहिए.ज्‍ 1954 में उन्हें भारत रत्न से सम्मानित किया गया था.

इस अवसर पर स्थाई शिक्षा समिति के अध्यक्ष तोषण साहू, सदस्य एस.के. कलिहारी, राजश्री यादेश्वर,लक्ष्मी विजय साहू,डिकेश्वरी केशव बंधु , विजय गंजीर, संध्या अजेंद्र साहू सहित सैकड़ो लोग उपस्थित थे।

## कोडिया में प्रथम बार श्री शिव महापुराण कथा स्थल का भूमिपूजन

**देवकर,** 6 सितंबर (देशबन्धु)। कोडिया में प्रथम बार श्री शिव महापुराण कथा स्थल का भूमिपूजन कार्यक्रम ग्राम कोडिया में रखा गया है। जिसमें 11 सितंबर 2023 सोमवार दोपहर 12 बजे स्थान-शिवधाम कोडिया जिला दुर्ग छ.ग.हमारे ग्राम शिवधाम कोडिया में श्री शिवमहापुराण का दिव्य आयोजन किया जा रहा है।कथा स्थल में भूमिपूजन का कार्यक्रम पं.चंपेश जी महराज नंदकठी वाले द्वारा करकमलों से किया जाना है।जिसमें कथा व्यास अंतरराष्ट्रीय कथावाचक पंडित प्रदीप मिश्रा जी (सीहोर वाले ) होगे। यह जानकारी संयोजक प्रदीप साहू और काशीनाथ साहू ने दी।



## आज शुष्क दिवस घोषित

**कवर्धा,** 6 सितंबर। राज्य शासन के निर्देशानुसार बृहस्पतिवार 07 सितम्बर को श्री कृष्ण जन्माष्टमी के अवसर पर शुष्क दिवस घोषित किया गया है। उक्त निर्देश के परिप्रेक्ष्य में कलेक्टर श्री जनमेजय महोबे द्वारा बृहस्पतिवार 07 सितम्बर 2023 को श्रीकृष्ण जन्माष्टमी के अवसर पर कबीरधाम जिले स्थित सभी प्रकार की मंदिरा दुकाने।

# बर्खास्तगी के बाद भी अधिकारी कर्मचारी डटे हैं हड़ताल पर

**गुरुर,** 6 सितंबर (देशबन्धु)। बालोद जिले में डॉक्टर्स, नर्सेस और ग्रामीण स्वास्थ्य संयोजक विगत 17 दिनों से हड़ताल में हैं, ऐसे में स्वास्थ्य सुविधाओं पर खासा असर पड़ रहा है।

संविदा कर्मचारियों के माध्यम से सेवाऐं लिया जा रहा। डॉक्टरों के हड़ताल से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र गुरुर, डौंडी व गुण्डरदेही, अर्जुन्दा, चिखलक्सा में एमएलसी और पीएम के लिए सीधा जिला अस्पताल रिफर किया जा रहा है।



ग्रामीण इलाकों में शिशु संरक्षण माह का आयोजन किया जा रहा है, जिसमें शून्य से पांच वर्ष तक के बच्चों को विटामिन ए, आयरन फोलिक एसिड और टीकाकरण उम्रानुसार दिया जाता है, पर ग्रामीण स्वास्थ्य संयोजकों के हड़ताल में जाने से पूरा ढप है।

माह के अंत में मैदानी स्तर से स्वास्थ्य विभाग को जन्म से लेकर मृत्यु तक जो आंकड़े उपलब्ध कराते हैं। ऑनलाइन ऑफलाइन रिपोर्ट उच्च कार्यालय को प्रस्तुत करते हैं वो स्वास्थ्य संयोजक हड़ताल में हैं, जिससे उपरोक्त समस्त सेवाएं बाधित है। जिले में खण्ड चिकित्सा अधिकारियों के हड़ताल में होने से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के बीएमओ डॉ. जीआर रावटे के स्थान पर डॉक्टर जितेंद्र सिंह को बीएमओ गुरुर का अतिरिक्त प्रभार दिया गया है। डॉक्टर रावटे छत्तीसगढ़ इन सर्विस डॉक्टर्स एसोसिएशन के जिला अध्यक्ष हैं।

उच्च शिक्षा हेतु जिन कर्मचारियों ने लिया ज्वाइनिंग ली, अब उन्हें एनओसी के लिए भटकना पड़ रहा, ऐसे में कर्मचारी पुन- हड़ताल का फॉर्म भरकर हड़ताल में सम्मिलित होने का मन बना रहे हैं।

अब हड़ताल को अधिकारी कर्मचारी फेडरेशन, तृतीय कर्मचारी संघ के बाद विभिन्न सामाजिक संगठनों से समर्थन मिल रहा है। मांगों को जायज ठहराते हुए निराकरण नही होने की दशा में संघ का साथ मैदान में उतर कर देने की बात कही जा रही है। सीएमएचओ कार्यालय से प्रति दिन 5 से 10 लोगों को बर्खास्त किया जा रहा है, पर कर्मचारियों द्वारा अपने 5 सूत्रीय मागों और सरकार का दमनात्मक रवैए के चलते खुद से ही इस्तीफा अपने संस्था प्रमुख को सौंपा गया है। डॉक्टर शिरीष सोनी छत्तीसगढ़ इन सर्विस डॉक्टर्स एसोसिएशन के जिला सचिव का कहना है कि शासन को जल्द पहल कर रास्ता निकालना चाहिए, क्योंकि हमारा जो 5 सूत्रीय मांग है, वो खुद सरकार ने अपने घोषणा पत्र में शामिल किया है, पूरे साढ़े चार साल बीत जाने के बाद भी पहल नहीं हुआ अंतत- हमें हड़ताल का रुख अपनाना पड़ा।

# सेजस कुम्हारी में हार्टफुलनेस मेडिटेशन कार्यशाला

**कुम्हारी,** 5 सितंबर। स्वामी आत्मानंद विद्यालय कुम्हारी में हार्टफुलनेस मेडिटेशन की कार्यशाला का आयोजन 31-08-23 से 02-09-2023 तक किया गया। जिसमें कक्षा ग्यारहवीं व बारहवीं वीं (हिंदी और अंग्रेजी माध्यम )के विद्यार्थी शामिल हुए। इस कार्यशाला में 202 विद्यार्थी तथा 25 शिक्षकों ने भाग लिया। इस कार्यशाला में डॉक्टर एस डी देशमुख ( सहायक प्राध्यापक एवं विभागा अध्यक्ष,हार्टफुलनेस ट्रेनर और जोनल कोऑर्डिनेटर दुर्ग) ने वालंटियर के रूप में भाग लिया। श्रीमती सुंदरी देशमुख (हार्टफुलनेस ट्रेनर और रिटायर मैनेजर हिंदुस्तान पैट्रोलियम कॉरपोरेशन लिमिटेड) ने वालंटियर के रूप में इस कार्यशाला में भाग लिया। श्री परेश वेटेकर (हार्टफुलनेस ट्रेनर और रिटायर्ड डिस्ट्रिक्ट मैनेजर फाइजर) ने मेडिटेशन को ट्रांसमिशन के साथ पूर्ण कराया। श्रीमती हेमा वेटेकर (कोऑर्डिनेटर हार्टफूलनेस) ने अपनी प्रस्तुति शिक्षकों और विद्यार्थियों को दी। श्री संतोष मिश्रा (रिटायर्ड शिक्षक, स्कूल शिक्षा विभाग)ने वालंटियर के रूप में प्रोग्राम में भाग लिया। प्रथम दिवस में हार्टफुलनेस रिलैक्सेशन और मेडिटेशन करके विद्यार्थियों को प्रेक्टिकल अनुभव कराया गया। विद्यार्थियों द्वारा प्रेक्टिकल अनुभव करने के बाद अपने आप को रिलैक्स महसूस होना बताया गया। दूसरे दिन की प्रस्तुति और प्रेक्टिकल अनुभव में विद्यार्थियों को अपने अंदर की जटिलताओं और मन की अशुद्धियों को क्लीनिंग विधि से हटाना बताया गया।



तीसरे दिन के सत्र में हार्टफुलनेस प्रार्थना के विषय में बताया गया हमें प्रार्थना मन से करना चाहिए और प्रार्थना में विश्व कल्याण की भावना निहित होनी चाहिए। अंतिम सत्र में संस्था की प्राचार्य श्रीमती लता रघु कुमार ने विद्यार्थियों को ध्यान क्लीनिंग और प्रार्थना इन सभी का अपने जीवन में अभ्यास करने से आपकी एकाग्रता ,आपका व्यवहार ,आपकी जीवन शैली, आपकी निर्णय लेने की क्षमता, कार्य करने के तरीके में बदलाव ,आपके सोचने का ढंग, गुस्से में नियंत्रण करना आदि लाभ के बारे में बताया और उनके द्वारा हार्टफुलनेस टीम को पुष्प गुच्छ और स्मृति चिन्ह दे कर सम्मानित किया गया।

## निधन


### पुसऊराम कोसरे

**भिलाईनगर,** 6 सितंबर। ग्राम पुरई वार्ड 6 निवासी पुसऊराम कोसरे 83 वर्ष का मंगलवार सुबह निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार स्थानीय मुक्तिधाम में किया गया। वे रिटायर्ड टीचर धनऊराम कोसर, ब्लॉक एजुकेशन अफसर शिवप्रसाद कोसरे, रामप्रसाद कोसरे के पिता एवं पूर्व जनपद सदस्य उत्तरा कोसरे के ससुर थे। सरपंच उमा रिगरी सहित गांव के नागरिकों ने शोक व्यक्त किया है।



### जवाहर कोचर

**नवापारा राजिम,** 6 सितंबर। सकल जैन समाज के धर्मनिष्ठ कोचर परिवार के सुश्रावक एवं पूर्व मण्डी सचिव जवाहर कोचर का आकस्मिक निधन हो गया. उनकी अंतिम यात्रा प्रात: 10.30 बजे उनके निवास स्थान से निकाली गई. वे सुनील कोचर के बड़े भाई एवं बिट्टू कोचर के पिता थे।



### महेशराम देवांगन

**खरोरा,** 6 सितंबर। महेश राम देवांगन उम्र 87 केशला निवासी का मंगलवार को निधन हो गया। वे कैलाश, राम अवतार, मनोज, अशोक, भगवती व लोमश देवांगन के पिता थे।



## प्रादेशिकी का शेष...

### कांग्रेस की सरकार भ्रष्टाचार को ...

किया जा रहा है। बेमेतरा के इतिहास में ऐसा कभी नही हुआ कि विपक्ष की आवाज को पुलिस के द्वारा दबाया गया हो । भाजपा कार्यकर्ता किसी भी प्रकार के दबाव से डरने, दबने वाले नही है। राजेन्द्र शर्मा ने कहा कि भाजपा कार्यकर्ताओं ने बेमेतरा में सड़क एवं विभिन्न निर्माण कार्य में हो रहे अनियमित्ता, भ्रष्टाचार, गुणवत्ताविहीन कार्य, लागत से ज्यादा स्टीमेट बनाना , प्रधानमंत्री आवास योजना से गाँव में गरीबों को मकान नही मिलना, बिजली कटौती, बिजली बिल में अपार वृद्धि, अवैध मुरूम खनन, बेमेतरा नगर पालिका में मीठे पानी की आपूर्ति ना करने जैसे स्थानीय मुद्दों को लेकर विधायक कार्यालय का घेराव किया गया था । बेमेतरा के कांग्रेस विधायक ने अपने सोशल मिडिया के विडियों में भाजपा के आरोप भ्रष्टाचार एवं अन्य स्थानीय जनता से जुड़े मुद्दों पर कुछ नही बोले। इससे यह साबित होता है कि कही ना कही उनका संरक्षण भ्रष्टाचारियों पर है। राजेन्द्र शर्मा ने कहा कि बेमेतरा नगर पालिका में चौक-चौराहों का नामकरण भाजपा के कार्यकल में हुआ है । और विधानसभा में जितने भी बड़े कार्य जैसे कि शासकीय कन्या महाविद्यालय, पी.जी. कॉलेज का विस्तार, बेमेतरा का 100 बिस्तर का शासकीय अस्पताल, स्टेडियम, टाऊन हॉल, कलेक्टोरेट बिल्डींग, बेरला का पालिटेक्निक कॉलेज, बेमेतरा-बेरला का बाईपास, नवोदय विद्यालय, गॉव-गॉव में पक्की सड़क पहुंच मार्ग, मुख्यमंत्री ग्राम गौरवपथ योजना से अनेकों गॉवों में सिमेन्टीकरण का कार्य हुए है। कांग्रेसी विधायक का यह कहना कि भाजपा सरकार के 15 साल के कार्यकाल में कुछ विकास कार्य नही हुआ । यह उनकी बौखलाहट को दर्शाता है। राजेन्द्र शर्मा ने कहा कि कांग्रेस विधायक एवं कांग्रेस की सरकार का जनता से विश्वास उठ चुका है। आने वाले चुनाव में जनता उनको सबक सिखायेगी। और भारतीय जनता पार्टी का बेमेतरा में विधायक एवं छत्तीसगढ़ में भाजपा की सरकार बनेगी। प्रेस वर्ता में पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष विजय सिन्हा, शहर मण्डल अध्यक्ष मोन्टी साहू, मीडिया प्रभारी निशा चौबे , धर्मेन्द्र साहू,गोपी देवांगन उपस्थित थे ।

### आर्म रैसलिंग पैरा वर्ल्ड चैपियनशीप में ...

बाद गुजराती समाज से गिरीशं अंकल, संजू अंकल, छत्तीसगढ़ सरकार, संगठन में सीजी फेडरेशरेन के सन्नी बंछोर, ऋषभ जैन और अपने सहयोगी खिलाड़ियों को दिया ।

### एक घंटे की झमाझम बारिश ने ...

लगभग भगदड़ की स्थिति पैदा हो गई। दूकानदार श्री कृष्ण जन्म की तस्वीरों से लेकर मिट्टी के लड्डू गोपाल की मूर्तियां पूजा सामग्रियां, सजावट के सामानों को भीगने से बचाने में लग गये। यह स्थिति न सिर्फ इंदिरा मार्केट, महात्मा गांधी स्कूल से लेकर मारवाड़ी स्कूल तक हटरी बाजार शनिचरी बाजार की सभी दिशाओं व गलियों में बनी रही। ग्राहक खुद को सम्हालने व साथ में रखे झोले बास्केट बचाने में लगे रहे। आज अधिकांश लोगों ने फुटपाथ से लेकर बड़े शो रूम के चबूतरों में भी दूकानें लगा रखी थी। इसलिए लोगों को सिर छुपाने तक की जगह नहीं मिल रही थी। बरसात के साथ ही बार बार बिजली गोल होने से भी लोग परेशान रहे। निचली बस्तियों में भी पानी भरने की सूचना है।

गौरव पथ : करोड़ों की लागत से बनाये जा रहे गौरव पथ की हालत बद से बदतर हो गई है। गौरव पथ के दोनों ओर गहरी व चौड़ी नालियां बनाई गई है। इसके बाद भी सड़कों पर पानी भर गया था। यहीं पर महिला समृद्धि बाजार में हमेशा की तरह भीतर तक पानी भर जाने से दूकानदार सब्जी पसरा सहित बाजार के बाहर आकर पसरा लगाकर बैठ गये। यहां लगभग 50 से ज्यादा पसरे वालों के बैठने से व्यवस्था बिगड़ने के साथ गंदगी व बदबू की आशंका बढ़ गई है।

चौपाटी : विगत 25 वर्षो से लगातार कई बार बनाई गई, संवारी गई और फिलहाल चौपाटी एक बार फिर बेहाल है। चौपाटी में स्वीमिंग पुल की तरह पानी भर गया। प्रशिक्षु कमीश्नर लक्ष्मण तिवारी द्वारा उनके लगभग एक माह के कार्यकाल में चौपाटी को जिस तरह संवारा जा रहा था वह कार्य तो वहीं रूक गया बल्कि जो कार्य हुआ था वह भी चौपट हो गया। आज पूरी चौपाटी सूनसान पड़ी है यहां पानी ही पानी भरा हुआ है।

थोक कपड़ा बाजार : थोक कपड़ा मार्केट पुलगांव की हालत भी वर्षा के साथ ही प्रशासनिक निष्क्रियता के कारण दयनीय हो गई है। सड़कों पर एख एक फिट पानी भरा हुआ है। यहां पर ग्राहकों को तो क्या व्यापारियों तक का आना जाना दूभर हो गया है। इसी तरह कसारीडीह-केलाबाड़ी में भी सड़कों पर पानी भरा रहा। झांसी रानी के पुतले के सामने वाली सड़क पर आज जितना पानी भरा उतना पहले कभी नहीं देखा गया। पद्मनाभपुर में भी जगह जगह पानी भरा रहा। शंकर नगर दुर्गा चौक से मुक्तिधाम हरना बांधा मार्ग में भी पानी भरा रहा। फरिश्ता काम्पलेक्स के सामने भी पानी भरा रहा। शहर में और भी कई स्थानों पर पानी भरने की खबर है। यह भी अच्छी बात है कि धीरे धीरे सभी जगह से पानी निकलता भी रहा है।

### नगर निगम की समीक्षा बैठक में ...

निर्माण कराने के निर्देश भी दिये। बैठक में वित्त प्रभारी दीपक साहू, भोला महोबिया, उपआयुक्त मोहेन्द्र साहू, कार्यपालन अभियंता दिनेश नेताम, राजेश पाण्डेय, जितेन्द्र समैया, वीपी मिश्रा, आर.के,पालिया, सहित अनेक अधिकारी कर्मचारी उपस्थित थे।

### विशेष अभियान चलाकर ...

के मालिकों से पशु संख्या की जानकारी लेने पर जोर दिया।

साथ ही उन्होंने नगरीय गौठानों में पशु चिकित्सकों की व्यवस्था की भी जानकारी ली। उन्होंने ग्रामीण क्षेत्रों में स्थित गौठानों की जानकारी ली। ग्रामीण क्षेत्रों में पाए जाने वाले पशुओं की जानकारी लेते हुए कलेक्टर ने गहरी नाराजगी व्यक्त की। रोड के किनारे स्थित गौठानों का चिन्हांकन कर गौठानों में पशुओं के लिए चारा, पानी की व्यवस्था सुनिश्चित किया जाए। एसडीएम एवं नगर निगम आयुक्तों को डेयरी संचालकों, पशुपालकों, सफाई कर्मचारियों एवं सुपरवाईजरों की बैठक करने को कहा।

### नागालैंड में आयोजित...

कैंप के लिए इस्ट्रेनथ एंड कंडीशन कोच के रूप मे काम किया है। शयला आलम ने बताया है की उन्हें बीसीसीआई अंडर.16 विजय मर्चेंट ट्रॉफी सीनियर महिला टीम मे भी असाइनमेंट किया है ।

### मनरेगा मजदूर के परिजनों को ...

जिसकी वजह से नियमानुसार मजदूर के परिवार को क्षतिपूर्ति राशि प्रदान की गई। जिसके लिए मृतक की पत्नी फूलमत बाई ने बगैर किसी परेशानी के उसे आसानी से क्षतिपूर्ति प्रदान करने के लिए जनपद परिवार का आभार प्रकट किया इस अवसर पर महात्मा गाँधी रोजगार गारंटी योजना के कार्यक्रम अधिकारी सेव कुमार चन्द्रवंशी भी उपस्थित रहे

# फायर ब्रिगेड टीम ने बताया आग बुझाने का तरीका

**हाईस्कूल छिरहा में किया प्रदर्शन**

**कवर्धा,** 6 सितंबर। जिले के कवर्धा ब्लॉक अंतर्गत ग्राम छिरहा स्थित होमगार्ड कार्यालय के फायर ब्रिगेड टीम ने शासकीय हाई स्कूल छिरहा में गैंस सिलेण्डर, कड़ाही में रखे तेल आदि में लगे आग को बुझाने का डेमो प्रदर्शित किया.



फायर ब्रिगेड की टीम ने विद्यार्थियों को प्रदर्शन के माध्यम से गैंस लीक होकर सिलेंडर में लगे आग को पानी में भींगे सूती चादर से लपेटते हुए बुझाकर दिखाया. प्लास्टिक बाल्टी से ढंककर भी आग बुझाने का प्रदर्शन किया गया. गैंस लीक होकर आग लगने पर घरेलू सिलेंडर को फटने में लगभग एक घंटे का समय लगता है. अगर घर या कार्यालय में आग बुझाने का कोई इ‍चिपमेंट मौजूद हो तो उसका इस्तेमाल कर सकते हैं. इसी प्रकार कड़ाही के तेल में लगे आग को फोम के माध्यम से बुझाकर दिखाया गया. साथ ही बताया कि तेल में लगे आग को रेत या मिट्टी से ढंककर बुझा सकते हैं. इस दौरान होमगार्ड के अधिकारी श्री तिर्की, घनश्याम शर्मा, प्राचार्य रमेश चन्द्रवंशी, व्याख्याता कल्पना मरावी, रंजीता माहेश्वरी, वीणाक्षी नामदेव, छात्र-छात्राएं व फायर ब्रिगेड की टीम उपस्थित रहे.

# समाज में प्रेम और मानवता का संदेश देता है, सद्गुरु कबीर साहब की अमृत वाणी: छाबड़ा




**बेमेतरा,** 6 सितम्बर (देशबन्धु)। विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत ग्राम मुड़पार में अयोजित सद्गुरु कबीर सत्य नाम धूनी कार्यक्रम में मुख्यअतिथि मान.आशीष छाबड़ा जी विधायक बेमेतरा हुए शामिल।

सद्गुरु कबीर साहब,पंथ श्री हुजूर प्रकाशमुनि नाम साहेब जी के श्री चरणों मे नारीयल,पुष्प माला चढ़ाकर पूजा अर्चना कर क्षेत्रवासियो की खुशहाली की कामना की इस अवसर पर विधायक आशीष छाबड़ा ने उपस्तिथ,स्रोताजनो ग्रामवासियों को संबोधित करते हुये काहा की आज बड़ी खुशी की बात है सद्गुरु कबीर साहब पंथ श्री हुजूर प्रकाशमुनि नाम साहब आशिर्वाद से ग्राम मुड़पार के पावन धरा में सदगुरु कबीर सत्य नाम धूनी का कार्यक्रम रखा गया है, सत्संग हमारे मानव जीवन के लिए बहुत महत्वपूर्ण है,सत्संग के बिना हमारा ये मानव जीवन व्यर्थ है,श्री सद्गुरु कबीर साहब के बताये है,मानव जीवन के पांच सार है,हरि भजन,साधु संगत,दया,दिन,उपकार ये जीवन मे पांच अनमोल रत्न है,हरि भजन करना चाइये,सत्संग साधुओं का जहां भी होता है,जहाँ भी सच्चे साधु मिल जाए,उनसे ज्ञान की बाते सुन्ना चाहिए,दया,दिन उपकार,हर मानव में ये तीनो गुण होना चाहिए,तभी ये हमारा ये मानव जीवन सफल होगा, सद्गुरु कबीर साहब,पंथ श्री हुजूर प्रकाशमुनि नाम साहब, गुरुगोसाई डॉ.भानुप्रताप साहब की असीम कृपा,हमारे बेमेतरा क्षेत्रवायियो को मिला आ रहा है इस अवसर पर लूकेश वर्मा अध्यक्ष ब्लाक कांग्रेस कमेटी बेमेतरा,शशिप्रभा गायकवाड़ सदस्य जिला पंचायत बेमेतरा, देवशरण गोसाई,मनोज गायकवाड, गणेश महेश्वरी, धनसीग वर्मा,खेलावन वर्मा,बल्ला वर्मा,लखन वर्मा,दयाराम वर्मा, हेमप्रदास वर्मा,लुकेस्वर वर्मा, नदकुमार वर्मा,पुनीत वर्मा सहित बड़ी संख्या में ग्रामवासी रहे उपस्थित।

# सेजेस सिंघौरी में 'शिक्षक दिवस' कार्यक्रम का आयोजन



**बेमेतरा,** 6 सितम्बर (देशबन्धु)। स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यमिक विद्यालय सिंघौरी, बेमेतरा के तत्वधान में दिनांक 05/09/2023 को च्शिक्षक दिवसज्ज हर्षोल्लास के साथ मनाया गया जिसका मुख्य उद्देश्य शिक्षा के क्षेत्र में छात्रों के जीवन को सही दिशा देने वाले देश के सभी गुरूओं और उनके महत्वपूर्ण कार्यों को सम्मान देना तथा भावी पीढ़ियों के उज्जवल भविष्य के लिए शिक्षकों के महत्व के प्रति जागरूकता फैलाना है। विद्यालय के प्राचार्य श्री बी बी गुप्ता की अध्यक्षता में कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया जिसमें समस्त शिक्षक गण एवं विद्यार्थी उपस्थित थे। विद्यालय के प्राचार्य ने इस कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए कहा - एक शिक्षक कभी भी साधारण नहीं हो सकता क्योंकि वह एकमात्र ऐसा इंसान है जो आपको साधारण से असाधारण बनाने की क्षमता रखता है। आपकी समझ और आपका ज्ञान विकसित करना ही उसका उद्देश्य नहीं होता। वह आपको प्रेरणा देता है, आपका मार्गदर्शन करता है। आपके जीवन में एक उद्देश्य लाता है। एक शिक्षक ही है जो सही मायने में एक इंसान, एक समाज और एक राष्ट्र का निर्माण करता है। यदि चाणक्य अखंड भारत का सपना नहीं देखते तो चन्द्रगुप्त मौर्य जैसा आम आदिवासी बालक भारत पर राज नहीं करता। यदि कृष्ण गीता उपदेश नहीं देते तो अर्जुन का जीवन लक्ष्य-रहित रह जाता। टीचर डे जैसे दिवस ही हमें सीख देते हैं, जिनमे आज भी गुरु-शिष्य की परंपरा दिखाई देती है। इस दिवस को मनाना और परंपरा जारी रखना एक अच्छी बात है। सदाचार की राह दिखाने वाले और आपके करियर को संवारने वाले गणमान्यों का सम्मान जितना किया जा सके हम सब को करना चाहिए। विद्यार्थियो एवं शिक्षकों द्वारा विद्यालय में च्शिक्षक दिवसज्ज कार्यक्रम के अंतर्गत विभिन्न प्रकार की कविता, गीत, नाट्य, नृत्य, भाषण, खेल, जैसे अनेक प्रकार की मनोरंजन, शिक्षाप्रद कार्यक्रम का आयोजन किया गया ।कार्यक्रम का कुशल संचालक विद्यालय के समस्त विद्यार्थियों द्वारा किया गया। जिसमें विद्यालय के समस्त शिक्षकगण पूजा मिश्रा, विनोद साहू, एनी जॉनसी, प्रकृति शर्मा, दीपिका साहू, प्रतिभा, अनिल खांडे, प्रहलाद धृतलहरे, वेदिका साहू, शुभम पांडे, अनीता कुर्मी,दामिनी वर्मा, आशीष तिवारी उपस्थित रहे। कार्यक्रम को सफल बनाने में संस्था के प्राचार्य श्री बी बी गुप्ता, समस्त स्टाफ एवं विद्यार्थियों का सरहनीय योगदान रहा।







# रेल्वे विभाग में नौकरी लगाने के नाम पर ठगी करने वाले गिरोह का पर्दाफाश

■ फर्जी ज्वाईनिंग लेटर तैयार कर 18,50000/रू (अट्ठरह लाख पॅचास हजार रू की गयी ठगी आरोपी को जिला दुर्ग से किया गया गिरफ्तार

■ आरोपी से नगदी रकम 14,00,000/-रूपये (चौदह लाख) एवं कार इवोन क्रमांक सी.जी. 7 एयू 6470 जप्त




**राजनांदगांव,** 6 सितम्बर (देशबन्धु)। मामले का संक्षिप्त विवरण इस प्रकार है कि प्रार्थी योगेश हिरवानी पिता कचरूराम हिरवानी उम्र 24 साल निवासी अछोली थाना डोंगरगढ़ का दिनांक 02/09/2023 को थाना उपस्थित आकर रिपोर्ट दर्ज कराया की आरोपी 1-सुनील पटेल पिता मकसुदन पटेल निवासी उमरपोटी दुर्ग,2-राजेश महिलांगे पदमतरा खैरागढ व अन्य 02 व्यक्तियो के द्वारा रेल्वे विभाग में टिकिट एक्जामिनर के पद पर नौकरी लगाने के नाम से विभिन्न किस्तो में 18,50000/रू (अठ्ठरहा लाख पॅचास हजार रू) लेकर प्रार्थी से ठगी किया है। कि रिपोर्ट पर अपराध क्रमांक 538/2023 धारा 420, 467, 468, 471, 34 भादवि कायम कर विवेचना में लिया गया। प्रार्थी वर्ष 2022 में खैरागढ पॉलीटेकनीक कालेज में पढाई के दौरान जान पहचान पदुमतरा निवासी राजेश महिलांगे से हुई थी जो रेल्वे विभाग में नौकरी लगाने की बात बताया था। इसके एवज में 130000/रू (तेरह लाख ) मांग किये थे एवं अपने बडे अधिकारी के रूप में सुनील पटेल निवासी दुर्ग से मिलाया था। जो नौकरी लगाने का अश्वासन दिया दोनो की बातो में आकर घर वालो की रजा मंदी से घर के पुराने जेवर, सोना चांदी को विक्रय कर बैक के माध्यम से एव नगदी राशि कुल 130000/रू (तेरह लाख) दिये थे। दिनांक 18/11/2022 को स्पीड पोस्ट के माध्यम से हावडा डिविजन रेल्वे मैनेजर के समक्ष उपस्थित होने अपाइंन्टमेंट मिला जिस पर दिनांक 21/11/2022 को हावडा डिविजन रेल्वे मैनेजर के समक्ष उपस्थित हुआ । हेड आफिस में विभिन्न कागजातो पर हस्ताक्षर करवाया सर्विस बुक भराकर टैनिंग जाने आदेश की कापी दिया गया। जंहा कलकत्ता में 45 दिन तक ट्रेनिंग दिया गया।

ट्रेनिंग के दौरान ट्रेनिंग अधिकारी को बैक के माध्यम से 50 हजार व नगदी 05 लाख रूपये मांग किये जाने पर दिया गया। प्रार्थी को ट्रेनिंग के दौरान संदेह होने पर अपने घर वापस आया पैसो की मांग करने पर आरोपियो के द्वारा टाल मटोल करता रहा । प्रकरण की गंभीरता को देखते हुये वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक अभिषेक मीणा के निर्देशन में व अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक लखन पटले व पुलिस अनुविभागीय अधिकारी डोंगरगढ़ प्रभात पटेल मार्गदर्शन पर निरीक्षक रामअवतार ध्रुव के नेतृत्व में सायबर टीम के सहयोग से आरोपी की पता तलाश में जूट गयी आरोपी सुनील पटेल पिता मकसुदन पटेल उम्र 39 साल निवासी उमरपोटी थाना उतई जिला दुर्ग को दिनांक 04/09/2023 को पुलिस हिरासत में लेकर पूछताछ किया गया। जो रेल्वे विभाग मे नौकरी लगाने के नाम पर झूठा आश्वासन देकर, राजेश महिलांगे पदुमतरा खैरागढ व अन्य 02 व्यक्तियो के मिलकर 18,50000/रू (अठ्ठरहा लाख पॅचास हजार रू) की ठगी करना बताये है। मामले में आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायालय भेजा गया जंहा से जेल वारंट प्राप्त कर जेल भेजा गया। अन्य 03 आरोपियो की पता तलाश जारी है। इस कार्यवाही में महत्वपूर्ण भूमिका अदा करने वाले पुलिस अधिकारी- निरीक्षक राम अवतार ध्रुव, सउनि धन्नालाल सिन्हा प्र0आर0 214 महादेव साहू, आर. चन्द्र प्रताप सिंह, गजेन्द्र भारद्वाज, प्रयांश सिंह की रही है।

# लालूटोला में आयोजित जन्माष्टमी महोत्सव में शामिल हुए नवाज



**राजनांदगांव,** 6 सितम्बर (देशबन्धु)। जिला सहकारी बैंक के अध्यक्ष नवाज ने बुधवार को जिले के ग्राम लालुटोला में आयोजित किए गए श्री कृष्ण जन्माष्टमी महोत्सव में शामिल हुए। इस दौरान उन्होंने प्रदेश सरकार द्वारा धर्म को बढ़ावा देने के लिए किए गए प्रयासों के बारे में भी लोगों को जानकारी दी।

जन्माष्टमी पर्व को देखते हुए ग्राम लालूटोला में कृष्ण जन्म महोत्सव का आयोजन किया गया था, जिसमे जय बाबा महाराज बंजारा नाच पार्टी का कार्यक्रम भी रखा गया था। इस आयोजन में जिला सहकारी बैंक अध्यक्ष नवाज भाई मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। इस अवसर पर नवाज ने कहा की प्रदेश की भूपेश सरकार ने सभी धर्म का सम्मान करते हुए सभी को आगे बढ़ाने का काम किया है। उन्होंने कहा की छत्तीसगढ़ प्रभु श्रीराम का ननिहाल है, यहीं कारण है की प्रदेश सरकार ने राम गमन पाठ बनाकर उनका सम्मान करने का काम किया है। नवाज के साथ इस आयोजन में नरेश शुक्ला, अंगत राम साहू, निजामुद्दीन, लक्ष्मीचंद सांखला सहित अन्य शामिल हुए।

## आयोजन के लिए सरकार से रहा फंड

नवाज ने कहा की गांव गांव में विभिन्न अवसरों पर होने वाले सांस्कृतिक आयोजनों को बढ़ावा देने के लिए भी प्रदेश सरकार ने अपने प्रयास किए है। उन्होंने बताया की राजीव युवा मितान क्लब को सालाना एक लाख रुपया का फंड देने के साथ ही रामायण समितियों एवम अन्य मंडलियों के लिए भी आयोजन प्रदेश सरकार करा रही है।

# भरोसे का सम्मेलन का आयोजन कल ग्राम ठेकवा में

■ नेता प्रतिपक्ष राज्यसभा मल्लिकार्जुन खडगे़ होंगे मुख्य अतिथि

**राजनांदगांव,** 6 सितम्बर (देशबन्धु)। राजनांदगांव विकासखंड के ग्राम ठेकवा में 8 सितम्बर 2023 को भरोसे का सम्मेलन का आयोजन किया जाएगा। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में नेता प्रतिपक्ष राज्यसभा मल्लिकार्जुन खडगे़ उपस्थित रहेंगे। कार्यक्रम की अध्यक्षता मुख्यमंत्री भूपेश बघेल करेंगे। इस अवसर पर पूर्व केन्द्रीय मंत्री भारत सरकार सुश्री कुमारी शैलजा, अध्यक्ष छत्तीसगढ़ विधानसभा डॉ. चरणदास महंत, उप मुख्यमंत्री टीएस सिंहदेव उपस्थित रहेंगे। इस अवसर पर मंत्री अमरजीत भगत, सांसद बस्तर दीपक बैज तथा मंत्री ताम्रध्वज साहू, रविन्द्र चौबे, मोहम्मद अकबर, गुरू रूद्र कुमार, डॉ. शिवकुमार डहरिया, कवासी लखमा, मोहन मरकाम, जयसिंह अग्रवाल, उमेश पटेल, श्रीमती अनिला भेडिया़, पूर्व मुख्यमंत्री व विधायक राजनांदगांव डॉ. रमन सिंह, सांसद संसदीय क्षेत्र राजनांदगांव संतोष पाण्डेय, संसदीय सचिव व विधायक मोहला-मानपुर इन्द्रशाह मंडावी, अध्यक्ष छत्तीसगढ़ राज्य ग्रामीण एवं पिछड़ा वर्ग क्षेत्र विकास प्राधिकरण व विधायक डोंगरगांव दलेश्वर साहू, अध्यक्ष अनुसूचित जाति विकास प्राधिकरण व विधायक डोंगरगढ़ भुनेश्वर शोभाराम बघेल, विधायक खुज्जी श्रीमती छन्नी चन्दू साहू, विधायक खैरागढ़ श्रीमती यशोदा निलाम्बर वर्मा, अध्यक्ष जिला पंचायत श्रीमती गीता घासी साहू, अध्यक्ष छत्तीसगढ़ राज्य अंत्यावसायी सहकारी वित्त एवं विकास निगम धनेश पाटिला, अध्यक्ष छत्तीसगढ़ राज्य युवा आयोग जितेन्द्र, अध्यक्ष छत्तीसगढ़ राज्य बाल अधिकार संरक्षण आयोग श्रीमती तेजकुंवर नेताम, अध्यक्ष जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक मर्यादित राजनांदगांव नवाज खान, अध्यक्ष श्रीमती रानी सूर्यमुखी देवी राजगामी संपदा न्यास विवेक वासनिक, अध्यक्ष जनपद पंचायत राजनांदगांव श्रीमती प्रतिक्षा सूर्यकांत भंडारी, सरपंच ग्राम पंचायत ठेकवा श्रीमती गुंजा साहू सहित अन्य जनप्रतिनिधि, गणमान्य नागरिक व बड़ी संख्या में ग्रामीणजन उपस्थित रहेंगे।

# भाजपा पार्षद दल ने आयुक्त के कक्ष में जड़ा ताला, बोले - जन समस्या से भाग रहे

■ महापौर व आयुक्त के खिलाफ जमकर नारेबाजी की



**राजनांदगांव,** 6 सितम्बर (देशबन्धु)। भाजपा पार्षद दल ने बुधवार को आयुक्त अभिषेक गुप्ता के केबिन में आक्रोशित हो कर ताला जड़ दिया। गौरतलब है कि नगर निगम भाजपा पार्षद दल शहर की विभिन्न समस्याओं को लेकर आयुक्त से मिलने पहुंचे थे, लेकिन समय देने के बाद भी आयुक्त नहीं पहुंचे। इससे नाराज पार्षदों ने कक्ष में ताला जड़ते हुए नारेबाजी करने लगे।

इस मामले में नगर निगम नेता प्रतिपक्ष किशुन यदु ने बताया कि शहर में बिजली, पानी, सड़कों की मरम्मत से लेकर कई समस्याएं व्याप्त हैं जिससे आम जनता त्रस्त है । त्योहारों का समय है , सड़क पर गड्ढे हैं , स्ट्रीट लाइटें बंद हैं , पानी समय पर नहीं आ रहा है लेकिन निगम आयुक्त कभी भी किसी समस्या की गंभीरता को नहीं समझते और ना ही उन्होंने आज तक आम जनता के हित में कभी किसी वार्ड का दौरा किया है । निगम आयुक्त इसे लेकर गंभीरता नहीं दिखा हैं। इन्हीं समस्याओं को लेकर बुधवार को भाजपा पार्षद दल आयुक्त से मिलने पहुंचे थे, लेकिन समय देने के बाद आयुक्त गुप्ता अपने कक्ष में नहीं पहुंचे जबकि उन्हें मामले की जानकारी पहले से दे दी गई थी ।

नेता प्रतिपक्ष यदु ने कहा कि यह सीधे तौर पर जनसमस्या की अनदेखी करने और इससे भागने वाली स्थिति है। महापौर व आयुक्त दोनों को ही जनता की समस्या से कोई मतलब नहीं है। अब त्योहारों का दौर शुरू हो गया है। शहर के बाजार से लेकर विभिन्न हिस्सों में लोगों की आवाजाही बढ़ती है। लेकिन न तो सड़कों का संधारण किया जा रहा है और न ही बंद पड़ी बिजली के खंभों की लाइटें सुधारी जा रही है। निगम प्रशासन पूरी तरह से आंखे मूंदे बैठा है।

नेता प्रतिपक्ष यदु ने आरोप लगाया कि आयुक्त सिर्फ कांग्रेसी नेताओं की दलाली करने में जुटे हुए हैं,उन्हें जनसमस्या से कोई मतलब नहीं है,जिससे आक्रोशित होकर भाजपा पार्षद दल ने उनके कक्ष में ताला जड़ा है।

नेता प्रतिपक्ष यदु ने कहा कि वार्ड में व्याप्त समस्या को झांकने तक आयुक्त नहीं पहुंचते। पार्षदों की समस्या बताने के बाद भी वे निरीक्षण के लिए वार्डो में नहीं पहुंचते। इससे शहर की स्थिति बदहाल होती जा रही है।

किशुन यदु ने कहा कि आम जनता की बात आयुक्त तक नहीं पहुँचने पर और उनके गैरजिम्मेदाराना व्यव्हार को लेकर आज सिर्फ उनके दफ्तर में ताला लगाया गया है लेकिन जल्द ही सुधर नहीं हुआ तो उनके घर के सामने और दफ्तर के सामने उग्र आंदोलन किया जाएगा।

ताला जड़ने पहुंचे भाजपा पार्षदों में विजय राय,शरद सिन्हा,पारस वर्मा, मणिभास्कर गुप्ता,मधु बैद,गगन आइच,रानू जैन, कमलेश बंधे, गप्पू सोनकर,आशीष डोंगरे,अरुण साहू,जीवन चतुर्वेदी,सेवक उइके उपस्थित थे ।

# शास उ मा शाला में छात्राओं ने किया शिक्षकों का सम्मान



**डोंगरगढ़,** 6 सितम्बर (देशबन्धु)। नगर के शासकीय उच्चतर माध्यमिक शाला में छात्राओं द्वारा शिक्षक दिवस मनाया गया कार्यक्रम में सर्वप्रथम प्राचार्य एवं स्टाफके द्वारा सर्वपल्ली डॉक्टर राधाकृष्णन जी के तेलचित्र पर मालाअर्पण कर द्वीप प्रचलित किया गया तत्पश्चात छात्राओं द्वारा स्वागत गीत एवं सभी शिक्षकों का सम्मान किया गया पूर्व माध्यमिक विभाग के छात्राओं द्वारा कृष्ण राधा की झांकी की प्रस्तुत कर नृत्य प्रस्तुत किया गया । उच्चतर माध्यमिक विभाग के छात्रों द्वारा डॉक्टर सर्वपल्ली राधाकृष्णन की जीवनी पर भाषण कविता की प्रस्तुति दी गई विद्यालय के प्राचार्य लाल जी द्विवेदी के द्वारा अपने उद्बोधन भाषण में गुरु की महत्व के बारे में विस्तार से बताया गया वरिष्ठ व्याख्याता राजेश कनोजे एश्रीमती प्रेमा मेडिया पूर्व माध्यमिक शाला प्रधान पाठक ए श्याम राज धुर्वे ए व्याख्यता अंशुल श्रीवास्तव शिक्षक ने अपने अबोधन में अपने गुरुओं के बारे में विस्तृत वर्णन किया वह छात्र जीवन में गुरुओं के आदर्शों का पालन करने हेतु सीख दी । कार्यक्रम में संस्था के श्रीमती अहिल्या उजवने राजकुमार नंदेश्वरए एड साहूए धर्मेंद्र कुंजम ए गंगाराम साहूए टेकेन्द्र वर्माए उज्जवल जम्बुलकए कैलाश कंवर ए श्रीमती ए मिश्राए रुक्मणी सोरीए वंदना मेडेए धनेश्वरी साहूए जमुना मंडपेए मन्नू बाई पैगा ए श्रीमती के भाटिया उपस्थिति रही। कार्यक्रम का सफल संचालन कुमारी प्रभा कुंभकार कक्षा 9 वी ने किया । संपूर्ण कार्यक्रम का व्यवस्था छात्र परिषद के पदाधिकारी द्वारा आयोजित किया गया ।

# हलषष्ठी का पर्व मनाकर संतान की दीर्घायु खुशहाली व सुख शांति की कामना

**डोंगरगढ़,** 6 सितम्बर (देशबन्धु)। भादो महीने के कृष्ण पक्ष की छठवीं तिथि को हलषष्ठी का पर्व आज 5 सितंबर मंगलवार को धूमधाम से मनाया गया । अंचला सिंह ठाकुर सीता धुर्वे मान बाईए गजरा बाई ए पायलए रजनीए चागुना बाई ए सुनिताए पुजाए संतोषीए देवीकाए पुष्पाए दिव्याए दुर्गाए लालीए ने बताया कि हलषष्ठी के दिन भगवान शिव पार्वती गणेश कार्तिकेय नदी और सिंह आदि की



पूजा का विशेष महत्व है पूरी विधि विधान से हल सृष्टि व्रत का पूजन करने से जो संतानहीन है उनको दीर्घायु और श्रेष्ठ संतान की प्राप्ति होती है इस व्रत एवं पूजन से संतान की आयु आरोग्य एवं ऐश्वर्य की वृद्धि होती है पौराणिक कथाओं के अनुसार सबसे पहले द्वापर युग में माता देवकी द्वारा कमर छठ व्रत किया गया था क्योंकि खुद को बचाने के लिए मथुरा का राजा कंस उनकी सभी संतानों का वध करता जा रहा था उसे देखते हुए देवर्षि नारद ने हल सृष्टि का व्रत करने की सलाह माता देवकी को दी थी उनके द्वारा किए गए व्रत के प्रभाव से ही बलदाऊ और भगवान कृष्णा कंस पर विजय प्राप्त करने में सफल हुए थे। उसके बाद से यह व्रत हर माता अपनी संतान की खुशहाली और सुख शांति की कामना के लिए आज तक करती आ रही हैं शास्त्रों के अनुसार करने से संतान को सुखी व दीर्घायु जीवन प्राप्त होता है इस व्रत में हल से जूते हुए अनाज व सब्जियों का सेवन नहीं किया जाता इसलिए महिलाएं इस दिन तालाब में उगे हुए पसहर चावल खाकर व्रत करते हैं इसमें गाय का दूध दही का इस्तेमाल नहीं किया जाता इसके लिए भैंस का दूध घी एवं दही का इस्तेमाल किया जाता है इस व्रत को अपने बच्चों की लम्बी उम्र एवं खुशहाली के लिए हर मां उपवास रहकर पुजा करती है दिन से डुबने से पहले फ्लाहार करते हैं सभी बहनें बड़े ही धुमधाम से शिव परिवार की पूरे विधि विधान से पूजा अर्चना कर सभी देवी देवताओं का जय कारा लगाए ।

# आगामी चुनाव को देखते हुए संदिग्ध व्यक्तियों की सघन जॉच कार्यवाही जारी

**राजनांदगांव,** 6 सितम्बर (देशबन्धु)। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक राजनादगांव अभिषेक मीना के निर्देश एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक लखन पटले तथा नगर पुलिस अधीक्षक अमित पटेल राजनादगांव के मार्गदर्शन एवं थाना प्रभारी कोतवाली निरीक्षक एमन साहू व थाना प्रभारी सोमनी कृष्णा पाटले के नेतृत्व आगामी विधानसभा निर्वाचन 2023-24 के मद्देनजर विधानसभा निर्वाचन प्रक्रिया शांतिपूर्ण संपन्न कराने हेतु राजनांदगॉव जिले में संदिग्ध व्यक्तियों एवं वाहनों की



लगातार चेकिंग किया जा रहा है, कि दौरान पेट्रोलिंग/चेकिंग (जांच) के आज दिनांक 05.08.2023 को अग्रवाल ट्रांसपोर्ट जी0ई0 रोड़ राजनांदगांव के पास एक व्यक्ति संदिग्ध अवस्था में बैंग रखा बस का इंतजार कर रहा है। कि सूचना की तस्दीक हेतु तत्काल मौका पहुंचकर उक्त व्यक्ति से पूछताछ करने पर अपना नाम पता संदीप चकुर्ती पिता सत्यनारायण चकुर्ती (रेड्डी) उम्र 41 वर्ष साकिन तेलाफर सेशिया हाउस थाना तेलाफर जिला मेरक हैदराबाद हाल नेहरू नगर राजनांदगांव (छ0ग0) बताया, हाथ में रखे बैंग संदिग्ध लगने पर बैग को चेक करने पर बैग के अंदर नगदी रकम 8.50.000 रूपये मिला, उक्त रकम को रखने के संबंध में बैध दस्तावेज कागजात नहीं होना पाये जाने से धारा 102 जा0फौ0 के तहत जप्त कर विधिवत कार्यवाही किया गया।

थाना सोमनी में वाहन चेंकिग के दौरान कमलेश पटेल नाम के व्यक्ति से 6,30,000 रूपये मिला रकम के संबंध में किसी प्रकार का दस्तावेज नही होने पर धारा 102 जा0फौ0 के तहत रकम को जप्त किया गया है दोनो से जुमला 14,80,000 रूपये जप्त किया गय।

उपरोक्त कार्यवाही में थाना प्रभारी निरीक्षक एमन साहू, कृष्णा पाटले, सउनि0 शत्रुहन टंडन, प्र0आर0 संदीप चैहान, आर0 जय कुमार कंवर, रंजीत चैरसिया एवं स्टाफों की सराहनीय भूमिका रही।

# धार्मिक पर्वों को लेकर शांति समिति की बैठक में आयोजक समितियों को दिया गया आवश्यक सुझाव

**डोंगरगढ़,** 6 सितम्बर (देशबन्धु)। शहर वासियो के द्वारा अगामी श्री कृष्ण जन्माष्टमी महोत्सव दिनांक 07ध्09ध्2023 को एंव गोविन्दा पर्व ;दही लूटद्ध दिनांक 08ध्09ध्2022 को मनाया जाना प्रस्तावित । शहर वासियो के द्वारा गोविन्दा पर्व पर चौक चौराहो पर दही लूट का कार्यक्रम आयोजित किया जाता है। जिसमें काफी संख्या में क्षेत्रावासियो एंव आसपास के सरहदी राज्यो के नागरिको द्वारा कार्यक्रम में बढ़चढ़ कर हिस्सा लेते हैए शहर में काफी भीडभाड रहती है। शहर वासियो के द्वारा गोविन्दा पर्व को सौहाद्र एंव शांतिपूर्वक मनाने जाने हेतु शहर के आदतन बदमाश जो हमेशा लडाई झगडा मारपीट में संलिप्त रहते है। ऐसे 07 आरोपियो चतुर नेताम पिता पलटू राम नेताम उम्र 46 साल निवासी करवारी थाना



डोंगरगढ जिला राजनांदगांव 2 देवेन्द्र कन्नौजे पिता पुनाराम कन्नौजे उम्र 25 साल निवासी कुरूभाठ थाना डोंगरगढ 3 राजेन्द्र पटेल पिता दयाराम पटेल उम्र 40 साल निवासी धुसेरा थाना डोंगरगढ 4 अकरम खान पिता रूस्तम खान उम्र 27 साल निवासी बुधवारीपारा डोंगरगढ 5 समीर खान पिता कलाम अहमद उम्र 34 साल निवासी कालकापारा डोंगरगढ 6 कृष्णा यादव पिता हृदय यादव उम्र 18 साल निवासी डिपरापारा डोंगरगढ 7 जागेश्वर उर्फसंजू पति सुरेश उम्र 18 साल निवासी कृष्ण नगर भिलाई दुर्ग। 8 दीपक कन्नोजे पिता पूना राम उम्र 32 साल निवासी कुर्रुभाठ को प्रतिबंधित करने धारा 151ए107ध116 ;3द्ध जा0फौ0 के तहत कार्यवाही कर माननीय न्यायालय पेश किया गया है।

# मंत्री अकबर ने गौसेवा के लिए वाहनों को हरी झंडी दिखाकर किया रवाना

**कवर्धा,** 6 सितंबर (देशबन्धु)। राज्य शासन द्वारा कबीरधाम जिले को जानवरों के उचित देखभाल और स्वास्थ्य सुविधाओं के लिए पांच मोबाइल वेटरनरी यूनिट वाहन मिली है। कैबिनेट मंत्री मोहम्मद अकबर ने आज बुधवार को गौसेवा के लिए वाहनों को हरी झंडी दिखाकर गोठानो के लिए रवाना किया।



मोबाइल वेटरनरी यूनिट वाहनों में पशु उपचार, रोगों की जांच, टीकाकरण, कृत्रिम गर्भाधान, लघु शल्य क्रिया इत्यादि की सुविधा उपलब्ध कराई गई है। इस अवसर पर क्रेडा सदस्य कन्हैया अग्रवाल, नपा अध्यक्ष ऋषि शर्मा, होरी साहू, कृषि उपज मंडी अध्यक्ष नीलकंठ साहू, उपाध्यक्ष चोवा राम साहू, पार्षद अशोक साहू, अगमदास, सहित अन्य जनप्रतिनिधि सहित विभागीय डॉ. एस. के. मिश्रा, उपसंचालक पशु चिकित्सा सेवाएं कबीरधाम, डॉ. पी. एन. शुक्ला, डॉ. आशीष देवांगन, डॉ. विनय मिश्रा, डॉ. उपेंद्र वशिष्ठ डहरे, डॉ. प्रशांत सागर शर्मा, डॉ. अभिषेक कुमार तथा विभाग के अन्य अधिकारी कर्मचारी उपस्थित थे।

उल्लेखनीय है कि राज्य शासन के पशुधन विकास विभाग द्वारागौवंशीय तथा भैस वंशीय पशुओं के संरक्षण एवं संवर्धन के लिए अनेक योजनाएं संचालित की जा रही है। गौवंशीय जानवरो तथा गोमाता की सेवा तथा उनके लिए ग्राम स्तर पर गौठान का संचालन किया जा रहा है इसके बेहतर संचालन के लिए गौठान समिति भी बनाई गई है। वही गौ पालक किसानों , चरवाहों, तथा महिला स्वसहायता समूहों को आर्थिक रूप से सक्षम बनाने के लिए गोधन न्याय योजना संचालित हो रही है। जिले के हजारो गो पालक एवं गोबर विक्रेताओ आर्थिक स्थिति में सुधार हो रहा है।

# छत्तीसगढ़ में दिल्ली मॉडल को लागू किया जाएगा



■ घोषणा नहीं करते गारंटी देते हैं आप पार्टी
■ आप ने लॉच किया गारंटी कार्ड

**बेमेतरा,** 6 सितम्बर (देशबन्धु)। छत्तीसगढ़ में दिल्ली मॉडल को लागू किया जाएगा। आप पार्टी के प्रमुख केजरीवाल घोषणा नहीं करते बल्कि गारंटी देते हैं इसीलिए जिला मुख्यालय में गारंटी कार्ड लांच किया जा रहा है यह बात बेमेतरा जिला आप पार्टी के जिला अध्यक्ष अंजोर दास धृतलहरे ने पत्रकारों से कहा स्थानीय एक होटल में पत्रकारों से चर्चा करते हुए आप पार्टी के जिला अध्यक्ष अंजोर दास धृतलहरे ने कहा केजरीवाल के द्वारा छत्तीसगढ़ वासियों के लिए नौ गारंटी दिया गया है जिसमें प्रमुख रूप से रोजगार की गारंटी दिया गया है जिसमें हर बेरोजगारों को रोजगार जब तक नौकरी नहीं मिल जाएगी तब तक ?3000 महीना बेरोजगारी भत्ता और 10 लाख लोगों को सरकारी नौकरी देने की बात कही गई है इसी तरह बिजली की गारंटी दी गई है जिसमें हर महीने 300 यूनिट की बिजली मुक्ति दी जाएगी वहीं सभी महिलाओं को हर महीने ?1000 स्त्री सम्मान राशि दी जाएगी शिक्षा की गारंटी के बारे में भी बताया गया है जहां पर फ्री में शिक्षा दिया जाएगा प्राइवेट स्कूल के नाजायज फीस बक्सा नहीं जाएगा कच्चे शिक्षकों को पक्का किया जाएगा सभी खाली पद भरे जाएंगे स्वास्थ्य के संबंध में भी गारंटी दिया गया है हर मोहल्ला क्लीनिक खोला जाएगा मौजूदा अस्पताल को शानदार बनाया जाएगा एवं दुर्घटनाग्रस्त लोगों का मुफ्त में इलाज किया जाएगा वहीं तीर्थ यात्रा की गारंटी दी गए जिसमें बुजुर्गों को उनकी पसंद के किसी एक पवित्र स्थान पर मुक्ति यात्रा कराई जाएगी भ्रष्टाचार मुक्त छत्तीसगढ़ की भी गारंटी दी गई है इसके अलावा शहीद सम्मान राशि की भी गारंटी गई है जिसमें भारतीय सेवा छत्तीसगढ़ पुलिस की जवान अगर सेवा के दौरान शहीद होते हैं तो 1 करोड़ राशि के सम्मान राशि दी जाएगी कर्मचारियों के लिए गारंटी के बारे में बताया गया है सभी संविदा प्लेसमेंट ठेका अनियमित कर्मचारियों को निर्मित किया जाएगा संविदा एवं ठेका प्रथा बंद किया जाएगा इसके साथ ही आगे बताया गया है कि आप पार्टी बेमेतरा जिला के एक विधानसभा क्षेत्र को पांच ब्लॉक में बांटा जाएगा है और एक ब्लॉक में पांच सर्कल है और एक सर्कल में 10-10 गांव को शामिल किया गया है उन्होंने यह भी बताया कि आगामी जगदलपुर 15-16 तारीख को केजरीवाल के जगदलपुर प्रवास है जहां पर संभवत आप पार्टी के प्रत्याशियों की पहली सूची जारी हो सकती है पत्रकार वार्ता के दौरान आप पार्टी के जिला सचिव सरोज अवस्थी कोषाध्यक्ष टीडी चौसरे सहित श्यामला साहू सत्यम जोशी हेमलाल जंघेल जितेन्द्र कोसले गुलशन टंडन डेली साहू मुकूश सेन गोपाल साहू अशोक जैन स्वाति अवस्थी उपस्थित थे

# कलेक्टर ने शिक्षक दिवस के अवसर पर शिक्षको का किया सम्मान



**खैरागढ़,** 6 सितम्बर (देशबन्धु)। शिक्षक दिवस के अवसर पर कलेक्टर गोपाल वर्मा ने जिले के सेवानिवृत शिक्षकों एवं कर्मचारियों को कलेक्ट्रेट सभागार में आमंत्रित कर सम्मानित किया। इस दौरान सेवानिवृत्त कर्मचारियों को पेंशन आदेश सहित पुष्प गुच्छ व शॉल व श्रीफल भेंट किया गया। कलेक्टर गोपाल वर्मा ने शिक्षक दिवस पर आयोजित कार्यक्रम में गुरु महिमा का बखान करते हुये कहा कि जीवन मे गुरु सबसे बड़ा होता है, उसका स्थान कोई नहीं ले सकता आगे कहा कि मैं जब भी मिलता हूँ, अपने गुरुओं का सम्मान कर आशीर्वाद जरूर लेता हूँ। इस अवसर पर जिले के सेवानिवृत 8 शिक्षकों एवं स्वास्थ्य विभाग के एक कर्मचारी को आमंत्रित कर सम्मानित किया गया। कलेक्टर ने सम्मान में कर्मचारियों को पीपीओ/जीपीओ पेंशन आदेश, पुष्प गुच्छ, शॉल और श्रीफल प्रदान किया इस दौरान कलेक्टर ने निष्पक्ष मतदान के लिये शपथ दिलाकर लोगों को जागरूक किया। इस दौरान सेवानिवृत्त दिलीप कुमार वर्मा, धनऊ राम साहू, अंजोर दास सायतोड़े, ठाकुर राम वर्मा, मदन मोहन कौशिक, नारायण दास वैष्णव, चन्द्रकिशोर कामड़े, शिवरेखा साहू ,दिव्यप्रभा मंडावी ग्रामीण स्वास्थ्य संयोजक सम्मिलित हुये। कार्यक्रम में अपर कलेक्टर डीएस राजपूत, जिला शिक्षा अधिकारी डॉ.केव्ही राव, जिला कोषालय अधिकारी गिरीश देवांगन, नीलम राजपूत, रमेंद्र डड़सेना, सुजीत चौहान सहित शिक्षा विभाग व जिला कोषालय के अन्य अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहे।

# मितानीन दीदियां घर तक पहुंचकर दे रही स्वास्थ्य सुविधा: अकबर



**कवर्धा,** 6 सितंबर (देशबन्धु)। प्रदेश के वन, परिवहन, आवास, पर्यावरण, विधि विधायी तथा जलवायु परिवर्तन मंत्री व कवर्धा विधायक मोहम्मद अकबर आज वीर सावरकर भवन में आयोजित मितानीन सम्मान समारोह में शामिल हुए। मंत्री अकबर ने स्वास्थ्य सेवाओं की पहली पंक्ति में कार्य करने वाली मितानिनों का साल, श्रीफल और स्मृति चिन्ह प्रदान कर सम्मानित किया। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्जवलित और राज्य गीत के साथ किया गया। मंत्री श्री अकबर ने सभी मितानीन दीदियों को बधाई और शुभकामनाएं दी।

मंत्री श्री अकबर ने मितानीन दीदियों को संबोधित करते हुए कहा कि राज्य सरकार और आम जन समुदाय के बीच की कड़ी का कार्य करते है। इसकी शुरुआत प्रदेश में 2002 में की गई थी और लगातार इसका विकास हुआ है। जहा स्वास्थ्य विभाग के कर्मचारी नहीं पहुंच पाते है, वहां तक पहुंचकर सेवा कार्य करते है, यह सराहनीय कार्य है। उन्होंने कहा मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने ग्रामीण क्षेत्रों में स्वास्थ्य सेवाओं की पहुंच बढ़ाने के लिए मितानिन बहनों के योगदान देखते हुए को राज्य मद से 2200 रूपए प्रतिमाह देने की घोषण की है। उन्होंने कहा कि मितानीन दीदियां समय पर जाकर लोगों की सहायता करते है और आवश्यकतानुसार स्वास्थ्य सुविधा उपलब्ध कराते हैं। उन्होंने कहा कि दीदियों की जितनी तारीफ और सराहना की जाए वह कम है। वे सदैव कार्य के लिए तत्पर होते है और लोगों की सहायता भी करते है। उन्होंने कहा कि बोड़ला, कवर्धा और सहसपुर लोहारा में मितानिन भवन के लिए स्वीकृति दी गई है। इसी प्रकार आने वाले समय में सभी कार्य पूरा करने का हर प्रयास किया जाएगा। इस अवसर पर क्रेडा के सदस्य कन्हैया अग्रवाल, नगर पालिका अध्यक्ष ऋषि शर्मा, कलीम खान, नगर पालिका उपाध्यक्ष जमील खान अगम दास अनंत सहित जनप्रतिनिधि, मितानिन दीदी उपस्थित थे।

# संगीत विश्वविद्यालय के कुलपति ममता चंद्राकर ने सभी शिक्षकों को शिक्षक दिवस की बधाई दी



**खैरागढ़,** 6 सितम्बर (देशबन्धु)। शिक्षक दिवस पर इंदिरा कला संगीत विश्वविद्यालय खैरागढ़ की कुलपति पद्मश्री डॉ.ममता चंद्राकर ने विश्वविद्यालय के सभी शिक्षकों को बधाई और शुभकामनाएं दी। शुभकामना संदेश में कुलपति डॉ.चंद्राकर ने कहा कि इंदिरा कला संगीत विश्वविद्यालय खैरागढ़ अपनी जिस शैक्षणिक गुणवत्ता के लिये पूरे एशिया में प्रसिद्ध है, उसकी उत्तरोत्तर मजबूती में शिक्षकों की महत्वपूर्ण भूमिका है। शिक्षकों के परिश्रम और समर्पण के कारण विश्वविद्यालय अपने उद्देश्यों में सफल रहा है। कुलपति ने कहा कि इस विश्वविद्यालय से मेरा प्रारंभिक साक्षात्कार एक छात्रा के रूप में हुआ था, मैं यहां गायन की छात्रा थी. इसी विश्वविद्यालय में आज कुलपति के रूप में सेवा का अवसर प्राप्त होना निश्चित ही सौभाग्य की बात है। मेरा मानना है कि शिक्षकों और गुरुजनों द्वारा प्रदत्त ज्ञान और प्रेरणा से ही ऐसे सौभाग्य प्राप्त होते हैं। उन्होंने विश्वविद्यालय के प्रारंभ से लेकर आज पर्यंत अमूल्य योगदान देने वाले समस्त शिक्षकों के प्रति आभार व्यक्त किया।

# श्रमिकों के आमरण अनशन को भाजपा,मजदूर सगठनों ने दिया समर्थन



■ श्रमिकों के रोजी रोटी में सीधा सीधा कुठाराघात:श्याम जायसवाल
■ मंडल अध्यक्ष द्विवेदी श्रमिकों की मांग पुरी नही होने पर चक्काजाम की दी चेतावनी

**दल्लीराजहरा,**6 सितंबर (देशबन्धु)। नगरपालिका के द्वारा 12 श्रमिकों के अधिकारों का हनन करते हुए काम मे नही लेने के विरोध में 12 श्रमिकों द्वारा एस डी एम कार्यलय के सामने पिछले 3 दिनों से आमरण अनशन किया जा रहा है। जिसमे आज से भाजपा भी पूर्ण रूप से समर्थन कर आर पार की लड़ाई लड़ने आगे आ गया है। भाजपा मंडल अध्यक्ष राकेश द्विवेदी के नेतृत्व में सभी मंडल पदाधिकारी व पार्षदो ने आमरण अनशन स्थल पर पहुँच कर जोरदार प्रदर्शन किया व मजदूरों के पक्ष में में अपनी बात को रखा भरतीय मजदूर संघ के मुश्ताक अहमद व युवा नेता श्याम जायसवाल द्वारा आमरण अनशन स्थल में मजदूरों को संबोधित करते हुए कहा की पुरी श्रमिक संगठन आप के साथ खड़ा है श्याम जायसवाल ने कहा की श्रमिकों के रोजी रोटी पर यह सीधा सीधा कुठाराघाता है। जिसे बर्दशत नही किया जाएगा। तत्पश्चात अनुविभागीय अधिकारी को ज्ञापन सौपा व तत्काल मजदूरों का मांग पूरा कर आमरण अनशन समाप्त कराने कहा गया है। भाजपा अध्यक्ष राकेश द्विवेदी ने कहा है। कि अगर 24 घण्टे में इनका मांग पूरा नही किया गया तो भाजपा उग्र आंदोलन कर चक्का जाम करेगी जिसके बाद अनुविभागीय अधिकारी ने 8 सितम्बर को 3 बजे मुख्य नगरपालिका अधिकारी व रेलवे के अधिकारियों की बैठक रख इस मामले का निराकरण करने की बात कही है। अनुविभागीय अधिकारी द्वारा अमरण अनशन पर बैठे बंशीराम शोरी के गिरते स्वास्थ्य पर चिंता व्यक्त करते हुए अनशन समाप्त करने की भी अपील किया गया पर आंदोलनकारी नही माने व 8 सितंबर के मीटिंग तक इंतजार करने की बात कह कर चले गए भाजपा अध्यक्ष राकेश द्विवेदी ने कहा एस डी एम महोदय 8 सितंबर तक समस्या का हल बात चीत से निकालने का आश्वासन दिये है बातचीत से श्रमिकों की समस्या में मजदूरों की मांग पूरी नही की जाती तो उसी दिन मीटिंग खत्म होने के बाद चक्का जाम कर दिया जायेगा। आमरण अनशन को समर्थन देने वालो में मुख्य रूप से डौण्डी लोहारा विधानसभा के प्रत्याशी देव लाला ठाकुर छत्तीसगढ़ मुक्ति मोर्चा के अध्यक्ष जनकलाल ठाकुर सीटू यूनियन के पदाधिकारी भाजपा सांसद प्रतिनिधि राजीव दसोड़े, बॉबी छतवाल नेता प्रतिपक्ष महेंद्र पिपरे,माइंस मदन मायती,(अध्यक्ष बीएमएस), महेंद्र सिंह सुजीत झा भूपेंद्र डहरवाल रमेश गुर्जर रमेश जैन अमित कुकरेजा शंकर साहू,सोनू ठगेल उमेश विश्वकर्मा ,मेवा पटेल,जनार्दन सिंहरोल नितेश हरीश बाघ अंकित जायसवाल, सुमित जैन राकेश देवांगन, गोलू जायसवाल,पार्षदगण राजेश कांबले,प्रमिला पारकर, ममता नेताम,उपस्थित रहे।

## 12-13 सितम्बर को निर्वाचन शाखा में पात्र अभ्यर्थी कौशल परीक्षा का होगा आयोजन

**खैरागढ़,** 6 सितम्बर (देशबन्धु)। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी, खैरागढ़-छुईखदान-गण्डई के विधानसभा निर्वाचन अंतर्गत 2023 के कार्यसंपादन करने के लिए सहायक गेड-3 (संविदा) के शेष 04 अस्थाई पदों की पूति करने के लिए 12/ 13 सितम्बर को सुबह 11 बजे से शासकीय पॉलिटेकनिक खैरागढ़ के कम्प्यूटर लैब में कौशल परीक्षा आयोजित की गई है। अभ्यर्थी सरल क्रमांक 01 से 48 तक 12 सितम्बर को वही सरल क्रमांक 49 से 94 तक के अभ्यर्थी 13 सितम्बर को समय पर उपस्थित होकर कौशल परीक्षा में सम्मिलित हो सकेंगे। उक्त सम्मिलित होने वाले पात्र अभ्यार्थियों की तिथिवार समय-सारणी (सूची) कार्यालय अनुविभागीय अधिाकरी(रा.) खैरागढ़, अनुविभागीय अधिाकरी(रा.) गण्डई-छुईखदान , तहसीलदार खैरागढ़, छुईखदान, गण्डई, साल्हेवारा के नोटिस बोर्ड में चस्पा किया गया है। अभ्यर्थी निर्धारित तिथि व समय पर कौशल परीक्षा में उपस्थित होना सुनिश्चित करेंगे। अधिक जानकारी के लिए सूचना पटल का अवलोकन अथवा डिप्टी कलेक्टर व सचिव जिला स्तरीय चयन समिति जिला खैरागढ़-छुईखदान-गण्डई(छ.ग.) से सम्पर्क कर सकते है।

# मंत्री भेड़िया ने किया हल्वा आदिवासी भवन का भूमिपूजन

■ प्रदेश जनता की जरूरतों और अपेक्षाओं को पुरा करने मुख्यमंत्री एक नई मिशाल पेश किया
■ प्रदेश चुनाव में फिर से कांग्रेस की सरकार बनाने किया अपील:अनिला



**डौण्डी/दल्लीराजहरा,**6 सितम्बर (देशबन्धु)। छत्तीसगढ़ शासन की महिला एवं बाल विकास तथा समाज कल्याण मंत्री अनिला भेड़िया डौंडीलोहारा विधानसभा क्षेत्र के डौंडी ब्लॉक के ग्राम पंचायत मरकाटोला में हल्बा आदिवासी भवन का भूमिपूजन कार्यक्रम में सम्मिलित हुई जहा ग्रामीणों ने सबसे पहले पुष्प गुच्छ तिलक वंदन करके उनका स्वागत किया तत्पश्चात ग्रामीणों व जनप्रतिनिधियों के साथ मिलकर भवन बनाने धरती माता का पूजा अर्चना करके भूमिपुजन किया।भूमिपूजन के पश्चात मंचीय कार्यक्रम हुआ जिसमे समाज के पदाधिकारीयो द्वारा मंत्री एवं समस्त अतिथिओ का स्वागत वंदन एवं सम्मान किया गया समाज प्रमुखों द्वारा का धन्यवाद एवं आभार व्यक्त किया गया अनिला भेड़िया ने छत्तीसगढ शासन के मुख्यमंत्री भुपेश बघेल द्वारा कराए जा रहे विकास कार्यो एवं योजनाओं को विस्तार पूर्वक बताया गया एवं आगामी होने विधानसभा चुनाव में फिर से कांग्रेस का सरकार बनाए जाने के लिए अपील किये।उन्होने कहा की भूपेश सरकार के नेतृत्व में प्रदेश की कांग्रेस सरकार ने प्रदेश में अपनी अलग विकास दृष्टि दिखाई है। राज्य की जनता की जरूरतों और अपेक्षाओं को पुरा करने एक नई मिसाल पेश किया है,जो की धरातल में दिखाई दे रहा है कार्यक्रम में मंत्री प्रतिनिधि पीयूष सोनी ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष कोमेश कोर्राम, जिला पंचायत सदस्य करिश्मा सलामे, जनपद पंचायत अध्यक्ष बसंती दुग्गा, उपाध्यक्ष पुनीत सेन, ब्लॉक महिला कांग्रेस के हेमवती कुलदीप, जनपद सदस्य निर्मला कौडो, ब्लॉक के महामंत्री कैलाश राजपूत, अल्पसंख्यक कांग्रेस कमेटी के प्रदेश महासचिव अतीक कुरेशी, ब्लॉक कांग्रेस सचिव कोमलेंद्र चंद्राकर, ब्लॉक कांग्रेस मीडिया प्रभारी रविकांत देशमुख, यूवा कांग्रेस से शोएब रजा,समाज के पदाधिकारी कोठरी जी,एवं ब्लाक कांग्रेस कमेटी के समस्त पदाधिकारी कार्यकर्ता सहित ग्रामीण जन उपस्थित रहे।

# गुरूकुल उच्चतर माध्यमिक विद्यापीठ में मनाया गया कृष्ण जन्माष्टमी



**बालोद,** 6 सितम्बर (देशबन्धु)। कृष्ण जन्माष्टमी के पावन पर्व पर गुरुकुल उच्चतर माध्यमिक विद्यापीठ बालोद में कृष्ण जन्माष्टमी का पर्व मनाया गया। उक्त अवसर पर राधा कृष्ण बनकर बच्चों ने बहुत अच्छी झांकी प्रस्तुत की। शिक्षिकाओं का कुर्सी दौड़ प्रतियोगिता किया गया तथा शिक्षकों का रस्सी खींच प्रतियोगिता किया गया अंत में दहीहंडी का कार्यक्रम कराया गया जिसमें तीन टीम बनी थी। दो बालकों की एवं एक बालिकाओं की बालक दहीहंडी लूटने में असफल रहे। बालिकाओं ने दहीहंडी लूटने का कार्य संपन्न किया उन्हें प्राचार्य कमल नारायण साब के द्वारा नगद पुरस्कार प्रदान किया गया। तथा जितने भी विद्यार्थी नन्हे मुन्ने बच्चे राधा कृष्ण बनकर आए थे उन्हें स्मृति चिन्ह प्रदान किया गया। उक्त कार्यक्रम में छात्र.छात्राओं शिक्षक शिक्षिकाओं के अलावा पालकगण का भी उत्साह पूर्वक योगदान रहा। विद्यार्थियों द्वारा सभी शिक्षकों का सम्मान कर उन्हें श्रीफल पेन बुके प्रदान कर सम्मानित किया गया।

# कवर्धा विधानसभा में सिंचाई सुविधाओं को मिला विस्तार



■ वन मंत्री अकबर ने एक और नए घटोला बांध का किया भूमिपूजन
■ घटोला जलाशय से होगी 250 हेक्टेयर क्षेत्र में सिचांई की सुविधा
■ कवर्धा के किसानों की उन्नति का खुलेगा रास्ता : वन मंत्री

**कवर्धा,** 6 सितंबर (देशबन्धु)। वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्री एवं कवर्धा विधायक मोहम्मद अकबर ने बुधवार को खेती-किसानी के लिए कबीरधाम जिले में सिंचाई क्षमता को विस्तार देते हुए एक और नए बांध घटोला जलाशय का भूमिपूजन किया। इस भूमि पूजन के साथ सहसपुर लोहारा क्षेत्र के किसानों की एक और बड़ी मांग आज पूरी हो गई है। इस बांध का निर्माण होने से हजारों किसानों के 250 हेक्टेयर में खरीफ फसल में सिचाई का प्रत्यक्ष लाभ मिलेगा। इस बांध की लम्बाई 480 मीटर होगी और उचाई 17.17 मीटर रखी जाएगी। इसमें दो नग जल द्वार और एक नग वेस्ट वीयर का निर्माण प्रस्तावित है। बांध की दायी तट नहर जिसकी लंबाई 6.54 किलोमीटर और बांयी तट नहर जिसकी लंम्बाई 1.50 किलोमीटर निर्माण होगा। इस प्रकार कुल इन नहरों द्वारा 250 हेक्टेयर में सिचाई सुविधा किसानों को मिलेगा। उन्होंने कहा कि आने वाले समय में कबीरधाम जिले के कुल सिंचाई क्षमता 28 प्रतिशत है, जिसे बढ़ाकर 35.90 प्रतिशत बढाने के लिए भी वर्कप्लान मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के नेतृत्व में राज्य सरकार तैयार कर रही है।

वन मंत्री श्री अकबर ने कहा कि कबीरधाम जिले का समग्र विकास के लिए पूरी मजबूती के साथ काम किया जा रहा है। जिले में मेडिकल कॉलेज खुलने का सपना भी हमारी सरकार पूरा करेगी। जिले में गन्ना उत्पादक किसानों को समृद्ध बनाने के लिए गन्ना बेस इथेनॉल उद्योग बन कर तैयार है। इससे हजारों लोगों के लिए प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष रोजगार का राह सृजन होगा। केबिनेट मंत्री ने ग्रामीणों की मांग पर नवांगांव में सीसी रोड़ निर्माण कार्य के लिए 06 लाख रूपए, मंच निर्माण के लिए 02 लाख रूपए और गांव की जय मां दुर्गा महिला स्व सहायता समूह, उगता सूरज स्व सहायता समूह को 10-10 हजार रूपए देने की घोषणा की।

वन मंत्री मोहम्मद अकबर ने कहा कि मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के नेतृत्व में राज्य सरकार ने बीते पौने पांच वर्षों में प्रदेश में सिचाई क्षमता को विस्तार करने के लिए अनेक योजनाएं बनाई है। प्रदेश के अलग-अलग जिलो में विकासखण्डों में किसानों की स्थिति को सुधारने के लिए अनेक बांध-जलाशयों का निर्माण किया जा रहा है। राज्य सरकार की नरवा योजना से पूरे प्रदेश में भू-जल स्तर भी सुधरा है। किसानों को इसका सीधा लाभ भी मिलने लगा है।

**कबीरधाम जिले में सिचाई क्षमता बढ़ाने जिले में और 15 नए जलाशय और व्यपवर्तन पर हमारी सरकार काम कर रही है- वन मंत्री अकबर**

वन मंत्री मोहम्मद अकबर ने कहा कि कबीरधाम जिले में औसत से कम बारिश होती है, इसलिए हमारी सरकार ने किसानों को सशक्त, समृद्ध बनाने के लिए कबीरधाम जिले में सिंचाई क्षमता को बढ़ाने के लिए रोडमैप तैयार कर लिया है। कबीरधाम जिले में घटोला बांध सहित और 15 नवीन सिंचाई योजनाओं को मूर्त रूप देने की दिशा में काम बढ़ा दिया है। इनमें रामपुर बरेड़ा व्यपवर्तन, जगमड़वा जलाशय, सुतियापाठ मध्यम जलाशय के दायी तट पर नहर विस्तारीकरण, राली व्यपवर्तन नहर कार्य, मगरवाड़ा व्यपवर्तन नहर कार्य, कोयलारी व्यपवर्तन, बकेला फीडर कैनाल से क्रांति रमतला एवं देवसरा जलाशय की नहरों का विस्तरीकरण, रिमाडलिंग कार्य, सनकपाटनाला एनीकट कम काजवे, रेंगाबोड कुण्डा व्यपवर्तन नहर कार्य, दमगढ़ व्यपवर्तन योजना, थुवा व्यपवर्तन, नहर कार्य, जल्दानाला जलाशय नहर कार्य का काम प्रस्तावित है। इसमें से क्रांति जलाशय एव नहर विस्तारी करण का भूमिपूजन हो चुका है। इन सभी कार्य पूरा होने से 13 हजार 542 हेक्टेयर में सिंचाई क्षमता में वृद्धि होगी। इस प्रकार जिले में कुल सिंचाई रकबा 54465 हेक्टेयर से बढ़कर 68006 हेक्टेयर हो जाएगा। साथ ही कुल सिंचाई क्षमता कबीरधाम जिले की 28.75 प्रतिशत से बढ़कर 35.90 प्रतिशत हो जाएगी।

# कैरियर एकेडमी पारारास में मनाया गया शिक्षक दिवस

**बालोद,** 6 सितम्बर (देशबन्धु)।जिले के प्रसिद्ध कोचिंग इंसिस्ट्यूट कैरियर एकेडमी पाररास बालोद में 5 सितंबर को डॉक्टर सर्वपल्ली राधाकृष्णन की जन्म दिवस के रूप में शिक्षक दिवस समारोह मनाया गया ए इस कार्यक्रम में शामिल हुए कैरियर एकेडमी ग्रुप के छात्रों से अनुसार यह इस कार्यक्रम में मुख्य अथिति राजेश तेलाशी सर ;मुख्य स्टेशन मास्टर रेलवे स्टेशन लाटाबोरद्ध, अध्यक्षता गोपेन्द्र कौशिक सर ;शिक्षक एंड डायरेक्टर कैरियर अकैडमी ग्रुप बालोदद्ध, वैभव जोशी ;पटवारीद्ध, विशिष्ट अतिथि टुमन बघेल सर ;पटवारीद्ध, विशिष्ट अतिथि थे इंसिट्यूट के अन्य शिक्षक नोहर बाघ सर, निपेन्द्र यादव सर, पारस साहू सर, देवांगन सर, कोहली सर और खुशबू यादव मैडम उपस्थिति रही। समारोह की शुरुआत राधाकृष्णन एवम सरस्वती माता की पूजा अर्चना कर किया गया इस दौरान सरस्वती वंदना के साथ संबोधन में कौशिक सर ने राधाकृष्णन जी के शैक्षिक जीवन से राष्ट्रपति बनने के सफर के इतिहास प्रकाश डाला। बघेल सर ने पढ़ने का गुर बताया कि कैसे कम समय में तैयारी करके सफलता प्राप्त करे। बाघ से कहा की मेहनत करने वालो को सफलता एक दिन में नही लेकिन एक दिन जरूर मिलता है। इस दौरान बच्चो ने भाषण, एवम कविताएं भी प्रस्तुत किए। विभिन्न खेल का आयोजन कर केक काटकर कार्यक्रम में अतिथियों को बच्चो के द्वारा उपहार भेंट किए गए। और विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं से संबंधित पुस्तक और कॉपी निशुल्क प्रदान किए गया। इस प्रकार समारोह सफल रहा आभार व्यक्त एकेडमी के छात्रा कुमारी धारिणी साहू ने किया। इस दौरान छात्र छात्राओं में दीपिका यादव, दीपिका सहारे, हेमा, राजेश, राकेश, प्रीति कौशिक, सोनू सेन, यामिनी साहू, भावना रामटेके, ज्योति साहू, हेमप्रभा, हितेश ठाकुर, मोहम्मद अनस खान आदि 100 से भी अधिक छात्र लोग उपस्थिति रहे।

संपादकीय

## सारे अंधविश्वास खत्म हों!

देश भर में प्रकारान्तर से अनेक तरह के अंधविश्वास हैं जिनसे छत्तीसगढ़ भी अछूता नहीं है। भूत-प्रेत, जादू-टोना, झाड़-फूंक, टोनही आदि में लोगों का बड़ा विश्वास है। लोगों को इनके अस्तित्व में इतना भरोसा है कि बहुत सी बीमारियों का इलाज वे योग्य चिकित्सकों की बजाये बैगा या झाड़-फूंक करने वालों से कराते हैं। सुदूर इलाकों में लोग अपनी समस्याओं का समाधान अपनी परम्परागत मान्यताओं के अनुरूप पाने की कोशिशें करते हैं। कई लोगों का दावा है कि उन्हें इसका फायदा मिलता है तो वहीं आधुनिक व वैज्ञानिक जीवन प्रणाली में भरोसा करने वाले लोग इसे मान्य नहीं करते।

कोरबा जिले के पसान थाना के अंतर्गत सिर्री गांव के एक निवासी इतवार सिंह गोंड़ की हत्या कर दी गई। पुलिस जांच से पता चला कि गांव के ही रहने वाले रामकुमार की पत्नी जयकुंवर अक्सर बीमार रहती थी। उन्हें शक हो गया कि इतवार सिंह और उसकी पत्नी आशा के जादू-टोना करने से ऐसा हो रहा है। पिछले महीने जयकुंवर की मौत हो जाने से उसका शक पक्का हो गया। उसने मौका पाकर रविवार को उसकी हत्या कर दी। आशा भी गम्भीर रूप से घायल हो गई। उसके बयान से ही रामकुमार के इस हत्या में हाथ होने का पता चला। उधर नारायणपुर से कुछ दूर पर बसे गांव मालिंगनार में 31 अगस्त की रात गांडोराम सलाम की हत्या हो गई। तफ्तीश से ज्ञात हुआ कि बेलगुर सलाम व बिहारी सलाम ने उसकी हत्या कर दी क्योंकि उन्हें शक था कि वह जादू-टोना करता है कुछ अरसा पूर्व मुंगेली के विचारपुर गांव में एक महिला की राधे यादव नामक उसके दिव्यांग भतीजे ने एक साथी की मदद से हत्या कर दी। उसे शक था कि उसकी चाची टोनही है और उसके जादू-टोना करने से उसके पिता व भाभी की मौत हुई है।

राज्य में इस तरह के कई अंधविश्वास प्रचलित हैं। गांव की किसी महिला या पुरुष आदि के बारे में धारणा बन जाती है कि उन्हें जादू-टोना आता है जिसके कारण वह किसी को बीमार कर सकते हैं या मार सकते हैं। किसी को अचानक कोई बीमारी होने या उसके मर जाने पर ऐसे ही किसी व्यक्ति को जिम्मेदार बतलाया जाता है। बतलाने वाला भी कोई ऐसा ही शख्स होता है जो लोगों की झाड़-फूंक करता हो। इसके कारण उस व्यक्ति की प्रताड़ना होती है। कई बार जान भी गंवानी पड़ती है। यह भी होता है कि कई बार आपसी रंजिश निकालने या किसी को घर-जमीन से बेदखल करने के लिये भी ऐसा किया जाता है।

इस बाबत व्याप्त अंधविश्वास को दूर करने के लिये प्रदेश सरकार और कई सामाजिक संगठन लोगों को जागरूक कर रहे हैं। इस जागरूकता अभियान को और सघनतापूर्वक चलाने की आवश्यकता है ताकि किसी की हत्या न हो।

उल्टा पुल्टा

नासा ने संता को चांद पर भेजने का फैसला किया। मगर संता आधे रास्ते से ही वापस आ गया।
संता ने कहा- आज तो अमावस है ना, चांद तो होगा ही नहीं।

# संकल्प शिविर में पहुंचे दीपक बैज, कांग्रेसियो को शपथ दिला गए

## कांग्रेस का संकल्प शिविर कृषि उपज मंडी में मुख्यमंत्री दिलाने वाले थे संकल्प, मगर तबीयत बिगड़ने के कारण नहीं पहुंचे नवापारा-राजिम

**नवापारा-राजिम,** 6 सितंबर (देशबन्धु)। नवापारा कृषि उपज मंडी प्रांगण में कांग्रेस का विधानसभा स्तरीय संकल्प शिविर का आयोजन हुआ। इस संकल्प शिविर में मुख्यमंत्री भूपेश बघेल आने वाले थे परंतु उनके अचानक तबियत खराब हो जाने की वजह से वे नही पहुंच पाए। संकल्प शिविर में बस्तर सांसद प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष दीपक बैज, विधायक धनेंद्र साहू के अलावा कांग्रेस नेता सुरेंद्र शर्मा, राजेश तिवारी, विनोद वर्मा मौजूद थे। मंडी परिसर कांग्रेस कार्यकर्ताओं से खचाखच भरा हुआ था। मंच पर पहुंचते ही श्री बैज ने कार्यकर्ताओं में जोश भरते हुए शपथ दिलाया कि जिसे टिकट मिलेगा उसके लिए हम सब मिलकर काम करेंगे और जिताएंगे भी। उन्होने पूछा कि इस क्षेत्र से कितने लोग टिकट की मांग किए है? बताया 10 लोग। फिर बैज ने कहा कि टिकट तो किसी एक को मिलेगा बाकी लोगो को एक हो करके काम करना है। उन्होने पूछा कि काम करोगे न? सभी लोग हां में हां मिलाया। उन्होने कहा कि संकल्प शिविर का आयोजन प्रदेश के पूरे 90 विधानसभा क्षेत्रो में होने जा रहा है और यह आयोजन चुनावी रणनीति और मजबूती के लिए हो रहा है, बूथ स्तर में मजबूत होना जरूरी है। जब बूथ जीतेंगे तो विधानसभा जीतेंगे और जब विधानसभा जीतेंगे तो सरकार बनेगी। अभी तो पांच साल का मौका मिला आगे पांच साल का और मौका मिलेगा तो छत्तीसगढ़ की तकदीर और तस्वीर बदल जाएगी। इस बार 75 सीटो का लक्ष्य लेकर चल रहे है। राज्य के सीएम भूपेश बघेल की सरकार बहुत बढ़िया बेहतर काम कर रही है। किसान, मजदूरो से लेकर सभी वर्ग के लोग खुश है। आप लोग जब गांव में वोट मांगने जाएंगे तो सिर को झुकाने की जरूरत नही पड़ेगी क्योंकि भूपेश सरकार ने बहुत अच्छा काम किया है। 15 वर्षो तक जब भाजपा की सरकार थी तो 15 हजार लोग भी गरीबी रेखा से ऊपर नही आए और कांग्रेस की पांच साल की सरकार में 40 लाख परिवार गरीबी रेखा से ऊपर आ गए। सरकार ने किसानो का कर्जा माफकिया, 2640 रूपए में धान खरीदी और 2500 रूपए बेरोजगारी भत्ता दे रहे है। ऐसी योजना आज तक कभी नही हुआ था। सरकार के सभी विभागो में पद खाली थे क्योंकि उनके पास पैसे नही थे और हमारी जब सरकार बनी तो सभी पदो में भरने का काम हमने किया है। भाजपा सरकार में आए दिन किसान आत्महत्या करने के लिए विवश होते थे। आज कांग्रेस की सरकार को पांच साल हो गया भूख से एक भी किसान नही मरे। बताया कि बस्तर लोकसभा से वे चुनकर आए है ऐसा 23 साल बाद हुआ है जब कांग्रेस के सांसद बस्तर से बना है। भाजपा शासन में आदिवासियो को गोली मार कर नक्सली वर्दी पहना देते थे। बस्तर जल रहा था अब बस्तर शांति की ओर लौट रहा है। भाजपा के लोग कांग्रेस सरकार और सीएम को बदनाम करने में लगे हुए है ऐसा वे डराने के लिए कर रहे है। ये कांग्रेस पार्टी इंदिरा, राजीव गांधी की पार्टी है, हम डरने वाले नही है। जब अंग्रेजो से नही डरे तो भाजपा से क्या डरेंगे। भाजपा छत्तीसगढ़ को धर्म और जाति के आधार पर बांटना चाहती है। सत्ता के भूखे लोग है ये। हमारा मकसद सत्ता पाना नही है बल्कि गरीबो की किसानो की सेवा करना हमारा मकसद है। छत्तीसगढ़ में नरेंद्र मोदी, अमित शाह आते है और झूठ बोलकर चले जाते है। कहा कि ये चुनाव मामूली चुनाव नही है जी जान से मेहनत करने की जरूरत है हमें। कांग्रेस पार्टी में कोई कार्यकर्ता बड़ा और छोटा नही है सब एक समान है। आपके दम पर ही हम छत्तीसगढ़ में फिर से सरकार बनाएंगे।



**जिसे टिकट मिलेगा उसके लिए हम सब मिलकर काम करेंगे**

इस अवसर पर विधायक धनेंद्र साहू ने कहा कि अभनपुर विधानसभा क्षेत्र के कार्यकर्ता परीक्षा की घड़ी में हमेशा खरा उतरते आए है। हमेशा कांग्रेस को जिता रहे है। यहां से संकल्प लेकर जाएं और हर बूथो में ध्यान दे विशेष रूप से जो हमारे लिए पीछे होने वाला बूथ है उसमें जरा ज्यादा ध्यान दे। बूथ स्तर पे लड़ना है, इसे मजबूत करना है। विधायक श्री साहू ने सीएम भूपेश बघेल की तारीफकरते हुए कहा कि गढ़बो नवा छत्तीसगढ़ का नारा देते हुए सचमुच में छत्तीसगढ़ का समुचित विकास सीएम बघेल ने किया है। उन्होने हर व्यक्तियों के हैसियत का विकास किया है। धान खरीदी, कर्जा माफी, भूमिहीन मजदूरो को 7 हजार रूपए, युवाओं को 2500 रूपए सहित हर वर्ग का विकास किया गया है। उन्होने बताया कि अभनपुर विधानसभा क्षेत्र में 11 अरब 73 करोड़ 68 लाख रूपए का काम हुआ है। विकास का नया कीर्तिमान स्थापित हुआ है और यह तब संभव हुआ जब कांग्रेस की सरकार बनी। यहां अनुभव और वरिष्ठता के साथ विकास का काम हुआ है। बताना चाहूंगा कि इस नवापारा शहर में ही 68 करोड़ रूपए का काम हुआ है। सभी का आशीर्वाद लगातार मिला है। आपके बदौलत हम काम करने में सफल हो रहे है। यह आप सभी का प्रेम और स्नेह का प्रतिफल है। कार्यक्रम को राजेश तिवारी, विनोद वर्मा, पालिकाध्यक्ष धनराज मध्यानी, ब्लाक कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष सौरभ शर्मा ने भी संबोधित किया। आभार सुरेंद्र शर्मा ने किया। प्रारंभ में गज माला से प्रदेश अध्यक्ष दीपक बैज व विधायक धनेंद्र साहू का स्वागत कार्यकर्ताओं ने किया।

कार्यक्रम में प्रदेश कांग्रेस कमेटी के सचिव प्रवीण साहू, राजीव युवा मितान क्लब के जिला समन्वयक यशवंत साहू, पालिकाध्यक्ष धनराज मध्यानी, पूर्व उपाध्यक्ष जीत सिंग, जिला कांग्रेस कमेटी के उपाध्यक्ष चंद्रहास साहू, ब्लाक कांग्रेस कमेटी नवापारा के अध्यक्ष सौरभ शर्मा, मंडी अध्यक्ष गोपेश >> शेष पृष्ठ 9 पर >

## राज्य स्तरीय वालीबॉल स्पर्धा में अमन पटेल का चयन

**बलौदाबाजार,** 6 सितंबर (देशबन्धु)। शालेय क्रीडा के अंतर्गत राज्य स्तरीय वॉलीबॉल स्पर्धा में ग्राम कुथरौद के अमन पटेल का चयन होने पर क्षेत्र के वॉलीबॉल प्रेमियों में हर्ष व्याप्त है। प्राप्त जानकारी अनुसार 7 से 10 सितंबर तक महासमुंद में आयोजित उक्त स्पर्धा में पांच संभाग रायपुर, दुर्ग, बिलासपुर, बस्तर और सरगुजा की बालक-बालिकाओं की टीमे भाग लेंगे। बलौदा बाजार जिला वालीबाल संघ के सह सचिव, कोच एवं व्यायाम शिक्षक व अमन के पिता वीरेंद्र पटेल ने बताया कि आदित्य बिरला पब्लिक स्कूल हिरमी के कक्षा छठवीं में अध्यनरत अमन का अंडर 14 वर्ष बालक आयु वर्ग में चयन हुआ है, जो की रायपुर संभाग का प्रतिनिधित्व करेंगे। इस उपलब्धि पर आदित्य बिरला पब्लिक स्कूल हिरमी के प्राचार्य इंद्रजीत पाध्ये, एस.के.शर्मा, बलौदा बाजार एथलेटिक संघ के सचिव हृदयनंद साहू, व्यायाम शिक्षक एच.एस.राजपूत, प्रिया रवानी एवं समस्त शिक्षक-शिक्षिकाओं सहित चंद्रशेखर पटेल, व जितेंद्र पटेल ने शुभकामनाएं दी है।



## खबर प्रकाशन के बाद तेंदूपत्ता संग्राहकों को मिला बोनस, खबर का हुआ असर

**बलौदाबाजार,** 6 सितंबर (देशबन्धु)। विगत दिवस तेंदूपत्ता संग्राहको को सत्र 2021-22 का बोनस प्रमाण पत्र तो दे दिया गया था लेकिन संग्राहको के खाता में सत्र 2022 का बोनस की राशि नही मिला था जिसके बाद तेंदूपत्ता संग्राहक लगातार वन विभाग के चक्कर काट रहें थे। जिसकी जानकारी मीडिया को होने के बाद मामले की सूचना डीएफओ मयंक अग्रवाल के संज्ञान में लाकर खबर का प्रकाशन किया था। जिसपर डीएफओ ने जल्द भुगतान होने की बात कही थी इधर खबर का प्रकाशन होने के तुरंत बाद ही वन विभाग हरकत में आया और संग्राहकों के अनुसार बकाया बोनस की राशि 60 तेंदूपत्ता संग्राहक समिति के 55 हजार 880 तेंदूपत्ता हितग्राहियों को पारिश्रमिक के रूप में बकाया बोनस का कुल 14 करोड़ 20 लाख 90 हजार रुपये का लगभग भुगतान कर दिया गया। इधर भुगतान होने पर तेंदूपत्ता संग्राहक संघ जिला बलौदाबाजार के सदस्य लोक नाथ रात्रे, मोहन सिंह भारद्वाज, >> शेष पृष्ठ 9 पर >

## गौरीशंकर को पुन: टिकट देने की मांग भाजपा पदाधिकारियों ने की



**कसडोल/बलौदाबाजार,** 6 सितंबर (देशबन्धु)। कसडोल विधानसभा क्षेत्र के करीब 4 सौ भाजपा कार्यकर्ताओं ने रविवार को कुशाभाऊ ठाकरे भाजपा कार्यालय रायपुर में पहुंचकर भाजपा के छत्तीसगढ़ प्रभारी ओ पी माथुर, अजय जामवाल छत्तीसगढ़ संगठन क्षेत्रीय प्रभारी, पवन साय संगठन महामंत्री छत्तीसगढ़, एवम् प्रदेश अध्यक्ष अरुण साव से भेंट कर >> शेष पृष्ठ 9 पर >

## मिनीमाता महतारी जतन योजना से लाभान्वित हो रही महिलाएं : विनोद

**महासमुंद,** 6 सितंबर (देशबन्धु)। संसदीय सचिव व विधायक विनोद सेवनलाल चंद्राकर ने कहा कि प्रदेश सरकार की मिनी माता महतारी जतन योजना से महिलाएं लाभान्वित हो रही है। सरकार गर्भवती महिलाओं की संस्थागत डिलीवरी के लिए 20 हजार की सहायता देती है। उन्होंने कहा कि बेहतर स्वास्थ्य सुविधाओं का लाभ दिलाने प्रदेश सरकार हरसंभव प्रयास कर रही है।

संसदीय सचिव श्री चंद्राकर ने कहा कि छत्तीसगढ़ में भूपेश सरकार द्वारा बेहतर स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ जनता तक पहुंचाने का प्रयास किया जा रहा है। छत्तीसगढ़ सरकार द्वारा गर्भवती महिलाओ को सहायता देने के लिए मिनीमाता महतारी जतन योजना की शुरुआत की गई है। इस योजना के माध्यम से उन गर्भवती महिलाओ को सहायता प्रदान कराई जा रही है, जो भवन निर्माण तथा असंगठित क्षेत्र में निर्माण के कार्य में मजदूरी करती है या जिनके पति मजदूरी करते हैं। इस योजना के तहत अब तक प्रदेश में हजारों महिलाएं लाभान्वित हो चुकी है। संसदीय सचिव श्री चंद्राकर ने कहा कि विभिन्न योजनाओं के माध्यम से स्वास्थ्य सुविधाओं में विस्तार किया जा रहा है। शहरी क्षेत्रों में मुख्यमंत्री स्वास्थ्य स्लम योजनाए महिलाओं के लिए दाई.दीदी क्लीनिक, उपचार सहायता के लिए डॉ खूबचंद बघेल स्वास्थ्य सहायता योजना, सस्ती दवाओं के लिए धन्वंतरी जेनेरिक मेडिकल स्टोर योजना के साथ अन्य स्वास्थ्य योजनाओं से बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध हो रही है।



उन्होंने कहा कि महंगी होती स्वास्थ्य सेवाओं को गरीब से गरीब व्यक्ति की पहुंच में लाने का प्रयास राज्य सरकार द्वारा किया जा रहा है। इसी तारतम्य में धन्वंतरि मेडिकल स्टोर योजना का शुभारंभ किया गया है। यहां जेनेरिक दवाइयां 50 फीसदी कम कीमत के साथ ही गुणवत्तापूर्ण दवाइयां उपलब्ध हो रही है।

## शिक्षक न केवल पाठग्रंथों के ज्ञाता होते हैं, बल्कि वास्तविक जीवन के मूल्यों के भी ज्ञाता होते हैं : रंजना

**धमतरी,** 6 सितंबर (देशबन्धु)। शिक्षक दिवस के दिन अपने गुरु के प्रति भाव प्रकट कर उनके प्रति आदर व्यक्त करने का ऐसा पर्व है जिसे समूचे देश में मनाने की परंपरा है, देश के पहले उपराष्ट्रपति महान शिक्षाविद भारत रत्न डॉ सर्वपल्ली राधाकृष्णन जी को समर्पित इस दिन की अपनी विशेष महत्ता है।

इसी पर्व पर धमतरी विधायक रंजना साहू ने गुरु शिष्य की परंपरा का अनुसरण करते हुए अपने गुरुजन शासकीय महाविद्यालय के सेवानिवृत प्राचार्य डॉ अनंत दीक्षित सर जी, गर्ल्स स्कूल के सेवानिवृत प्राचार्य एच एल सिन्हा सर जी एवं महाविद्यालय के सहायक प्राध्यापक श्रीमती चंद्रिका साहू जी से उनके निवास पहुंच भेंट कर आशीर्वाद प्राप्त किया, अपने गुरुजनों का कुशलक्षेम जानकर विभिन्न विषयों में गुरुजनों से विधायक ने मार्गदर्शन लिए।



**उच्च संस्कारों को परिलक्षित करते हुए शिक्षक दिवस पर अपने शिक्षकों से आशीर्वाद लेने पहुंची विधायक**

विधायक ने कहा कि शिक्षक राष्ट्र के निर्माता होते हैं, जोकि ज्ञानदीप से विद्यार्थियों का जीवन प्रकाशित करता है, यह दिन हमारे शिक्षकों को समर्पित है, उन गुरुओं को जिन्होंने हमें ज्ञान, समझ और आत्म-समर्पण की सीख दिए, शिक्षक न केवल पाठग्रंथों के ज्ञाता होते हैं, बल्कि वास्तविक जीवन के मूल्यों के भी ज्ञाता होते हैं। शिक्षक वो मार्गदर्शक होते हैं, जो हमें सफलता की ओर बढ़ने के लिए प्रेरित करते हैं, शिक्षक न सिर्फ पढ़ाते है, बल्कि जीवन के महत्वपूर्ण उद्देश्यों को सीखते हैं।

श्रीमती साहू ने कहा कि एक कहावत है गुरु बिना जीवन अंधकार के समान होता है यह कहावत सत्य है, क्योंकि इस संसार में जीवन को सही राह दिखाने के लिए गुरु की आवश्यकता होती है, उनके बिना जीवन निराधार होता है, मैं उन सभी गुरुचरणों को वंदन करती हूं जिन्होंने मुझे सही राह दिखाकर आगे बढ़ाने के लिए प्रोत्साहित किए।

## शिक्षक दिवस पर एसबीआई में हुआ स्वागत कार्यक्रम

**महासमुंद,** 6 सितंबर (देशबन्धु)। भारतीय स्टेट बैंक की समस्त शाखाओं की तरफ से 05 सितंबर को शिक्षक दिवस के अवसर पर शहर के स्टेशन रोड स्थित होटल अकाशिया में शिक्षकों का स्वागत एवं अभिनंदन समारोह आयोजित किया गया। इस दौरान मुख्य शाखा महासमुंद के मुख्य प्रबंधक शिवाजी गर्ग द्वारा शिक्षकों एंव जीवन में उनके उत्कृष्ट स्थान तथा उनका जीवन के बारे में चर्चा करते हुए बताया गया कि गुरू ब्रम्हा के समान है। इसी तारतम्य में गर्ग ने बैंक संबंधित योजनाओ के बारे में विस्तार से बताया। मुख्यत: विस्तृत रूप से कार्यक्रम को आगे बढ़ाते हुए क्षेत्रीय कार्यालय से आए हुए अधिकारीगणों ने एसबीआई से सैलरी पैकेज खाते के फायदे के बारे में बताया। अन्य निवेश किए जाने वाले जैसे म्युचुअल फंड के बारे में जानकारी दी गई। इस विशेष उपलक्ष्य पर शासकीय महाप्रभु वल्लभाचार्य के प्राचार्य डॉ अनुसुइया अग्रवाल, डीएमएस स्कूल के प्राचार्य केके शुक्ला, चमन चंद्राकर, हेमेंद्र आचार्य, सविता चंद्राकर, गुरप्रीत कौर, आरके तिवारी, महेंद्र जैन एवं अन्य शिक्षकगण तथा भारतीय स्टेट बैंक के मुख्य शाखा डीबीयू शाखा एवं कलेक्टोरेट रोड शाखा के प्रबंधक एवं स्टेट बैंक अधिकारी.कर्मचारी मौजूद रहे।



## सिंधु समाज ने मनाया थधड़ी पर्व



**नवापारा राजिम,** 6 सितंबर (देशबन्धु)। आज नगर के सिंध समाज द्वारा प्रत्येक घर में थधड़ी महापर्व धूमधाम से मनाया गया. थधड़ी का अर्थ शीतल होता है एवं शीतला माता की पूजा की जाती है समाज की महिलाओं ने कल 5 सितंबर को अपने-अपने घर में विभिन्न प्रकार के व्यंजन जैसे मीठी कोकी नमकीन कोकी दही बड़ा रायता टमाटर की चटनी भिंडी करेला तथा अन्य कई व्यंजन बनाएं जिसे आज बुधवार 6 सितंबर को खाया जाएगा. आज किसी भी घर में चूल्हा ना जलाकर ठंडी रोटी खाना ही खाया जाएगा. यह पर्व समाज द्वारा कई पीढियों से देवी मां को प्रसन्न करने हेतु मनाया जाता है जिससे घर में उत्तम स्वास्थ्य एवं शांति बनी रहे. महिला मंडल की सदस्यों प्रियंका सचदेव लता मध्यानी ज्योति ऐसानी कंचन लालवानी मधु आयलसिंघानी भावना सचदेव, लता मेघवानी सुनीता पंजवानी एकता साधवानी, सोनिया पोपटानी रश्मि जगवानी आदि सभी महिलाओं ने आज मंदिर में जाकर मां शीतला की पूजा अर्चना कर सभी को बधाई दी है.

## 12 दिन हो गए पानी छोड़े लेकिन अभी तक कई गांवों में नहीं पहुंचा पानी

**महासमुंद,** 6 सितंबर (देशबन्धु)। ग्राम कोसरंगी, बोरियाझर, झलखमरिय, सिरगिड़ी, जामली, केशवा, सालेभाठा, मोंगरा, लभरा के किसान केशवा नाला जलासय से पानी 10-12 दिन से पानी छोड़ा गया है परंतु अभी तक पानी इन गावों में नहीं पहुंच पाया है जिस संबंध में सिंचाई विभाग से बार बार निवेदन किया गया उनके द्वारा यह कहकर टाला जाता है स्टाफ नही है पी गैंग रिटायर हो गए है शासन से हमे इस पर खर्च करने के लिए कोई व्यवस्था नही है किसानों को कहते है आप लोग सहयोग करे तभी पानी मिल पाएगा। नहर की स्तिथि इतनी खराब है की थोड़ा भी अधिक चूड़ी खोला जाता है तो नहर जगह-जगह से फूट जाता है गर्मी मैं मरम्मत का काम किया जाना चाहिए परंतु अधिकारी द्वारा ये काम नही कराया जाता। नाली की मरम्मत नहीं होने के कारण टेल गांव में पानी नहीं पहुंच पाता स्टाफनही है कहकर बहाना बनाते है।



**भाजपाइयों के साथ किसान पहुंचे कलेक्टोरेट**

इस संबंध में चर्चा करने के लिए डिप्टी कलेक्टर श्री वर्मा से मिले तथा जल संसाधन विभाग के ई श्री यादव से मिलकर किसानों के खेतो में पानी पहुंचने के बारे में चर्चा किया गया। उनके द्वारा तत्काल पानी पहुंचने का आश्वासन दिया गया।

इस संबंध में पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष प्रकाश चंद्राकर, ग्रामीण मंडल अध्यक्ष श्याम साकरकर, प्रेम चंद्राकर, राजू यादव, दिग्विजय साहू, संतोष वर्मा, संदीप घोष, अरुण साहू, भगवती भोई, देव साहू, रामा नंद चंद्राकर, राम साय ढीमर, रमन साहू, ललित धुव, राज कुमार साहू, भेख लाल, नीलमलकर, दया साहू, भूनेशर यादव, कुमार साहू, कमलेश नेताम, कृष्णा नेताम, मनोहर धूव, नानिल लाल निषाद, चिंता लाल यादव, रिखी राम साहू, मुरारी साहू, छगन साहू, केशव साहू अनेक किसान कलेक्ट्रेट अपनी समस्या को लेकर आए थे।

## मुख्यमंत्री शिक्षा गौरव अलंकरण समारोह संपन्न

■ उत्कृष्ट कार्य करने वाले शिक्षकों एवं सेवा निवृत्त शिक्षकों को किया गया सम्मानित



**धमतरी,** 6 सितम्बर (देशबन्धु)। डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन के जन्मदिन शिक्षक दिवस के अवसर पर आज जिला मुख्यालय में मुख्यमंत्री शिक्षा गौरव अलंकरण समारोह का आयोजन जिला मुख्यालय स्थित हरदिहा साहू समाज भवन किया गया। मुख्य अतिथि महापौर नगरनिगम धमतरी विजय देवांगन ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि शिक्षक ही वह प्रकाश है, जो हमें अज्ञानता रूपी अंधकार से ज्ञान रूपी प्रकाश की ओर जाने का मार्ग बताता है। शिक्षक बच्चों के भविष्य को बनाने सदैव तत्पर रहते हैं। इस अवसर पर उन्होंने डॉक्टर सर्वपल्ली राधाकृष्णन के जीवनी पर विस्तृत प्रकाश डाला। वहीं दिव्यांगजन कल्याण बार्ड के अध्यक्ष मोहन लालवानी ने कहा कि गुरू ऐसे होते हैं, जो बच्चों के भविष्य को गढ़ने का काम करते हैं। बच्चों को शिक्षा के बल पर उच्च पदों पर आसीन करने में बेहद योगदान शिक्षकों का ही होता है, इसलिए शिक्षा के बिना जीवन अधूरा माना गया है। वहीं शरद लोहाना ने उपस्थित सभी गुरूजनों को शिक्षक दिवस की बधाई व शुभकामनाएं दी। इस अवसर पर जिला शिक्षा अधिकारी बृजेश बाजपाई, सहायक संचालक शिक्षा लक्ष्मण राव मगर, बीईओ रविन्द्र मिश्रा, अमित तिवारी के अलावा अन्य अधिकारी एवं शिक्षकवृंद उपस्थित थे।

कार्यक्रम में मुख्यमत्री शिक्षा गौरव अलंकरण पुरस्कार 2023 के तहत विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट कार्य करने वाले शिक्षकों को सम्मानित किया गया। विकासखण्ड स्तर पर चयनित प्राथमिक शाला के 12 शिक्षकों को पांच हजार रूपये, श्रीफल और प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया जाएगा। इनमें श्री राकेश कुमार चन्द्राकर शि (एल.बी) धौराभांठा, श्रीमती महेश्वरी सिन्हा सशि (एलबी) मुड़पार, नेमलाल गंगेले जुनवानी, चेतनलाल साहू सशि (एसबी) चर्रा, थनेन्द्र कुमार साहू सशि (एलबी) अछोटी, हरेन्द्र साहू स.शि (एलबी) कोण्डापार, अशोक कुमार साहू .शि. (एलबी) मेघा, कौशल सेन सशि (एलबी) अमलीडीह, श्रीमती नेमिन साहू, सशि (एलबी) गिरौद, भरत राम मालिया शि.(एलबी) गायतापारा, सुश्री चंद्रकुमारी नवरंगे स.शि. (एल.बी) अमाली, श्रीमती श्रद्धा गोस्वामी स. शि (एल.बी) खमनापारा को शिक्षादूत पुरस्कार से सम्मानित किया गया। इसी तरह जिला स्तर पर चयनित माध्यमिक शाला के 03 शिक्षकों लीलाराम कुर्रे शिक्षक (एलबी) भेण्डरवानी, श्रीमती कुमारी साहू शिक्षक (एल.बी) करेली छोटी, प्रहलाद राम साहू शिक्षक (एलबी) उमरगांव को सात हजार रूपये, श्रीफल एवं प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। इसी प्रकार जिले में मुख्यमंत्री शिक्षा गौरव अंलकरण योजनांतर्ग विकासखंड स्तर पर उत्कृष्ट कार्य करने वाले प्राथमिक एवं माध्यमिक शाला के प्रधानपाठकों, शिक्षा श्री पुरूस्कार से शिक्षकों, उत्कृष्ट कार्य करने वाले प्राचार्यो, शिक्षकों और सेवानिवृत्त शिक्षकों को श्रीफल से सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का संचालन श्री हरिश देवांगन ने किया।

## विधायक ने नेता प्रतिपक्ष व पार्षद के साथ विद्युत शवदाह गृह का किया निरीक्षण, अनियमितता देख भड़की विधायक



**धमतरी,** 6 सितम्बर (देशबन्धु)। धमतरी नगर निगम के शांति घाट में निर्माणाधीन विद्युत शवदाह गृह का जायजा लेने क्षेत्र की विधायक रंजना डीपेंद्र साहू नगर पालिका निगम नेता प्रतिपक्ष नरेंद्र रोहरा, आमापारा वार्ड पार्षद विजय मोटवानी, वार्ड पार्षद श्यामलाल नेताम पहुंचे, जहां पर निर्माण दिन विद्युत शवदाह गृह की वास्तुस्तिथि देख उपस्थित अधिकारियों के शवदाह गृह के निर्माण की पूरी जानकारी मांगी। वास्तविक स्थिति के दौरान देखा गया कि विद्युत शवदाह गृह जो गैस संचालित होना था, जो मशीनरी लगी है उसमे कंपनी का नाम एवम् लोगो नही है, और विद्युत शवदाह गृह जो डिजाइन से बनाना चाहिए था वह उसके विपरीत बनाया गया है, उपस्थित अधिकारियों को पूछने पर बताया कि कंपनी को नोटिस देने के उपरांत कार्य पूर्ण होने के बाद लोगो मोनो लगाने की बात कही गई, जबकि नियम अनुसार कंपनी के नाम वाला लगाना था बाद में तो कोई भी लोगो लगाया जा सकता है । इस पर विधायक रंजना डीपेंद्र साहू ने बताया कि जिस समय पूरे विश्व में वैश्विक महामारी कोरोना में वृहद आपदा छाई हुई थी, उस समय कोरोना काल में जनसुविधा को ध्यान में रखते हुए केंद्र सरकार व राज्य सरकार के द्वारा शव को गैस के माध्यम से जलाने के लिए शांति घाट निर्माण की जाने के लिए लाखों रुपए की राशि आबंटित की गई। किंतु विद्युत शवदाह का निर्माण अनियमितता के भेंट चढ़ गया। नेता प्रतिशत नरेंद्र रोहरा ने अनियमितता देख अधिकारियों को सचेत कर कहा की जनकल्याणकारी योजनाओं के क्रियान्वयन में कोताही ना बररते हुए सम्मान पूरा कार्य को संपादित करें जो जनसुविधा के लिए उपयोगी हो, किंतु मोक्ष द्वार शांति घाट जैसे स्थान में अनियमितता बरतना शोभा नहीं देता। पार्षद विजय मोटवानी एवं श्यामलाल नेताम ने शवदाह गृह में हुए अनियमितता की जांच कर दोषी व्यक्ति पर कार्रवाई किए जाने की बात कही।

## शिनाख्ती के 48 घंटे के भीतर हत्या का आरोपी गिरफ्तार

**महासमुंद,**6 सितंबर (देशबंधु)। खल्लारी थाना क्षेत्र के अंतर्गत अज्ञात महिला के हत्या के मामले में आरोपी ग्राम खट्टी के अंतर्गत भाठापारा मुहल्ले का निवासी निकला पुलिस ने धारा 302 के अंतर्गत आरोपी 40 वर्षीय लोकेश साहू पिता रमन साहू को गिरफ्तार कर लिया है। उन्होंने अपना अपराध स्वीकार कर लिया है। उसने पुलिस को बताया कि मृतिका के साथ उनका अवैध संबंध था और वह साथ रखने दबाव बना रही थी। जंगल में अज्ञात महिला की लाश मिली थी जिसकी शिनाख्ती 48 घंटे पूर्व ही हुई थी। पुलिस से जारी प्रेस नोट के मुताबिक खल्लारी थाना क्षेत्र के ढोड़ धरमपुर मार्ग में जंगल पर एक अज्ञात महिला का शव बरामद हुआ था। पतासाजी के दौरान महिला की शिनाख्त रायपुर के थाना खमतराई निवासी 42 वर्षीय रूपा लहरे पति डिगेश्वर लहरे के रूप में हुई थी। महिला का किसी ठोस भोथरे वस्तु से प्राणघातक हमला कर हत्या किया गया था। शार्ट पीएम में हत्या की पुष्टि हुई थी इस पर अलग-अलग टीम बनाकर विवेचना किया जा रहा था। जांच में आसपास के सीसी टीवी फुटेज में उस महिला को एक व्यक्ति के साथ देखा गया। इस आधार पर जांच की गई तो उक्त आरोपी ग्राम खट्टी का निवासी निकला। जिसे गिरफ्तार कर पूछताछ की गई तो उसने अपना अपराध स्वीकार कर लिया। उक्त कार्रवाई एसपी धर्मेन्द्र सिंह के मार्गदर्शन में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक आकाश राव, अनुविभागीय अधिकारी पुलिस श्रीमती मंजूलता बाज के निर्देशन में थाना प्रभारी इंद्रभूषण सिंह, प्रवीण शुक्ला, सुशील शर्मा, सुरेंद्र जगत, महेंद्र यादव, गेंदधर साहू, हेमंत भोई, हीरालाल अपोनिया, अतुल मरावी, केदार, नंदकुमार सिदार आदि की भूमिका रही।



## छात्राओं ने मतदाता जागरूकता रंगोली बनाकर मतदान करने का दिया संदेश

**महासमुंद,**6 सितंबर (देशबंधु)। जिले के हर वर्ग के मतदाताओं को जागरूक करने और अपने मताधिकार का सुगमता से इस्तेमाल करने के लिए गठित जिला स्तरीय स्वीप कोर कमेटी के विभिन्न विभागों के जिला स्तरीय अधिकारियों को जिम्मेदारी दी गई है। इन विभागों के अधिकारियों द्वारा सार्थक पहल की जा रही है। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी प्रभात मलिक द्वारा सामान्य मतदाताओं के अलावा युवा, दिव्यांगजन और थर्ड जेंडर के मतदाताओं पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है। साप्ताहिक हाट.बाजार में ग्रामीणों को ईव्हीएम व व्हीव्हीपेट मशीन की कार्यप्रणाली के बारे में बारीकि से जानकारी दी गई। जिले में विभिन्न कार्यक्रमों के जरिए लोगों को अधिक से अधिक आगामी विधानसभा निर्वाचन में मतदान करने के लिए प्रेरित किया जा रहा है। इसी कड़ी मे मंगलवार को शासकीय महाविद्यालय बसना की छात्राओं द्वारा मतदाता जागरूकता रंगोली बनाकर मतदान करने का संदेश दिया। इसी प्रकार अंतर्राष्ट्रीय साक्षरता सप्ताह के अंतर्गत पिथौरा विकासखंड के बीएड, कॉलेज जांघोरा की छात्राओं व शिक्षकों द्वारा मतदान की शपथ ली गई। इसी तरह ठाकुरदिया कला में मितानिन, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, स्वसहायता समूह तथा माताओं को मतदान संबधी जानकारी दी गयी व शत प्रतिशत मतदान करने की शपथ दिलाई गई तथा 18 वर्ष से अधिक उम्र वाले युवकों को मतदान सूची में नाम जुड़वा कर मताधिकार का प्रयोग करने को कहा।




## माताओं ने संतान की लंबी आयु के लिए रखा व्रत, की सगरी पूजा

**महासमुंद,6 सितंबर ( देशबंधु )। अंचल में हलष्टी पर मताएं व्रत रखकर सगरी** की पूजन किया। इस मौके पर सगरी बनाकर सजाया गया था। नगर के गायत्री मंदिर, राम मंदिर समेत अनेक स्थानों पर कमरछठ व्रत के लिए सगरी खोदा गया था। दोपहर में भैंस के दूध,दही, घी, लाई इत्यादि पूजन सामाग्री से पूजन कर संतान की दीर्घायु और मंगलकामना के लिए पूजन कर हलष्टी मैय्या की कहानी सुनाई गई। पश्चात शाम बेला में पसहर चावल से निर्मित भोजन ग्रहण कर व्रती महिलाओं ने व्रत का पारणा किया। सुबह से ही भैंस दूध के लिए लोग यादव परिवार के निवास पहुंचे रहे। आज अन्य दिनों की अपेक्षा उचें दामों पर दुध की बिक्री हुई। ग्राम खरोरा में राम मंदिर, सरपंच श्रीमती सुनीता देवदत्त के घर के सामने, वार्ड नंबर 3, गुरूघासी दास मंदिर के पास, इंदिरा नगर में व्रती महिलाओं ने सगरी की पूजा अर्चना की। आचार्य शिवम महराज ने व्रती महिलाओं से विधि-विधान से पूजन अर्चना कराया और हलष्टी मैया की कहानी सुनाई। इसी तरह जिला कांग्रेस अध्यक्ष डा. रश्मि चंद्राकर ने ग्राम बेमचा में सगरी पूजन किया।



## स्वास्थ्य कर्मचारी फेडरेशन की मांगे जायज: राहुल

**महासमुंद,** 6 सितंबर (देशबंधु)। स्वास्थ्य फेडरेशन कर्मचारी संघ द्वारा किया जा रहा आंदोलन को भाजपा नेता राहुल चंद्राकर ने जायज बताया। उन्होंने कहा कि भूपेश सरकार तानाशाही रवैया अपनाते हुए इन कर्मचारियों के आंदोलन को कुचलने, निलंबन की कार्रवाई कर रहा है, जो न्याय संगत नहीं है। श्री चंद्राकर ने कहा कि वेतन विसंगति, सैलरी न मिलना, कोरोना भत्ता, डॉक्टरों समेत मेडिकल स्टाफ पर हो रही हिंसा को लेकर राज्य के हर जिले में धरना प्रदर्शन किया जा रहा है। इन कर्मचारियों के हड़ताल पर चले जाने से ग्रामीण क्षेत्रों के उप स्वास्थ्य केंद्र से लेकर शहर क्षेत्र के मेडिकल कॉलेज की सेवाएं एक साथ प्रभावित हो रही है। नर्सों के भी हड़ताल पर जाने की वजह से वार्ड में भर्ती मरीजों को मिलने वाली सुविधा प्रभावित हो रही है। वहीं ग्रामीण स्वास्थ्य संयोजकों के हड़ताल पर चले जाने से टीकाकरण, प्रसव, मिशन इंद्रधनुष और शिशु संरक्षण जैसे महत्वपूर्ण कार्यक्रम नहीं हो पा रहे हैं। आम जनता को हो रही परेशानियों से भूपेश सरकार को कोई सरोकार नहीं है। श्री चंद्राकर ने कहा कि यदि समय पर स्वास्थ्य कर्मचारियों की मांगों को पूरा कर दिया जाता तो आज हजारों कर्मी आंदोलन के लिए बाध्य नहीं होते और आम जनता इस बड़ी समस्या का सामना नहीं करते।



## मनवा कूर्मि क्षत्रिय समाज अर्जुनीराज का मासिक बैठक सम्पन्न

**भाटापारा,** 6 सितम्बर (देशबन्धु)। छत्तीसगढ़ मनवा कूर्मि क्षत्रिय समाज अर्जुनीराज का मासिक प्रकरण बैठक का आयोजन भाटापारा मंडी मार्ग स्थित कूर्मि छात्रावास में किया गया।उक्त कार्यक्रम में सर्वप्रथम समाजिक पुरोधाओं की छायाचित्र में अध्यक्षता कर रहे अर्जुनीराज के राजप्रधान हरिराम वर्मा एव पूर्व राजप्रधान शंभूलाल वर्मा ,चोवराम वर्मा ,सन्तोष वर्मा ,सुधेलाल व परशराम वर्मा तथा सचिव सालिक वर्मा,हरीश वर्मा व पेंगन वर्मा ने पुष्प अर्पित कर दीप प्रज्वलित किया।मासिक बैठक में विभिन्न ग्रामो से 14 सामाजिक प्रकरण प्राप्त हुए थे।जिसमें आपसी मतभेद की वजह से उत्पन्न पारिवारिक समस्या व समाज के विरुद्ध जाकर किये गए कार्यो का निराकरण किया गया।वही इस अवसर पर मौजूद दान दाताओं ने अर्जुनी में बनने वाले राज भवन निर्माण के लिए लगभग 2 लाख रुपये की राशि दान स्वरूप दी गई।बैठक में उपास्थित सैकड़ो समाजिक जनो के बीच 2 प्रस्ताव भी सर्व सम्मति से पारित किए गए जिसमे शादी के समय दूल्हे की गाड़ी को दुल्हन पक्ष के द्वारा रोकने की प्रथा व जुता छिपाने की परंपरा को पूर्ण रूप से बन्द किया जाए।अर्जुनीराज के मासिक का आयोजन नगर इकाई भाटापारा की अगुवाई में किया गया जिसमें विशेष रूप से अध्यक्ष दीपक टिकरिहा,जितेंद्र नायक,युवा अध्यक्ष प्रशांत वर्मा हेमलाल वर्मा,अरुण वर्मा,रमेश वर्मा,तेजराम वर्मा,गजाधर वर्मा,भूषण वर्मा,अजुराम वर्मा का योगदान रहा ।



■ 14 समाजिक प्रकरणों का किया गया निराकरण

## कुरुद में धूमधाम से मना कमरछठ का पर्व

**कुरुद,** 6 सितंबर (देशबंधु)। मंगलवार को नगर सहित अंचल में धूमधाम के साथ कमर छठ का पर्व मनाया गया।संतान की लंबी उम्र व विकास की कामना के लिए मातृशक्तियों द्वारा मनाए जाने वाले इस पर्व का उत्साह सुबह से देखते बना।माताओं ने इसकी तैयारी पूर्ण कर रखी थी।तंदउपरांत वार्ड नम्बर सात वृंदावन सरोवर शिव मंदिर के पास सभी माताओं ने विधिवत सगरी बनाकर पूजा-अर्चना कर संतान के लिए मंगलकामना की।

विदित है कि छत्तीसगढ़ के प्रमुख त्योहारों में से एक कमरछठ को हलछठ या हलषष्ठी भी कहा जाता है।इस व्रत को करने वाली माताएं निर्जला रहकर शिव-पार्वती की पूजा करती हैं।इस दिन माताएं छह तरह की भाजियां, पसहर चावल, काशी के फूल, महुआ के पत्ते, धान की लाई सहित पूजा की कई छोटी-बड़ी पूजन की सामाग्री भगवान शिव को अर्पित कर संतान के दीर्घायु जीवन की कामना करती है।इस मौके पर कमरछठ की कहानी सुनकर शाम को डूबते सूर्य को अर्ध्य देने के बाद अपना व्रत पूरा करती है। छत्तीसगढ़ में कमरछठ का महत्व है जो संतान प्राप्ति और संतान की लंबी उम्र के लिए किया जाता है।तरह-तरह की भाजियों के लिए प्रसिद्ध छत्तीसगढ़ में कमरछठ में भी भाजियों का अपना महत्व है। इस व्रत में छह तरह की ऐसी भाजियों का उपयोग किया जाता है। जिसमें हल का उपयोग ना किया हो। जिसमें चरोटा भाजी, खट्टा भाजी, चेंच भाजी, मुनगा भाजी, कुम्हड़ा भाजी, लाल भाजी, चौलाई भाजी शामिल है।



## मृतकों के परिजनों को आर्थिक सहायता राशि स्वीकृत

**बिलाईगढ़,** 6 सितम्बर(देशबंधु)। कलेक्टर डॉ. फरिहा आलम सिद्दीकी ने राजस्व पुरस्तक परिपत्र (आरबीसी) 6-4 के तहत विभिन्न घटनाओं में मृत्यु होने वाले लोगों के परिजनों को चार-चार लाख रूपए की आर्थिक सहायता राशि स्वीकृत की है। प्राप्त जानकारी के अनुसार बरमकेला निवासी श्री रंगलाल निषाद की मृत्यु तालाब में डूबने से हो गई थी। उनकी पत्नी श्रीमती विद्या कुमारी को चार लाख रूपए की आर्थिक सहायता राशि कलेक्टर ने स्वीकृत की है। इसी प्रकार ग्राम परसाडीह तहसील बिलाईगढ़ निवासी श्री धनंजय लहरे की मृत्यु आकाशीय बिजली गिरने से हो गई। उनके पिता श्री गोवर्धन लहरे को, सारंगढ़ तहसील के ग्राम झारपाली के निवासी श्री पुनीराम यादव की मृत्यु कुएं में डूबने से हो जाने से उनकी पत्नी श्रीमती मोंगराबाई को, ग्राम पवनी बिलाईगढ़ के श्री चरणदास मानिकपुरी की मृत्यु तालाब में डूबने से हो जाने पर उनकी माता श्रीमती सविता बाई को, ग्राम ठेंगागुड़ी निवासी श्री लिंगराज प्रधान की मधुमक्खी काटने से मृत्यु हो जाने पर उनके पुत्र श्री कृष्णचंद्र, श्री बंशीधर और पुत्री कु. कल्पना को संयुक्त रूप से तथा ग्राम पोरथ (सरिया) निवासी कु. बबीता का निधन आग में जलने से हो जाने पर उनके पिता श्री निरंजन को आर्थिक सहायता स्वीकृत की गई है। उपरोक्त सभी मृतकों के परिजनों को 4-4 लाख रूपए की आर्थिक सहायता राशि की स्वीकृति जिला प्रशासन द्वारा आरबीसी 6-4 में निहित प्रावधानों के अधीन प्रदाय की गई है।

## अवैध परिवहनकर्ताओं और उत्खननकर्ताओं के विरूद्ध की जा रही दण्डात्मक कार्यवाही

**बिलाईगढ़,** 6 सितंबर(देशबंधु)। कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी डॉ. फरिहा आलम सिद्दीकी ने राज्य के मुख्य सचिव अमिताभ जैन के आदेशानुसार जिले में अवैध ढंग से हो रहे खनिज उत्खनन, परिवहन और भंडारण पर प्रभावी रोकथाम के लिए खनिज अधिकारी को निर्देशित किया था। इसके परिपालन में जिले में 4 और 5 सितंबर को खनिज विभाग के अधिकारियों ने सघन चेकिंग कर कार्रवाई कराई, जिसमें अवैध परिवहन में संलिप्त 14 वाहन पकड़े गए। निरीक्षण के दौरान इन वाहनों में गौण खनिज रेत और चूना पत्थर का अवैध परिवहन करते पाया गया। जिले के बरमकेला, सारंगढ़, भटगांव और बिलाईगढ़ के पुलिस थाना में इन वाहनों को अभिरक्षा में रखा गया है।



इन सभी वाहनों के प्रकरणों में छत्तीसगढ़ गौण खनिज नियमावली 2015 के नियम 71, खान एवं खनिज (विकास और विनियमन) अधिनियम 1957 की धारा 21 के अंतर्गत दण्डात्मक कार्यवाही की जा रही है। खनि अधिकारी ने बताया कि भविष्य में भी अवैध परिवहन, भंडारण और उत्खननकर्ताओं के विरूद्ध सतत् सख्त दण्डात्मक कार्यवाही की जाएगी।

## अवैध रूप से शराब बिक्री करने वाले कोचिया गिरफ्तार

**पलारी** 6 सितंबर ( देशबन्धु) वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक दीपक कुमार झा के निर्देशन में थाना प्रभारी पलारी निरीक्षक शशांक सिंह के निर्देशन में थाना पुलिस द्वारा शराब कोचियों की धरपकड़ कार्यवाही जारी है। इसी क्रम में आज दिनांक 05.09.2023 को थाना पलारी प्रधान आरक्षक रोहित सिंह एवं आरक्षक राममोहन राय की पुलिस टीम द्वारा ग्राम वटगन निवासी एक शराब कोचिया को गिरफ्तार किया गया है। आरोपी से 32 पाव देशी मसाला शराब जप्त किया गया है। आरोपी तोरनलाल बंजारे ग्राम वटगन के विरुद्ध थाना पलारी में धारा 34(2) आबकारी एक्ट के तहत अपराध पंजीबद्ध कर आरोपी को जेल भेजने की प्रक्रिया की जा गई है।



## शिक्षक दिवस पर न्यू लाइफ वेलफेयर सोसाइटी ने किया पौधारोपण

**पलारी** 6 सितंबर (देशबन्धु) डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन के जन्म दिवस एवं शिक्षक दिवस के उपलक्ष्य पर न्यू लाइफ वेलफेयर सोसाइटी प्रार्थना भवन बिनौरी के द्वारा ग्राम बिनौरी के मिडिल स्कूल, प्राथमिक शाला बिनौरी के प्रांगण में फलदार एवं छायादार पौधारोपण कर पर्यावरण के प्रति जागरुकता का लोगों को संदेश दिया गया। जिसमें सोसाइटी के अध्यक्ष पास्टर शीतल कुमार ने शिक्षकों के मध्य गुरु वंदना कविता सुनाया। साथी सदस्य खिलेश्वरी, शिवकुमार, सुरेंद्र कुमार, केजराम, दिनुकान्त, उभेराम, डोमन, राहुलराज, तुकेश्वर, जितेंद्र, करण, राजेश, महेश्वर, परदेसी, प्रियंका, कलाबाई, पांचो यादव, श्रद्धा आदि, सहित बड़ी संख्या मे लोगों ने पौधरोपण किया।



## आय, जाति प्रमाण पत्र के लिए नोटरी आवश्यक नहीं, सभी एसडीएम को निर्देश

■ कलेक्टर ने ली अधिकारियों की बैठक

**महासमुंद,**6 सितंबर (देशबंधु)। कलेक्टर प्रभात मलिक ने मंगलवार को साप्ताहिक समय.सीमा की बैठक में आय, जाति प्रमाण पत्र बिना नोटरी अथवा स्टाम्प के जारी करने के निर्देश सभी अनुविभागीय अधिकारियों को दिए हैं। उन्होंने कहा कि प्रायः लोक सेवा केन्द्रों में आय व जाति प्रमाण पत्र जारी करने के लिए नोटराईज्ड आवेदन या स्टाम्प पेपर में शपथ पत्र की मांग की जाती है, इसे गैर जरूरी बताते हुए जाति और आय प्रमाण पत्र जारी करने के निर्देश दिए है। कलेक्टर ने यह भी कहा कि यदि पिता का जाति प्रमाण पत्र बन गया है, तो उस आधार पर भी उनके पुत्र अथवा पुत्री की जाति प्रमाण पत्र जारी किया जाए। उन्होंने इस निर्देश का पालन सभी लोक सेवा केन्द्रों को करने कहा है। आज समय.सीमा की बैठक में साप्ताहिक पत्रकों, जन चौपाल, जन शिकायत पत्रों की समीक्षा की गई। बैठक में मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत एस आलोक, वनमंडलाधिकारी पंकज राजपूत, अपर कलेक्टर दुर्गेश वर्मा सहित अनुविभागीय अधिकारी, जनपद सीईओ, सीएमओ एवं जिला अधिकारी मौजूद थे। कलेक्टर श्री मलिक ने कहा कि विभिन्न निर्माण कार्यां के लिए स्वीकृत राशि के आधार पर कार्य प्रारम्भ करें। उन्होंने कहा कि आगामी निर्वाचन को देखते हुए निर्वाचन की तैयारी के साथ.साथ नियमित कार्यक्रमों एवं योजनाओं का क्रियान्वयन जारी रहे। क्रेडा विभाग को सौर सुजला योजना के तहत स्वीकृत सभी पम्पों की स्थापना करने के निर्देश दिए हैं। वहीं आदिवासी विभाग को हॉस्टल के मरम्मत कार्यों को पूर्ण करने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने हाट बाजारों में शेड व शौचालय के लिए भी आवश्यक कार्यवाही करने के निर्देश दिए हैं। सामुदायिक एवं प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रों में जीवन दीप समिति की बैठक लेकर आवश्यक मानव संसाधन की पूर्ति करने कहा गया। कलेक्टर ने राजीव गांधी शिक्षा मिशन के समन्वयक को जिले में श्रवण बाधित बच्चों के लिए आवश्यक उपकरण हेतु स्वास्थ्य विभाग से समन्वय कर उन्हें उपकरण दिलाने के निर्देश दिए। वहीं खेल अधिकारी को गत वर्ष छत्तीसगढ़िया ओलम्पिक के विजेता खिलाड़ियों को जिन्हें अभी तक राशि प्राप्त नहीं हुए हैं, उन्हें पुरस्कार राशि देने के निर्देश दिए हैं। बारिश की स्थिति को देखते हुए जल संसाधन विभाग को टेल एरिया में बसे ग्रामों में पानी पहुंचाने के लिए आवश्यक व्यवस्था करने निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि इन खेतों में पानी पहुंचाने के लिए कोटवार अथवा ग्राम समिति के सदस्यों से निगरानी कराया जाए। उन्होंने सूखे की शिकायत अथवा बीमा की स्थिति की भी पर भी निगरानी रखने के निर्देश दिए है। बैठक में रेत के अवैध उत्खनन पर रोक लगाने तथा सभी सरकारी निर्माण एजेंसियों को स्वीकृत रेत खदानों से ही रेत अथवा मुरूम सप्लाई करने के निर्देश दिए है। बैठक में निर्वाचन संबंधित तैयारियों की भी समीक्षा की गई। जिन विभागों ने पीपीईएस प्रमाण पत्र जारी नहीं किए हैं उन्हें नोटिस जारी करने के निर्देश दिए हैं।

## बलात्कारियों को शीघ्र फांसी देने की मांग

**खरोरा,** 6 सितंबर। विगत दिनों मंदिरहसौद थाना क्षेत्र हुए सभ्य समाज को शर्मसार कर देने वाली गैंग रेप की घृणित घटना को लेकर ग्राम गनियारी के श्रीराम मानस मंडली के सदस्य काफी आक्रोशित व आहत हैं इन सदस्यों का स्पष्ट मांग है की ऐसे व्याभिचारी नर पशुओं को अति शीघ्र सरेआम फांसी की सजा दे देना चाहिए ऐसे नर पशु मानव समाज के नासुर है।

# कांग्रेस के संकल्प शिविर में जमकर हुआ शक्ति प्रदर्शन

### प्रदेश अध्यक्ष दीपक बैज ने कहा कि संकल्प शिविर के माध्यम से सरकार की योजनाओं को जनता तक पहुंचना है



**राजिम,** 6 सितम्बर (देशबन्धु)। कृषि उपज मंडी राजिम में आगामी विधानसभा चुनाव के मद्दे नजर संकल्प शिविर का आयोजन किया गया जिसमें टिकट के दावेदारों और उनके समर्थकों के अलावा जिला ब्लॉक महिला जोन बूथ स्तर के अलावा युवा कांग्रेस एनएसयूआई के कार्यकर्ता व पदाधिकारी हजारों की संख्या में पहुंचे थे यहां पहुंचे कार्यकर्ता अपने-अपने नेताओं के पक्ष में जमकर नारे बाजी करते हुए माहौल बनाने का प्रयास किया कार्यक्रम के समापन के बाद प्रस्थान के लिए निकले मुख्य अतिथि दीपक बैज को काफी देर तक रोक रखा।

विदित हो कि इस संकल्प शिविर में मुख्यमंत्री भूपेश बघेल का आगमन निश्चित था स्वास्थ्यगत कर्म के चलते अचानक उनका आना रद्द हो गया उनके जगह उनके राजनीतिक सलाहकार राजेश तिवारी एवं विनोद वर्मा ने कार्यक्रम में पहुंचकर कार्यकर्ताओं को चुनावी टिप्स दिए मुख्य अतिथि के रूप में पहुंचे प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष एवं बस्तर सांसद दीपक बैज ने कहा कि संकल्प शिविर के माध्यम से सरकार की योजनाओं को जनता तक पहुंचना है। 2023 में कांग्रेस फिर से सत्ता में आए हमारा मकसद गांव गरीब किसने माता बहनों के लिए काम करना है उन्होंने कहा कि कांग्रेस कभी सट्टा का भूखा नहीं रहा सत्ता के भूखे वह लोग हैं इसीलिए जब चाहे सरकार गिरा दें विधायक खरीदना यही उनका काम है। 15 साल उन्होंने घोटाले की सरकार चलाई थी।आप सब को जनता को बताना है कि 15 साल में जो काम नहीं हुआ कांग्रेस ने 5 साल में कर दिखाया उन्होंने मंच से अमितेश की तारीफ करते हुए कहा कि अमितेश शुक्ल क्षेत्र की हमेशा चिंता करते हैं। विधायक अमितेश शुक्ल ने कहा कि हमारा यह लड़ाई अंग्रेजों के जमाने से चल रहा है वही लड़ाई आज देखने को मिल रहा है आप सब बूथ स्तर तक संघर्ष कर दें तैयार हो जाएं भूपेश सरकार ने 5 साल कितना काम किया आप सब जानते हैं इस बार भी कांग्रेस की जबरदस्त जीत होगी।

शिविर में जिला कांग्रेस अध्यक्ष , महिला जिला कांग्रेस अध्यक्ष पदमा दुबे जनपद अध्यक्ष पुष्पा साहू जिला पंचायत अध्यक्ष स्मृति ठाकुर ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष रूपेश साहू समिति अध्यक्ष विकास तिवारी मंडी अध्यक्ष रामकुमार गोस्वामी जनपद उपाध्यक्ष योगेश साहू ओंकार सिंह ठाकुर सुनील तिवारी गिरीश रजानी मुन्ना कुर्रे मनीषा शर्मा मनीष दुबे सुनील तिवारी सहित बड़ी संख्या में जिले के कांग्रेस कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# डेंगू के चलते हुई मौत

**भाटापारा,** 6 सितंबर (देशबन्धु)। जिस घर से 4 माह बाद बेटी की डोली उठनी थी, उस घर से अपनी बेटी को कंधा देकर उसे अंतिम यात्रा के लिए बिदा करने एक पिता मजबूर हुआ,इस हृदय विदारक घटना से आहत पीड़ित परिवार के साथ पूरा नगर साथ में खड़ा हो गया जिसमे भी इस घटना को सुना उसे विश्वास नहीं हुआ,की जो कुछ सुन रहे हो उसमे थोड़ी बहुत भी सच्चाई भी है की नहीं।



ये हृदय विदारक घटना नगर के प्रसिद्ध भजन गायक, भागवताचार्य और आदि गौड़ ब्राह्मण समाज के अध्यक्ष हर गोपाल शर्मा के साथ हुई। एक पिता का अरमान होता है की अपनी लाडली बिटिया की डोली बिदाई अच्छे ढंग से हंसी खुशी पारिवारिक वातावरण में हो और अपने इसी सपने को पूरा करने हरगोपाल शर्मा अपनी लाडली कन्या का संबंध तय करने के बाद उसके हाथ पीले करने अपने परिजनों सगा संबंधियों, भाईयों के साथ लगे हुए थे,लेकिन ऊपर वाले को कुछ और ही मंजूर रहा होगा की इस हंसते मुस्कुराते परिवार में 1 दिन में ही सब कुछ बदल डाला। हरगोपाल शर्मा की बेटी कंचन जिसे परिवार के लोग प्यार से आयुषी गुड़िया के नाम से पुकारा करते थे, रायपुर के एक अस्पताल में जीवन मृत्यु से संघर्ष करते हुए अपना जीवन हार गई। नगर की होनहार और प्रतिभावान बच्ची के असमय साथ छोड़ जाने की खबर सोमवार की शाम जैसी ही भाटापारा में आई, तो लोगों के पैरों से मानो जमीन ही खिसक गई हो, कोई भी इसे मानने को तैयार नहीं था क्योंकि नगर में अभी हाल ही में संपन्न हुए 1 माह के पुरषोत्तम मास महोत्सव में रोजाना हिस्सा लेने वाली, सभी धार्मिक आयोजनों में अपनी उपस्थिति दर्ज कराने वाली कंचन शर्मा एकाएक सबको छोड़ कर कैसे जा सकती है। सोमवार की देर शाम आई इस अप्रत्याशित खबर के बाद नगर के प्रत्येक वर्ग के लोगो का पीड़ित परिवार के घर तरफ आना चालू हो गया,जो देर रात तक चलता रहा।मंगलवार की सुबह नगर की बेटी,भतीजी,भांजी,बहन को अंतिम बिदाई देने हिंदू,मुस्लिम, सिख ईसाई सभी धर्म के लोग अपने आंखो में आंसू लिए बेटी कंचन की अंतिम बिदाई में शामिल हुए। एक गमगीन माहौल में मारवाड़ी श्मशान घाट में उसका अंतिम संस्कार किया गया।

**बेटी को डोली में बैठा कर बिदा करने का एक पिता का सपना हुआ चकनाचूर**

**4 माह बाद होने वाली थी शादी**

हरगोपाल शर्मा की इकलौती बेटी तथा सुनील लाला और अजय शर्मा की भतीजी कंचन शर्मा का संबंध उड़ीसा के टिटलागढ़ में तय हो गया था और 4 माह पश्चात उसकी शादी होने वाली थी। बेटी की शादी अच्छे धूमधाम से करने उसे डोली में बिठा कर बिदा करने का सपना संजोए हरगोपाल शर्मा पूरी तैयारी में लगे हुए थे। लेकिन नियति ने एक पिता को डोली उठाने के बदले अपनी बेटी की अर्थी उठाने मजबूर कर दिया ।शहर वासियों ने इस दृश्य को देखा तो सभी की आंखे भर आई।

## मौलीमुड़ा में कृष्ण जन्माष्टमी कार्यक्रम में शामिल हुए विधायक यादव




**बागबाहरा,** 6 सितम्बर (देशबंधु)। खल्लारी विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम मौलीमुड़ा में श्री कृष्ण जन्माष्टमी कार्यक्रम सम्पन्न हुआ। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि छत्तीसगढ़ शासन के संसदीय सचिव व विधायक द्वारिकाधीश यादव रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता मंडी अध्यक्ष तेजन चन्द्राकर ने किया। वही विशेष अतिथि की आसंदी पर सरपंच हेम कुमारी साहू विराजमान रहे। कार्यक्रम की शुरुआत भगवान श्री कृष्ण के चित्र पर पूजा अर्चना के साथ प्रारंभ हुई। इस अवसर पर कार्यक्रम को संबोधित करते हुए संसदीय सचिव द्वारिकाधीश यादव ने कहा कि श्री कृष्ण के द्वारा दिए गए गीता के ज्ञान जो कि विश्व का प्रथम ज्ञान है जिसके ऊपर सैकड़ों नोबेल पुरस्कार कुर्बान करने की बात उनके द्वारा कही गई। इस अवसर पर प्रमुख रूप से केजू चक्रधारी, गणेश शर्मा, राजू चन्द्राकर, सरपंच प्रतिनिधि सूंदर साहू, सुनीता साहू, कमलेश चन्द्राकर, प्रेमशंकर चन्द्राकर, पोखन साहू, प्रेम साहू बुदेश साहू सामाजिक प्रतिनिधि गण, बच्चे माताएं बहने एवं ग्रामीण बड़ी संख्या में उपस्थित थे।

## टेका ग्राम में अल सुबह भालू का हमला, एक मृत एक घायल

**पिथौरा,** 6 सितंबर (देशबन्धु)। नगर से मात्र चार किलोमीटर दूर ग्राम टेका के समीप खेतो में किसानी कार्य कर रहे दो ग्रामीणों पर भालू के हमले से एक ग्रामीण की मौत हो गयी जबकि एक ग्रामीण को गम्भीर हालत में जिला अस्पताल भेजा गया है।प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार भालू के साथ उसके दो शावक भी थे।





मिली जानकारी के अनुसार नगर से लगे ग्राम टेका निवासी राजकुमार भोई (47) एवम बैसाखू बरिहा (51) प्रतिदिन की तरह सुबह कोई 6 बजे अपने खेतों में काम करने गए थे।अभी वे काम में लगे ही थे कि अचानक जंगल की ओर से कुछ भालूओ ने किसानों के पास पहुच कर उन पर हमला कर दिया।दोनों ग्रामीणों ने बचने का प्रयास भी किया परन्तु वे भालुओं के चंगुल से नही छूट पाए। भालुओं ने दोनों ग्रामीणों को गम्भीर रूप से घायल करने की सूचना मिलने पर ग्राम टेका के ग्रामीण जब घायलों के पास पहुचे तब तक जख्मी राजकुमार बेसुध हो चुका था।ग्रामीणों के प्रयास से दोनों घायलों को पिथौरा के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुचाया गया।जहां उपचार के दौरान राजकुमार भोई की मौत हो गयी जबकि बैसाखू बरिहा के सिर में गम्भीर चोट के कारण उसे प्रथम उपचार के बाद उच्च उपचार हेतु मेडिकल कॉलेज अस्पताल महासमुन्द भेज दिया गया है।

**घायल को एक व मृतक परिवार को 25 हजार की तात्कालिक सहायता**

इधर स्थानीय प्रभारी वन परिक्षेत्र अधिकारी प्रत्यूष कुमार तांडे ने बताया कि भालू के हमले से मृत राजकुमार के परिजनों को उसके अंतिम संस्कार हेतु 25 हजार रुपये की आर्थिक सहायता दे दी गयी है।जबकि गम्भीर रूप से गायक बैसाखू को उपचार हेतु 1000 रुपये की नगद सहायता प्रदान की गई है।ज्ञात हो कि मृतक परिवार को शासन की ओर से वन्य प्राणी हमले से हुई मौत के कारण कुल 6 लाख रुपये मुआवजा दिया जाता है जबकि घायल को उसके उपचार का वास्तविक खर्च दिया जाएगा।

## महिलाएं कमरछठ की पूजा अर्चना कर व्रत रखी



**भाटापारा,** 6 सितंबर (देशबन्धु)। भाटापारा के तरेंगा रोड स्थित श्री वृंदावन कॉलोनी स्थित श्री जीण माता मंदिर परिसर में महिलाएं कमरछठ की उपवास रहकर कथा सुनकर एवं पूजा अर्चना कर कमरछठ व्रत की। कमरछठ एक विशेष प्रकार का व्रत है,जिसमे विशेष प्रकार के पूजा सामाग्री का उपयोग किया जाता है। साथ ही यह व्रत सुहागिन महिलाओं द्वारा पुत्र की दीर्घायु के लिए किया जाता है। इस पर्व में भैस का दूध ,दही ,घी का विशेष महत्व है। साथ ही महुवा का दातौन,पान,काशी फूल सहित विभिन्न प्रकार के भाजी का उपयोग किया जाता है। कमरछठ जिसे हलषष्ठी व्रत भी कहते हैं,जिसके कारण हल से जोत कर निकले चावल एवं भाजी का उपयोग नही करते हैं। व्रतधारी महिलाएं सामूहिक रूप से मंदिर या महाराज के स्थान पर इकट्ठा होकर एवं सगरी बनाकर पूजन करती हैं। शास्त्रों के अनुसार भाद्रपद मास के कृष्ण पक्ष की चतुर्थी बहुला चौथ या बहुला चतुर्थी कहलाती है,वही षष्ठी के दिन कमरछठ मनाया जाता है।

## गोविंदवन में दही हांडी प्रतियोगिता आज

**बिलाईगढ़** 6 सितम्बर(देशबंधु)। कृष्ण जन्माष्टमी के अवसर पर यंग स्टार ग्रुप द्वारा गोविंदवन में दही हांडी प्रतियोगिता कार्यक्रम आयोजित की गई है। जिसकी सारी तैयारी पूरी कर ली गई है। इस प्रतियोगिता में इनाम 7001 रुपए रखा गया है। लोगों को इस पावन अवसर पर कल से तीन दिनों तक गोविंदवन के विभिन्न गली-मोहल्लों में प्रचार प्रसार भ्रमण किया गया है। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि समाज सेवक एवम भाजपा नेता गिरवर निराला उपस्थित रहेंगे। विशिष्ट अतिथि युवा मोर्चा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य युवराज शरण सिंह, जनपद सदस्य सुकदेव साहू, वरिष्ठ भाजपा नेता उमाशंकर साहू, पूर्व सरपंच बृजभान घृतलहरे, आईटी सेल जिला संयोजक सतीश रात्रे मौजूद रहेंगे। प्रतिभागी भाग लेने के लिए इस मोबाइल नंबर 6268034462, 6268491371 में संपर्क कर सकते है।

## आज जन्माष्टमी पर जिले में शुष्क दिवस

**बिलाईगढ़,** 6 सितंबर। छत्तीसगढ़ शासन द्वारा श्रीकृष्ण जन्माष्टमी, 7 सितंबर गुरूवार को शुष्क दिवस घोषित किया है। इसके मद्देनजर कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी डॉ. फरिहा आलम सिद्दीकी ने आदेश किया है कि श्री कृष्ण जन्माष्टमी, 7 सितंबर गुरूवार को जिले की समस्त देशी मदिरा (सी.एस.-2 घघ) कम्पोजिट मदिरा (सी.एस.-2 घघ) एवं विदेशी मदिरा (एफ.एल.-1 घघ) दुकान पूर्ण रूप से बंद रखी जाएगी। इस दिन मदिरा, मादक पदार्थ विक्रय, परिवहन पूर्णत: प्रतिबंधित रहेगा।

# सशिमं में मनाया शिक्षक दिवस समारोह

**बागबाहरा,** 6 सितम्बर (देशबंधु)। स्थानीय सरस्वती शिशु मंदिर उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में 5 सितम्बर को महान चिंतक-दार्शनिक व भारत के द्वितीय राष्ट्रपति डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन की जयंती शिक्षक दिवस के रूप में विद्यालय के शिशु भारती, बाल भारती, किशोर भारती एव कन्या भारती के भैया-बहनों के द्वारा आयोजित की गई, जिसमें मुख्य अतिथि विद्यालय संचालन समिति के सदस्य एवं सरस्वती शिक्षा संस्थान के महासमुंद जिला प्रतिनिधि अनिल पुरोहित, अध्यक्ष विद्यालय के प्रभारी प्राचार्य लखनलाल साहू एवं विशेष अतिथि कार्यालय प्रमुख कौशलचन्द्र साहू, बालिका शिक्षा प्रमुख नीतू सिंह ठाकुर, प्रभारी प्रधानाचार्य सुनीता गुप्ता थीं।





**शिक्षक-सम्मान की कड़ी में विद्यार्थियों ने सभी आचार्यों-दीदीयों को श्रीफल व लेखनी भेंट की**

मां सरस्वती, ब्रह्म स्वरुप, भारत माता एवं डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन के चित्र पर अतिथियों द्वारा दीप प्रज्जवलन एवं पूजन कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। तत्पश्चात भैया-बहनों द्वारा स्वागत गीत डॉ. राधाकृष्णन के जीवन चरित्र पर प्रकाश डालते हुए भाषण, गीत प्रस्तुत किए गए। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कार्यक्रम के मुख्य अतिथि श्री पुरोहित ने सभी आचार्यों-दीदीयों को बधाई देते हुए कहा कि सभी आचार्य-दीदीजी एक तपस्वी-मनस्वी साधक के रूप में कार्य करते हुए राष्ट्र व समाज के प्रखर नेतृत्व के लिए ओजस्वी पीढ़ी गढ़ने में महती भूमिका निभाएँ। प्रभारी प्राचार्य श्री साहू ने कहा कि भारतीय संस्कृति में गुरु-शिष्य परंपरा अनादि काल से चली आ रही है। गुरु-शिष्य परंपरा का तात्पर्य है कि दोनों अपने-अपने कर्तव्य को पहचानें और एक-दूसरे का सम्मान करें, जो वर्तमान में दुर्भाग्य से क्षीण होता नजर आ रहा है। इसका नुकसान गुरु एवं शिष्य, दोनों को उठाना पड़ रहा है। विशेष अतिथि सुश्री गुप्ता ने डॉ. राधाकृष्णन के जीवन वृत्त पर प्रकाश डाला और विस्तृत रूप से छात्रों को सदाचरण एवं माता-पिता के अपेक्षाओं पर खरा उतारने हेतु छात्रों को प्रेरित किया। विशेष अतिथि श्रीमती ठाकुर ने कहा कि आज अपने संस्कारों के साथ-साथ देश समाज को समझ कर पर्यावरण सुरक्षा हेतु भी छात्रों को आगे आना चाहिए और समाज को जागृत करने हेतु प्रयास करना चाहिए। उन्होंने सभी बच्चों को महान शिक्षाविद दार्शनिक डॉक्टर सर्वपल्ली राधाकृष्णन जी को अनुसरण कर अपने लक्ष्य प्राप्ति हेतु सार्थक प्रयास करने हेतु प्रेरित किया। इस कार्यक्रम को सफल बनाने हेतु विद्यालय के सभी छात्र पदाधिकारियों एवं समस्त भैया-बहनों का विशेष योगदान रहा। शिक्षक सम्मान में भैया-बहनों ने सभी आचार्यों को श्रीफल एवं लेखनी भेंट की। कार्यक्रम के समापन की घोषणा कन्या भारती अध्यक्ष बहिन हर्षिता पटेल ने की। उक्त कार्यक्रम में सभी आचार्य बंधु/भगिनी उपस्थित थे।

## पलारी में सिविल कोर्ट की स्थापना होनी चाहिए : महेन्द्र साहू

**पलारी,** 6 सितंबर (देशबन्धु)। छत्तीसगढ़ उच्च न्यायालय बिलासपुर अधिवक्ता संघ के निर्देशानुसार तहसील अधिवक्ता संघ पलारी के वकीलों ने बस स्टैंड पलारी में एक दिवसीय धरना प्रदर्शन कर अपनी चार सूत्रीय मांगों को पूरा करने हेतु महामहिम राज्यपाल जी के नाम तहसीलदार पलारी को ज्ञापन सौंपा ।अधिवक्ता संघ के धरना प्रदर्शन में पूर्व जनपद पंचायत उपाध्यक्ष पलारी एवं भाजपा मंडल संडी अध्यक्ष महेन्द्र साहू के साथ मंडल उपाध्यक्ष राजू बंजारे, युवा मोर्चा अध्यक्ष उमेश यदु समर्थन करने पहुंचे ।मंडल अध्यक्ष महेन्द्र साहू ने उनकी मांगों का समर्थन करते हुये कहा कि आपकी चार सूत्रीय मांगे एडव्होकेट प्रोटेक्शन एक्ट लागू करने, मृत्यु दावा राशि दस लाख करने, सामूहिक जीवन बीमा लागू करने एवं पलारी में सिविल कोर्ट की स्थापना करने इन सभी मांगों का भारतीय जनता पार्टी समर्थन करती है ।आपके इन सभी मांगों को पूरा करवाने के लिये राज्य की आम जनता को ठगने और छलने वाली कांग्रेस सरकार के विरुद्ध सड़क की लड़ाई लड़ने के लिये भारतीय जनता पार्टी का एक एक कार्यकर्ता तैयार बैठा है ।इस अवसर पर अधिवक्ता संघ अध्यक्ष मनीराम बंजारे, सचिव युगलकिशोर वर्मा, पोषण कुमार पटेल, महेन्द्र भारद्वाज, टिकेश्वरी वर्मा, धर्मेन्द्र वर्मा, पुनाराम वर्मा, त्रिलोक कुमार वर्मा, विमला साहू, रामलखन जायसवाल, संपत साहू, प्रमोद वर्मा, मनीष दीवान, विक्की चन्द्राकर, दीपक कमल, अरविन्द साहू, पवन चन्द्राकर, शिवा मनहरे सहित अधिवक्तागण उपस्थित थे ।



## निधन

### पुसऊराम कोसरे

**भिलाईनगर,** 6 सितंबर। ग्राम पुरंई वार्ड 6 निवासी पुसऊराम कोसरे 83 वर्ष का मंगलवार सुबह निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार स्थानीय मुक्तिधाम में किया गया। वे रिटायर्ड टीचर धनऊराम कोसर, ब्लॉक एजुकेशन अफसर शिवप्रसाद कोसरे, रामप्रसाद कोसरे के पिता एवं पूर्व जनपद सदस्य उत्तरा कोसरे के ससुर थे। सरपंच उमा रिगरी सहित गांव के नागरिकों ने शोक व्यक्त किया है।



### जवाहर कोचर

**नवापारा राजिम,** 6 सितंबर। सकल जैन समाज के धर्मनिष्ठ कोचर परिवार के सुश्रावक एवं पूर्व मण्डी सचिव जवाहर कोचर का आकस्मिक निधन हो गया. उनकी अंतिम यात्रा प्रात: 10.30 बजे उनके निवास स्थान से निकाली गई. वे सुनील कोचर के बड़े भाई एवं बिट्टू कोचर के पिता थे।



### महेशराम देवांगन

**खरोरा,** 6 सितंबर। महेश राम देवांगन उम्र 87 केशला निवासी का मंगलवार को निधन हो गया। वे कैलाश, राम अवतार, मनोज, अशोक, भगवती व लोमश देवांगन के पिता थे।



## प्रादेशिकी का शेष...

### संकल्प शिविर में पहुंचे दीपक ...

ध्रुव,ब्लाक कांग्रेस कमेटी ग्रामीण के अध्यक्ष गिरधारी साहू, मेघनाथ साहू, स्वर्णजीत कौर, संध्या राव, अरूणा शुक्ला, संदीप पारख, शेखर बाफना, बीरबल राजपूत,माखन निषाद सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता एवं गणमान्य नागरिक मौजूद थे।

### खबर प्रकाशन के बाद...

अश्वनी कैवर्त्य, पुरुषोत्तम प्रभाकर, रामू सिंह ध्रुव, मैकू राम ध्रुव, राजकुमार दीवान, खुद राम ठाकुर, प्रताप कुमार सोनवानी, उमेश कुमार ठाकुर सहित अन्य सदस्यों ने बोनस की राशि मिलने पर मीडिया को धन्यवाद ज्ञापित किया है।

### गौरीशंकर को पुन: टिकट...

कसडोल विधानसभा क्षेत्र से पूर्व विधानसभा अध्यक्ष गौरीशंकर अग्रवाल को कसडोल विधानसभा क्षेत्र से टिकट देने की मांग की है। इस अवसर पर भाजपा मंडल अध्यक्ष कसडोल कृष्ण कुमार पटेल, पलारी मंडल अध्यक्ष नंद कुमार वर्मा, लवन मंडल अध्यक्ष विजय यादव, महिला मोर्चा से मंडल अध्यक्ष कसडोल सीमा थवाईत, संतोषी मानिकपुरी पलारी, निर्मला रजक सन्डी, त्रिवेणी मानिकपुरी लवन सहित बड़ी संख्या में भाजपा के कार्यकर्ता एवम पदाधिकारी गण उपस्थित रहे।

## विभिन्न मांगों को लेकर नपं पहुंचे विहिप बजरंगदल के कार्यकर्ता



**फिंगेश्वर,** 6 सितंबर। नगर पंचायत फिंगेश्वर में लोग अपने मवेशियो को खुले में आवारा छोड़ दिए है जिससे आय दिन गौ वंश दुर्घटना ग्रस्त के शिकार हो रहे तड़प तड़प कर मर रहे है गौ सेवको को जानकारी मिलते ही तुरन्त उपचार हेतु पशु चिकित्सक की मदद से उपचार कराया जाता है कभी परिथिति ऐसी निर्मित होती है की गौ वंश की स्थिति काफी खराब हो जाती है जिसे खुले में रख कर उपचार करना असम्भव है ऐसे गौ वंश को गौ साला ले जाने में काफ़ी मशक्कत करनी पड़ती है बार बार स्वयं के पैसे से वाहन किराया कर गौ शाला में ले जाया जाता है नगर पंचायत में काफ़ी दिनो से मांग की जा रही है काऊ केचर वाहन की और कही गौ वंश की दुर्घटना से मृत्यु भी हो जाती है जिसे नगरपंचायत द्वारा उचित व्यवस्था नहीं नही हो पाती। इसके समाधान हेतु गड्ढा खुदाई हेतु साधन की मांग करते है आज इसी विषय को लेकर मुख्य नगरपालिका अधिकारी से विहिप बजरंगदल के सदस्यो द्वारा चर्चा कर काऊ केचर वाहन एवम गौ वंश के अन्तिम संस्कार हेतु गड्ढा खुदाई मशीन की मांग को लेकर मांग पत्र आवेदन कार्यालय में सौप गया ।नगर पालिका अधिकारी द्वारा मांग को उचित समझते हुए गौ सेवको को पूर्ण सहयोग का आस्वशन दिया गया और मांग को देखते हुए वाहन व्यवस्था हेतु जल्द ही विचार करने का भरोशा विश्व हिंदू परिषद के सदस्यों को दिया गया ।

## सहायक उपनिरीक्षक ओम सिंह व रामाधार साहू, उपनिरीक्षक के पद पर हुए पदोन्नत

**सिमगा,** 6 सितंबर। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक दीपक कुमार झा ने आज दिनांक 29.08.2023 को सहायक उप निरीक्षक से उप निरीक्षक के पद पर पदोन्नत हुए सहायक उप निरीक्षक ओम सिंह साहू एवं रामाधार साहू के कंधे पर दो-स्टार लगाकर उप निरीक्षक के पद पर पदोन्नति की बधाई एवं शुभकामनाएं दी। वर्तमान में उप निरीक्षक ओम सिंह साहू एवं रामाधार साहू दोनों थाना गिधौरी में पदस्थ होकर अपनी सेवाएं दे रहे है। इस दौरान पदोन्नति कार्यक्रम में उप पुलिस अधीक्षक मुख्यालय श्री अभिषेक सिंह, रक्षित निरीक्षक धनेन्द्र ध्रुव, स्टेनो मनीष चौबे, उप निरीक्षक (एम) पवन बंदे, सउनि(एम) अश्विनी विशाल एवं पुलिस कार्यालय के स्टाफ उपस्थित थे।



## सनातन धर्म में अनेकानेक संप्रदाय, आश्रम व धर्मगुरु की अपनी अलग-अलग मान्यताएं



**नवापारा राजिम,** 6 सितंबर। श्री कृष्ण जन्माष्टमी को लेकर इस बार भी आम लोगो में असमंजस हो गया, बहुत से लोगों ने कल जन्माष्टमी मना ली और बहुत से आज मना रहे हैं देश भर में फैले इस भ्रम और संशय के विषय में नगर के ज्योतिष भूषण पण्डित ब्रह्मदत्त शास्त्री ने कहा कि हमारे सनातन धर्म में अनेकानेक संप्रदाय, आश्रम और धर्मगुरु की अपनी अलग अलग मान्यताएं होने के कारण ऐसा होने लगा है, लोक प्रचलित तथ्य यह है कि भगवान श्री कृष्ण का जन्म द्वापर युग में भाद्रपद मास में अष्टमी तिथि को बुधवार के दिन हुआ था और यह योग कल मिलने के कारण बहुत से लोगों ने कल ही जन्माष्टमी मना ली, बीते कल बुधवार को सप्तमी दोपहर बाद 3रू35 को समाप्त हो गई और कृतिका नक्षत्र सुबह 9रू19 तक था और बाद में रोहिणी नक्षत्र आ गया, हम वैष्णव जन जो कि सूर्योदय की तिथि को मान्यता देते हैं वे आज श्री कृष्ण जन्माष्टमी मना रहे हैं, आज अष्टमी शाम को 4रू15 तक है और रोहिणी नक्षत्र भी सूर्योदय से लेकर सुबह 10रू24 तक है इसलिए आज भी जन्माष्टमी मनाई जा रही है, शास्त्री जी ने बताया कि भगवान श्री कृष्ण की जन्मस्थली मथुरा में व बृंदावन, द्वारिका सहित हमारे यहां के श्री राजीव लोचन मन्दिर, श्री राधाकृष्ण मन्दिर सहित सभी मन्दिरों में भी आज ही श्री कृष्ण जन्माष्टमी मनाई जा रही है, उन्होंने कहा कि जन्माष्टमी के व्रत के सम्बन्ध में स्कन्द पुराण, श्री विष्णु धर्मोत्तर शास्त्र व गौतमी तंत्र में उल्लेख है कि इस व्रत के करने से कोटि कोटि यज्ञों का फल मिलता है, यह व्रत आबाल वृद्ध सभी लोगों को अवश्य करना चाहिए उन्होंने कहा कि काल गणना के अनुसार यह श्री कृष्ण भगवान की 5250 वीं वर्षगांठ है, उनका जन्म द्वापर युग शुरू होने के 863874 वर्ष 6 माह और 22 दिन बाद हुआ था,पूर्ण पुरुषोत्तम, रसावतार,जगतगुरु श्री कृष्ण के संबंध में आज भी हम सभी लोगों का श्रद्धा भक्ति भाव वैसा ही बना हुआ है.

# कांग्रेस के संकल्प शिविर में पहुंचे दिग्गज

## ईडी व सीडी का डर दिखाकर प्रदेश में सत्ता प्राप्त करना चाहती है बीजेपी : दीपक बैज



**प्रदेश अध्यक्ष दीपक बैज ने सांप्रदायिक, जातिवादी ताकतों को हराने कांग्रेस कार्यकर्ताओं को दिलाया संकल्प**

**आरंग,** 6 सितंबर (देशबन्धु)। छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस कमेटी के आह्वान व जिला कांग्रेस कमेटी के दिशा निर्देश में ब्लाक कांग्रेस कमेटी आरंग के द्वारा कलई रोड़ स्थित राजीव भवन आरंग विधानसभा स्तरीय संकल्प शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें प्रदेश कांग्रेस के दिग्गज नेतागण सम्मिलित हुवे तथा कार्यकर्ताओं को देश की सांप्रदायिक, जातिवादी ताकतों को हराने एवं सामाजिक समरसता व भाईचारा बनाए रखने के लिए पूरी ऊर्जा के साथ काम करने तथा नफरत के बाजार में मोहब्बत की दुकान खोलने, छत्तीसगढ़ महतारी के मान-सम्मान, संस्कृति एवं परंपराओं की रक्षा करते हुए छत्तीसगढ़ के नवनिर्माण के लिये कांग्रेस की नीतियों के अनुरूप पार्टी का निष्ठापूर्वक काम करने का संकल्प दिलाया गया। क्षेत्रीय विधायक व नगरीय प्रशासन विकास एवं श्रम मंत्री डॉ. शिवकुमार डहरिया ने कार्यकर्ताओं को सम्बोधित करते हुवे कहा कि प्रदेश में कांग्रेस सरकार में मुख्यमंत्री भूपेश बघेल जी के नेतृत्व में बेहतर कार्य कर रही हैं। लोक कल्याण के सभी कामों को प्राथमिकता में रख पूरा किया जा रहा है। किसानों की कर्ज माफी, राजीव गांधी किसान न्याय योजना, गोधन न्याय योजना, राजीव गांधी भूमिहीन कृषि मजदूर न्याय योजना जैसे कृषि योजनाओं से किसान खुशहाल है तथा किसानों के जीवन स्तर में सुधार आया है। इसी तरह स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट विद्यालय के माध्यम से गरीब व मध्यम परिवार के बच्चों को अंग्रेजी माध्यम की शिक्षा दिलाने की व्यवस्था की गई। श्रमिक हित में महत्वपूर्ण कार्य हुवे हैं। सभी को सस्ती बिजली उपलब्ध कराकर आर्थिक लाभ पहुंचाने का काम हुआ है। सुलभ स्वास्थ्य सेवा, स्वच्छ पेयजल के साथ मूलभूति सुविधा का विस्तार किया गया है। महात्मा गांधी औद्योगिक पार्क (रीपा) व औद्योगिक नीति के माध्यम से रोजगार उपलब्ध कराने का भी काम हुआ है। छत्तीसगढ़िया ओलंपिक के माध्यम से प्रदेश के लुप्त होती सांस्कृतिक परंपराओं व खेल विधाओं को निखाने का काम हुआ है। इसके साथ ही राम वन गमन परिपथ का निर्माण कर भगवान राम के छत्तीसगढ़ में पड़े पदचिन्हों को सवारने का काम भी कांग्रेस की भूपेश सरकार ने ही किया है। स्वास्थ्य एवं शिक्षा के साथ साथ सामाजिक, आर्थिक, सांस्कृति एवं धार्मिक क्षेत्र में कांग्रेस की भूपेश सरकार ने छत्तीसगढ़ की जनता मन भावनाओं को ध्यान में रख कर कार्य किया है।

प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष व बस्तर सांसद दीपक बैज ने कार्यकर्ताओं को सम्बोधित करते हुवे कहा कि केन्द्र की बीजेपी सरकार ईडी, सीबीई का डर दिखाकर सत्ता प्राप्त करना चाहती है। पूरे देश में नफरत का माहौल बनाकर सत्ता में बने रहना चाहती है। लेकिन छत्तीसगढ़ की जनता इनकी ईडी व सीडी से डरने वाली नहीं है। हम राहुल गांधी के नेतृत्व में पूरे देश में सामाजिक समरसता के मोहब्बत की दुकान खोलेंगे।

अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के सचिव और मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के सलाहकार राजेश तिवारी, विनोद वर्मा व महामंत्री सुरेन्द्र शर्मा ने भी कार्यकताओं को सम्बोधित किया तथा संकल्प दिलाकर प्रदेश में कांग्रेस की दोबारा सरकार बनाने का आह्वान किया।

इस अवसर पर प्रमुख रूप से श्रीमती शकुन डहरिया सदस्य प्रदेश कांग्रेस कार्यसमिति प्रभारी अनुजाति विभाग एवं प्रदेश महिला कांग्रेस छ.ग., उधोराम वर्मा जिलाध्यक्ष रायपुर ग्रामीण, राजेन्द्र साहू प्रदेश महामंत्री व प्रभारी, कोमल सिंह साहू अध्यक्ष ब्लाक कांग्रेस आरंग, दिनेश ठाकुर अध्यक्ष ब्लाक कांग्रेस चंदखुरी, भारती देवांगन अध्यक्ष शहर कांग्रेस कमेटी आरंग, खिलेश्वर देवांगन अध्यक्ष जनपद पंचायत आरंग, चन्द्रशेखर चन्द्राकर अध्यक्ष नपा. आरंग, ओमप्रकाश यादव पूर्व अध्यक्ष नपा. मंदिरहसौद, आजू राम वंशे पूर्व अध्यक्ष नपा. समोदा, रविशंकर धीवर पूर्व अध्यक्ष नपा. चंदखुरी, द्वारिका साहू संचालक अपेक्स बैंक, देवनाथ साहू अध्यक्ष कृषि उपज मंडी आरंग, नरसिंग साहू उपाध्यक्ष नपा. आरंग, केशरी मोहन साहू जिला पंचायत सदस्य रायपुर, माखन कुर्रे जिला पंचायत सदस्य रायपुर, अनिता थानसिंग साहू जिला पंचायत सदस्य रायपुर, दुर्गा राय जिला पंचायत सदस्य, डुमेन्द्र साहू उपाध्यक्ष ज.पं.आरंग, संजय चेलक सभापति ज.पं. आरंग, वतन चन्द्राकर ज. सदस्य, पिंटू कुर्रे ज. सदस्य, विकास टंडन ज. सदस्य, यादराम साहू ज.स., पवन धीवर ज.स., चन्द्रशेखर साहू ज. स., धोनी डहरिया ज.स., हिरामन साहू सोसायटी अध्यक्ष, गोपाल धीवर अध्यक्ष प्रदेश सरपंच संघ, सजल चन्द्राकर युकां अध्यक्ष रायपुर ग्रामीण, शुभांशु साहू विस. अध्यक्ष युवा कांग्रेस आरंग, मयंक तिवारी अध्यक्ष युकां चंदखुरी, भगवती धुरंधर जोन अध्यक्ष, भूषण साहू जिलाध्यक्ष पिछड़ा वर्ग कांग्रेस, शिव साहू जोन अध्यक्ष, ईश्वर जोगलेकर जोन अध्यक्ष, गौरव चन्द्राकर जोन अध्यक्ष, चन्द्रप्रकाश साहू जोन अध्यक्ष, हरि बंजारे जोन प्रभारी, जोईधाराम साहू जोन अध्यक्ष, धन्ना साहू जोन अध्यक्ष, लक्ष्मीनारायण लोधी जोन अध्यक्ष, सादिक बैलिम सदस्य उर्दू अकादमी, डॉ. घनश्याम टंडन महामंत्री जिला कांग्रेस, रेखराम पात्रे महामंत्री, अब्दुल कादिर गोरी महामंत्री, सौरभ चन्द्राकर सोसयटी अध्यक्ष, मंजू चन्द्रकार अध्यक्ष महिला कांग्रेस, शरद गुप्ता, दिपक चन्द्राकर, गौरी बाई देवांगन, राममोहन लोधी, समीर गोरी, ममता जितेन्द्र शर्मा, धनेश्वरी खिलावन निषाद, मंगलमूर्ति अग्रवाल, गणेश बांधे, उपेन्द्र साहू, राजेश्वरी साहू, भरत लोधी, सुनील बांधे, सुशील बांधे, सत्येन्द्र चेलक, राजेश बारले, पूनमचंद साहू, कुलदीप वर्मा, अंजू बघेल, आदित्य सिन्हा, शोभित सिन्हा, अवधेश मिश्रा, प्रवीण सिंह, सियाराम साहू, ईश्वरी मानिकपुरी, राजेश धुरंधर, चम्मन कोशले, मनमोहन गुप्ता, जय डहरिया, अजित कोशले, लक्की कोशले, सूरज शर्मा, बबलु योगेन्द्र चन्द्राकर, संतोष बंसोर, पवन चन्द्राकर, कृष्णा साहू, बिंदू कोशले, नंदकुमार यादव, पोषण साहू, प्रिती मिश्रा, चन्द्रकला साहू, निर्मला साहू, सलमा बेगम, रानू सेन, गोपी गुप्ता, प्रेमलाल ढीढी, अमित जलक्षत्री, प्रदीप पटेल, लक्की जलक्षत्री सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# भरत देवांगन शासकीय उत्कृष्ट हिंदी, अंग्रेजी माध्यम विद्यालय में शिक्षक दिवस मनाया



**खरोरा,** 6 सितंबर (देशबन्धु)। भरत देवांगन शासकीय उत्कृष्ट हिंदी/अंग्रेजी माध्यम विद्यालय खरोरा में शिक्षक दिवस का गरिमामयी आयोजन छात्रसंघ के समस्त पदाधिकारी एवं छात्र छात्राओं द्वारा किया गया।जिसमें खुशबू धीवर, देविका धीवर, प्रदीप बाँधे, भोजराज वर्मा, केशव देवांगन, रियान कुर्रे, प्रशान्त देवांगन, दामिनि धीवर मुस्कान सिंह, अनीश सेन, पंकज टंडन, हिमानी वर्मा आर्यन दास, अमर खूंटे खुशबू, प्रशंसा, का प्रमुख योगदान रहा।शिक्षक दिवस के पावन अवसर पर विद्यालय की बागडोर इन्हीं पदाधिकारियों ने संभाला।तीन कालखंड छात्र छात्राओं ने बेहतरीन अध्यापन किया जिसमें भोजराज वर्मा, मुस्कान सिंह, योगिता भारती, खुशबू यादव, ईशा नायक का अध्यापन सराहनीय रहे।तीन कालखंड उपरांत विभिन्न कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमें उपस्थित प्राचार्य रजनी मिंज, उपप्राचार्य हरीश देवांगन, व्याख्याता शाहिना परवीन, डोमार सिंह यादव, महेंद्र साहू, पुरषोत्तम देवांगन, ,रीता रानी वर्मा, श्वेता शर्मा, अलका मिंज, तान्या भट्टाचार्य, गीतांजली पान, शिवांगी निषाद अमर बर्मन, निशिता स्त्रद्व×द्वह्ल, रूप शिखा साहू, शैलजा गौतम सहित समस्त शिक्षको का सम्मान किया गया।छात्र छात्राओं ने विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रम भी प्रस्तुत किये।आज राजकीय गीत व राष्ट्गान व्याख्याता श्वेता शर्मा, गीतांजली पान व रीता रानी वर्मा के कुशल नेतृत्व में प्रस्तुत किया गया।

# पूर्व विधायक होरा आज विभिन्न कार्यक्रमों में

**धमतरी,** 6 सितंबर (देशबन्धु)। गुरूमुख सिंह होरा उपाध्यक्ष प्रदेश कांग्रेस कमेटी एवं पूर्व विधायक आज 7 सितम्बर को दोपहर 3 बजे ग्राम देमार में आयोजित तीन दिवसीय रामधुनी प्रतियोगिता के समापन कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थिति प्रदान करेंगें। तत्पश्चात् ग्राम बेन्द्रानवागांव में आयोजित दो दिवसीय कबड्डी प्रतियोगिता के समापन कार्यक्रम में अपनी उपस्थिति प्रदान करेंगें और ग्राम मुड़पार में आयोजित डी.जे. डांस प्रतियोगिता के षुभारंभ कार्यक्रम में शामिल होंगें। अंत में रात्रि 9 बजे घड़ी चौक धमतरी में श्रीराम हिन्दु संगठन धमतरी द्वारा आयोजित भगवान श्री कृष्ण जन्माष्टमी के पावन अवसर पर आयोजित दही हांडी फोड़ प्रतियोगिता कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में अपनी गरिमामयी उपस्थित प्रदान करेंगें।

# गरियाबंद में 11 को आजीविका ऋण मेला का होगा आयोजन



**चेंबर अध्यक्ष प्रकाश रोहरा ने की जिले के व्यापारियों से ऋण मेला का लाभ उठाने की अपील**

**गरियाबंद,** 6 सितंबर (देशबन्धु)।11 सितम्बर को जिला मुख्यालय स्थित जनपद पंचायत गरियाबंद के सामुदायिक भवन में आजीविका ऋण मेला का आयोजन किया गया है। शिविर में हितग्राहियों को विभिन्न ऋण योजनाओं से लाभान्वित किया जायेगा। साथ ही स्वसहायता समूहों को क्रेडिट लिंकेज, शासकीय एवं स्वरोजगार ऋण योजनाओं के प्रति जागरूकता, मुद्रा योजना का विस्तार सहित नवीन बैंक खाते और आधार पंजीयन कराने की सुविधा मुहैया करवाई जायेगी। कलेक्टर आकाश छिकारा ने आजीविका ऋण मेला में अधिक से अधिक हितग्राहियों को आजीविका गतिविधियों से जोड़ने के लिए ऋण सुविधाओं से लाभान्वित करने के निर्देश बैंक अफसरों को दिये।

इधर, चेंबर ऑफ कामर्स गरियाबंद के अध्यक्ष प्रकाशचंद रोहरा ने जिले के सभी व्यापारी बंधुओ से ऋण मेला में शामिल होकर शासन की महती मुद्रा ऋण योजना का लाभ उठाने की अपील की है। उन्होंने कहा कि नया व्यापार शुरू करने अथवा अपने व्यापार को बढ़ाने हेतु यह शासन को बेहतर योजना है। ज्ञात हो की कुछ दिनों पहले ही व्यापारियों के हित में चेंबर ऑफ कामर्स अध्यक्ष प्रकाश रोहरा लीड बैंक मैनेजर को ज्ञापन सौंप ऋण मेला आयोजित करने की मांग की थी।

# दुर्गा उच्च माध्यमिक विद्यालय लम्बर में शिक्षकों का सम्मान किया गया




**सरायपाली,** 6 सितंबर (देशबन्धु)। दुर्गा उच्चतर माध्यमिक विद्यालय लंबर में डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन के जन्मदिवस के उपलक्ष्य में शिक्षक दिवस मनाया गया।

कार्यक्रम की मुख्य अतिथि श्रीमती रुखमणी सुभाष पटेल अध्यक्ष जनपद पंचायत बसना अध्यक्षता जी.एस. तोमर अध्यक्ष दुर्गा शिक्षण एवं सेवा समिति लम्बर विशिष्ट अतिथि डॉ. पी साहू सेवानिवृत्ति सहायक प्राध्यापक स्व. राजा वीरेंद्र बहादुर सिंह शासकीय महाविद्यालय सरायपाली, एन. के. भोई सेवानिवृत शिक्षक शासकीय उच्च प्राथमिक शाला चट्टीगिरोला जे.पी.एस. नेताम सेवानिवृत प्राचार्य शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय भंवरपुर थे! समस्त अतिथियों द्वारा डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन के छायाचित्र पर माल्यार्पण एवं पुष्प अर्पित किया।

मुख्य अतिथि श्रीमती रुक्मणी सुभाष पटेल ने डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन की जीवनी पर प्रकाश डाला उन्होंने सभी शिक्षकों को उनके बताएं मार्ग पर चलने के लिए प्रेरित किया! कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहें जी. एस. तोमर ने छात्र-छात्राओं को संबोधित करते हुए कहा कि उन्हें अपने शिक्षकों का हमेशा आदर और सम्मान करना चाहिए! विशिष्ट अतिथि पी साहू ने अपने उद्बोधन में कहा कि शिक्षक को हमेशा सेवा भाव से अनुशासन में रहकर विद्या अध्ययन कराना चाहिए एन. के. भोई ने कहा कि छात्र-छात्राओं को अपनी समस्याओं को खुले मन से अपने शिक्षकों को बताना चाहिए जे पी.एस. नेताम ने कहा कि शिक्षक हमेशा अपने छात्र-छात्राओं का हित ही चाहता है! शिक्षक दिवस के अवसर पर विद्यालय के समस्त शिक्षकों को दुर्गा शिक्षण एवं सेवा समिति लम्बर द्वारा शाल एवं श्रीफल से सम्मानित किया गया! एवं तीनों शिक्षाविद को विद्यालय परिवार द्वारा शाल श्रीफल मोमेंटो एवं लेखनी के द्वारा सम्मान किया गया।

कार्यक्रम में दुर्गा शिक्षण एवं सेवा समिति के कमलेश चौरसिया उपाध्यक्ष आर.आर. पटेल कोषाध्यक्ष अभिभन्यु पटेल सहकोषाध्यक्ष, श्यामसुन्दर चौधरी सदस्य, रामेश्वर सिदार एवं विद्यालय के जी.पी. पटेल प्राचार्य, जे. के. जायसवाल, बी. एल. साहू, एम.डी. मानिकपुरी, एल. के. साहू, टी. आर. जायसवाल, सी. आर. जायसवाल, ए.के. विश्रा एफ. एस. बरिहा एवं शिवकुमार मैत्री समस्त स्टाप उपस्थित थे! विद्यालय की छात्र संघ पदाधिकारी कुमारी किरण चौधरी शालालनायक, चैन कुमारी पटेल, सांस्कृतिक सचिव, चुम्मन पटेल, सचिन चावला, नंद कुमार पटेल, हरीश पटेल, सुमित चौरसिया, कुशल पटेल का सहयोग सराहनीय रहा।शिक्षक दिवस कार्यक्रम में भूतपूर्व छात्र पंकज सिदार द्वारा बनाया गया डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन का रंगोली विशेष आकर्षण का केंद्र रहा !कार्यक्रम के अंत आभार प्रदर्शन प्राचार्य जी.पी .पटेल द्वारा किया गया। उपरोक्त जानकारी कार्यक्रम संचालक श्री आर. के. पटेल व्याख्याता द्वारा दिया गया।

# शिक्षकों का हुआ सम्मान, अंचल में विविध कार्यक्रम आयोजित



**लवन,** 6 सितंबर (देशबन्धु)। जिले की शान जवाहर नवोदय विद्यालय लवन में 5 सितंबर शिक्षक दिवस पर रंगारंग कार्यक्रम का आयोजन किया गया प्राचार्य बी गिरजा के मुख्य अतिथि में छात्र-छात्राओं ने आकर्षक सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया इस अवसर पर प्राचार्य ने छात्रों को संबोधित करते हुए कहा कि राष्ट्र निर्माण में छात्रों का योगदान महत्वपूर्ण होता है शिक्षक दिवस के अवसर पर छात्रों को संकल्प लेना चाहिए की देश के निर्माण में अपना योगदान अच्छी तरह से दें ।जवाहर नवोदय विद्यालय लवन के वरिष्ठ ग्रंथपाल राजेंद्र शिका ने कहा कि शिक्षक दिवस ही एक ऐसा अवसर है जहां छात्र और शिक्षक एक दूसरे को अपना विचार प्रस्तुत कर भविष्य के लिए रास्ता चुनते हैं इस अवसर पर नवोदय विद्यालय के शिक्षकों का सम्मान छात्र-छात्राओं द्वारा किया गया अंत में आभार व्यक्त छात्र रितेश सेन ने किया इसी तरह लवन नगर के शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय स्वामी आत्मानंद स्कूल में भी शिक्षक दिवस पर विविध कार्यक्रम का आयोजन प्राचार्य हरिशंकर जोशी के नेतृत्व में किया गया नगर के अलावा ग्राम अहिल्दा के शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला मैं शिक्षक दिवस के अवसर पर शाला के शिक्षकों का सम्मान नगर के प्रबुद्ध जनों छात्र-छात्राओं ग्राम के सरपंच जन भागीदारी समिति के अध्यक्ष एवं सदस्यों द्वारा किया गया इस अवसर पर सर्वप्रथम शिक्षकों एवं उपस्थित जन समुदाय द्वारा डॉक्टर सर्वपल्ली राधाकृष्णन के चित्र पर माल्यार्पण कर पुष्पांजलि अर्पित की गई तत्पश्चात शिक्षकों का सम्मान छात्रों एवं उपस्थित जनप्रतिनिधियों द्वारा किया गया शाला के प्रधान पाठक अरविंद मिश्रा द्वारा डॉक्टर सर्वपल्ली राधाकृष्णन के जीवनी पर प्रकाश डाला गया इसके बाद उपस्थित जनपद सदस्य कोमल प्रसाद वर्मा जन भागीदारी अध्यक्ष डाकेश्वर मानिकपुरी पूर्व अध्यक्ष रघु राम वर्मा सरपंच संतोषी बाई साहू द्वारा गुरु की महिमा का वर्णन किया गया इस अवसर पर छात्र-छात्राओं द्वारा शिक्षकों को नारियल एवं उपहार भेट किए गए कार्यक्रम में प्रधान पाठक अरविंद मिश्र संकुल समन्वयक सुशील सोनवानी शालिनी बाजपेई विश्वनाथ कोसले जनपद सदस्य कोमल प्रसाद वर्मा रघु राम वर्मा जन भागीदारी समिति के अध्यक्ष डाकेश्वर मानिकपुरी उपाध्यक्ष रवि धृतलहरे प्रभारी सरपंच संतोषी बाई साहू सदस्य जय कुमार साहू दरस साहू घुराऊ राम वर्मा गोकुल वर्मा दुलार वर्मा निर्मल प्रसाद वर्मा आदि ग्रामीण जन उपस्थित थे कार्यक्रम का संचालन आठवीं की छात्रा नूतन वर्मा ने किया।

# अवैध शराब के विरुद्ध कार्रवाई, 28 बल्क लीटर से अधिक शराब जब्त



**बलौदाबाजार,** 6 सितंबर (देशबन्धु)। कलेक्टर चंदन कुमार के निर्देश पर आबकारी विभाग द्वारा अलग-अलग क्षेत्रों में लगातार गश्त एवं कार्रवाई की जा रही है। आबकारी विभाग की टीम द्वारा गस्त के दौरान जोंधरा थाना पचपेड़ी से चिचिरदा नयापारा थाना लवन की तरफशिवा कुमार पटेल के द्वारा अवैध मदिरा विक्रय एवं परिवहन की सूचना पर आबकारी विभाग की टीम द्वारा चिचिरदा तिराहा के पास नाका लगाकर वाहनो की विधिवत् तलाशी ली गई। जहां टी वी एस अपाचे मोटरसाइकिल वाहन क्रमांक सीजी 11 एएक्स 4157 को रोका गया। वाहन के सामने प्लास्टिक बोरी में 60 नग के देशी प्लेन पाव ( मात्रा 10.80 बल्क लीटर) एवं 100 नग जिप्सी विदेशी मदिरा की मात्रा 18 बल्क लीटर को बरामद कर शिव कुमार पटेल के विरुद्ध छत्तीसगढ़ आबकारी अधिनियम 1915 की धारा 34(2) 59(क) का प्रकरण कायम कर विवेचना मे लिया गया। उपरोक्त कार्यवाही मे सहायक जिला आबकारी अधिकारी डॉ समीर मिश्रा, आबकारी उपनिरीक्षक जैलेश सिंह, विपिन पाठक, आबकारी मुख्य आरक्षक सूर्यकांत वर्मा, मदन लाल ध्रुव, नगर सैनिक तामेश्वर ध्रुव, शीतल यादव एवं वाहन चालक रामदुलारे पटेल का विशेष योगदान रहा।

# राहुल गांधी की भारत जोड़ो यात्रा देशवासियों को जागरुकता का संदेश देने में रहा सफल : हितेन्द्र



**भारत जोड़ो यात्रा की वर्षगांठ पर हुई पत्रकार वार्ता**

**बलौदाबाजार,** 6 सितंबर (देशबन्धु)। राहुल गांधी की भारत जोड़ो यात्रा की वर्षगांठ के अवसर पर जिला कांग्रेस अध्यक्ष हितेंद्र ठाकुर ने कहा की देश के वर्तमान हालात में जब क्षेत्रीयता, धर्म, सांप्रदायिकता के नाम पर देश की सत्ता में बैठे हुए लोग राजनीति कर रहे हैं वैसे में कांग्रेस की भारत जोड़ो यात्रा देश के लोगों के सामने एक नई उम्मीद लेकर सामने आई थी जब देश चलाने वाली दल सत्ताधीश और हुक्मरान आम आदमी की जरूरतों शिक्षा रोजगार को परिदृश्य पिछें धकेल कर धार्मिक आधार पर ध्रुवीकरण की राजनीति को बढ़ावा दे रहे हो तब उसे समय कांग्रेस जैसी जन सरोकारी वाली पार्टी का यह नैतिक और राजनीतिक कर्तव्य हो जाता है कि वह देश को बचाने देश की एकता और अखंडता को बचाने के लिए भारत जोड़ो जैसे महा अभियान चलाएं भारत जोड़ो यात्रा का यही उद्देश्य था।

श्री ठाकुर ने कहा कि पिछले साल 7 सितंबर 2022 को हमारे नेता राहुल गांधी ने ऐतिहासिक भारत जोड़ो यात्रा शुरू की थी जो भारत के किसी भी राज नेता द्वारा अब तक की सबसे लंबी जोड़ो यात्रा शुरू की थी जो भारत के किसी भी राजनेता द्वारा अब तक की सबसे लंबी पदयात्रा है।4081 किलोमीटर 12 राज्य और दो केंद्र शासित प्रदेशों 75 जिलों और 76 लोकसभा क्षेत्र की 136 दिनों की यात्रा ने लोगों के मन पर एक अमिट छाप छोड़ी है। लाखों लोग प्रेम और एकता के साथ धर्म समुदाय जाती आदि की परवाह किए बिना हर भारतीय को एकजुट करने की राहुल जी की अटूट भावना से मंत्रमुग्ध थे। उनकी यह विचारशील पहल समय की मांग थी जिसने मूल रूप से हमारे देश में राजनीति की दिशा बदल दी विशेष रूप से यात्रा के बाद कर्नाटक का चुनाव परिणाम कांग्रेस पार्टी को सत्ता में वापस लाने की लोगों की सामूहिक इच्छा की एक उत्कृष्ट अभिव्यक्ति थी। जिलाध्यक्ष ने आगे कहा की राहुल गांधी की भारत जोड़ो यात्रा देशवासियों के जख्मों पर मरहम थी जिन राज्यों से यह यात्रा गुजरी वहां के नागरिकों ने महंगाई, बेरोजगारी भुखमरी, किसानों की बदहाली जैसे मुद्दों पर कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष के द्वारा चलाई जा रही मुहिम को पूरा समर्थन दिया ।लोग राहुल गांधी से मिलने उतावले रहते थे हजारों लोग पैदल चलते तथा रास्ते में घरों के छत पर खड़े होकर स्वागत करने को तत्पर रहते थे यह राहुल गांधी और कांग्रेस के प्रति लोगों के प्यार और समर्पण की अभिव्यक्ति थी। भारत जोड़ो यात्रा के दौरान देशभर में राहुल ने 100 से अधिक बैठक समूह बातचीत 275 योजनाबद्ध पैदल बातचीत 100 छोटी सभाएं 13 विशाल सार्वजनिक सभाएं 12 प्रेस कांफ्रेंस और अनगिनत आम बैठकों के माध्यम से हमारे करोड़ों साथी देशवासियों के साथ अपने विचारो का अदान प्रदान और साझा किया था। यात्रा ने देश के ज्वलंत मुद्दों को संबोधित किया जिनमे कमर तोड़ महंगाई अभूतपूर्व बेरोजगारी भाईचारा विभाजनकारी राजनीति चीनी आक्रमकता से राष्ट्रीय सुरक्षा को खतरा शामिल है। भारत के विचार को बचाने के लिए राहुल जी का धैर्य और दृढ़ संकल्प भाजपा को बेचैन कर रहा है और लोकतंत्र की भावना को बहाल कर रहा है हमारा दृढ़ विश्वास है कि यह यात्रा का प्रभाव आगामी सभी राज्यस्तरीय और केंद्र चुनावो पर अपना प्रभाव दिखाना जारी रखेगा और हमारी सबसे पुरानी कांग्रेस पार्टी के गौरव को बहाल करने का मार्ग प्रशस्त करेगा।

जिला कांग्रेस अध्यक्ष हितेन्द्र ठाकुर ने यह भी कहा कि राहुल गांधी ने भारत जोड़ो यात्रा से देश के आम आदमी की समस्याओं को आवाज दिया है देश में बढ़ती महंगाई बेरोजगारी किसानों की समस्या सामाजिक व वैमनश्यता के खिलाफजागरण पैदा किया। भारत जोड़ो यात्रा कन्याकुमारी से लेकर कश्मीर तक भारत के जनमन में रच बस गई है सारा भारत अपनी तकलीफों के निदान को लेकर एकजुट हो गया है। भारत जोड़ो पद यात्रा देश के लोगों में उम्मीद की नई किरण पैदा हुई है। राहुल गांधी प्रेम उम्मीद और सद्भावना के नए बीज बोते चल रहे थे ।देश की जनता राहुल गांधी की पद यात्रा को हाथो हाथ लिया था। राहुल गांधी की पद यात्रा से विघटनकारी ताकतो के हौसले पस्त हुए है। देश के लोक तंत्र के लिए शुभ संकेत है की अराजक तत्व भारत की अनेकता में एकता के मूल मंत्र के सामने घुटने टेकने विवश हुई है, यह राहुल गांधी की यात्रा की बड़ी सफलता है। देश की एकता अखंडता संविधान और लोकतंत्र की रक्षा के लिए कांग्रेस प्रतिबद्ध है। जनाअधिकार की लड़ाई लड़ने के लिए कांग्रेस पार्टी आजादी के पहले से ही सत्याग्रह को एक मजबूत हथियार मानती है और भारत जोड़ो पदयात्रा आजादी के बाद देश का सबसे विशाल और परिवर्तन सत्याग्रह साबित हुआ राष्ट्रपिता महात्मा गांधी सहित कांग्रेस पार्टी के कई नेताओं ने देश में सत्याग्रह के द्वारा जनता के महत्वपूर्ण मसलों को हल किया है यह सत्याग्रह उस विचारधारा को उखाड़ फेंकेगा जो मृत्यु के समय भी राम का नाम लेने वाले राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के हत्यारे को आदर्श मानता है। बर्बादी और वह मनुष्यता की ओर बढ़ते देश को भारत जोड़ो पद यात्रा की जरूरत है भारत जोड़ो पदयात्रा का ही परिणाम है कि देश में नफरत के भाव खत्म हुए माब लॉन्चिंग जैसी घटनाएं रुकी है रसोई गैस के दाम कम करने मजबूर हुई है किसान युवा, माता बहने, पत्रकार मोदी सरकार के जन विरोधी नीतियों के खिलाफसीना ठोक कर खड़े हुए हैं डर भय का वातावरण खत्म हुआ है।